फाल्गुन शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 14 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -218, पृष्ठ - 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रिटेन जाएंगे दो हजार भारतीय डॉक्टर 16

मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे में उर्फी जावेद 15

# 2019 से कुल 22,217 चुनावी बॉण्ड खरीदे गए

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि एक अप्रैल 2019 से 15 फरवरी के बीच राजनीतिक दलों ने कुल 22,217 चुनावी बॉण्ड खरीदे, जिनमें से 22,030 बॉण्ड को भुनाया गया। शीर्ष अदालत में दायर एक अनुपालन हलफनामे में, एसबीआई ने कहा कि अदालत के निर्देश के अनुसार, उसने 12 मार्च को व्यावसायिक कामकाज बंद होने से पहले भारत निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण उपलब्ध करा दिया है। हलफनामें में कहा गया है कि प्रत्येक चुनावी बॉण्ड की खरीद की तारीख, खरीददार के नाम और खरीदे गए बॉण्ड के मूल्यवर्ग सहित सभी विवरण प्रस्तुत किए गए हैं।



- भारतीय स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया शपथ पत्र
- खरीद तिथि, खरीददार के नाम और मूल्य का दिया है विवरण

एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा की ओर से दायर हलफनामे में कहा गया है कि बैंक ने चुनाव आयोग को चुनावी बॉण्ड को भुनाने की तारीख, चंदा प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों के नाम और बॉण्ड के मूल्यवर्ग जैसे विवरण भी दिए हैं। इसमें कहा गया है कि एक अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 की अवधि के दौरान कुल 22,217 बॉण्ड खरीदे गए। हलफनामे में कहा गया है कि एक अप्रैल 2019 से 11 अप्रैल 2019 के बीच कुल 3,346 चुनावी बॉण्ड खरीदे गए और 1,609 भुनाए गए। इसमें आगे कहा गया है कि 12 अप्रैल, 2019 से इस साल 15 फरवरी तक कुल 18,871 चुनावी बॉण्ड खरीदे गए और 20,421 भुनाए गए। निर्वाचन आयोग अपनी वेबसाइट पर 15 मार्च को जानकारी साझा करेगा।

### न भुनाए गए बॉण्ड पीएम राष्ट्रीय राहत कोष को भेजे

बैंक की ओर से निर्वाचन आयोग को भेजे गये पत्र में कहा गया है कि इस अवधि के दौरान 15 दिनों की वैधता अवधि के भीतर राजनीतिक दलों द्वारा जिन चुनावी बॉण्ड को भुनाया नहीं गया था, उन्हें दो जनवरी 2018 के राजपत्र अधिसूचना संख्या 20 के अनुसार प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस महीने की 11 तारीख को मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 12 मार्च तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण मुहैया कराने का आदेश दिया था।

# निवेशकों के डूबे 13.47 लाख करोड़




### स्मॉलकैप इंडेक्स में बड़ी गिरावट

- सेंसेक्स ने लगाया 906 अंक का गोता, निफ्टी 338 अंक टूटा

मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 900 अंक से अधिक का गोता लगाते हुए 73,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया। छोटी एवं मझोली कंपनियों के सूचकांकों में तीव्र गिरावट के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा।

निवेशकों के 13.47 लाख करोड़ रुपये डूब गए। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 13,47,822.84 करोड़ रुपये घटकर 3,72,16,602.67 करोड़ रुपये रह गया। बाजार में प्रमुख सूचकांकों सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। लेकिन दोपहर के कारोबार में बिकवाली दबाव से सभी खंडवार सूचकांक नुकसान में रहे। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 906.07 अंक यानी 1.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,761.89 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,152.25 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 338 अंक यानी 1.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,997.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में पावर ग्रिड में सर्वाधिक सात प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई।

### नियंत्रण से बाहर नहीं बाजार : उदय कोटक

बीएसई 'स्मॉलकैप' सूचकांक 5.11 प्रतिशत जबकि 'मिडकैप' सूचकांक 4.20 प्रतिशत नीचे आया। इस बीच, जाने-माने उद्योगपति उदय कोटक ने बुधवार को कहा कि बाजार में 'थोड़ा बुलबुला' हो सकता है, लेकिन बाजार नियंत्रण से बाहर नहीं हैं। कोटक का यह बयान सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच बयान के दो दिन बाद आया है। उन्होंने कहा था कि छोटे और मझोली कंपनियों के शेयरों में तेजी को लेकर कुछ 'बुलबुले' की गुंजाइश है और नियामक इसपर एक संभावित परामर्श पत्र लाने के लिए विचार कर रहा है।

## एक नजर

### मणिपुर में स्वयंभू सेना प्रमुख सहित दो गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पुलिस, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने एक संयुक्त अभियान में यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (पी) (यूएनएलएफ-पी) के दो अहम सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि प्रतिबंधित संगठन के स्वयंभू सेना प्रमुख थोकचोम थोइबा और यूएनएलएफ (पी) से जुड़े लेफ्टिनेंट कर्नल लाइमायुम इंगबा को संयुक्त अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया है। थोइबा और इंगबा को गिरफ्तार करने के तुरंत बाद विमान से दिल्ली ले जाया गया, जहां एनआईए के अधिकारी पूछताछ करेंगे।

### कैंसर की नकली दवा बनाने में छात्र गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कैंसर की 'नकली' दवा बनाने वाले गिरोह में कथित संलिप्तता को लेकर बुधवार को आईआईटी-बीएचयू के एक पूर्व छात्र को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इस मामले में एक दिन पहले सात लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया कि आदित्य कृष्ण (23) पुणे और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में कैंसर की नकली दवाओं की आपूर्ति करता था। उसे बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से गिरफ्तार किया गया। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को दिल्ली से नीरज चौहान (38) सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया था।

# वोट खराब न करें, बोझ है कांग्रेस और सपा: योगी

## परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण के साथ मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भाजपा की शुरू हुई चुनावी रैलियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने कहा- गलत लोग सत्ता में आते हैं तो रामभक्तों पर चलवाते हैं गोली
- उन्नाव, फर्रुखाबाद व बरेली में करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण
- आज अयोध्या, अंबेडकरनगर और गोंडा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभाएं

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण के साथ भाजपा की चुनावी रैलियां बुधवार से शुरू हो गईं। तीन जिलों की सभाओं में मुख्यमंत्री ने इंडी गठबंधन पर करारा हमला बोला। लोगों से कहा कि चुवाव में वोट खराब न करें, सपा और कांग्रेस को बोझ है। इन्हें स्वीकार न करें। राममंदिर को चुनावी मुद्दा बनाते हुए कहा कि गलत लोग सत्ता में आते हैं तो रामभक्तों पर गोली चलवाते हैं।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को उन्नाव, फर्रुखाबाद व बरेली में करोडों की योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास के बाद गुरुवार को अयोध्या, अंबेडकरनगर और गोंडा के कार्यक्रमों का नेतृत्व करेंगे। भाजपा संगठन ने उन्हें रोजाना तीन सभाएं करने का टास्क सौंपा, साथ ही भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को सौंपी है। मुख्यमंत्री ने उन्नाव में 241.26 करोड़ की 103, फर्रुखाबाद में 288.25 करोड़ की 102 और बरेली में 328.43 करोड़ की 64 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। योगी ने सभी जगह राममंदिर मुद्दे पर आशीर्वाद मांगा। कहा कि आपका आशीर्वाद प्राप्त हुआ तो अयोध्या में रामलला का मंदिर बना। कांग्रेस और सपा रामलला का मंदिर नहीं बना पाते। जब वे गरीब को राशन, मकान, स्वास्थ्य सुविधा और राम मंदिर का निर्माण कर आस्था को सम्मान नहीं दे सकते तो अपना वोट खराब कर उन्हें बोझ के रूप में क्यों स्वीकार करते हैं।



उन्नाव में सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

योगी ने फर्रुखाबाद में कहा कि जब गलत लोग सत्ता में आते हैं तो रामभक्तों पर गोलियां चलवाते हैं, मगर जब अच्छी और संवेदनशील सरकार आती है तो रामभक्तों को सिर माथे पर बिठाया जाता है। दलित वोटों को साधने के लिए बसपा प्रमुख मायावती पर हमला का जिक्र करते हुए कहा कि सपा के चीर हरण के दृष्य को बेनकाब करने वाले इसी धरती के सपूत स्व. ब्रह्मदत्त दिवेदी थे।

योगी ने बरेली में कहा कि नए उप्र में सुरक्षा है तो समृद्धता भी है, अजीविका है तो आस्था का सम्मान भी है। यहां संस्कृति के लिए कार्य भी है तो बेटी और व्यापारी की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था भी है। ये कांग्रेस और सपा कभी नहीं दे पाते। ये लोग आस्था का सम्मान कभी नहीं कर पाते। राम का नाम लेते ही लाठी चलने लगती थी।

### सुप्रीम कोर्ट याचिका पर कल करेगा सुनवाई

**निर्वाचन आयुक्त नियुक्ति विवाद**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बुधवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों के चयन के लिए बनी समिति में प्रधान न्यायाधीश को शामिल नहीं किए जाने को चुनौती देने वाली एक गैर-सरकारी संगठन की याचिका पर 15 मार्च को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया। शीर्ष अदालत ने स्वस्थ लोकतंत्र के लिए आयोग को ''राजनीति और कार्यपालिका के हस्तक्षेप'' से दूर रखने के आधार पर सुनवाई के लिए सहमति जताई है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर गौर किया और शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। भूषण ने याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि मुझे अभी प्रधान न्यायाधीश से संदेश मिला है कि इसे शुक्रवार को सूचीबद्ध किया जाएगा। एनजीओ ने 'मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त अधिनियम, 2023' के एक प्रावधान की वैधता को चुनौती दी है।

**फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में कोर्ट ने सुनाई सजा**

# तीन दशक पुराने केस में मुख्तार अंसारी को उम्रकैद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार :** तीन दशक पुराने फर्जी शस्त्र लाइसेंस के मामले में दोषी पाए जाने के बाद बुधवार को मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने उसपर 2 लाख 2 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अंसारी को दूसरी बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अब तक आठ मामलों में माफिया को सजा सुनाई जा चुकी है।

न्यायालयों में चल रहे मामलों में राज्य सरकार द्वारा की जा रही प्रभावी पैरवी के कारण माफिया मुख्तार अंसारी को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट वाराणसी, अवनीश गौतम की अदालत ने मुख्तार अंसारी को डीएम-एसपी के फर्जी हस्ताक्षर पर शस्त्र लाइसेंस लेने के मामले में सजा सुनाई है।

साल 1990 में थाना मोहम्मदाबाद गाजीपुर में दर्ज तीन और कोतवाली गाजीपुर में दर्ज एक मामले में हुई सुनवाई और प्रभावी पैरवी के बाद चारों धाराओं में अलग



- अदालत ने अंसारी पर 2 लाख 2 हजार का जुर्माना भी लगाया

अलग सजा सुनाई गई है। इसमें 420/120 बी आईपीसी में सात साल, 467/120 बी आईपीसी में आजीवन कारावास, 468/120 बी में 7 वर्ष और 30 आयुध अधिनियम में 6 माह की सजा सुनाई गई है। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। इसके अलावा मुख्तार अंसारी पर अलग-अलग कुल 2 लाख दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर 1 साल 1 हफ्ते के अतिरिक्त कारावास का प्रावधान है। मालूम हो कि इससे पहले राज्य सरकार की प्रभावी पैरवी के कारण कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के बड़े भाई अवधेश राय की हत्या के मामले में भी माफिया मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सुनाई जा चुकी है।

# लोकसभा चुनाव : भाजपा की दूसरी सूची में गडकरी, गोयल और खट्टर समेत 72 प्रत्याशी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी। सूची में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, पीयूष गोयल और हरियाणा व कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्रियों क्रमशः मनोहर लाल खट्टर और बसवराज बोम्मई सहित कई प्रमुख नेताओं के नाम शामिल हैं। गडकरी एक बार फिर नागपुर से चुनाव लड़ेंगे जबकि गोयल मुंबई (उत्तर) से पहली बार लोकसभा चुनाव मैदान में उतरेंगे। खट्टर को हरियाणा के करनाल से और बोम्मई को हावेरी से पार्टी का उम्मीदवार



अनुराग ठाकुर



नितिन गडकरी



पीयूष गोयल



मनोहर लाल खट्टर

- अनुराग ठाकुर हमीरपुर तो प्रह्लाद जोशी कर्नाटक के धारवाड़ से लड़ेंगे

घोषित किया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर एक बार फिर हमीरपुर से, प्रह्लाद जोशी कर्नाटक के धारवाड़ से, भगवंत खूबा महाराष्ट्र के बीदर और भारती प्रवीण पवार डिंडोरी से मैदान में होंगे। भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के दामाद सीएन मंजूनाथ को बेंगलुरु ग्रामीण लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है जहां उनका मुकाबला कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश से होगा। पार्टी ने पूर्वी दिल्ली से गौतम गंभीर की जगह हर्ष मल्होत्रा और उत्तर पश्चिम दिल्ली से हंसराज हंस की जगह योगेंद्र चंदौलिया को उम्मीदवार बनाया है।

# 5 साल के बच्चे की याचिका पर सरकार से जवाब तलब

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- कानपुर के एक स्कूल में एलकेजी का छात्र है पीड़ित अथर्व

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्कूल के बगल स्थित शराब के ठेके के कारण आए दिन शराबियों के हुड़दंग से परेशान एलकेजी में पढ़ने वाले 5 साल के बच्चे की जनहित याचिका पर राज्य सरकार से जवाबी हलफनामा मांगा है। कोर्ट ने प्रदेश सरकार से जानकारी मांगी थी कि स्कूल के बगल के शराब के ठेके का नवीनीकरण हर साल कैसे होता जा रहा है। सरकार की ओर से कहा गया कि शराब का ठेका 30 वर्ष पुराना चला आ रहा है और स्कूल 2019 में खुला है। मास्टर अथर्व के अधिवक्ता के मुताबिक मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने का समय देते हुए सुनवाई के लिए आगामी 28 अप्रैल की तारीख सुनिश्चित की है। मामला कानपुर नगर में चिड़ियाघर के पास स्थित आजाद नगर मोहल्ले का है। 5 साल का अथर्व दीक्षित आजाद नगर स्थित सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में एलकेजी का छात्र है। स्कूल से महज 20 मीटर दूर शराब का ठेका है। कई बार शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद अथर्व ने हाईकोर्ट में वर्तमान जनहित याचिका दाखिल की है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा : पेपर आउट कराने वाले गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- परीक्षा की दूसरी पाली में की थी सेंधमारी, पेपर व उत्तर कुंजी बरामद
- दिल्ली पुलिस का जवान था पेपर आउट कराने का मुख्य साजिशकर्ता

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा में सेंधमारी करने वाले गिरोह के एक और सदस्य को पकड़ने में यूपी एसटीएफ को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसटीएफ ने पुलिस भर्ती परीक्षा की द्वितीय पाली का पेपर लीक कराने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान महेन्द्र शर्मा बराह खुर्द थाना कोतवाली जनपद जींद, हरियाणा के रूप में की गई है। आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन, एक प्रश्न-पत्र, एक उत्तर कुंजी बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ थाना कंकरखेड़ा जनपद मेरठ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। एसटीएफ ने हरियाणा में थाना कोतवाली जींद के पिल्लुखेडा रेलवे फाटक के पास स्टेट बैंक की बेसमेंट में बनी दुकान से आरोपी महेन्द्र को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी महेन्द्र शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह जींद की एक दुकान में काम करता था। 15 फरवरी 2024 को उसके गांव का विक्रम पहल, जो दिल्ली पुलिस में है, उसे अपने साथ मानेसर गुरुग्राम स्थित रिसॉर्ट पर ले गया तथा बोला कि यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्न-पत्र आने वाला है। मेरा सहयोग करो, तुमको भी एक-दो लाख रुपये दे दूंगा।

### गुरुग्राम के रिसॉर्ट में रची साजिश

16 फरवरी 2024 को लगभग 11 बजे विक्रम पहल अपने साथियों के साथ यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा की द्वितीय पाली का प्रश्न-पत्र व उत्तरकुंजी लेकर आया था। उसके साथ मोनू शर्मा निवासी ढाकला जनपद झज्जर, विक्रम दहिया जनपद सोनीपत एवं कुछ अन्य लोग भी थे। गुरुग्राम रिसॉर्ट में परीक्षार्थियों को पेपर पढ़वाने की बात हुई थी।

# राष्ट्रपति ने उत्तराखंड के यूसीसी बिल को दी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- उत्तराखंड शासन को भेजी सूचना, जल्द लागू होगा कानून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक-2024 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। राष्ट्रपति भवन की ओर से उसकी सूचना उत्तराखंड शासन को दे दी गई है। राज्य सरकार की ओर से इसकी अधिसूचना भी जारी की गई है। यूसीसी की नियमावली बनते ही इसका नोटिफिकेशन लागू किया जाएगा और उत्तराखंड समान नागरिक संहिता कानून लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधेयक को मंजूरी देने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आभार जताया है। साथ ही कहा कि जल्द ही इस कानून को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 6 फरवरी को समान नागरिक संहिता विधेयक विशेष सत्र में विधानसभा के सदन में पेश किया था। इसके बाद विधानसभा में विधेयक पारित हो गया था। यह विधेयक संविधान के अनुच्छेद 44 के अंतर्गत था इसलिए इस विधेयक को कानून बनाने के लिए राष्ट्रपति की मंजूरी लेना अनिवार्य था।

### पेटीएम फास्टैग को 15 मार्च से पहले बदल लें

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं को सुगम यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने और टोल प्लाजा पर असुविधा से बचने के लिए 15 मार्च से पहले किसी अन्य बैंक से नया फास्टैग लेने की सलाह दी है। इससे यात्री राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करते समय जुर्माने या दोहरे शुल्क से बच सकेंगे। बयान में कहा गया है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक से संबंधित प्रतिबंधों पर भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के बाद पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं के पास 15 मार्च, 2024 के बाद अपने बैलेंस को रिचार्ज या टॉप-अप करने का विकल्प नहीं होगा।

# कांग्रेस देगी गरीब महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये

धुले (महाराष्ट्र), एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में यदि उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो पांच नारी न्याय गारंटी दी जाएगी जिनमें गरीब महिलाओं के बैंक खातों में एक लाख रुपये वार्षिक जमा किए जाने के साथ ही सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को हटाने के लिए संविधान में संशोधन करेगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत महाराष्ट्र के



- सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण भी देंगे : राहुल गांधी
- पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने की पांच नारी न्याय गारंटी देने की घोषणा

धुले जिले में एक महिला रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने ''पांच नारी न्याय गारंटी'' की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गरीब महिलाओं के बैंक खातों में वार्षिक एक लाख रुपये जमा किए जाएंगे और सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा।

राहुल गांधी ने यह भी वादा किया कि मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा), आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मध्याह्न भोजन योजनाओं में कार्यरत महिलाओं के लिए बजट में केंद्र सरकार की हिस्सेदारी दोगुनी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने और उनके मामले लड़ने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। गांधी ने पांच गारंटियों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि देश के हर जिले में महिलाओं के लिए सावित्रीबाई फुले छात्रावास स्थापित किए जाएंगे।

### आधी आबादी को देंगे उसका पूरा हक : खरगे



गांधी के भाषण से पहले पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने एक वीडियो बयान में कहा था कि महालक्ष्मी गारंटी के तहत गरीब महिलाओं के बैंक खातों में सालाना एक लाख रुपये जमा कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आधी आबादी पूरा हक, जिसका मतलब है सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और मध्याह्न भोजन योजनाओं में कार्यरत महिलाओं के लिए केंद्र सरकार का बजटीय हिस्सा दोगुना किया जाएगा।

### आरक्षण की 50 फीसदी सीमा को हटाएंगे : रमेश



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को हटाने के लिए संविधान में संशोधन करेगी। पिछली कांग्रेस सरकारों द्वारा शुरू की गई अनुसूचित जाति योजना और अनुसूचित जनजाति उप-योजना को नरेंद्र मोदी सरकार ने खत्म कर दिया था। उनकी पार्टी की सरकार सत्ता में आने पर विभिन्न जातियों और समुदायों की आबादी के अनुसार बजटीय हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए एक कानून लाएगी।

## एक नजर

### जिले को मिले दो और चिकित्सक

**अयोध्या, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में बड़े पैमाने पर हुए तबादले में जिले को दो चिकित्सक मिले हैं। लखनऊ के वीरांगना अवंतीबाई महिला चिकित्सालय के परामर्शदाता डॉ. नुरुल हक को श्रीराम चिकित्सालय में वरिष्ठ परामर्शदाता के रूप में लगाया गया है। वहीं डॉ.रमेश कुमार को जिला अस्पताल में वरिष्ठ परामर्शदाता के रूप में भेजा गया है।

### सीबीएसई 10 वीं की परीक्षा समाप्त

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सीबीएसई 10 वीं की परीक्षा बुधवार को समाप्त हो गई। अब 12 वीं की बचे हुए विषय की परीक्षाएं होनी है। सीबीएसई के जिला कोऑर्डिनेटर अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि बुधवार को हुई 10 वीं की अंतिम परीक्षा हुई। आईटी व कंप्यूटर साइंस विषय की लगभग 4700 विद्यार्थियो ने परीक्षा दी।अब शुक्रवार को 12 वीं कक्षा की साइकोलॉजी विषय की परीक्षा होगी।

### बच्चों को तम्बाकू की प्रचार सामग्री से सुरक्षित रखें

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के एक्टिविटी क्लब द्वारा नो स्मोकिंग-डे के पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने कहा कि वर्तमान में बच्चों को तम्बाकू उद्योग द्वारा अपनाई जाने वाली प्रचार-प्रसार प्रणाली से सुरक्षित रखना होगा। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी विज्ञापन के प्रभाव के प्रति काफी संवेदनशील होती है। स्वास्थ्य केन्द्र की चिकित्सा प्रभारी डॉ. दीपशिखा चौधरी ने छात्र-छात्राओं को तंबाकू का सेवन न करने के लिए जागरूक किया। एक्टिविटी क्लब की अध्यक्ष प्रो. नीलम पाठक ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। संचालन डॉ. स्नेहा पटेल और ने धन्यवाद ज्ञापन क्रीड़ा समिति के सचिव डॉ. सुरेंद्र मिश्र ने किया।

# सांड़ के हमले में बुजुर्ग की मौत, शव रख जाम किया मार्ग

## सांड़ को पकड़ने की मांग को लेकर घंटों की नारेबाजी, प्रशासन के आश्वासन के बाद माने लोग

**तारुन, अयोध्या**



आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन। अमृत विचार

**अमृत विचार :** तारुन के मुख्य बाजार में बुधवार सुबह सांड़ के हमले में बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने शव को सड़क पर रख जाम लगा दिया। इस दौरान जमकर प्रदर्शन व नारेबाजी हुई। जाम के कारण वाहनों की लंबी कतार लगने की सूचना मिलते ही मौके पर भारी पुलिस बल व प्रशासन के तमाम अधिकारी पहुंच गए। लोगों को समझाकर शांत कराया।

थाना क्षेत्र के लालगंज रोड पर चाय की दुकान चलाने वाले बुजुर्ग गौरीशंकर वर्मा (92) अपनी दुकान के बाहर बैठे थे। इस दौरान सड़क से गुजर रहा सांड़ उन पर हमलावर हो गया। जब तक लोग बचाव के लिए दौड़ते तब तक बुजुर्ग बुरी तरह घायल हो गए। पुत्र राघवराम वर्मा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। इसे लेकर स्थानीय लोगों में काफी रोष है। उनका आरोप है कि छुट्टा मवेशियों के कारण क्षेत्र में आए दिन घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन प्रशासन मौन है। सांड़ अब तक कई लोगों को घायल कर चुका है। सांड़ को पकड़वाने की मांग को लेकर लोग धरने पर बैठ गए। सड़क जाम होने के कारण गोसाईगंज,

**पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव**

मनसा मार्ग, रामपुरभगन मार्ग तक जाने वाले लोगों को दो घंटे तक परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ओपी राय, एसआई मुन्नी लाल चौधरी व तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह, कानून गो रामखेलावन और भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया। इस दौरान तहसीलदार ने एसडीएम को मौके से फोन कर एडीओ पंचायत उमाशंकर सिंह और सचिव रामनयन यादव के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की। इसके बाद लोग सड़क से उठे और शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए भेजा।

### वृद्ध की मौत के बाद जागे जिम्मेदार, सांड़ को पकड़ा

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** तारुन बाजार में बुधवार को सांड़ के हमले में एक वृद्ध की मौत के बाद जिम्मेदार जागे। स्थानीय लोगों के आक्रोश और जाम के बाद पशु विभाग को बिगड़ैल सांड़ की सुधि आई। दोपहर बाद खंड विकास अधिकारी श्री सुरेंद्र कुमार मौर्य की देखरेख में बिगड़ैल सांड को सफाई कर्मचारियों की टीम द्वारा पकड़वाया गया। उसे एक जगह रस्सी में बांध कर रखा गया। पशु चिकित्सा अधिकारी राज सिंह द्वारा बेहोशी का इंजेक्शन देकर नसबंदी करके जाना बाजार गौशाला में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि इलाके में छुट्टा पशुओं की धरपकड़ तेज की जाएगी।

# सीएम योगी की रैली आज, तैयारी पूरी

**अयोध्या कार्यालय**



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गुरुवार को अयोध्या आएंगे। वो हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन-पूजन के बाद राजकीय इंटर कालेज के मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वह एक हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। इसके बाद रामनवमी मेले को लेकर बैठक भी करेंगे। सीएम की सुरक्षा को लेकर मजिस्ट्रेटों के साथ फोर्स की तैनाती की गई है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और जिलाधिकारी नितिश कुमार ने बुधवार को जनसभा स्थल जीआईसी का दौरा करके तैयारियों का जायजा लिया। भाजपा लोकसभा क्षेत्र चुनाव संयोजक डॉ. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने बताया कि सभा के लिए पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पहले अम्बेडकरनगर जाएंगे। लोकार्पण/ शिलान्यास और जनसभा को सम्बोधित करेंगे। वहां से वह रामकथा पार्क हेलीपैड अयोध्या पर दोपहर लगभग 12:45 बजे पहुंचेंगे। सांसद लल्लू सिंह ने सभी से सहयोग की अपील की है। इसके बाद गोंडा जिले के लिए रवाना होंगे।



रामकथा पार्क में आयोजित संध्या में प्रस्तुति देतीं कलाकार। अमृत विचार

## कठपुतली के नृत्य व गरबे की धुन पर हुई रामस्तुति

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामोत्सव के तहत रामकथा पार्क में चल रहे भक्तिपरक कार्यक्रमों के क्रम में मंगलवार शाम गुजरात के गरबा, महाराष्ट्र के तलवारबाजी और कठपुतली ने धूम मचा दी। नितिन कुमार साहू ने अपने दल के साथ कठपुतली के माध्यम से विश्वामित्र जी के यज्ञ की रक्षा करते हुए राम लक्ष्मण का असुरों के साथ युद्ध बेहद जीवंत रहा। वहीं गुजरात से आई महिला कलाकारों ने पारंपरिक गरबा खेलते हुए सर पर मिट्टी के घड़े रखकर तालियों की ताल पर नृत्य किया। महाराष्ट्र से आए शिवम मगदुम के नेतृत्व में कलाकारों ने अपने पारंपरिक लोक नृत्य मर्दानी खेल को बच्चों और महिलाओं के साथ प्रस्तुत किया। गुजरात का डांडिया करके दीपक शर्मा के दल में मंच पर उल्लास का वातावरण रच दिया। रामायण गुरुकुल सोसाइटी लखनऊ की दिव्या उपाध्याय के दल ने जन्म प्रसंग को मंचित किया। नोएडा से आई माया कुलश्रेष्ठ के दल ने राम नाम की महिमा और भगवान राम के बाल रूप को कथक नृत्य शैली के प्रस्तुत किया। लखनऊ से आए आदर्श राम लीला समिति ने सीता स्वयंवर के दृश्य को पारंपरिक रामलीला शैली में प्रस्तुत किया।

## मारपीट में दूल्हे के भाई समेत अन्य पर केस

**अयोध्या। अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र में सुभद्रा लान के पास मंगलवार रात बरात में शामिल लोगों ने एक व्यक्ति और उसके परिवार से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने गले की सोने की चेन व 80,000 रुपये भी गायब होने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दूल्हे के भाई समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित कोतवाली क्षेत्र के कौशलपुरी कॉलोनी फेज एक खोजनपुर निवासी बाल किशोर यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वो मंगलवार रात लगभग 11.30 बजे अपने गोदाम से सुभद्रा लान के बगल होते हुए घर जा रहा था। लान के पास मुख्य मार्ग पर खड़े बरातियों को रास्ता छोड़ने को कहा तो बारातियों ने मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि दूल्हे के भाई और उसके दो साथियों ने सिर पर लोहे की रॉड से प्रहार कर दिया। आसपास के लोग दौड़े तो उन पर हमला बोल बेटे मोहित व भतीजे अंकित को घायल कर दिया। नगर कोतवाल अश्विनी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

# ताला तोड़ पांच दुकानों से उड़ाया सामान

**मवई, अयोध्या**



चोरी की वारदात की सूचना के बाद पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार :** चोरों ने पुलिस बूथ से चंद कदम की दूर पटरंगा मार्ग स्थित पांच दुकानों का शटर और ताला तोड़ मंगलवार रात नगदी व समान पार कर दिया। दो थाना क्षेत्रों की सीमा पर हुई इस वारदात के बाद पुलिस सीमा विवाद में उलझ गई। मौके पर पहुंचे लेखपाल ने पैमाइश कर सीमा क्षेत्र का निर्धारण किया। पैमाइश में एक वारदात मवई और चार पटरंगा थाना क्षेत्र में निकलीं। वारदात को लेकर व्यापार मंडल की स्थानीय इकाई ने आक्रोश जताया है। सीओ रुदौली आशीष निगम ने मौके पर पहुंच मौका-मुआयना किया और आसपास के सीसीटीवी फुटेज से सुराग तलाशने के निर्देश दिए।

व्यापार मंडल उपाध्यक्ष एहतिशाम खां बुधवार सुबह मवई थाना मार्ग स्थित पुलिस बूथ के निकट अपनी बीज व कीटनाशक की एजेंसी पर पहुंचे। दुकान का ताला व शटर टूटा मिला। पीड़ित ने बताया कि बीज भंडार से लगभग 60 हजार रुपये और कुछ रियाल चोरी हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस को लगभग 200 मीटर दूर खेत में प्रतिष्टान से चोरी बैग और कागजात व पड़ोस निवासी एक व्यक्ति की नई साइकिल मिली है। मवई पुलिस पड़ताल कर रही थी कि इसी बीच पता चला कि मवई चौराहा स्थित पुलिस बूथ के निकट पटरंगा मार्ग पर भी चोरी हुई है। वारदात स्थल सीमाक्षेत्र होने के चलते टालमटोल शुरू हुई तो दो घंटे तक मशक्कत चलती रही। बात न बनने पर हल्का लेखपाल ओम प्रकाश को मौके पर बुलाया गया। लेखपाल ने पैमाइश कर बताया कि पटरंगा मार्ग पर हुई चोरी की चारों वारदात पटरंगा थाना क्षेत्र की है। इसके बाद पटरंगा थाना पुलिस सक्रिय हुई। इस थाना क्षेत्र में पुलिस बूथ से थोड़ी दूर स्थित फुरकान किराना स्टोर में शटर का ताला तोड़ करीब 60 हजार रुपये का सामान और 15 हजार नगद, सामने स्थित दीपचंद की डीजल पंप की दुकान का ताला तोड़ गल्ले में रखे 13 हजार रुपये, पंप की दुकान के बगल चौबे मिश्र की गल्ले एवं मसाला की दुकान से 500 रुपये नगद व मसाला और इसी कतार स्थित मोबाइल शॉप में लगभग 500 रुपये की चोरी हुई है। सीओ रुदौली आशीष निगम ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगलवाया जा रहा है। पुलिस को जल्द खुलासे के निर्देश दिए हैं।

# 260 स्वास्थ्य उपकेंद्र को किया गया अपग्रेड

**अयोध्या कार्यालय**

**मिलेगी टेलीमेडिसिन की सुविधाएं, नहीं लगाने पड़ेंगे अस्पतालों के चक्कर**

**अमृत विचार :** प्रदेश में स्वास्थ्य उपकेंद्रों को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत वेलनेस सेंटर में तब्दील किया जा रहा है। इनको टेलीमेडिसिन से जोड़ा जा रहा है, जिससे रोगियों को विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह मिल सके। प्रदेश सरकार के निर्णय के बाद अयोध्या के 331 स्वास्थ्य उपकेंद्र प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत वेलनेस सेंटर के रूप में अपग्रेड किए जा रहे हैं। जिले मे 260 स्वास्थ्य उपकेंद्रों को अपग्रेड किया जा चुका है।

अपग्रेड किए जाने वाले सभी स्वास्थ्य उपकेंद्रों को टेलीमेडिसिन से जोड़ा जा रहा है। जिन बीमारियों का इलाज उपकेंद्र पर संभव नहीं होता। उन मरीजों को टेलीमेडिसिन के माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह मुहैया कराई जाती है। रोगियों को चिकित्सक की सलाह पर निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। मुफ्त जांचें भी की जाती है। उपकेंद्रों के अपग्रेड होने से ग्रामीणों को सर्दी-जुकाम, बुखार जैसी सामान्य बीमारियों के लिए बड़े अस्पतालों तक दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। सीएमओ डॉ. संजय जैन ने बताया वर्तमान समय में जिले में 260 सीएचओ की तैनाती भी की जा चुकी है।

## कमरा बुकिंग के नाम पर वसूली और अभद्रता का आरोप

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगरी में एक होटल संचालक की ओर से कमरा बुकिंग के नाम पर अतिरिक्त रकम की वसूली और अभद्रता का मामला सामने आया है। पीड़ित मुंबई निवासी सुशील बनवारी लाल देवड़ा ने अयोध्या कोतवाली में मारपीट और अभद्रता की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बेटे सुमन्यु ने होटल में ऑनलाइन 8 से 11 मार्च तक के लिए दो रूम बुक किये थे। किराया तीन-साढ़े तीन हजार प्रतिदिन के हिसाब से बताया और 20 जनवरी को 20 हजार रूपये ऑनलाइन भुगतान कर दिया। जबकि 8 मार्च को चेकइन के समय रुम रिनोवेसन का हवाला देकर कमरा देने से मना करने लगे। अनुरोध पर एक दिन रुकने दिया और दूसरे व तीसरे दिन के लिए साढ़े 10 हजार रुपये रोज की मांग की। सुबह अजय पांडेय ने कमरा खाली करने को कहा और विरोध करने पर अभद्रता करते हुए बाहर निकल दिया। कोतवाल मनोज कुमार ने बताया कि केस दर्जकर जांच की जा रही है।

# एटीएम कैश वैन के गार्ड की बंदूक से फायर

**अयोध्या, कार्यालय**



घायल महेश यादव।



घायल रामजीत।

**ई रिक्शा चालक, सवारी व बाइक सवार को लगे छर्रे आरोपी गिरफ्तार**

**अमृत विचार :** अंबेडकरनगर-अयोध्या मार्ग पर महाराजगंज थाना क्षेत्र में एटीएम कैश वैन से उतरते समय वैन पर तैनात सुरक्षा गार्ड की लाइसेंसी बंदूक से अचानक फायर हो गया। गोली के छर्रे लगने से मुख्य मार्ग से गुजर रहे बाइक सवार, ई रिक्शा चालक व एक सवारी घायल हो गई। घायलों ने आरोपी को पकड़ पुलिस के हवाले किया है। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजवाया। जिसमें से दो को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

एटीएम कैश वैन पर तैनात सुरक्षा गार्ड शिवराम तिवारी मंगलवार देर शाम माया बाजार स्थित महराजगंज थाने के सामने एक ज्वैलर्स दुकान के सामने वैन से उतर रहा था। इसी दौरान उसकी लाइसेंसी बंदूक से फायर हो गया। गोली के छर्रे की चपेट में आकर बाइक सवार रामजीत (58) निवासी ग्राम मयाभीखी परसपुर, ई-रिक्शा चालक महेश यादव (40) और रिक्शे पर सवार सूरज यादव घायल हो गए। सीएचसी मयाबाजार के डॉक्टर ने घायल रामजीत और महेश यादव दर्शननगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सभी की हालत सामान्य बताई गई है। थाना प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि पूरा वाकया सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ है। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को घटनास्थल के पास से गिरफ्तार कर लिया है। विवेचना कराई जा रही है।

## सार-संक्षेप

### घटिया निर्माण के मामले में जांच आख्या की भी होने लगी जांच

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** अधिकारी अपनों को बचाने पर आ जाए तो कोई कोर कसर नहीं छोड़ते। यहां स्कूल के घटिया निर्माण के मामले में तो ऐसा ही हो रहा है। अब इस मामले में जांच आख्या की ही जांच का नया पैतरा खेला जा रहा है। खंड शिक्षा क्षेत्र के परिषदीय कंपोजिट विद्यालय साधु का पुरवा और पूर्व माध्यमिक विद्यालय अगेथुवा में घटिया भवन निर्माण का मामला सामने आया था। महीनों पहले कार्रवाई के लिए जिला समन्वयक निर्माण के द्वारा दी गई जांच आख्या की भी अब जांच बेसिक शिक्षा अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपी है। बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय का दावा है कि दोषी बचेंगे नहीं। जिला निर्माण समन्वयक की जांच आख्या का सत्यापन कराने के लिए फिर से जांच के लिए खंड शिक्षा अधिकारी को दी गई है रिपोर्ट का इंतजार है।

### शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने देखा पीएम का लाइव प्रसारण

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आईईटी संस्थान में सेमीकन्डक्टर मिशन के तहत छात्र छात्राओं को प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण दिखाया गया। निदेशक प्रो. राजीव गौड़, शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने सेमीकंडक्टर्स से रूबरू हुए। प्रो. राजीव गौड़ ने बताया कि आज के समय में तकनीकी न केवल क्रांति का आधार हैं बल्कि नवाचार और स्टार्टअप्स के लिए भी एक नए द्वार खोलेगी। गुजरात के धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन सुविधा की स्थापना की जा रही है। संस्थान के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### मनुष्य के कष्टों का निवारण करती है श्रीमद्भागवत : शास्त्री

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** विकासखंड पूराबाजार के अंजना मजरे सूरापुर स्थित मां काली के स्थान पर चल रही सात दिवसीय संगीमय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन अयोध्या धाम के कथा व्यास स्वर्णदीप शास्त्री ने कहा कि जब जीव में अभिमान आता है तब वह भगवान उनसे दूर हो जाता है लेकिन जब भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है उसे दर्शन देते है। शिक्षक आशुतोष पांडेय, शम्भू नाथ तिवारी, जियालाल, हौसिला तिवारी, सुरेश तिवारी, सोनू पांडेय, मोनू तिवारी सहित ग्रामीणों ने कथा का रसपान किया।

### लोकशाही को राजशाही में बदल रही है भाजपा : लालजी

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी इण्डिया गठबन्धन के लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के समर्थन में अयोध्या विधान सभा क्षेत्र का कार्यकर्ता सम्मेलन बुधवार को रामपुर हलवारा में एक पैलेस में हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री लालजी वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार लोकशाही को राजशाही में बदलना चाहती है। लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद ने कहा कि महंगाई से जनता ऊब चुकी है और इससे निजात चाहती है। 2024 के लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव के सहयोग से केन्द्र की सत्ता बदलेगी। आयोजक पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय पवन, जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, अयोध्या विधान सभा क्षेत्र अध्यक्ष रक्षाराम यादव ने भी संबोधित किया। संचालन प्रधान राजेश कोरी ने किया। सम्मेलन में चौधरी बलराम यादव, कंचन यादव, रेनू यादव, हामिद जाफर मीसम, सरोज यादव, अर्पणा जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### नहीं आए खिलाड़ी, अब चयन ट्रायल 20 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** टेबल टेनिस व हैंडबॉल खेल छात्रावासों में प्रवेश के लिए बुधवार को डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में होने वाला प्रदेशीय चयन ट्रायल खिलाड़ियों के न आने के कारण स्थगित कर दिया गया। आरएसओ आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि अब प्रदेश स्तरीय चयन ट्रायल 20 मार्च को बालक वर्ग व 21 मार्च को बालिका वर्ग का डाभासेमर स्टेडियम में होगा। मूल्यांकन के आधार पर प्रतिभागी खिलाड़ियों की मेरिट जारी होगी।

### निपुण बच्चों को विधायक ने किया पुरस्कृत

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम कंपोजिट विद्यालय पुलिस लाइन के प्रांगण में हुआ। मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बच्चों को पुरस्कृत किया। विधायक का स्वागत नगर शिक्षा अधिकारी तारकेश्वर पांडेय और सीडीपीओ मीनाक्षी पांडेय ने किया। डॉ अंबिकेश त्रिपाठी राज्य संदर्भ दाता समूह, मनीष रस्तोगी अमित मिश्रा और प्राथमिक शिक्षक संघ के महानगर अध्यक्ष डॉ अरविंद पाठक, मंत्री प्रणेश रावत ने आयोजन का विवरण दिया। विभिन्न विद्यालयों के 10 निपुण छात्र-छात्राओं को विधायक ने सम्मानित किया। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अन्नप्राशन और गोद भराई रस्म भी हुई। संचालन एआरपी योगेश्वर सिंह द्वारा किया गया।

### रिकाबगंज चौराहे पर यातायात नियंत्रण का रिहर्सल

**अयोध्या।** शहर के सबसे भीड़ वाले रिकाबगंज चौराहे पर इन दिनों यातायात नियंत्रण का रिहर्सल किया जा रहा है। यातायात का सिपाही लोगों को बाएं से चलने की हिदायत कर रहा है। राम पथ बनने के पहले यहां गोल चौराहा था। निर्माण में टूट गया। अब फिर चौराहा बनाए जाने की तैयारी है। सिपाही माउथ स्पीकर से लोगों को बाएं से चलने पर हिदायत कर रहा है। गलत दिशा से जाने वालों पर नाराजगी जताता है।चौराहे पर और भी यातायात सिपाही तैनात हैं। मदद करते हैं। लोगों को रोकते हैं। बताते हैं कि जल्द नई व्यवस्था होगा। यातायात सुचारू होगा।

# अयोध्या, मऊ, शाहजहांपुर व लखनऊ जीते

**अयोध्या कार्यालय**



प्रदेशीय सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि मंडलायुक्त व डीआईजी। अमृत विचार

**प्रदेशीय सीनियर आमंत्रण महिला हॉकी प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन**

**अमृत विचार :** प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र हॉकी संघ के समन्वय से क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के तत्वावधान में डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में प्रदेशीय सीनियर आमंत्रण महिला हॉकी प्रतियोगिता का बुधवार को समारोहपूर्वक उद्घाटन हुआ।

मुख्य अतिथि मंडलायुक्त गौरव दयाल व विशिष्ट अतिथि पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पहले दिन हुए लीग मुकाबलों में मेजबान अयोध्या, मऊ, शाहजहांपुर मंडल व स्पोर्ट्स हॉस्टल ने जीत दर्ज कर अपने विजय अभियान की शुरुआत की। प्रतियोगिता के पहले लीग मुकाबले में मऊ मंडल ने 1-0 से मेरठ को पराजित किया। दूसरे मैच में अयोध्या मंडल टीम ने 5-2 से प्रयागराज टीम पर जीत दर्ज की। अयोध्या की नैन्सी ने दो, अंशिका, सुषमा व ममता ने एक-एक गोल किया। तीसरे मैच में शाहजहांपुर ने आगरा को 5-0 से हराया। चौथे मैच में स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ ने वाराणसी मंडल पर 5-0 से जीत दर्ज कर अपना विजय अभियान शुरू किया। इस मौके पर आरएसओ चंचल मिश्रा, उपक्रीड़ा अधिकारी मो. इरफान, शकील अहमद, विवेक कुमार, सीडी सिंह सहित निर्णायक, कोच, खिलाड़ी व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# अवैध प्लाटिंग पर चली प्राधिकरण की जेसीबी

**अयोध्या कार्यालय**



अवैध प्लाटिंग पर चलती जेसीबी।

**अमृत विचार :** अवैध प्लाटिंग को लेकर बुधवार को अयोध्या विकास प्राधिकरण के जिम्मेदार फिर जागे। उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार पांडेय के निर्देश पर तीन क्षेत्रों में अभियान चला कर अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की गई।

खास बात यह है कि बुधवार को जारी सूचना में प्राधिकरण द्वारा खुद स्वीकार किया गया है कि प्राधिकरण क्षेत्र में लगातार अवैध प्लाटिंग हो रही है। चेतावनी के बाद भी बिना ले-आउट पास कराए निर्माण कार्य किया जा रहा है। प्राधिकरण ने कहा कि अवैध प्लाटिंग से अनियोजित शहर का विकास होता है। जिसके फलस्वरूप बाद में जनता को भारी असुविधा होती है। इसे देखते हुए उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार पाण्डेय के निर्देश पर सचिव सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में प्राधिकरण की प्रर्वतन टीम द्वारा पुलिस बल के साथ अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई गई। जिससे तहत मऊयदुवंशपुर पलिया शाहबदी, मऊशिवाला एवं इसके आस-पास के क्षेत्रों में प्राधिकरण द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। प्राधिकरण सचिव ने बताया कि कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। नागरिको से अनुरोध है कि भूमि का कय विक्रय करने से पूर्व यह सुनिश्चित करले कि स्थल का अयोध्या विकास प्राधिकरण से ले-आउट पास है अथवा नहीं?

## वंचित वर्ग के उत्थान का केंद्र सरकार ने किया प्रयास : चौधरी



लाभार्थियों को ऋण पत्र वितरित किया गया।

**अयोध्या अमृत विचार :** केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार ने वंचित वर्ग के उत्थान लिए विशेष प्रयास किया। वह रियायती ऋण योजना को लेकर कमिश्नरी सभागार में आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार से संचालित आर्थिक सशक्तिकरण योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअत बटन दबाकर योजना के लाभार्थियों को ऋण प्रदान किया। साथ ही सुराज पोर्टल लांच किया। मुख्य अतिथि व सांसद लल्लू सिंह ने 23 स्वच्छता कर्मियों को पीपी किट, नौ लाभार्थियों को नमस्ते आयुष्मान कार्ड, विभिन्न बैंकों 29 लाभार्थियों को ऋण पत्र बांटा। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जय नाथ गुप्ता ने बताया कि विभिन्न योजनाओं के लिए कुल 264 लाभार्थियों का चयन किया गया है।

# अब बहुरेंगे बिरहा और फगुआ के दिन

**अयोध्या कार्यालय**

**पंचायत स्तर पर लोक कला व सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कलाकार वाद्ययंत्र योजना शुरू**

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की ओर से शुरू की गई लोक कलाकार वाद्ययंत्र योजना विलुप्त हो चुकी ग्रामीण संस्कृति को पुनर्वास करेगी। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत अब ग्रामीण क्षेत्रों में लोक संस्कृति और कलाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा।

योजना से एक ओर जहां ग्रामीण लोक कलाओं का नया मुकाम मिलेगा वहीं स्थानीय कलाकारों और लोक गायकों को लाभ भी पहुंचेगा। योजना के तहत सभी पंचायतों को आच्छादित करने के लिए ब्लॉक वार पंचायतों से लोक कलाकारों का ब्योरा और किस विधा में कौन पारंगत हैं की सूची बनाई जा रही है। खासतौर पर गांवों में विलुप्त हो चुकीं बिरहा, फगुआ, चैती, झांझर, चौपाल आदि कलाओं को फिर से सहेजा जायेगा। इस योजना में ऐसे कलाकारों को भी आगे लाया जायेगा जो अपनी विधा छोड़ चुके हैं और दूसरे कार्य कर रहे हैं। हर एक पंचायत को वाद्य यंत्र के साथ अन्य संसाधन भी दिए जाएंगे और नियमित आयोजनों के लिए प्रधान और सचिव को जिम्मेदारी सौंपी जायेगी। अयोध्या जिले में 11 ब्लॉकों में 836 ग्राम पंचायतें हैं। प्रथम चरण में पांच पंचायतों को लिए जाने का प्रस्ताव बनाया जा रहा है। सभी खंड विकास अधिकारियों और पंचायत सचिवों को 15 दिनों के भीतर पंचायती राज विभाग को ब्योरा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।



पंचायत भवन रामपुर सरधा।

> लोक कलाकार वाद्ययंत्र योजना शुरू की गई है। इसके लिए ब्योरा जुटाया जा रहा है। सभी पंचायतों में इसे लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे लोक कलाओं और कलाकारों को प्रोत्साहन मिलेगा। -दीपक कुमार, जिला समन्वयक, पंचायतीराज विभाग

## बच्ची के अपहरण व हत्या की फिर से होगी विवेचना

**अयोध्या। अमृत विचार :** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भव्या तिवारी की अदालत ने बुधवार को बीकापुर कोतवाली क्षेत्र की शालिनी हत्याकांड में क्लोजर रिपोर्ट को निरस्त करते हुए पुलिस को फिर से विवेचना करने का आदेश दिया है। अधिवक्ता अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि बीकापुर कोतवाली के करौंदी गांव निवासी 6 वर्षीया शालिनी 17 अक्टूबर 2018 को दिन में 1:00 बजे गांव स्थित प्राइमरी स्कूल के समीप से गायब हो गई थी। जिसकी गुमशुदगी उसकी मां उर्मिला ने लिखाई थी। घटना के डेढ़ माह बाद 2 दिसंबर 18 को शालिनी का कंकाल करौंदी के जंगल के समीप स्थित गन्ने के खेत में मिला था। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने उसकी मां उर्मिला और पिता फेकू राम का डीएनए टेस्ट भी कराया था, लेकिन डीएनए रिपोर्ट में क्या पता चला इसे पुलिस ने विवेचना में शामिल नहीं किया। प्रकरण की विवेचना में जुटी पुलिस ने गांव के कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की और फिर छोड़ दिया। अंत में यह कहते हुए फाइनल रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत कर दिया कि शालिनी को हिंसक जानवर भेड़िया या सियार गन्ने के खेत में खींच ले गया और उसकी हत्या कर दी। अंतिम रिपोर्ट का वादी उर्मिला ने अदालत पर विरोध किया जिस पर कोर्ट ने क्लोजर रिपोर्ट निरस्त करते हुए फिर से विवेचना करने का आदेश दिया है।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg
Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849



### रोजा

**शिया**
सहरी : 04.49 बजे
इफ्तार : 06.24 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.44 बजे
इफ्तार : 06.10 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### पेशी पर आए दो बंदियों में हुई मारपीट

**अयोध्या,अमृत विचार :** मंडल कारागार से बुधवार को कचहरी तारीख पेशी पर आये दो बंदियों नहर बाग़ निवासी बृजपाल मौर्य और अंगूरीबाग निवासी मिथिलेश के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। लॉकअप प्रभारी पीसी सोनकर ने बताया कि दोनों लशु शंका के लिए गए थे और वहीं पर मारपीट करने लगे। मेडिकल परीक्षण करवा कार्रवाई के लिए पूरी रिपोर्ट वरिष्ठ अधीक्षक कारागार को भेजी जा रही है।

### मारपीट की तहरीर देने वाली महिला लापता

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** आपसी रंजिश में गत पुलिस कर्मी सहित विपक्षियों पर मारपीट का आरोप लगा केस पंजीकृत कराने के लिए तहरीर देने वाली कुंदुरखा खुर्द निवासी महिला मंजू सिंह पत्नी मनोज कुमार के घर से लापता होने की पति ने शिकायत दर्ज कराई है। बुधवार को दी गई शिकायत की बाबत प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया गुमशुदगी दर्ज कर मामले की पड़ताल कराई जा रही है।

### विधायक ने सिठौली गौशाला का किया लोकार्पण

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** सिठौली ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान शिवसरन यादव की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में गौशाला का लोकार्पण रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने किया। इस अवसर पर रघुनन्दन कुमार चौरसिया, बीडीओ रुदौली अखिलेश गुप्ता, एडीओ आदि मौजूद रहे।

# धन के दुरुपयोग व भुगतान का मुद्दा गूंजा

**831** करोड़ रुपये का बजट वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ध्वनिमत से पास

## नगर निगम की बोर्ड की बैठक में पार्षदों ने किया हंगामा ▶ नगर आयुक्त ने ठेकेदार का अग्रिम भुगतान रोक दिए जांच के आदेश

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नगर निगम की बोर्ड की छठवीं बैठक बुधवार गांधी सभागार में हुई। इसमें पार्षदों ने धन के दुरुपयोग व भुगतान को लेकर जमकर हंगामा किया। अधिकारियों पर कुछ चहेते वार्डों में पौने तीन करोड़ रुपये से अधिक का काम कराने और तीन दिन में अलाव की लकड़ियों का भुगतान करने का मामला गूंजा। पार्षदों की बुलंद आवाज के बीच अधिकारी मौन साधे रहे।

नाका वार्ड के पार्षद सूर्या निवारी ने अलाव की लकड़ियों के भुगतान का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि 26 दिसंबर को अलाव के लिए लकड़ियों का टेंडर निकला गया था। 30 दिसंबर को 50 लाख रुपये का ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया। यह सब इतनी जल्दी कैसे और क्यों किया गया। इस पर नगर आयुक्त ने संबंधित जेई से जवाब-तलब किया।



मंच पर मौजूद महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, नगर आयुक्त संतोष शर्मा व अन्य।



बैठक में मौजूद महिला पार्षद। अमृत विचार

**▸▸ जवाब तलब होने पर बोले जेई -पूर्व नगर आयुक्त ने पेमेंट करने की दी थी अनुमति**

जेई ने बताया कि पूर्व नगर आयुक्त ने पेमेंट करने का आदेश दिया था। इस पर नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने मामले में जांच के आदेश देते हुए ठेकेदार के अग्रिम भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दिए।

हुई बोर्ड की बैठक में गत दिनों कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए फैसले पर बोर्ड की मुहर लगाई गई। इस दौरान नगर निगम के विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ध्वनिमत से 831 करोड़ रुपये का बजट पास किया गया। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि 2017 से लेकर अब तक बजट में 20 गुना की बढ़ोतरी हुई। हमारे आय के स्रोत भी बढ़े हैं। उसी के हिसाब से काम भी कराए जा रहे हैं। जितने भी काम हैं वो आगामी वित्तीय वर्ष में बजट के अनुरूप ही कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के पुनरीक्षित बजट में कुल अनुमानित आय 6,02,11,46,000 रुपये में से प्रस्तावित व्यय 5,36,75,80,000 के साथ सम्भावित अवशेष 65,35,66,000 सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। इसके साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2024-25 के मूल बजट कुल अनुमानित आय 8,31,39,57,000 में से कुल व्यय 7,55,77,15,000 के साथ-साथ 75,62,42,000 के लाभ के बजट को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी।

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने अपने सम्बोधन में कहा कि अयोध्या धार्मिक एवं आध्यात्मिक नगरी के रूप में विकसित हो रही है। इस बजट में नगरीय क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास समाहित है। अयोध्या को विश्व की सर्वश्रेष्ठ नगरी के रूप में विकसित किये जाने में गति मिलेगी। इस बजट में आम नागरिकों को उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदान करने के साथ साथ अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को भी उच्चस्तरीय सेवाएं प्रदान किये जाने का प्रयास किया गया है। बैठक में अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, वागीश कुमार शुक्ला, सहायक नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह, सुमित कुमार, गुरू प्रसाद पाण्डेय समेत पार्षदगण व निगम के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### बोर्ड की बैठक की कुछ प्रमुख बातें

- अयोध्या नगर निगम को 75 करोड़ रुपये का लाभ।
- फैजाबाद प्रेस क्लब को टैक्स में राहत देने के लिए शासन को लिखा पत्र।
- कॉमर्शियल साइट्स के निर्माण की एनओसी के लिए 25% की छूट।
- 10 लाख के मकान बनाने पर एनओसी के लिए कोई शुल्क नहीं।
- वित्तीय वर्ष में पार्षदों को 10-10 लाख के कार्य कराने की अनुमति।

### पार्कों की गुणवत्ता के लिए कमेटी गठित

संत कबीर नगर वार्ड के पार्षद चंदन सिंह ने 32 पार्कों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि आजादी के महानायकों के नाम पर पार्कों का नामकरण होना था, लेकिन अभी तक नहीं हुआ। इस पर नगर आयुक्त ने पार्क की गुणवत्ता और नामकरण के लिए अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर दी।

### चीफ इंजीनियर ने सिर्फ पांच वार्डों में कराया काम, जांच के आदेश

झारखंडी वार्ड के पार्षद विजेंद्र सिंह, हनुमानकुंड वार्ड की पार्षद अर्चना श्रीवास्तव व सीताकुंड के पार्षद विनय जायसवाल ने गत दिनों पौने तीन करोड़ रुपये से कुछ चहेते वार्डों में काम कराने का मुद्दा उठाया गया। पार्षदों ने बताया कि अधिकारियों व ठेकेदारों की मिली भगत से इसमें धन का दुरुपयोग किया गया। आरोप लगाया कि चीफ इंजीनियर ने पार्टी विशेष के लिए पांच वार्डों में ही काम कराया था। इस पर महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने जांच कराने के आदेश दिए हैं।

# रामलला के दर्शन के लिए पास की कोई व्यवस्था नहीं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राममंदिर में रामलला के दर्शन के लिए कोई वीआईपी पास की व्यवस्था नहीं है। इसको लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बुधवार को श्रद्धालुओं के लिए अलर्ट जारी किया है। ट्रस्ट ने सोशल मीडिया पर लिखा कि हमें आशंका है कि विशिष्ट दर्शन के लिए कुछ लोग निर्धारित शुल्क लेकर पास का इंतजाम कराने की बात कर रहे हैं। यदि कोई शुल्क लेकर पास दिलाने की बात करता है तो सावधान हो जाएं। ऐसे में वो धोखाधड़ी का शिकार हो सकता है। मंदिर प्रबंधन का इससे कोई संबंध नहीं है।

ट्रस्ट के अनुसार वर्तमान समय में रोज करीब डेढ़ लाख श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने आरती और सुगम दर्शन कराए जाने को लेकर सूचना जारी की है। भक्त मंदिर में सुबह 6:30 बजे से लेकर रात 9:30 बजे तक रामलला के दर्शन कर सकते हैं। ट्रस्ट ने बताया कि राम जन्मभूमि मंदिर में प्रवेश करने से लेकर, दर्शन कर बाहर आने तक की प्रक्रिया अत्यंत सरल व सुगम है। सामान्यता 60 से 75 मिनट में रामलला सरकार के दिव्य दर्शन हो जाएंगे। दर्शनार्थियों से अपील करते हुए कहा है कि मंदिर में फूल-माला, प्रसाद न लाएं। मंदिर में प्रवेश करने से पहले श्रद्धालु अपना मोबाइल, जूते-चप्पल, पर्स आदि परिसर के बाहर ही रखें।




बैरियर नंबर दो से प्रवेश करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**▸▸ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं को जारी किया अलर्ट**

### मंगला, श्रंगार व शयन आरती के लिए बनेगा नि:शुल्क पास

ट्रस्ट के अनुसार मंदिर में रामलला की आरती में शामिल होने के लिए तीन समय निर्धारित किए गए हैं। इसमें सुबह चार बजे मंगला आरती, 6:15 बजे श्रंगार आरती व रात्रि 10 बजे शयन आरती। जिसमें शामिल होने के लिए पास की जरूरत होगी। ट्रस्ट की वेबसाइट और कार्यालय के माध्यम से यह पास जारी किया जाता है। इसके लिए भी कोई शुल्क नहीं है।

### क्रॉसिंग नंबर 2 और 10 से विशिष्ट जनों को प्रवेश

राम जन्मभूमि परिसर में दर्शन कराए जाने के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं। देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को जन्मभूमि पथ मार्ग से प्रवेश मिल रहा है। वहीं क्रॉसिंग नंबर दो और 10 नंबर से कुछ विशिष्ट जनों के लिए वीआईपी व्यवस्था में दर्शन कराए जा रहे हैं।

### रामलला की आरती से अब घर बैठे जुड़ रहे भक्त

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अब भक्त रामलला की श्रृंगार आरती से घर बैठे भी जुड़ रहे हैं। दूरदर्शन पर प्रतिदिन सुबह 6:15 बजे 6.30 मिनट तक आरती का लाइव प्रसारण बुधवार से किया जा रहा है। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि बड़ी संख्या में दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन करने और आरती में शामिल होने के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। रामलला की आरती में हर व्यक्ति शामिल नहीं हो सकता। इसलिए अब ट्रस्ट ने इसके लाइव प्रसारण की उचित व्यवस्था बनाई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि हर व्यक्ति रामलला के कुछ महत्वपूर्ण पलों में भी शामिल होना चाहता है। इसलिए रामलला के श्रृंगार आरती को दिखाए जाने की योजना शुरू की गई है। भविष्य में भक्तों को और बेहतर सुविधाएं देने की योजना भी विचार चल रहा है।

## सार-संक्षेप

### सिंगापुर के युवक ने शरीर पर गुदवाया 108 बार राम नाम



अपने हाथ में लिखाए राम नाम दिखाता युवक।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सिंगापुर से आए प्रवासी भारतीय विजय भारद्वाज में रामलला के प्रति अनोखी भक्ति देखने को मिली है। उन्होंने अपने दाएं हाथ में राम-नाम गुदवा लिया है। दाहिने हाथ-पैर में 108 राम नाम और हनुमान जी का टैटू बनाकर दुनिया भर के युवाओं को सनातन धर्म के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया है। विजय ने बताया कि वह वृंदावन के मूल निवासी हैं। कई वर्षों से सिंगापुर में रह रहे हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार अयोध्या आए हैं। कहा कि बचपन से ही भगवान राम के प्रति आस्था है। जिस प्रकार से लोग भगवान के नाम को जपने के लिए माला की 108 गुरियों का प्रयोग करते हैं। इसी प्रकार मैं ने अपने दाहिने हाथ-पैर में 108 राम नाम अंकित कराया है।

### महिला लेखपाल कार्यालय से सम्बद्ध

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** तहसील रुदौली के ग्राम कूड़ा सादात में खलिहान की भूमि पर अवैध निर्माण कराने में सलिप्त होने के मामले में लेखपाल सीमा पांडेय को कार्यालय से संबद्ध किया गया है। विभागीय कार्यवाही के लिए आरोप पत्र जारी किया गया है। ग्राम कुढ़ा सदात की गाटा संख्या 420/0138 हेक्टेयर राजस्व अभिलेख में खलिहान दर्ज है। लखनऊ-अयोध्या राजमार्ग के किनारे गांव के रियाज अहमद निर्माण कर रहे थे। सोशल मीडिया पर निर्माण कार्य किए जाने की खबर वायरल होने का संज्ञान एसडीएम अंशिका दीक्षित ने लिया। उन्होंने तहसीलदार से लेखपाल को आरोप पत्र जारी करने और कार्यालय से संबद्ध करने के निर्देश दिए। तहसीलदार राजेश वर्मा ने बताया लेखपाल को गांव हटा कर ऑफिस अटैच कर दिया गया है।

### निर्माणाधीन गौशाला का ही जिपं सदस्य ने कर दिया उद्घाटन



निर्माणाधीन गौशाला का फीता काटकर किया गया उद्घाटन।

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** मिल्कीपुर ब्लॉक के सारी गांव में 50 पशुओं को संरक्षित करने हेतु एक गौशाला का निर्माण कराया जा रहा है। बुधवार को जिला पंचायत सदस्य अशोक मिश्रा ने निर्माण पूरा होने से पहले ही उद्घाटन कर दिया। मिल्कीपुर के सारी गांव में 50 पशुओं को संरक्षित करने के उद्देश्य से एक गौशाला का निर्माण कराया जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य अशोक मिश्रा तथा खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर केके सिंह द्वारा बगैर पूर्ण निर्माण हुए ही निर्माणाधीन गौशाला का फीता काटकर उद्घाटन कर दिया गया। गौशाला में पशुओं के रहने हेतु पशु शेड, भूसा रखने हेतु कमरा, पानी की हौद व केयर टेकर रूम आदि का निर्माण कराया जाना है। अभी केयर टेकर, भूसा रखने हेतु कमरा, पानी टैंक सहित मुख्य गेट का कार्य अधूरा है। गौशाला का पूर्ण निर्माण नहीं हुआ है। बीडीओ से जानकारी चाही गई तो फोन रिसीव नहीं हुआ। उद्घाटन पर एडीओ आईएसबी गौतम वर्मा, ग्राम्य विकास अधिकारी आदित्य यादव, अजीत मौर्य, प्रधान नियाज अहमद भी मौजूद रहे।

### सीएए नागरिकता देने का कानून है निकालने का नहीं : विधायक




गौशाला का लोकार्पण करते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व अन्य।

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बुधवार को यहां राजेपुर में सौ पशुओं की क्षमता वाली अस्थाई गौशाला का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सीएए कानून को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीएए नागरिकता प्रदान करने का कानून है न की किसी नागरिक को निकालने का। उन्होंने कहा कि भाजपा सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। विधायक ने कहा कि पौराणिक ग्रंथो में भी गाय को माता का दर्जा दिया गया है और यह परंपरा आज भी कायम है। उन्होंने ग्रामीणों एवं किसानों के हित में चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि यह सभी योजनाएं फलीभूत भी हो रही है। इस अवसर पर भाजपा महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह, गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान अरुण कुमार सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष वरुण चौधरी, महिला मोर्चा की जिला मंत्री स्वाति सिंह, अभिचल सिंह, ओम प्रकाश यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी नीरज सिंह व सौरभ सिंह, विनय दूबे, कोमल मिश्रा, ज्योति, अजय सिंह मौजूद रहे।

### गोवध अधिनियम में दो को एक साल की सजा

**अयोध्या। अमृत विचार :** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रत्यूष आनंद मिश्रा की अदालत ने बुधवार को गोवध अधिनियम के एक मामले में आरोपियों को दोषी पाते हुए एक साल के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 200 रूपये का जुर्माना भी लगाया है। सहायक अभियोजन अधिकारी शरद कुमार यादव ने बताया कि 20 जनवरी 1997 को रात में 3:30 बजे रौनाही थाना प्रभारी इंद्र प्रकाश सिंह अपने हमराहियों के साथ गस्त लगा रहे थे। जब वह सुचितागंज चौराहा के पास थे तो दूसरी ओर से एक वाहन आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस पार्टी ने वाहन को रोकने का इशारा किया। पुलिस ने ट्रक पर सवार लियाकत अली और शाहिद अली निवासी कलवारा थाना सुबेहा जिला बाराबंकी को गिरफ्तार किया था और वाहन में क्रूरतापूर्वक लदे हुए एक गाय तथा 12 बैल को बरामद किया था। पूछताछ में दोनों आरोपी इन पशुओं के ट्रांसपोर्टेशन का कोई लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर पाए जिसके चलते पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के बाद मामले में पुलिस ने आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया था। प्रकरण के विचारण के बाद अदालत ने दोष सिद्ध पाते हुए दोनों आरोपियों को सजा सुनाई है।

# अवध ऑर्थो सेंटर पर 50 लाख रुपये क्षतिपूर्ति का दर्ज कराया मुकदमा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रौनाही थाना के जगनपुर निवासी रेहान अहमद खान की मौत के मामले में 50 लाख क्षतिपूर्ति दिए जाने के लिए उनकी पत्नी व बच्चों ने अवध आर्थो सेंटर के मालिक के खिलाफ मुकदमा दाखिल किया है। इसे सुनवाई के लिए जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने स्वीकार कर लिया है। अगली पेशी 23 अप्रैल नियत की गई है।

अधिवक्ता अभिषेक पांडेय ने बताया कि रेहान अहमद खान 30 अप्रैल 2023 को सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। पुलिस ने रेहान और उनके भाई अब्दुल कलाम को जिला अस्पताल भिजवाया। अवकाश होने के नाते अस्पताल में इमरजेंसी सेवाएं ही उपलब्ध थीं। इस पर रेहान के भाई समीर अहमद उन्हें अवध आर्थो सेंटर ले गए। रेहान को ऑपरेशन थिएटर में छोड़कर सेंटर का कर्मचारी रामप्यारे प्रजापति बाहर आया। इलाज के नाम पर रेहान के भाई से 15 हजार नगद और 3200 ऑनलाइन जमा करवाया। रात 12:30 बजे कर्मचारी रामप्यारे प्रजापति ने बाहर आकर बताया कि रेहान अहमद खान की मृत्यु हो गई और उसका शव ओटी से बाहर निकाल दिया। रेहान की मृत्यु का प्रमाण पत्र व इलाज का पर्चा मांगने पर डॉ. अब्दुस्सलाम और वहां के कर्मचारी तीमारदारों से गाली गलौज की और धक्का मुक्की करने लगे। अस्पताल की दवा-इलाज के पर्चे में केवल दाहिने पैर की हड्डी का फ्रैक्चर पाया गया। डॉ. अब्दुस्सलाम के गलत इलाज के कारण रेहान अहमद खान की मृत्यु हो गई। इस पर उनकी पत्नी अफीका पुत्री व उनके भाई द्वारा मुकदमा किया गया है।

**▸▸ जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने स्वीकार की सुनवाई**

### अकाउंट से कटे 10 हजार, अब बीओबी को देना होगा 15 हजार

**अयोध्या, अमृत विचार:** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा नियावां को 15 हजार रुपये परिवादी को दो माह के अंदर देने का आदेश दिया है। इस अवधि में रुपये अदा न किए गए तो चार फीसदी ब्याज भी देना होगा। यह आदेश फोरम के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सिंह व सदस्य सचिंद्रनाथ ने बुधवार को दिया। गुदौली मऊ यदुवंशपुर निवासी अखिलेश कुमार मौर्य का खाता बैंक ऑफ बड़ौदा नियावां में है। वह 9 अगस्त 2018 को देवकली स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम से 10 हजार निकालने गए। रुपया नहीं निकला और उनके खाते से कट गया। वहां मौजूद गार्ड ने उसने कहा दोबारा प्रयास करो। दोबारा प्रयास करने पर 10 हजार निकल आए, लेकिन परिवादी के खाते से 20 हजार कट गए। इसकी शिकायत उन्होंने सीनियर सुपरवाइजर रवि कुमार, शाखा प्रबंधक व टोल फ्री नंबर पर भी की, लेकिन उनका पैसा नहीं मिला। तब अखिलेश ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में परिवाद दाखिल किया। सुनवाई के बाद आयोग ने 10 हजार निर्णय की तिथि से दो माह के अंदर अदा करने और तीन हजार क्षतिपूर्ति के तौर पर व दो हजार मुकदमे में हुए खर्च के तौर पर देने का आदेश दिया है।

**आस्था** | मध्य प्रदेश से रामनगरी पहुंचा नगाड़ा, दावा विश्व का सबसे बड़ा होने का, बनाने में मुस्लिम कारीगरों का भी योगदान

# रामलला की शान में चार-चांद लगाएगा नगाड़ा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला को देश भर से तरह-तरह से विशेष उपहार मिल चुके हैं। इसी क्रम में बुधवार को 1100 किलो का नगाड़ा अयोध्या पहुंचा। जिसकी गोलाई 33 फिट और ऊंचाई 6 फिट है। इसकी गूंज कई किलोमीटर तक सुनाई देगी।

मध्य प्रदेश के रीवा जिले से शिव बरात जन कल्याण समिति का समूह नाचते-गाते और धार्मिक जय घोष करते बुधवार सुबह अयोध्या पहुंचा। रामसेवक पुरम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नगाड़ा सौंपा। समिति का दावा है कि यह विश्व का सबसे बड़ा नगाड़ा है। इसका गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी नाम दर्ज है। समिति के सचिव प्रतीक मिश्रा ने बताया कि तीन माह में तैयार हुए इस नगाड़े की रचना में अलीगढ़, कानपुर और प्रयागराज के कारीगर शामिल थे। इसमें मुस्लिम कारीगरों ने भी योगदान दिया है। जो अपने आप में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल है।



कंटेनर से नगाड़े को क्रेन से उतारा गया।

### प्लाइवुड बोर्ड पर नक्काशी लिखित हनुमान चालीसा की भेंट

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** उड़ीसा के गंजम जिले से आए अरुण कुमार ने छह फुट नौ इंच के प्लाइवुड बोर्ड पर हनुमान चालीसा नक्काशी द्वारा लिखित पठशिला बुधवार को राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित की है। भक्त अरुण कुमार ने बताया कि इसको बनाने में तीन महीने लग गए। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि जन्मभूमि परिसर में अनेक मंदिरों का निर्माण कराया जा रहा है। परिसर में हनुमान मंदिर भी बन रहा है। यह पठशिला वहां रखाई जाएगी।



ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्र को सौंपते हनुमान चालीसा लिखा प्लाइ बोर्ड।

### तमिलनाडु से आया आरती स्टैंड



ट्रस्ट के महासचिव को सौंपा गया आरती स्टैंड।

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामलला को मिल रहे अनुपम उपहार में तमिलनाडु के ईरोड जिले से एम.शशि कुमार, आर.सुधा की टोली तमिलनाडु का परम्परागत आरती स्टैंड लेकर अयोध्या पहुंचीं। इसमें एक साथ 108 बाती 22 दीपों में जलाई जा सकती है, जिसे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने स्वीकार किया।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे,बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112





तीसरा रोजा

शिया
सहरी : 04.47 बजे
इफ्तार : 06.18 बजे

सुन्नी
सहरी : 04. 47 बजे
इफ्तार : 06.11 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री योगी आज जनपद को देंगे कई परियोजनाओं की सौगात

## डीएम और एसपी ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा, मातहतों को दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को 21 अरब 21 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। 14 मार्च को प्रस्तावित कार्यक्रम के चलते बुधवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे के साथ जनपद के विजय गांव मुख्य विकास अधिकारी आवास के सामने तैयारियों का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री योगी सुबह 11:20 पर अकबरपुर हवाई पट्टी पहुंचेंगे। इसके बाद वह कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर कई परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। वह करीब 1 घंटे 5 मिनट तक जनपद में रहेंगे। जिलाधिकारी ने शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। लोकसभा चुनाव शुरू होने से ठीक पहले 14 मार्च को जनपद पहुंच रहे मुख्यमंत्री जनपदवासियों को 21 अरब 21 करोड़ रुपए के परियोजनाओं की सौगात देंगे। वह पेयजल, बिजली, सड़क आदि से जुड़े कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे में अलग-अलग दलों के कई नेताओं को भी शामिल कराने की तैयारी है। बसपा छोड़कर भाजपा में शामिल होकर लोकसभा का टिकट हासिल करने वाले सांसद रितेश पांडे ने बीते दिनों लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। उनसे जनपद दौरे का आग्रह करते हुए बताया था कि उनके समक्ष कई दलों के लोग शामिल होने की तैयारी में हैं। अब इसी परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री का यह दौरा बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी विकास को लेकर भी बड़ा संदेश इस दौरे से देंगे। बीते दिवस आयुक्त गौरव दयाल व आईजी प्रवीण कुमार ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जनपद का दौरा किया था और मातहतों को सारी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश भी दिया था। उच्चाधिकारियों ने सुरक्षा से लेकर लोगों के बैठने और वाहनों की पार्किंग आदि की तैयारी को देखा था। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया था कि सुरक्षा, शांति व्यवस्था व अन्य प्रबंध में कोई कमी न रहने पाए।



निरीक्षण के दौरान मातहतों से जानकारी लेते जिलाधिकारी व साथ में अन्य।

### 60 सीसीटीवी से होगी कार्यक्रम की निगरानी

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र प्रवीण कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता रखने का निर्देश दिया है। गैर जनपद से पुलिस कर्मियों के साथ स्थानीय पुलिस और पीएसी के जवान तैनात किए जाएंगे। दो अपर पुलिस अधीक्षक के साथ स्थानीय चार क्षेत्राधिकारियों व बाहर से भी दो सीओ की ड्यूटी लगाई गई है। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। ड्रोन और लगभग 60 सीसीटीवी से कार्यक्रम स्थल की निगरानी की जाएगी। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तीन कंपनी पीएसी और पुलिस बल को सुरक्षा में लगाया गया है।

## 16 से होगा यूपी बोर्ड की कापियों का मूल्यांकन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के पांच मूल्यांकन केंद्रों पर 16 मार्च से होने वाले यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए पांच उपनियंत्रकों की तैनाती कर दी गई है। तीन लाख 47 हजार 420 उत्तर पुस्तिकाओं को 175 उप प्रधान परीक्षक व 1704 परीक्षक मूल्यांकन करेंगे। डीआईओएस कार्यालय के अनुसार जनपद में पांच केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। कुल तीन लाख 47 हजार 420 कॉपियों का मूल्यांकन होना है। इसमें हाईस्कूल की दो लाख 18 हजार 200 और तीन केंद्र पर इंटरमीडिएट की एक लाख 29 हजार 131 उत्तर पुस्तिकाएं शामिल हैं। अकबरपुर नगर स्थित डॉ. जीके जेतली इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की एक लाख 17 हजार 45 व संतकबीर इंटर कॉलेज सैदापुर में हाईस्कूल की ही एक लाख एक हजार 244 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होगा। इसी प्रकार बीएन इंटर कॉलेज अकबरपुर में इंटरमीडिएट की 38 हजार 622, सरदार पटेल स्मारक इंटर कॉलेज लारपुर में 42 हजार 304, जनता इंटर कॉलेज फतेपुर चड़गांव में 48 हजार 205 उत्तर पुस्तिकाएं जांची जाएंगी। डॉ. जीके जेतली में डॉ. विनय कुमार को उपनियंत्रक बनाया गया है। जबकि 47 उपप्रधान परीक्षक व 478 परीक्षक लगाए गए हैं। संतकबीर इंटर कॉलेज में डॉ. अभय कुमार मौर्य को उपनियंत्रक के साथ ही 60 उप प्रधान परीक्षक व 694 परीक्षक लगाए गए हैं।

## एक नजर

### कल लगेगा नेत्र शिविर

टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। अयोध्या फेको सेंटर द्वारा सकरावल रसूलपुर तिराहा स्थित जीसी ग्लोबल एकेडमी में शुक्रवार को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समग्र आंख जांच और मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधक अम्बरीष ने बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड धारकों का भी आंख जांच व मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा।

### 15 को बिजली आपूर्ति नौ घंटे रहेगी बाधित

आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। बिजली उपकेंद्र तेन्दुआई कला में 11 केवी ब्रेकर की जगह पुराने को हटा कर 11 केवी ब्रेकरों की स्थापना की कवायद शुरू होने से कई गांवों में एक दिन के लिए 9 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए विद्युत वितरण खंड आलापुर के अधिशासी अभियंता एचपी मिश्र ने बताया कि 15 मार्च को तेन्दुआई कला उपकेंद्र पर नए ब्रेकरों की स्थापना से यहां से पोषित 11 केवी पोषक फीडर कम्हरिया और जहांगीरगंज की बिजली आपूर्ति प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक 9 घंटे बाधित रहेगी। जिससे कम्हरिया पोषक से संबंधित कम्हरिया, मदैनिया, इटौरा, ढोली पुर और अहिरौली, रानीमऊ व जहांगीरगंज पोषक से संबंधित काकरापार, असनारा, देवरिया बाजार, देवरिया पण्डित और सहाबुद्दीनपुर आदि गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

## सार-संक्षेप

### सात दिवसीय शिविर में छात्राएं सीखेंगी गुर



दीप प्रज्वलित करते प्रबंधक आनंद कुमार आर्य व साथ में दंत चिकित्सक राघवेंद्र गुप्ता।

टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। नगर क्षेत्र के मिश्रीलाल आर्य कन्या इंटर कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ बुधवार को किया गया। शिविर का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक आनंद कुमार आर्य और दंत चिकित्सक राघवेंद्र गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर ध्वजारोहण किया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक आनंद कुमार आर्य ने मौजूद छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि छात्राओं का प्रथम कर्तव्य उनके अध्ययन की अवधि को केवल बौद्धिक ज्ञान तक ही सीमित न रखकर स्वयं को ऐसे व्यक्तियों की सेवा में समर्पित करना है, जिन्होंने राष्ट्र की वस्तुओं और सेवाओं के साथ हमारे देश को आवश्यक चीजें प्रदान की है। जो कि समाज के लिए अति आवश्यक है। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्राओं को देश के विभिन्न समुदाय के साथ जीवंत संपर्क स्थापित करना है इस योजना में आर्थिक और सामाजिक निशक्तता के स्थान पर शैक्षिक शोध के स्थान पर छात्राओं को कुछ सकारात्मक करना चाहिए। जिससे ग्रामीण लोगों के जीवन को अधिक ऊंचा और नैतिक स्तर पर उठाया जा सके। शिविर के शुभारंभ के मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य शशिकला सहित अन्य अध्यापक भी मौजूद रहे।

### सीओ ने मार्च कर लोगों को दिलाया सुरक्षा का भरोसा



जलालपुर क्षेत्र में भ्रमण करते सीआईएसएफ के जवान और साथ में पुलिसकर्मी।

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य की मौजूदगी में सीआईएसएफ के साथ नगर क्षेत्र में भ्रमण किया गया। बताते चलें कि लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न करने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा अभी से ही कमर कसना शुरू कर दिया है। ताकि चुनाव को किसी भी हाल में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके। इसी कड़ी में नगर के यादव चौराहा, नगपुर, उर्दू बाजार, सराय चौक, जमालपुर चौराहा समेत अन्य स्थानों पर क्षेत्राधिकारी ने सीआईएफ के साथ भ्रमण कर सुरक्षा का एहसास कराया। ताकि लोग अपने मताधिकार का प्रयोग स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांति पूर्ण माहौल में कर सकें। इस दौरान कोतवाल दर्शन यादव सीआईएसएफ के एएसआई विनोद कुमार सिंह चैहान, वाई एम सिंह समेत कई पुलिसकर्मी और जवान मौजूद रहे।

### विद्यालय में घुसकर प्रधानाचार्य से मारपीट, दो पर केस दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। विद्यालय में घुसकर प्रधानाध्यापक के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है। मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सुरहुरपुर द्वितीय का है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार दुबे ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीते 9 मार्च को गौतम मिश्रा और उनके पुत्र अमन मिश्रा विद्यालय में घुसकर मारपीट और गाली-गलौज किया। उन्होंने बताया कि मैं विद्यालय के बच्चों को पढ़ा रहा था और उसी समय विद्यालय में सहायक अध्यापक सुरेंद्र और रसोईया भी मौजूद रही। इस प्रकार की घटना इन दोनों लोगों द्वारा दोबारा की गई है। विद्यालय में शासन के मंशानुरूप कायाकल्प के तहत बाउंड्री वाल आदि का कार्य ग्राम पंचायत के द्वारा कराया जाना है। जिससे मेरा कोई लेना देना नहीं है। यह दोनों लोग गांव के सरकस और दबंग किस्म के हैं। इनके द्वारा आए दिन विद्यालय में अराजकता का माहौल पैदा किया जाता रहा है। जिससे विद्यालय के कर्मचारी व बच्चों में अराजकता का माहौल होने के कारण सरकारी कार्य नहीं हो पा रहा है। पीड़ित शिक्षक की तहरीर पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

# चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

▸▸ एक बोलेरो, तीन मॉनिटर, तीन सीपीयू, एक एलईडी टीवी, दो मोबाइल बरामद

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** बीते दिवस नगर स्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के निकट प्राथमिक विद्यालय वाजिदपुर के अतिरिक्त कक्ष में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को बोलेरो गाड़ी और चोरी के सामान सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना बीते 28 फरवरी की है।

बता दें कि बीआरसी जलालपुर परिसर में स्थापित आईसीटी लैब से चोरों ने कम्प्यूटर मॉनिटर, सीपीयू, यूपीएस समेत अन्य सामग्री को गायब कर दिया था। चोरी की शिकायत खण्ड शिक्षा अधिकारी जलालपुर मीनाक्षी सिंह ने पुलिस से की थी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने के बाद एसओजी टीम के साथ पुलिस चोरों का तलाश करने मे भी लगी रही। इसी बीच पुलिस को पखवारा भर बाद कामयाबी हासिल हुई। जब बुधवार को कोतवाल जलालपुर दर्शन यादव उपनिरीक्षक सचिव कुमार मौर्य समेत हमराही सिपाहियों के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच जमालपुर चैराहे पर एक सदंग्धि वाहन को रुकवाया गया। वाहन में कटका थाना के दुधई गांव निवासी अंकित गौतम और अम्बेश कुमार बैठे हुए थे। जिनसे पूछताछ की गई तो वाहन में रखे कम्प्यूटर से सबन्धित सामानों के विषय मे जानकारी नहीं दे पाए। कोतवाली लाकर सख्ती से जब उनसे पूछताछ की गई तो उक्त दोनों ने वाहन में रखा कम्प्यूटर सामान चोरी का बताया और स्वयं पिछले दिनों बीआरसी में हुई चोरी की बात कबूली।

### चोरी के मामले का हुआ खुलासा

सीओ जलालपुर देवेंद्र कुमार ने चोरी के मामले का खुलासा करते हुए कहा कि गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक बोलेरो गाड़ी, चोरी हुए तीन मॉनिटर, तीन सीपीयू, दो यूपीएस, दो कीबोर्ड, एक एलईडी टीवी और दो मोबाइल भी बरामद किया है। दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

# थानाध्यक्ष के वाहन की चपेट में आने से युवक की गई जान

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में थाना अध्यक्ष जैतपुर के वाहन और बाइक में हुई जोरदार टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल युवकों को जिला अस्पताल भेजा गया। जहां पर डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरे युवक को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। बाइक सवार दोनों युवकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

जैतपुर थाना अध्यक्ष सुनील कुमार यादव अपने सरकारी वाहन से अकबरपुर मुख्यालय से वापस जैतपुर थाना लौट रहे थे। तभी अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मौहरिया के पास अचानक दो पहिया वाहन पर सवार दो युवक उनके वाहन की चपेट में आ गए। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों गंभीर युवकों को स्थानीय लोगों और थाना अध्यक्ष ने इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। जहां पर एक युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे दूसरे युवक को जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। इस हादसे में थाना अध्यक्ष जैतपुर का सरकारी वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. ओमप्रकाश ने बताया कि गंभीर रूप से घायल युवक को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

### मामले की होगी जांच

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि एसओ जैतपुर के वाहन से एक दुर्घटना हुई है। सीओ और थानाध्यक्ष को मौके पर भेजा गया है। मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# एक करोड़ 18 लाख 75 हजार रुपए में हुई टैक्सी स्टैंड की नीलामी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा, बसखारी-किछौछा टैक्सी स्टैंड, उर्स और अगहनिया मेला टैक्सी स्टैंड की नीलामी कुशलता पूर्वक जिला मुख्यालय पर स्थित कलेक्ट्रेट भवन में संपन्न हुई। 64 राउंड चली बोली के बाद पिछली बार की अपेक्षा इस बार 20000 अधिकतम बोली लगाकर चंद्रजीत यादव ने बोली अपने नाम किया है। बता दें कि बुधवार को जिला मुख्यालय पर स्थित कलेक्ट्रेट भवन में नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा टैक्सी स्टैंड की बोली नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता, अधिशासी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी और नगर निकाय के अधिकारी की मौजूदगी में शुरू की गई। जिसमें सुजीत कुमार सिंह, चंद्रजीत यादव, प्रमोद कुमार गुप्ता, वीरेंद्र कुमार सहित चार ठेकेदारों ने भाग लिया। बोली की प्रक्रिया 64 राउंड तक चली। जिसमें चंद्रजीत यादव पुत्र स्वर्गीय बाखेड़ू निवासी केशवपुर पंचपोखरा टांडा ने एक करोड़ 18 लाख 75 हजार की अधिकतम बोली लगाकर नीलामी अपने नाम कर लिया। पिछली बार यहां के टैक्सी स्टैंड की नीलामी एक करोड़ 18 लाख 55 हजार रूपए में हुई थी। जो इस बार 20000 रुपए अधिक रही। जिसमें नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा का प्रयास भी सराहनीय रहा। इस संदर्भ में अधिशासी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने बताया कि नीलामी की प्रक्रिया कुशलतापूर्वक संपन्न हो गई। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी के साथ कार्यालय लिपिक अभिषेक यादव, कार्यालय सहायक राकेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन सड़क निर्माण की मांग



क्षतिग्रस्त मार्ग को दुरुस्त कराने को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** तालाब के बगल स्थित आधा मुख्य मार्ग कटकर तालाब में समाहित हो गया है, जिसके चलते आए दिन दुर्घटना होती रहती है। ग्राम प्रधान के नेतृत्व में स्थानीय ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री को मांग पत्र प्रेषित कर दो दर्जन से अधिक गांवों को जोड़ने वाले रास्ते की मरम्मत कराए जाने की मांग किया। आलापुर तहसील क्षेत्र के अशरफाबाद गांव में तालाब के बगल स्थित सिपांह, उमरी, भवानीपुर, अशरफाबाद, बिड़हर समेत कई अन्य गांवों को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग के मरम्मत की मांग को लेकर ग्राम प्रधान सरिता, पूर्व ग्राम प्रधान संतराम यादव, गंगाधर दूबे, प्रधान प्रतिनिधि अनिल कुमार, राजेश्वर प्रसाद वर्मा, परमेश्वर यादव, हिमांशु रंजन समेत कई अन्य ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य मार्ग का आधा हिस्सा पीडब्ल्यूडी के हिस्से में है, जिसका निर्माण कार्य हो रहा है। वहीं आधा हिस्सा जिला पंचायत के अंतर्गत आता है जिसका निर्माण कार्य नहीं हुआ है।

# मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने 29 वर्षीय युवक को टक्कर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई संतोष कुमार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन व चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। तहरीर देते हुए बताया कि मेरा भाई अंजीत कुमार उम्र 29 वर्ष बीते 8 मार्च को जो कुढा.मोहम्मदपुर में सर्विस सेंटर चलता था।

### कल मनाई जाएगी काशीराम की जयंती

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी के जिला संगठन द्वारा पूर्वांचल कार्यालय अकबरपुर में शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर काशीराम की 90वीं जयंती समारोह भव्य तरीको से मनाया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि बसपा के पूर्व सांसद राज्यसभा एवं लोकसभा घनश्याम चंद्र खरवार होंगे। उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष सुनील सावंत गौतम ने दी है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810464
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

हैंडबॉल प्रतियोगिता

एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में आज एथलेटिक्स प्रतियोगिता का होगा आयोजन

# टांडा व स्टेडियम-ए ने जीता फाइनल का खिताब

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में सुबह 10 बजे से जिला स्तरीय सीनियर पुरूष वर्ग में हैंडबाल और महिला वर्ग में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का पहला सेमी फाइनल मैच टांडा और आलापुर के बीच खेला गया। जिसमें टांडा ने आलापुर को 32-23 के अन्तर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और दूसरा सेमीफाइनल मैच स्टेडियम और स्टेडियम-बी के बीच खेला गया। जिसमें स्टेडियम-ए की टीम ने स्टेडियम-बी को 27-21 के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच स्टेडियम-ए और टांडा के बीच खेला गया। जिसमें टांडा ने स्टेडियम-ए को 37-36 के कड़े अंतर से हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया।

प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में शशिकांत, आइमन, दुर्गेश, अभिषेक, अविनाश आदि लोग थे। इसी क्रम में हॉकी महिला प्रतियोगिता के फाइनल मैच में स्टेडियम-ए ने स्टेडियम-बी को 5-3 के अन्तर से हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह द्वारा किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने खिलाडियों का उत्साह वर्धन किया। क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्या द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इस दौरान सचिव जिला ओलम्पिक संघ डॉ. हनुमान प्रताप सिंह और कार्यालय सहायक अनुपम प्रजापति, एथलेटिक्स प्रशिक्षिका सुमेधा यादव, स्वाती, अंशिका, शिवांगी और अन्य खेल प्रेमी उपस्थित थे। अन्त में क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि इसी क्रम में गुरुवार को महिला और पुरूष दोनों वर्ग में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का 12 इवेंट में आयोजन किया जाएगा।



प्रतिभागी खिलाड़ियों से मिलते डीआईओएस व साथ में सचिव जिला ओलम्पिक संघ।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना सं. 04-DYCEGA-2024
उप मुख्य इन्जीनियर/गोरखपुर क्षेत्र, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए आनलाइन खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं जिसका पूर्ण विवरण नीचे दिया जा रहा है :–
कार्य का नाम : 1: गोरखपुर में - उप मुख्य इंजीनियर - गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30.06.2025 हेतु जोन संख्या-10-बिछिया-I के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-सीसेइं/कार्य/बिछिया के अधीन सर्कुलर रोड के दक्षिण एवं पी.ए.सी. रोड के पश्चिम आवासीय एवं सर्विस भवन इत्यादि। अनुमानित लागत (रु. में) : 1,05,12,542.75, बयाने की राशि : रु. 2,02,600.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) : शून्य, समापन अवधि : 30.06.2025. कार्य का नाम : 2: गोरखपुर में - उप मुख्य इंजीनियर - गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30.06.2025 हेतु जोन संख्या-11-बिछिया-II के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-आवास सं.-547 से 563 तक, बीजी कालोनी एवं रे.सु.ब. कालोनी स्थित आवासीय भवन एवं सर्विस भवन इत्यादि। अनुमानित लागत (रु. में) : 92,15,504.75, बयाने की राशि : रु. 1,84,300.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) : शून्य, समापन अवधि : 30.06.2025. कार्य का नाम : 3: गोरखपुर में - उप मुख्य इंजीनियर/गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30.06.2025 हेतु जोन (बिछिया-III) के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-एम.एस.टी.सी. एवं उसके छात्रावास, आर.पी.एफ. ट्रेनिंग सेन्टर, ट्रान्जिट हाउस एवं इस क्षेत्र के अन्य सर्विस भवनों इत्यादि। अनुमानित लागत (रु. में) : 1,00,54,849.25, बयाने की राशि : रु. 2,00,300.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) : शून्य, समापन अवधि : 30.06.2025. कार्य का नाम : 4: गोरखपुर में - उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30.06.2025 हेतु जोन संख्या-13-दक्षिण-I के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-सड़क सं. - 15 से पश्चिम स्थित सर्विस भवनों/कार्यालयों जैसे महा प्रबंधक, सांख्यकीय, मुयाइं, मुपरिप्र, मुचिकित्सा निदेशक, प्रमुइं, मुसिदूइं, मुकाधि, मुकाधि कैण्टीन, रेसुब बैरक, रेल म्यूजियम, रेल दावा अधिकरण, आर.आर.बी. भवन, उप मुइं/गो.क्षे., मुकाप्र/पुल एवं बंगला सं.-6,7 इत्यादि। अनुमानित लागत (रु. में) : 1,03,29,537.00, बयाने की राशि : रु. 2,01,700.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) : शून्य, समापन अवधि : 30.06.2025. कार्य का नाम : 5: गोरखपुर में उप मु.इं.गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30.06.2025 हेतु जोन संख्या-14-दक्षिण-II के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-सड़क सं. - 15 से पूरब स्थित सर्विस भवनों/कार्यालयों जैसे विसमुलेधि, कैश आफिस, लेखा परीक्षा, रेलवे प्रेस, भनिक, मुवाप्र, मुविइं, स्टेट बैंक, को-आपरेटिव बैंक, साउथ डिस्पेन्सरी, राप्ती, शारदा एवं वरूणा अधिकारी विश्रामालय, क्रिकेट ग्राउण्ड, अधिकारी क्लब, नर्सरी, गोल्फ मैदान, इलाहाबाद बैंक, रेलवे पोस्ट आफिस, स्टेडियम इत्यादि। अनुमानित लागत (रु. में) : 1,02,74,646.5, बयाने की राशि : रु. 2,01,400.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) : शून्य, समापन अवधि : 30.06.2025. कार्य का नाम : 6: गोरखपुर में उप मु.इं.-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30.06.2025 हेतु जोन संख्या-15-दक्षिण-III के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-स्टेडियम कालोनी में स्थित सभी आवासीय भवनों के साथ-साथ सड़क तथा आमी रेस्ट हाउस के साथ-साथ अन्य छोटे-छोटे सर्विस भवन जो कि दक्षिण के जोनों में सम्मिलित नहीं हैं इत्यादि। अनुमानित लागत (रु. में) : 1,07,50,438.50, बयाने की राशि : रु. 2,03,800.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) : शून्य, समापन अवधि : 30.06.2025. कार्य का नाम : 7: गोरखपुर में उप मुख्य इन्जीनियर/गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30.06.2025 हेतु जोन संख्या-16-दक्षिण-IV के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र- गोल्फ कालोनी में स्थित सभी आवासीय भवनों के साथ सड़क इत्यादि। अनुमानित लागत (रु. में) : 78,10,271.75, बयाने की राशि : रु. 1,56,200.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) : शून्य, समापन अवधि : 30.06.2025. कार्य का नाम : 8: गोरखपुर में उप मुख्य इन्जीनियर-गो.क्षे. के अधीन जोन संख्या-17- जीकेसी-I वर्षान्त 30.06.2025 हेतु। सी.से.इं.-कार्य-जी.के.सी. के अंतर्गत क्षेत्र-पुल कारखाना, कंक्रीट यार्ड, लौह भण्डार एवं सिगनल कारखाना के जोन कार्य के निष्पादन हेतु। अनुमानित लागत (रु. में) : 70,32,158.75, बयाने की राशि : रु. 1,40,700.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) : शून्य, समापन अवधि : 30.06.2025. कार्य का नाम : 9: गोरखपुर में – उप मुख्य इन्जीनियर-गो.क्षे. के अधीन जोन संख्या-18- जी.के.सी.-II वर्षान्त 30.06.2025 हेतु। सी.से.इं.-कार्य-जी.के.सी. के अंतर्गत क्षेत्र- माचिस फैक्ट्री कालोनी, कैण्ट कालोनी एवं 2बी.एन.आर.पी.एस.एफ. रजही कैम्प के संपूर्ण परिक्षेत्र के जोन कार्य के निष्पादन हेतु। अनुमानित लागत (रु. में) : 1,19,78,739.75, बयाने की राशि : रु. 2,09,900.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) : शून्य, समापन अवधि : 30.06.2025. कार्य का नाम : 10: गोरखपुर में उप मुख्य इन्जीनियर/गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30.06.2025 हेतु जोन कार्य के अंतर्गत समइं/दक्षिण के कार्यक्षेत्र में सड़क मरम्मत का कार्य। अनुमानित लागत (रु. में) : 1,10,32,040.00, बयाने की राशि : रु. 2,05,200.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) : शून्य, समापन अवधि : 30.06.2025. योग अनुमानित लागत (रु. में) : 9,89,90,729.00.
1. ई-निविदा खुलने की तिथि-क्रमांक 01 से 10 तक दिनांक 04.04.2023 को 11:00 बजे। 2. ई-निविदा के क्रमांक 1 से 10 तक की बिडिंग दिनांक 21.03.2024 से 04.04.2024 को 10:59 बजे तक प्राप्त की जायेगी। 3. उपरोक्त निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 4. यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अन्तर होता है तो निविदा सूचना के अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मुजाधि/डब्ल्यू-579 उप मुख्य इंजीनियर/गो.क्षे.
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

## एक नजर

### किशोरी के अपहरण मामले में मुकदमा दर्ज

**खरगूपुर, गोंडा :** किशोरी का अपहरण करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी का अपहरण कर लिया गया। काफी खोजबीन के बाद किशोरी का पता न चलने पर उसके पिता ने आरोपित युवक अनोखी लाल उर्फ छोटू निवासी ग्राम पटखौली के विरुद्ध स्थानीय थाने में तहरीर दी।थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपित युवक के विरुद्ध अपहरण के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### महिला पर लाठी-डंडे से हमला कर किया घायल

**खरगूपुर, गोंडा :** महिला पर लाठी डंडे से हमला कर घायल कर दिया गया। घायल की ओर से आरोपी पिता पुत्र सहित चार लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पुरैनिया में जमीन संबंधी रंजिश को लेकर गांव की कांति देवी पत्नी दिवाकर तिवारी पर दूसरे पक्ष के रमाशंकर तिवारी तथा उनके पुत्र मोहित पत्नी बिटाना देवी व पुत्री निधि द्वारा लाठी डंडे से हमला कर दिया। जिससे महिला घायल हो गई। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि घायल महिला की तहरीर पर चारों आरोपियों के विरुद्ध हमला तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज पर घायल महिला को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया है।

### नशीली दवा के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**खरगूपुर, गोंडा :** पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर 250 अल्प्राजोलम टैबलेट बरामद किया है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम मंगल नगर के पास कौड़िया थाना क्षेत्र के रुकमंगतपुर निवासी रवि सिंह नामक युवक को संदिग्ध परिस्थिति में पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी युवक के पास 250 अल्प्राजोलम नशीली टैबलेट बरामद किया गया। युवक के विरुद्ध एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर बुधवार को न्यायालय रवाना किया गया।

### रंजिश को लेकर हुई मारपीट में मुकदमा दर्ज

**परसपुर, गोंडा :** थाना क्षेत्र के मधईपुर के मजरे गलिबहा निवासी वीरेंद्र सिंह द्वारा अपने ही गांव के एक महिला सहित चार लोगों के विरुद्ध पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट गाली गलौज किये जाने तथा बचाने आये परिजनों के साथ भी मारपीट किये जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर उनके गांव निवासी महेन्द्र प्रताप सिंह, आयुष प्रताप सिंह, युवराज सिंह पुष्पा सिंह ने मंगलवार की शाम उनके सहन दरवाजे के सामने आकर उन्हें लाठी डन्डा सरिया से मारने लगे शोर करने पर परिजन बचाने आये तो उन्हें भी मारा पीटा। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की गई है। जल्द ही पूरा मामला सामने आ जाएगा।

# करनैलगंज एसएचओ सस्पेंड, छपिया एसओ किए गए लाइन हाजिर

## घटनाओं का खुलासा करने में विफल होने पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने गिराई गाज, कार्रवाई से महकमे में मचा हड़कंप

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में हुई सराफा व्यापारी संग हुई लूट की वारदात का खुलासा करने में विफल रहे करनैलगंज कोतवाल हेमंत गौड़ को एसपी ने सस्पेंड कर दिया है। इसी तरह बभनान में हुई प्रिंसिपल की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तारी न होने पर छपिया एसओ को भी लाइन हाजिर कर दिया गया है। एसपी की कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा है।

कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर मोहल्ले के ठठराही बाजार के सराफा कारोबारी विश्वनाथ शाह से 6 मार्च को रात


हेमंत गौड़, निलंबित कोतवाल।


सत्येंद्र वर्मा, लाइन हाजिर थानाध्यक्ष।

10 बजे हेलमेट लगाए दो बदमाश कनपटी पर असलहा लगाकर करीब 50 लाख रुपये के जेवर व 1.80 लाख रुपए की नकदी लूट ले गए थे। लूट की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी थी।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने घटना के खुलासे के लिए पुलिस की पांच टीमें गठित की थी लेकिन एक सप्ताह बाद भी पुलिस इस घटना का खुलासा नहीं कर सकी है।

मामले मे कोतवाल की लापरवाही सामने आई थी। इसके पहले सोने की तस्करी करने के मामले में पकड़ी गयी नेपाल की महिला तस्कर की गिरफ्तारी में भी कोतवाल की भूमिका संदिग्ध पाई गयी थी। इन मामलों को लेकर कोतवाल एसपी के निशाने पर थे। बुधवार को एसपी विनीत जायसवाल ने करनैलगंज कोतवाल हेमंत गौड़ को निलंबित कर दिया है। इसी तरह 4 मार्च को छपिया थाना क्षेत्र के बभनान स्थित एक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य दिनेश यादव की सोते समय गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। हत्यारे कालेज में छेड़खानी करने के आरोपी थे। पुलिस ने इस मामले आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की थी। इसके बाद यह वारदात हो गयी।

प्रिंसिपल के परिजनों ने छपिया एसओ पर शिथिलता बरतने का आरोप लगाया था और हत्या के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की थी लेकिन पुलिस अभी मुख्य आरोपी अजय वर्मा को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इस मामले में भी एसपी नाराज थे। यही नाराजगी छपिया एसओ सत्येंद्र वर्मा को भारी पड़ गयी और बुधवार को उन्हे लाइन हाजिर कर दिया गया।

**विवेक त्रिवेदी नए एसएचओ बनाए गए:** करनैलगंज कोतवाल हेमंत गौड़ के निलंबन के बाद इटियाथोक के एसएचओ निर्भय नारायण सिंह को करनैलगंज का नया कोतवाल बनाया गया है। उनके स्थान पर मीडिया सेल प्रभारी रहे इंस्पेक्टर विवेक त्रिवेदी को इटियाथोक थाने के नये कोतवाल बनाने गए हैं। इसी तरह मीडिया सेल में तैनात रहे उप निरीक्षक कृष्ण गोपाल राय को छपिया थाने की कमान सौंपी गयी है।

### पांच चौकी प्रभारी समेत 10 उप निरीक्षक भी बदले

कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटे एसपी ने पांच चौकी समेत 10 उप निरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल किया है। कोतवाली देहात के सालपुर चौकी प्रभारी रहे पवन कुमार सिंह को सालपुर से चौकी प्रभारी पसका बाजार व पुलिस लाइन से उमेश सिंह को चौकी प्रभारी सालपुर बनाया गया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक अमर सिंह को धानेपुर से तरबगंज, अवधेश सिंह यादव धानेपुर से कटरा बाजार, रवि प्रकाश यादव को छपिया से उमरी बेगमगंज भेजा गया है। चौकी प्रभारी दतौली योगेंद्र सिंह को कोतवाली देहात व सुभाष को मनकापुर से कोतवाली नगर भेजा गया है। भंभुआ चौकी प्रभारी सुरेंद्र प्रताप सिंह को कस्बा मनकापुर, भानु प्रताप सिंह को कस्बा मनकापुर से भंभुआ व राम आशीष मौर्य पसका से धोबहाराय चौकी प्रभारी बनाया गया है।

### सीएम योगी के आगमन से पहले हुई कार्रवाई

पुलिस महकमें में हुई इस कार्रवाई को सीएम योगी के आगमन से जोड़कर देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को गोंडा दौरे पर आ रहे हैं। ऐसे में हत्या व लूट जैसी घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई न होने से जिले की कानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति भी सवालों के घेरे में हैं। प्रिंसिपल हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय वर्मा के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं। उसने रेंबो गैंग भी बना रखा है।

# गोंडा-लखनऊ हाईवे पर बेकाबू डंपर ने बाइक सवार अधिवक्ता को रौंदा, मौत

## वाहन छोड़कर चालक मौके से फरार, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा


हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व भीड़। अमृत विचार


हादसे के बाद जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** गोंडा लखनऊ हाईवे पर नगर कोतवाली क्षेत्र के एससीपीएम पुलिस चौकी के सामने बुधवार को एक तेज रफ्तार डंपर ने एक बाइक सवार अधिवक्ता को पीछे से ठोकर मार दी और उन्हे कुचल दिया। इस हादसे में अधिवक्ता की मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे के बाद चालक डंपर छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने पंचनामा भरकर उसे पीएम के लिए भेजा।डंपर को कब्जे में लेकर चालक की तलाश कर रही है।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के दुर्गोड़वा गांव के रहने वाले अधिवक्ता दयानंद तिवारी(55) अपनी बाइक से बुधवार को मुख्यालय स्थित कचहरी जा रहे थे। गोंडा लखनऊ हाईवे पर वह एससीपीएम पुलिस चौकी के सामने पहुंचे थे कि पीछे से आ रहे गिट्टी लदे एक तेज रफ्तार डंपर ने उन्हे ठोकर मार दी। ठोकर लगने से वह सड़क पर गिर गए और डंफर ने उन्हे कुचल डाला। इस दर्दनाक हादसे में दयानंद तिवारी की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जुट गयी। बगल में मौजूद चौकी के पुलिसकर्मी जब तक घटनास्थल पर पहुंचते इसी बीच मौका पाकर चालक डंफर छोड़कर भाग निकला।

**सड़क किनारे मिले घायल युवक ने तोड़ा दम: परसपुर:** ग्राम बेलमत्थर के टीका मिश्र पुरवा मोड़ के समीप सीबीएन मार्ग पर सड़क के किनारे घायलावस्था में 28 वर्षीय युवक पड़ा मिला। ग्रामीणों ने युवक की हत्या की आशंका जताई। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि सड़क के किनारे मिले घायल अज्ञात युवक को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत करार कर दिया। वहीं ग्राम बेलमत्थर के टीका मिश्रा पुरवा के रहने वाले लक्ष्मी नरायन मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर अपने भाई की दुर्घटना, हत्या मामले में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि उसका 28 वर्षीय भाई शेष नरायन मिश्रा उर्फ मुन्ना गत 12 मार्च को घर से लखनऊ के लिये निकले थे। वापस घर नहीं लौटा। बुधवार की सुबह परिजनों को उनकी अज्ञात वाहन से टक्कर लगने से मृत्यु की सूचना मिली।

### युवक पर गिरा यूकेलिप्टस का पेड़, मौत



**मनकापुर, गोंडा :** मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चौबेपुर के मजरा कलवा में बुधवार को एक युवक की पेड़ के नीचे दबकर मौत हो गयी। हादसा उस वक्त हुआ जब युवक यूकेलिप्टस का पेड़ आधा काटने के बाद उसे ट्रैक्टर में बांधकर खींच रहा था। खींचते समय पेंड ट्रैक्टर पर जा गिरा और युवक की दबकर मौत हो गयी। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है। मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के पंडितपुर गांव के मजरा मधपुर के रहने वाले रामराज यादव ने अपना यूकेलिप्टस का पेंड लकड़ी ठेकेदार देवेंद्र पांडेय के हाथ बेचा था। बुधवार की सुबह देवेंद्र पांडेय मजदूरों को लेकर पेड़ कटवा रहा था। पेंड काटने वाले श्रमिकों में मछली बाजार चौकी अंतर्गत ग्राम चौबेपुर के मजरा कलवा के रहने वाले मनोज कुमार वर्मा(32) पुत्र तुलाराम वर्मा भी था। बताया जा रहा है कि आधा पेड़ काटने के बाद मनोज उसे ट्रैक्टर में बांधकर खींच रहा था। इसी बीच पेंड भरभराकर ट्रैक्टर पर जा गिरा। पेड़ गिरने से मनोज उसी के नीचे दब गया और उसकी मौत हो गयी। हादसे के बाद ठेकेदार देवेंद्र पांडेय ट्रैक्टर ट्राली लेकर भाग निकला। बैरीपुर रामनाथ गांव के प्रधान प्रतिनिधि पप्पू पांडेय ने इसकी सूचना पुलिस को दी तो पहले डायल 112 और फिर चौकी व कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने घटना स्थल पर मौजूद लोगों से हादसे की जानकारी ली और शव का पंचनामा भराकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया ।मामले में मृतक की पत्नी ने लकड़ी ठेकेदार देवेंद्र पांडेय के खिलाफ तहरीर दी है। कोतवाल ने बताया कि आरोपी पर केस दर्ज किया गया है।

# डीएसओ बोले-पेट्रोलियम प्रतिष्ठानों की सुरक्षा मानकों की होगी पड़ताल

**गोंडा कार्यालय:** सभी गैस एजेंसी व पेट्रोलियम प्रतिष्ठानों की सुरक्षा मानक की हकीकत परखी जाएगी। डीएसओ द्वारा सभी प्रतिष्ठानों को नोटिस देकर सुरक्षा के मानकों के पालन का निर्देश दिया गया था। अब जांच के लिए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी के अगुवाई में टीम का गठन किया जा रहा है।

कुछ माह पहले गोंडा- लखनऊ हाईवे पर सूर्या गैस एजेंसी का गैस सिलेंडर ट्रक पर लाद कर आ रहा था। कर्नलगंज में ट्रक के इंजन में शर्ट सर्किट से आग लग जाने से ट्रक में रखा सिलेंडर में विस्फोट हो गया। जिला प्रशासन ने डीएसओ से घटना की जांच कराई। रिपोर्ट मिलने पर डीएम नेहा शर्मा की ओर से जिले के सभी पेट्रोल पंप व गैस एजेंसी के संचालक को नोटिस भेज कर अग्निशमन यंत्र व अन्य सुरक्षा के मानकों को पूरा करने का निर्देश दिया था। पेट्रोल पंप व गैस एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया गया था कि जिस भी वाहन से पेट्रोलियम व गैस सिलेंडर की डिलीवरी हो उस पर अग्निशमन यंत्र हर हाल में हो। साथ ही पूर्ति विभाग को भी निर्देशित किया गया है कि वह लोग भी समय-समय पर निरीक्षण आदि करते रहें। पेट्रोलियम व गैस एजेंसी पर यदि कोई कमी पाई जाती है तो तत्काल सुधार किया जाए। पूर्ति विभाग ने सभी प्रतिष्ठानों के सुरक्षा के पड़ताल की योजना बनाई है। यह जिम्मेदारी जिले के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों को सौंप गई है।

जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी गैस एजेंसी व पेट्रोल पंप संचालकों को नोटिस भेजा गया था। सुरक्षा के जो भी मानक है उनका हर हाल में पालन किया जाना चाहिए। डिलीवरी में जो भी वाहन उपयोग में ले जाएं उन पर अग्नि सुरक्षा यंत्र हो। जांच के लिए टीम का गठन किया जा रहा है। जल्दी अभियान चलेगा।

## आग से छप्पर का मकान स्वाहा

**इटियाथोक, गोंडा:** आग लगने से गृहस्थी का सामान व छप्पर जल गया। घटना की तहरीर थाने पर दी गई है।

ग्राम जगदीशपुर संपत के रंजीत मौर्य ने बताया कि सोमवार की शाम गांव के ही बबलू धोबी ने मेरे छप्पर में आग लगा दी। बब्लू धोबी को आग लगाते हुए उनकी पत्नी ने देख लिया।आग लगने से छप्पर में रखा चावल गेहूं धान व सरसों सहित 6800 रुपये भी जल गया। आगजनी का आरोप लगाते हुए घटना की सूचना थाने पर दी गई है। बड़ी मस्कट के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया छप्पर के नीचे बंधे जानवरों को मुश्किल से बचाया गया।

# नमो-नमो क्रांति फाउंडेशन ने चलाया जागरूकता अभियान

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** नमो नमो क्रांति फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक तिवारी ने हिन्दू देवी देवताओं की मूर्ति, कार्ड, पोस्टर को लेकर जागरूकता अभियान चलाया है। उन्होंने कहा कि अपने अपने घर व मंदिर में रखी पुरानी टूटी फूटी मूर्ति और घर में लगे फटे पुराने धार्मिक पोस्टर को कही सड़क के किनारे या कूटेदान में न डाले, उसे कही सुरक्षित स्थान पर या किसी धार्मिक स्थान या सुरक्षित जगह पर ही विसर्जित करें, या फिर किसी नदी या सरोवर में ही विसर्जित करें। जिससे हिंदू देवी देवताओं का अपमान न हो। उन्होंने प्रदेश के सभी जिलाध्यक्षों को यह जागरूकता अभियान चलाने की जिम्मेदारियां सौंपी है।

क्षेत्र या रास्ते में कहीं ऐसी स्थिति में मूर्तियां, पोस्टर, होर्डिंग, कार्ड आदि मिलता है तो उनको कहीं सुरक्षित स्थान पर ले जाकर विसर्जित कराना है। इसके लिए पूरे प्रदेश में जागरूकता तथा सरयू स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। सरयू घाट करनैलगंज पर साप्ताहिक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। कहा गया कि प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखना चाहिए। साफ-सफाई करने से वातावरण भी स्वस्छ रहता है और बीमारियां भी नहीं फैलतीं।

# हमारे आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम आयोजित

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र करनैलगंज परिसर में हमारे आँगन, हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी नूतन जायसवाल ने माँ सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।

निपुण भारत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर एआरपी कमलेश यादव, स्कूल रेडिनेश, माता उन्मुखीकरण, प्री प्राइमरी विद्यालयी संरचना पर एआरपी अनुराग कुमार द्वारा प्रस्तुति करण किया गया। उच्चतम उपस्थिति के साथ साथ अधिक निपुणता वाले विद्यालयों के अध्यापक सोनिया गुप्ता, आनंद


बीआरसी में आयोजित कार्यक्रम में जुटे बच्चे। अमृत विचार

गुप्ता, राकेश गुप्ता, रीना गुप्ता, भालेंदु कुमार आदि नें अपनी निपुण योजना पर प्रस्तुति की। खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा एनएटी परीक्षा के कक्षा 1 से 3 तक अधिकतम अंक पाने वाले छात्रों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन एआरपी आलोक दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में दिनेश कुमार सिंह, बाबूलाल यादव, मोहम्मद सलमान सहित तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## बहराइच-वाराणसी इंटरसिटी के चलने पर जताई खुशी

**रुपईडीह, गोंडा:** बहराइच से वाराणसी जाते समय इंटरसिटी रेलगाड़ी का बनगाई रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा चालक व गार्ड को माला पहनकर स्वागत किया गया।

इसके अलावा विधायक ने हरी झंडी दिखाकर बनगाई रेलवे स्टेशन से रेलगाड़ी को आगे जाने के लिए रवाना किया। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष हरीश शुक्ल, राजेश सिंह, अनंत राम शुक्ल, सांवली प्रसाद तिवारी, करिया तिवारी त्रिभुवन दत्त मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

# 58 दुकानों पर बना प्वाइंट, लेंगे सेल्फी

**तैयारी**

▸▸ मार्च महीने के वितरण पर शुरू हो जाएगा सेल्फी स्थल

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** 58 उचित दर विक्रेताओं के दुकान पर सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है । मार्च माह के वितरण ले दौरान लाभार्थी सेल्फी ले सकेंगे। शासन की मंशा है कि गरीबों का खाद्यान्न पूरा मिले कालाबाजारी पर हर हाल पर रोक लगे इसको लेकर अब सरकार ने राशन कार्ड धारकों को जागरूक करने के लिए विशेष पहल की है। कोटे के दुकानों पर सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। जहां पर लोग खाद्यान्न लेने के



बनाया गया सेल्फी प्वाइंट। अमृत विचार

बाद फोटो भी खिंचवाएंगे सरकार का मानना है कि ऐसे में लोगों में जागरूकता आएगी

लाभार्थियों का पूरा का खाद्यन मिलेगा। 58 दुकानों पर सेल्फी स्थल बनाया गया है। जिसमें चकसड़ फिरोजपुर, वीरपुर बिसेन, बलहीजोत, बेलवाभान, बिछुड़ी, दरियापुर हरदो पट्टी, पंडरी कृपाल, मेहनौन, करुआपरा, बखारवा, दिनारा, बनकटी सूर्य बली सिंह, भगरिया पूरे मित्तल, जयराम जोत, मधुपुर, छिटनापुर, जगदीशपुर, कैथोला, दुल्लापुर, रामगढ़, नकहारा, कमलपुर, हथियागढ़, मोकलपुर, खपरीपुर, शीतल गंज, रामपुर, बल्लीपुर, मेंहवा गोपाल, रामपुर खरहटा, दुर्जनपुर घाट, करनालपुर, महादेव, उमरिया, रानीपुर, धौरहरा घाट, निहालपुर, गंगरौली तथा जफरापुर सहित 58 कोटे की दुकान है। सरकार की मंशा है कि जितना खाद्यान्न लाभार्थियों को मिल रहा है पूरा मिले। आम जनमानस के बीच इसका प्रसार हो इसलिए सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। जब लोग जागरुक हो जाएंगे तो कालाबाजारी पर अंकुश लगाने में सफलता मिलेगी। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि शासन की ओर से जिले में 58 उचित दर विक्रेताओं के दुकान पर सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। पूरे जनपद में एक ब्लॉक में तीन से चार दुकानों का चयन सेल्फी प्वाइंट के लिए किया गया है। मार्च माह में जब राशनकार्ड धारक खाद्यान्न लेने जायेगा तो वह सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिचवा सकता है। कोटेदारों को दिशा निर्देश दिया जा रहा है।

**सहूलियत** मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने फीता काटकर किया सड़क का शिलान्यास, आमजन को आवागमन में मिलेगी सुविधा

# दो करोड़ से बनेगी दिनारा से मुंगरौल देवी मंदिर तक पक्की सड़क

धानेपुर, गोंडा

**अमृत विचार:** मेहनौन विधानसभा क्षेत्र के दिनारा गांव से मुंगरौल देवी मंदिर तक पक्की सड़क बनेगी। इस सड़क के बन जाने से देवी मंदिर तक पहुंचने में श्रद्धालुओं के काफी सहूलियत मिलेगी। ढाई किमी लंबी सडक के निर्माण पर दो करोड़ रुपये खर्च किए जायेंगे।

बुधवार को मेहनौन विधायक ने इस सड़क का फीता काटकर शिलान्यास किया। सड़क निर्माण का शिलान्यास करने के बाद विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की


सड़क का शिलान्यास करते मेहनौन विधायक विनय द्विवेदी व अन्य। अमृत विचार

सरकार में विकास की गति कभी नहीं रुकेगी।

मेहनौन विधानसभा क्षेत्र में विकास का पहिया निरंतर गतिशील रहेगा। उन्होंने कहा कि सालों से यह मार्ग उपेक्षा का शिकार था। कितनी सरकारें आईं और कितनी गईं। किसी ने ध्यान नहीं दिया था, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार में गांव के विकास के लिए हम कटिबद्ध हैं।

भाजपा के पूर्व जिला मंत्री चन्द्र प्रकाश शुक्ला ने बताया कि इस मार्ग के बन जाने से मुंगरौल, भोरहा, कोल्हुआ, दिनारा, बनकासिया, सिसई भीखपुर, जिगना, सोहांस, पेडारन, राजापुर परसौरा, मंगरावा, भवानीपुर समेत दर्जनों ग्राम पंचायतों के लोगों का आवागमन सुलभ होगा। इस अवसर पर चैयरमैन प्रतिनिधि मंशाराम वर्मा, प्रमुख प्रतिनिधि शेषराम बारी, प्रधान संघ अध्यक्ष विनोद सिंह, मण्डल अध्यक्ष रवि प्रकाश तिवारी, दिनारा प्रधान सालिक राम, रामजन्म वर्मा, अंगद वर्मा, अनुज मिश्रा, भैरव प्रसाद शुक्ला, विशम्भरपुर शुक्ला, जनार्दन शुक्ला, शिव कुमार शुक्ला, आत्माराम तिवारी, राम बहादुर यादव, टिकोरी, गुरुदास शर्मा, रामजीत यादव, अंकित बारी, रामचंद्र सिंह, अरुण शुक्ला, जेई प्रवीन गुप्ता आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा मुंगरौल देवी मंदिर

मुंगरौल गांव स्थित माता मुंगरौल देवी या मंदिर यहां के लाखों भक्तों के आस्था का केंद्र है। यहां प्रतिदिन भक्त आते हैं और मां की पूजा अर्चना करते हैं। सोमवार व शुक्रवार को यहां विशेष रूप से मेला लगता है। नवरात्रि के दिनों में दूरदराज से लोग इस मंदिर में मां के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। अब इस मंदिर के दिन बहुरने की उम्मीद जगी है।मेहनौन विधायक विनय द्विवेदी ने मुगरौल गांव स्थित माता मुंगरौल के मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा अब तक इस मंदिर तक पहुंचने के लिए रास्ता ठीक नहीं था। अब सड़क बन रही है। इस स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव वह सरकार के समक्ष रखेंगे।

# गल्ला व्यवसायी का 50 हजार से भरा बैग चोरी

बभनजोत, गोंडा

**अमृत विचार:** गल्ला व्यवसाई की दुकान से बैग में रखे पचास हजार रुपये अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। गल्ला व्यवसाई के बेटे की तहरीर पर खोड़ारे पुलिस ने एक अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

खोड़ारे थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरा अद्वाई निवासी अजय कुमार ने पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया है कि गल्ले की दुकान नवीन एड्रेस पिपरा अदाई चंद्रदीप रोड गौरा चौकी बाजार में है जिसका संचालक उनके पिता पवन कुमार हैं। गल्ले की दुकान पर नौ मार्च को शाम छह बजे दुकान का गल्ला ट्रक में लोडिंग किया जा रहा था। उसी समय दुकान में एक सांप निकल आया। दुकान में भीड़ इकट्ठा हो गई। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दुकान में रखा पवन कुमार का बैग चोरी करके भाग गया। बैग में 50 हजार नगद रखा था व जरूरी कागजात थे। काफी खोजबीन के बाद भी बैग का पता नहीं चल सका। खोड़ारे थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि गल्ला व्यवसाई की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# सीएम योगी आज जिले को देंगे करोड़ों रुपये की सौगात

## 17 अरब की परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण व शिलान्यास

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को गोंडा दौरे पर रहेंगे। सीएम दोपहर तीन बजे के करीब गोंडा पहुंचेंगे और 1158 करोड़ रुपये की 291 परियोजनाओं का लोकार्पण व 531 करोड़ रुपये की 131 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इस दौरान वह जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

इसके बाद सीएम बलरामपुर के लिए रवाना हो जायेंगे। सीएम का हेलीकॉप्टर लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के बीएससी कैंपस में दोपहर 3.15 बजे उतरेगा। हेलीकॉप्टर से उतर कर मुख्यमंत्री कार से शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज ग्राउंड पहुंचेंगे। यहां से मुख्यमंत्री मिश्रौलिया रेलवे क्रासिंग, स्वायत्तशासी मेडिकल कालेज व राजकीय इंजीनियरिंग कालेज समेत 231 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। साथ ही सीएम लोक निर्माण विभाग, पशुपालन, समाज कल्याण, कारागार, नगर विकास, उद्यान, सिंचाई एवं जल संसाधन तथा पंचायती राज विभाग की 131 योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। लोकार्पण व शिलान्यास के बाद मुख्यमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

बुधवार को आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र, डीएम नेहा शर्मा, सीडीओ एम अरुन्मौलि व एसपी विनीत जायसवाल ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।


कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते आयुक्त, डीएम, एसपी व सीडीओ। अमृत विचार

### शहर में रूट डायवर्जन रहेगा

**गोंडा :** मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर यातायात व्यवस्था के लिए आने जाने वाले वाहनों को डायवर्ट किया गया है। लखनऊ जाने वाली रोडवेज बसे मिश्रौलिया, डीजल डिपो के रास्ते अम्बेडकर चौराहा होते हुए लखनऊ जायेगी तथा इसी रास्ते वापस आयेगी। अयोध्या जाने वाली रोडवेज बसे गुरु नानक चौराहे से बड़गांव होते हुए सद्भावना के रास्ते जाएगी तथा इसी रास्ते वापस आयेंगी। लखनऊ रोड से आने वाले बड़े वाहन जिन्हे बलरामपुर, श्रावस्ती जाना है ऐसे वाहन अम्बेडकर चौराहे से जेल रोड होते हुए कटहा घाट, सद्भावना के रास्ते जायेंगे तथा इसी रास्ते वापस आएंगे।

### लोकार्पित की जाने वाली परियोजनाएं

| विभाग का नाम | संख्या | लागत |
|---|---|---|
| लोक निर्माण( सड़क) | 130 | 42219 .43 |
| लोक निर्माण ( सेतु) | 01 | 11283 .51 |
| चिकित्सा शिक्षा | 01 | 28171 .10 |
| पशुपालन | 01 | 649 .06 |
| समाज कल्याण | 01 | 283 .59 |
| बेसिक शिक्षा | 02 | 378 .00 |
| स्वास्थ्य | 01 | 181 .20 |
| कारागार | 01 | 123 .16 |
| उद्यान | 01 | 111 .92 |
| पर्यटन | 03 | 109 .31 |
| राजस्व | 02 | 79 .97 |
| नमामि गंगे ग्रा . जलापूर्ति | 75 | 21558 |
| सिंचाई एवं जल संसाधन | 08 | 3595 .88 |
| अल्पसंख्यक कल्याण | 03 | 952 .72 |
| पंचायती राज | 61 | 1116 .58 |
| योग | 291 | 115813 .43 |

### इन परियोजनाओं का होगा शिलान्यास

| विभाग | संख्या | लागत |
|---|---|---|
| लोक निर्माण ( सड़क ) | 68 | 31014 .92 |
| लोक निर्माण ( सेतु ) | 06 | 10236 .23 |
| पशुपालन | 05 | 345 .55 |
| समाज कल्याण | 01 | 362 .50 |
| कारागार | 01 | 264 .00 |
| नगर विकास | 05 | 7422 .01 |
| उद्यान | 02 | 367 .31 |
| सिंचाई एवं जल संसाधन | 05 | 2435 .34 |
| पंचायती राज | 38 | 685 .01 |
| योग | 131 | 53132 .87 |

नोट : लागत लाख रुपये में है।



# शिक्षामित्र संघ के ब्लॉक अध्यक्ष व बेटे को पीटकर किया लहूलुहान

**परसपुर, गोंडाः** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के परसपुर ब्लॉक अध्यक्ष व उनके बेटे पर जानलेवा हमला किया गया। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित ब्लाक अध्यक्ष की पत्नी ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट नहीं दर्ज की है।

मधईपुर खांडेराय गांव के मजरा गलिबहा के महेंद्र प्रताप सिंह शिक्षामित्र संघ के ब्लाक अध्यक्ष हैं। पत्नी पुष्पा के मुताबिक मंगलवार को उनके पति परसपुर बाजार गए थे। बेटा आयुष प्रताप घर के दरवाजे पर बैठा था। इस बीच गांव के ही योगेंद्र प्रताप अपने परिवार के कई सदस्यों के साथ उसके घर पर आ धमके और उसके बेटे पर जानलेवा हमला कर दिया। बेटे की चीख सुनकर उन्होंने इसकी जानकारी अपने पति को दी तो वह भी मौके पर पहुंच गए और बेटे को बचाने दौड़े लेकिन हमलावरों ने उन्हे भी मार पीट कर लहूलुहान कर दिया। पुष्पा सिंह ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट नहीं दर्ज की है। वहीं दूसरे पक्ष के वीरेंद्र सिंह ने भी महेंद्र प्रताप समेत चार लोगों पर गाली गलौज व मारपीट का आरोप लगाया है। वीरेन्द्र सिंह का कहना है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के महेंद्र प्रताप सिंह, आयुष प्रताप सिंह, युवराज सिंह व पुष्पा सिंह ने मंगलवार की शाम उनके सहन दरवाजे के सामने आकर उन्हें लाठी डन्डा सरिया से मारने लगे। शोर करने पर परिजन बचाने आये तो उन्हें भी मारा पीटा। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि वीरेंद्र की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## विश्वविद्यालय की मांग को लेकर सौंपा जाएगा ज्ञापन

**गोंडा कार्यालय :** जिले की सामाजिक संस्था इंकलाब फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों युवा व छात्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विश्वविद्यालय स्थापना को लेकर ज्ञापन देंगे। जिसको लेकर उन्होंने देवीपाटन मंडल आयुक्त के कार्यालय में पत्र देकर अनुमति मांगी है। अविनाश सिंह ने बताया कि देवीपाटन मंडल में विश्वविद्यालय स्थापना को लेकर गोंडा के युवा काफी दिन से संघर्षरत थे जिसके चलते मंडल में विश्वविद्यालय की सौगात मंडल को मिली। जिसके लिए न्यूनतम 50 एकड़ जमीन चाहिए था जो कि गोंडा में उपलब्ध था। लेकिन उसके बाद बलरामपुर जिले को विश्वविद्यालय की सौगात दे दी गई। जिसको लेकर जिले के युवाओं में काफी आक्रोश व्याप्त है। जिसको लेकर दिनांक 14 मार्च 2024 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष इंकलाब फाउंडेशन का एक प्रतिनिधि मंडल अपनी मांग को ज्ञापन के जरिए देना चाहता है। इंकलाब फाउंडेशन विश्वविद्यालय स्थापना को लेकर काफी दिनों से आंदोलित है।

# होलिका दहन स्थल पर अतिक्रमण हटाने के लिए गरजी जेसीबी

**परसपुर, गोंडाः** नगर के वार्ड नम्बर 14 दक्षिणी नौशहरा स्थित होलिका दहन स्थल पर अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर बुधवार को दोपहर बाद प्रशासन ने पुलिस फोर्स के साथ पहुंचकर जेसीबी लगाकर अतिक्रमण हटवाना शुरू किया। जिससे अतिक्रमण कारियों में खलबली मच गई। मुहल्ले वालों की काफी भीड़ रही है। दरअसल, परसपुर नगर पंचायत वार्ड संख्या 14 में होलिका दहन अतिक्रमण हटाने को लेकर वार्ड वासियों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर सैकड़ों वर्षों से आबादी क्षेत्र में नियत होलिका दहन स्थल पर प्रति वर्ष परम्परागत होली दहन उत्सव मनाने का उल्लेख किया था। अवैध अतिक्रमण की शिकार होलिका दहन की भूमि पर अवैध कब्जा तथा आवागमन रास्ता बाधित होने का जिक्र किया था। इससे क्षुब्ध स्थानीय लोगों ने समाधान न होने पर स्नेह सौहार्द का प्रतीक रंगों का त्यौहार होली पर्व न मनाने के विवशता जताई थी। जिसके बाद बुधवार को प्रशासन ने मय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन लगाकर अवैध अतिक्रमण हटवाने का कार्य शुरू किया। इस बाबत नगर ईओ धनुष धारी सिंह ने बताया कि होली त्यौहार के दृष्टिगत होलिका दहन चार बिस्वा भूमि का जाँच सत्यापन कराया गया। होलिका स्थल के बगल निर्मित पक्की दीवार से पाँच मीटर उत्तर और पूरब पश्चिम 18 मीटर पक्की ईंट दीवार अतिक्रमण के जद में होने से चिन्हांकन कराया गया। जिसे प्रशासनिक अमला व फोर्स के मौजूदगी में जेसीबी लगाकर अवैध अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई शुरू कराई गई है।

## अतिक्रमण की डीएम से शिकायत

**करनैलगंज, गोंडाः** ग्राम कंजेमऊ निवासी लाल कुमार सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र देकर ग्राम सभा में स्थित चकमार्ग से अतिक्रमण हटवाने व फर्जी शिकायत का निस्तारण करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। लाल सिंह ने डीएम को दिए पत्र में कहा है कि चकमार्ग संख्या 195 को गांव के ही राम तेज आदि लोगों द्वारा जोत कर खेती बाड़ी किया जा रहा जिससे चकमार्ग का रास्ता अवरुद्ध हो गया। आरोप है कि आईजीआरएस पर शिकायत करने पर हल्का लेखपाल सर्वेश कुमार ने मनगढ़ंत रिपोर्ट लगाकर शिकायत का फर्जी निस्तारण कर दिया है। डीएम ने एसडीएम करनैलगंज को प्रकरण की जांच कराकर समस्या के निराकरण के लिए निर्देशित किया है।

## सार-संक्षेप

### सेवा योजना शिविर का किया उद्घाटन



नंदिनी नगर पीजी कॉलेज में एनएसएस शिविर के उद्घाटन में मौजूद वालंटियर्स।

**नवाबगंज :** नंदिनी नगर पीजी कॉलेज नवाबगंज की राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का उद्घाटन बुधवार को किया गया। प्रशासक रामकृपाल सिंह, प्राचार्य डॉ बी एल सिंह एवं नियंता डॉ देवानंद तिवारी तथा चारों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ शत्रुघन सिंह, डॉ नवीन सिंह, डॉ पी . कुमार एवं डॉ ए .के मिश्रा उपस्थित रहे। सात दिवसीय शिविर नंदिनी कॉलेज तुरकौली में संचालित होगा। इसमें चारों इकाइयों के चयनित ग्राम क्रमश : नगवा, तुरकौली, कनकपुर एवं बालापुर में सफाई, साक्षरता तथा मतदाता जागरूकता अभियान एनएसएस वालंटियर द्वारा चलाया जाएगा।

### बचपन प्ले स्कूल का हुआ उद्घाटन

**गोंडा कार्यालय :** बचपन प्ले स्कूल का शुभारंभ सर्कुलर रोड निकट करबला में हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि अफ़रोज़ खान ने किया गया। एकेडमिक काउंसलर फिरदौस अबरार ने वेलकम स्पीच से स्वागत किया गया। बचपन प्ले स्कूल के प्रशिक्षक शाह अहद ने स्कूल के विजन और मिशन के बारे में बताया। संस्था के उपाध्यक्ष डॉ लायक अली खान ने विचार रखे। इस मौके पर डॉ त्रिलोचन सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि आदि रहे।

### फर्जी सांसद प्रतिनिधि को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोंडा कार्यालय :** वजीरगंज थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक विश्वास कुमार चतुर्वेदी व उप निरीक्षक विक्रमादित्य के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वजीरगंज के पेट्रोल पंप के पास से लाल–नीली बत्ती लगी एक आई–10 कार को रुकवा कर एक जालसाज को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 22 अदद फर्जी विजिटिंग कार्ड, एक अदद पहचान पत्र, पांच अदद आधार कार्ड, एक अदद ई–श्रम कार्ड, एक अदद फर्जी पहचान पत्र, एक अदद ड्राइविंग लाइसेंस, दो अदद पैन कार्ड, एक अदद डेबिड कार्ड, सात अदद निर्वाचन कार्ड, दो अदद चंदा की रसीद बुकलेट, दो अदद लेटरपैड बुकलेट, एक अदद हीरो गोल्ड लाइफ कार्ड, एक अदद नकली पिस्टल, एक अदद आई टेन कार बरामद किया है। गिरफ्तार शुदा व्यक्ति ने अपना नाम पता मो . इमरान पुत्र अब्दुल अजीज अहमद चौधरी निवासी ग्राम सादुल्लानगर थाना सादुल्लानगर जनपद बलरामपुर बताया। पकड़े गए युवक पर आरोप था कि वह एक सांसद का फर्जी प्रतिनिधि बनकर फोन कर रहा था।

### कुआनो में 12 वर्षीय बालक की डूबकर मौत

**बभनजोत, गोंडा :** खोड़ारे थाना क्षेत्र के बभनगांव निवासी मोहम्मद अनस ( 12 ) पुत्र वाजिद अली अपने घर से शाम को बकरी चराने के लिए अड़वा घाट कुआनो नदी पर गया था। बकरी चराते समय वह नदी में अकेला नहाने लगा। गहरे पानी में जाने के कारण नदी में डूब कर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजन व पुलिस ने रेस्क्यू शव को बाहर निकाला। वहीं इस घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि नदी में डूबने से 12 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई है।

### जलाशय के निर्माण कार्य का लिया जायजा

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने एडीओ आईएसबी आजम खान के साथ ग्राम पंचायत गौनरिया, भवनियापुर उपाध्याय तथा महादेवा कला का स्थलीय भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने ग्राम पंचायत गौनरिया में चल रहे जलाशय के निर्माण कार्यों तथा अन्य दोनों ग्राम पंचायत में पंचायत भवनों पर पंचायत सचिव की उपस्थिति के बारे में जानकारी हासिल की। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत में सभी पंचायत सचिव उपस्थित पाए गए।




# समाज कल्याण विभाग में डीएम का छापा

कार्रवाई

- लिस्ट के साथ मिले दो संदिग्ध, जांच के निर्देश

संवाददाता, बहराइच


समाज कल्याण विभाग में जांच करतीं डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर के गेंद घर में स्थित समाज कल्याण विभाग में बुधवार सुबह डीएम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान कार्यालय में दो संदिग्ध व्यक्ति दिखे जिनके पास पेंशन के लाभार्थियों की सूची थी इस पर डीएम ने दोनों को पुलिस को सौंप दिया। जांच के बाद आगे की कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम की इस कार्यवाई से समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों में हड़कंप की स्थिति रही।

जिले में सैकड़ों पेंशन धारक ऐसे हैं जो पात्रता के बाद भी पेंशन नहीं पा रहे हैं। इसकी शिकायत मंगलवार को डीएम से ग्राम पंचायत कंछर के ग्रामीणों ने की। बुधवार को जनता दर्शन में भी तीन शिकायती पत्र आ गए। इसको लेकर डीएम काफी नाराज हो गई। सुबह 11 बजे के आसपास डीएम अमले के साथ शहर के गेंदघर स्थित समाज कल्याण विभाग के ऑफिस पहुंच गई। यहां पर उन्होंने समाज कल्याण विभाग के विभिन्न पटलों की जांच की। समाज कल्याण अधिकारी राम शंकर गुप्ता से जिला मुख्यालय और गांव में मिल रहे शिकायत के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि जांच के दौरान समाज कल्याण विभाग में दो अज्ञात व्यक्ति मिले, जो विभाग में कर्मचारी भी नहीं है। ऐसे में दरगाह पुलिस के सुपुर्द दोनों को कर दिया गया है। जांच के बाद संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। डीएम की इस कार्यवाई से विभाग में हड़कंप मचा रहा।

वहीं दो अज्ञात के ऑफिस में मिलने और कई पात्रों को पेंशन न मिलने के मामले में विभाग के कई बाबू भी सवालों के घेरे में आ गए हैं कार्रवाई की भी संभावना बढ़ गई है।

**30 से 40 लोगों की थी लिस्ट**

डीएम मोनिका रानी ने बताया कि विभाग में मिले दो संदिग्ध लोगों के पास 30 से 40 लोगों की लिस्ट मिली। ऐसे में इनके दलाल होने की भी संभावना है। हालांकि जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# समस्याओं को लेकर विभागों का समन्वय जरूरी

संवाददाता, बहराइच



ग्राम पंचायत की बैठक में शामिल लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकासखंड तेजवापुर के ग्रामपंचायत सिसई हैदर मे ग्राम प्रधान सुमित्रा देवी तथा पंचायत सचिव रामनारायण कुशवाहा की अध्यक्षता में पिरामल फाउंडेशन द्वारा पंचायत स्तरिय बैठक का आयोजन हुआ। बैठक मे आदर्श ग्राम पंचायत बनाने को लेकर बात की गई।

पीरामल फाउंडेशन के सीनियर प्रोग्राम लीडर सैफुर रहमान सिद्दीकी नें बताया कि, गांव की सामूहिक समस्याएं तथा उनके निर्धारण हेतु सभी विभागों का समन्वय जरूरी है। इसी के चलते गांधी फेलो लोचन देवाडे ने जीपीडीपी के संचालन हेतु जीपीपीएफटी को क्रियान्वित करने कि बात रखी। ग्राम सचिव रामनारायण कुशवाहा नें बताया कि सरकारी योजना को पूर्ण रूप से साकार करने के लिए ग्रामवासियों का सकारात्मक सहभाग महत्वपूर्ण है। प्रधानचार्य प्रतिभा सिंह नें शिक्षा के महत्व को बताते हुए कहा की बच्चों के शत प्रतिशत स्कूल मे नामांकन करने के लिए हमें स्वामित्व लेकर कार्य करना होगा।

ग्राम प्रधान सुमित्रा देवी द्वारा बताया गया कि गांव के समग्र तथा सतत विकास लक्ष्यो की उद्देश्य पूर्ति के लिए हम सब लोग एक साथ मिलजुल कर काम करेंगे। बैठक में ग्राम प्रधान सुमित्रा देवी, पंचायत सचिव रामनारायण कुशवाहा, पंचायत सहायक सुमन, वार्ड मेम्बर्स, सफाई कर्मचारी मनोज कुमार दीक्षित, प्रधानाध्यापिका प्रतिभा सिंह, कार्यकत्री सुवान्ति देवी और राजकुमारी चौबे, पिरामल फाउंडेशन टीम तथा अन्य लोग मौजूद रहे।



**तीसरा रोजा**

शिया
सहरी : 04.44 बजे
इफ्तार : 06.23 बजे

सुन्नी
सहरी : 04 .57 बजे
इफ्तार : 06.11 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### बच्चे की याचिका पर सरकार से जवाब तलब

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्कूल के बगल स्थित शराब के ठेके के कारण आए दिन शराबियों के हुड़दंग से परेशान एलकेजी में पढ़ने वाले 5 साल के बच्चे की जनहित याचिका पर राज्य सरकार से जवाबी हलफनामा मांगा है। कोर्ट ने प्रदेश सरकार से जानकारी मांगी थी कि स्कूल के बगल के शराब के ठेके का नवीनीकरण हर साल कैसे होता जा रहा है। सरकार की ओर से कहा गया कि शराब का ठेका 30 वर्ष पुराना चला आ रहा है और स्कूल 2019 में खुला है। मास्टर अथर्व के अधिवक्ता के मुताबिक मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने का समय देते हुए सुनवाई के लिए आगामी 28 अप्रैल की तारीख सुनिश्चित की है।

### कृष्ण कूप पर बसौड़ा पूजा की अनुमति मांगी

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान वादी आशुतोष पांडेय ने व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में प्रस्तुत होकर सीपीसी की धारा 151 के तहत हलफनामे के साथ एक आवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि प्रतिवर्ष बसौड़ा पूजा के रूप में कृष्ण कूप पर हिंदू भक्त पूजा अर्चना करते हैं। इस वर्ष यह पूजा 1 अप्रैल 2024 को माता शीतला सप्तमी और 2 अप्रैल 2024 को माता शीतला अष्टमी के रूप में पड़ रही है। आवेदन में वादी पक्ष ने विपक्षी के लिए निर्देश मांगा है कि शाही ईदगाह मस्जिद में स्थित कृष्ण कूप पर पूजा करने के लिए हिंदू भक्तों को रोका न जाए। मुस्लिम समुदाय ईदगाह पर पर्याप्त सुरक्षा की व्यवस्था कर सकता है।

### अप्रेन्टिस रोजगार मेला 21 को

**बहराइच,अमृत विचार :** प्रधानाचार्य आईटीआई ने बताया कि व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बहराइच के परिसर में 21 मार्च को आईटीआई, सेवायोजन एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है।

# 48 घंटे से लापता युवक का तालाब में मिला शव, हत्या की आशंका

## साइकिल व खिलौना है गायब, गांव में फेरी लगाकर करता था बिक्री

संवाददाता, रूपईडीहा, बहराइच


युवक का शव मिलने के बाद रोते बिलखते परिवार के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बसंतपुर कालिका गांव के दक्षिण दिशा में स्थित तालाब में दो दिन से लापता युवक का शव तालाब में ग्रामीणों ने देखा। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भाई ने हत्या और लूट का आरोप लगाया है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बनकसही के मजरा जमादार गांव निवासी शबीर अली (38) पुत्र कासिम अली गांवों में साइकिल से फेरी लगाकर खिलौने का बिक्री करता था। परिवार के लोगों ने बताया कि 11 मार्च को वह सुबह साइकिल से खिलौने की बिक्री के लिए गया, लेकिन वापस घर नहीं आया। परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की। बुधवार सुबह नौ बजे थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसंतपुर कालिका के मजरा ढोढे गांव में स्थित तालाब में एक व्यक्ति का लोगों ने शव उतराता देखा। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। प्रभारी निरीक्षक आरके पाण्डेय ने बताया कि मृतक की जेब से बरामद आधार कार्ड से पहचान हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर मृतक युवक के बड़े भाई ने हत्या कर शव तालाब में फेंके जाने और लूट की वारदात की भी आशंका जताई है। उसका कहना है कि पहले लूट करने के बाद हत्या कर शव को तालाब में फेंक दिया गया है।

# सुपर वूमेन अवार्ड बहराइच की सविता को मिला

बहराइच



जयपुर में सम्मानित होती सविता वर्मा।

**अमृत विचार :** महिला शक्ति के संदेश के साथ जयपुर में आयोजित सुपर वूमेन अवार्ड 2024 में बहराइच की रहने वाली शिक्षिका और समाज सेविका सविता वर्मा को बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री के हाथो बेस्ट सोशल वर्कर बहराइच का अवार्ड दे कर सम्मानित किया गया है।

राजस्थान के जयपुर में फॉरेवर स्टार इंडिया की तरफ से 10 मार्च को सुपर वूमेन अवार्ड 2024 सीज़न 5 का आयोजन किया गया था जिसमे बतौर गेस्ट पहुंची बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री ने देशभर से आए 130 अचीवर्स को अवार्ड देकर सम्मानित किया है। इस अवार्ड सेरेमेनी में बहराइच की रहने वाली सविता वर्मा को ट्रॉफी,मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर बेस्ट सोशल वर्कर के अवार्ड से सम्मानित किया गया। सविता वर्मा को अवार्ड मिलने के बाद बहराइच पहुंची। सविता वर्मा ने बताया के राजस्थान के जयपुर में पूरे भारत से आए 130 अचीवर्स को सम्मानित किया गया है जिसमे बहराइच से मुझे चुना गया। यह अवार्ड वूमेंस डे की थीम पर आयोजित किया गया था,शो के ऑर्गेनाइजर राजेश अग्रवाल और उनकी पूरी टीम ने भारत से अपने अपने क्षेत्र में अच्छा काम कर रही महिलाओं को एक मंच पर बुला बॉलीवुड एक्ट्रेस भाग्यश्री और आर्मी ऑफिसर के हाथो सम्मानित कराया है। सविता वर्मा ने आगे बताया की इस अवार्ड सेरेमेनी का मक़सद एक मंच से हर अचीवर्स को ग्लोबल पहचान उपलब्ध कराना है।

## सार-संक्षेप

### सड़क पर बाइक और पैदल मार्च करने उतरे जवान


रिसिया में बाइक से मार्च करते एसएसबी और पुलिस के जवान।

**रिसिया, बहराइच, अमृत विचार :** पुलिस के साथ एसएसबी जवानों ने नगर क्षेत्र रिसिया में पैदल और बाइक मार्च किया। लोगों को सुरक्षा व्यवस्था के बारे में अवगत कराया। रिसिया की पुलिस ने नगर क्षेत्र में एसएसबी बटालियन संग रूट मार्च कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखनेका संकेत दे दिया है। आगामी पड़ने वाले त्योहारों एवम आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना रिसिया के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस बल एवम एसएसबी बटालियन ने रिसिया नगर सहित ग्रामीण अंचल मझौवा,नरसिंह डीहा, डिहवा,नेजवा भार,कटिलिया चौराहा,भगवान कटघरा भैसाही से लेकर रिसिया डिग्री कालेज के निकट नथुनिया चौराहे तक रूट मार्च किया,और साथ ही लोगो से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवम आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील किया। अमन चैन से रहने का संदेश भी दिया। इसी दौरान पुलिस बाइक रैली भी निकाली गई। रैली में एसएसबी और पुलिस के जवान काफी संख्या में शामिल रहे।

### आपात काल में रामहर्ष विद्रोही को हुई थी जेल

**बहराइच, अमृत विचार :** सेनानी भवन सभागार में स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रांतिकारी राम हर्ष विद्रोही की 17 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन संरक्षक अनिल त्रिपाठी एडवोकेट ने कहा कि क्रांतिकारी राम हर्ष विद्रोही का जन्म 07 मार्च 1905 को उप्र राज्य के बहराइच जनपद के तहसील नानपारा थाना रूपैडीहा अंतर्गत ग्राम रामपुर निगहां में हुआ था। प्रारंभिक समय से ही वो आर्य समाजी थे। जिसके फलस्वरुप वर्ष 1942 व इसके बाद तक आप ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ते हुए अनेकों बार दण्डित हुए व जेल यातनाएं सहीं। उनके ऊपर शहीद भगतसिंह के जीवन दर्शन की छाप थी। अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार संगठन के प्रदेश कार्यवाहक महामंत्री रमेश कुमार मिश्र ने कहा कि अपनी राजनीतिक यात्रा के शुरुआती दिनों में विद्रोही क्रांतिकारी सोशलिस्ट पार्टी से जुड़े और जनपद की शोषित, उपेक्षित किसान, मजदूर जनता के लिए संघर्षरत रहे। स्वतंत्रता सेनानी के पौत्र रोहित त्रिपाठी विद्रोही ने कहा कि बाबा आपातकाल के दौरान 25 जून 1975को गिरफ्तार किए गए, डेढ़ साल तक जिला जेल बहराइच में रहे। 14 नवंबर 1998 को जिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिषद बहराइच एवं श्रावस्ती के अध्यक्ष चुने गए। उन्होंने सेनानी उत्तराधिकारियों की विभिन्न समस्याओं पर संघर्ष किया और शासन प्रशासन द्वारा उसका निस्तारण कराया। इस अवसर पर संगठन के शहर अध्यक्ष राजू मिश्र, सदस्य बदलूराम गौतम, जाहिर अली, तुलसी राम, दोस्त मोहम्मद,गुनई राम, अब्दुल रहमान, फूलमती देवी, शिव नारायण सहित तमाम सेनानी उत्तराधिकारी मौजूद रहे।


श्रद्धा सुमन अर्पित करते पदाधिकारी।

# एक ही भवन में मिलेगी रोजमर्रा की वस्तुएंः अनुपमा


विधायक का स्वागत करते डीएसओ।

हुजूरपुर, बहराइच

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत गौरिया में बुधवार को अन्नपूर्णा भवन उचित दर दुकान का लोकार्पण सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने किया। उन्होंने कहा कि एक ही छत के नीचे लाभ ग्रामीणों को मिले, इसके लिए इसका निर्माण और उद्घाटन हुआ है।

हुजूरपुर विकास खण्ड के गौरिया ग्रामपंचायत मे नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन बुधवार को समारोह पूर्वक हुआ। कार्यक्रम की मुख्यअतिथि पूर्व मंत्री व सदर विधायिका अनुपमा जायसवाल और विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन खंड विकास अधिकारी अनुभा श्रीवास्तव ने किया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि ऑनलाइन व्यवस्थाओं की वजह से भ्रष्टाचार में कमी आई है। मॉडल शाप खुलने से लोगों को जरूरत की चीजें कम दामो मे मिल जायेंगी। ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह ने कहा अब कार्डधारकों को सरकार द्वारा दिया जा रहा मुफ्त राशन अन्नपूर्णा भवन के माध्यम से दिया जाएगा ।

खंड विकास अधिकारी ने कहा की अन्नपूर्णा भवन के बन जाने से ग्रामीणों को सभी जन उपयोगी सुविधा यहां से प्राप्त हो सकेंगे। इस दौरान डीएसओ नरेंद्र तिवारी, वरिष्ठ लिपिक अजय सिंह, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव अनुज पाल सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सराफा की दुकान से छह लाख की चोरी

**तेजवापुर, बहराइच :** एरिया चौराहे पर संचालित सराफा की दुकान में देर रात को चोरी हो गई चोर अलमारी उठाकर ले गए। दुकान मालिक के मुताबिक लगभग छह लाख की संपत्ति की चोरी हुई है। हरदी थाना क्षेत्र के एरिया चौराहा निवासी मनोज कुमार पुत्र कृष्ण कुमार रस्तोगी बृजभान पांडे की मार्केट में सराफा की दुकान का संचालन करते हैं। थाने में तहरीर देकर मनोज कुमार का कहना है कि देर रात को अज्ञात चोरों ने उनके दुकान का शटर काट दिया। ।इसके बाद सोने व चांदी के जेवरात उठा ले गए लगभग छह लाख से अधिक की संपत्ति की चोरी हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ मतदान केंद्रों का किया भ्रमण


क्रिटकल मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते जवान और थानाध्यक्ष।

**बहराइच, अमृत विचार:** रामगढ़ थाना क्षेत्र में बुधवार को अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ पुलिस ने एरिया डोमिनेशन का कार्य किया जिसमें क्रिटिकल मतदान केंद्रो का भ्रमण और हिस्ट्रीशीटरों के बारे में जानकारी हासिल की गई। चुनाव आयोग की ओर से कभी भी लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की जा सकती है। इसके लिए जिला प्रशासन के साथ पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ लगी हुई है। बुधवार को थाना रामगांव क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत एसएसबी के साथ एरिया डोमिनेशन किया गया। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया कि एरिया डोमिनेशन के दौरान क्रिटिकल मतदान केंद्र का भ्रमण व क्रिटिकल ग्रामसभा में हिस्ट्रीशीटर, शस्त्र धारकों को चेक किया गया। राम गांव थाना क्षेत्र के भ्रमण मतदान केंद्रों का नामा रामगांब, नौतला, किशुन पुर मीठा, गम्भीरवा, बेगमपुर, तमाजपुर, नरहरगोडा, बलवापुर, नेवादा का भ्रमण किया गया।

## बालिका के साथ दुष्कर्म, केस दर्ज

**नानपारा, बहराइच :** कोतवाली नानपारा क्षेत्र के एक गांव निवासी बालिका के साथ उसी गांव निवासी युवक ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर बालिका को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। नानपारा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 9 वर्षीय बालिका 11 मार्च को शाम 5 :30 बजे घर पर अकेली थी। इस दौरान गांव निवासी हरिराम उर्फ अंगनू आ गया। उसने बालिका के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद धमकी देकर फरार हो गया। बालिका ने घर पर पिता के आने पर सारी घटना से अवगत कराया। जिस पर मंगलवार को पिता ने कोतवाली में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना 11 मार्च की है मंगलवार को तहरीर मिली है बुधवार को उन्होंने केस दर्ज कर बालिका को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

# शांति कुंज हरिद्वार के प्रवक्ता का स्वागत

जरवलरोड, बहराइच


मुख्य अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** शान्तिकुन्ज हरिद्वार के वरिष्ठ प्रवक्ता का माता भगवती कुंज गायत्री परिवार आश्रम झिंगुरी पुल परसेण्डी, जाते समय ओवर ब्रिज जरवलरोड एवं श्रीरामपुर कार्यालय जरवल में भव्य स्वागत हुआ।

माता भगवती कुन्ज झिंगुरी पुल पसेण्डी में आयोजित राष्ट्र जागरण 51 कुण्डीय विशाल गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता मानस मर्मज्ञ श्याम बिहारी दूबे प्रतिनिधि शांति कुंज हरिद्वार के दिव्य आगमन पर गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जरवलरोड उपरगामी पुल के दक्षिणी मुहाने पर वरिष्ठ प्रतिनिधि राम कुमार वाजपेयी, वाराणसी जोन प्रभारी मानसिंह वर्मा जी के साथ. गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं द्वारा कर अगवानी कर श्री राम पुर कार्यालय जरवल के ले जाया गया। गायत्री मंदिर श्रीरामपुर आश्रम में सजल श्रद्धा के दर्शन के उपरांत परिचयात्मक गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय संस्कृति की जननी गायत्री को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से माता भगवती कुन्ज में 51 कुण्डीय यज्ञ एवं विशाल प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर गायत्री परिवार ट्रस्ट जरवलरोड के प्रबंधक ओम प्रकाश अवस्थी, ट्रस्टी ओम प्रकाश गुप्ता, शिव प्रसाद सिंह, दशरथ लाल राव, प्रशांत कुमार अग्निहोत्री संजय श्रीवास्तव, अवधेश कुमार वर्मा लालजी यज्ञसेनी, आशा यज्ञसेनी,ममता सिंह, साधना सिंह अर्चना सिंह सहित दर्जनों गायत्री परिजन उपस्थित रहे।

### विज्ञान प्रदर्शनी में प्रकाश संश्लेषण का बताया महत्व

राजीचौराहा, बहराइच


विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी दिखाती छात्रा।

**अमृत विचार :** राजीचौराहा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से अपना हुनर दिखाया। महसी तहसील के राजीचौराहा पर स्थिति जगदम्बा देवी सरस्वती विद्या मंदिर गायत्री नगर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसमें काफी छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया व उसके बारे में समझाकर उसकी क्रिया को भी बताया। जिसमें क्लास पांच की छात्रा प्रिया सिंह, पंखुड़ी जायसवाल ने विटामिन के स्रोत के बारे में जानकारी दी। वही दिव्या मौर्या ने प्रकाश संश्लेषण के बारे में जानकारी दी। क्लास 6 की छात्रा पलक जायसवाल ने हवा में भार के बारे में जानकारी देते हुए प्रैक्टिकल करके दिखाया, राज जायसवाल, सुधीर वर्मा, शिवांश अवस्थी ने मिश्रण के बारे में जानकारी दी। अंशिका निषाद, शिवानी नैना ने मानव का पाचन तंत्र के बारे में जानकारी दी इसी तरीके से कई छात्रों ने इसमें हिस्सा लिया और अपना हुनर दिखाया। इस मौके पर अभिभावक अतिथि के रूप में संदीप मिश्रा, डॉ. धर्मेंद्र राजभर व विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवेंद्र भास्कर शुक्ला, आचर्य धर्मेश सिंह,अरुण कुमार तिवारी, अंकित मौर्या, शुभम तिवारी, मुशफिर अली, जय श्री शुक्ला, प्रज्ञा शुक्ला, रोली मिश्रा, अंजलि सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### विषाक्त खाने से युवक की मौत, दंपती भर्ती

**बहराइच/कैसरगंज, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला किला निवासी एक युवक ने पत्नी से विवाद के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे क्षुब्ध पत्नी ने भी जहर खा लिया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर कैसरगंज क्षेत्र निवासी युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। कोतवाली नगर के मोहल्ला किला निवासी रवि (32) पुत्र राम अवतार का मंगलवार शाम को अपनी पत्नी पूनम देवी से परिवारिक मामलों को लेकर विवाद हुआ। विवाद से नाराज पति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इसकी जानकारी होने पर पत्नी पूनम ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों ने पति और पत्नी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिला अस्पताल में दोनों का इलाज चल रहा है। डॉक्टर शिवम मिश्रा ने बताया कि इलाज से दोनों की हालत में सुधार है। उधर कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के बड़ा कई गांव निवासी रामदीन पुत्र मंसाराम ने अज्ञात कारणों से विषाक्त पदार्थ खाकर जान दे दी। जिसके चलते युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

लाइव प्रसारण | सीएम योगी के लाइव कार्यक्रम का जिले के नगर निकायों में हुआ प्रसारण

# विकास को बढ़ावा देती है भाजपा सरकार

संवाददाता, बहराइच


मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को नगर पालिका में सुनते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले के नगर पालिका और नगर पंचायत में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार सिर्फ विकास कार्य को आगे बढ़ाती है। उन्होंने अधिकारियों को भी विकास कार्य को गति देने पर बल दिया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मंगलवार को देर शाम इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में नगर विकास विभाग तथा नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यकम विभाग की परियोजनाओं के लोकार्पण/ शिलान्यास किया गया। जनपद में स्थित नगर पालिका परिषद बहराइच व नानपारा तथा नगर पंचायत रिसिया, जरवल, मिहींपुरवा, पयागपुर, कैसरगंज, रूपईडीहा में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन की मौजूदगी में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। जबकि नगर पालिका परिषद बहराइच के प्रांगण में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की एलईडी वैन के माध्यम से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया।

नगर पालिका परिषद बहराइच की ईओ प्रमिता सिंह और नानपारा के रंग बहादुर सिंह ने बताया कि सीएम ने जो बातें कहीं हैं। उस पर अमल करते हुए नगर क्षेत्र में विकास कराया जाएगा। इस दौरान सभी नगर पंचायत में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# आग लगने से दो मकान हुए राख, एसडीएम ने किया निरीक्षण


आग लगने के बाद जांच करते एसडीएम। अमृत विचार

**उर्रा, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के ग्राम रानी नगर में बुधवार सुबह अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें दो मकान पूरी तरह जलकर राख हो गए। एसडीएम ने मौके का मुआयना कर क्षति रिपोर्ट तलब की है। मोतीपुर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत उर्रा का मजरा रानी नगर जंगल के निकट बसा हुआ है। गांव निवासी सत्रोहन पुत्र दूबर के मकान में बुधवार सुबह अज्ञात कारणों से आग लग गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक लपटों ने पड़ोसी शांति देवी के मकान को भी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते दोनों मकान जलाकर राख हो गए। आग लगने से सत्रोहन का 50 हजार रूपये नकदी, अनाज, कपड़ा और बर्तन समेत दो लाख से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना ग्राम प्रधान प्रतिनिधि फिरोज खान ने एसडीएम को दी। एसडीएम संजय कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्षति का आंकलन किया। एसडीएम ने बताया कि क्षति रिपोर्ट मांगी गई है। इसके बाद पीड़ितों को आर्थिक सहायता राशि मुहैया कराई जाएगी। इस दौरान नासिर खान, सोनू पासवान, चुन्ना समेत अन्य मौजूद रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत वैनी, विकासखंड पयागपुर, जिला बहराइच**

पत्रांक मेमो राज्य वित्त आयोग 14वां 15वां पंचम वित्त केंद्रीय वित्त मनरेगा योजना अंतर्गत निविदा वर्ष 2023–24 दिनांक 15/03/2023 को किया जाना है।

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय ग्राम पंचायत वैनी विकासखंड पयागपुर में वर्ष 2023–24 ग्राम निधि मनरेगा योजना के अंतर्गत बदलूराम के घर से राम भरोसे के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य व चौकीदार के घर से राम सहाय के घर तक इंटरलाकिंग का निर्माण कार्य कराया जाना है।

वेवी त्रिपाठी,
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत वैनी
विकास खण्ड पयागपुर, जनपद बहराई

जय प्रकाश सिंह,
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत वैनी
विकास खण्ड पयागपुर, जनपद बहराई

## एक नजर

### छत से गिरकर युवक की हुई मौत

बहराइच: दरगाह थाना क्षेत्र के नूरुदीन चक गांव निवासी रमेश साहू पुत्र गोमती प्रसाद रात में अचानक छत से नीचे गिर गया। जिससे उसके शरीर में काफी चोट लग गई। परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल लाए। यहां इलाज के दौरान मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### ऑनलाइन ठगी के आरोप में चार को जेल

बहराइच: कोतवाली नानपारा की पुलिस ने ऑनलाइन ठगी करने वाले चार अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक आरके सिंह ने बताया कि निरीक्षक राम प्रकाश यादव मुख्य आरक्षी पंकज गोस्वामी मोहम्मद सलीम सूरज कुमार और दिवाकर सिंह की टीम ने कोतवाली नानपारा के केस टोला निवासी कमलेश कुमार पुत्र राम लखन, बेलदारन टोला निवासी मुजीब अहमद पुत्र मोहम्मद वसीम, रुपईडीहा के घिसियावन मोहल्ला निवासी पवन कुमार पुत्र तोताराम, नगर पंचायत रुपईडीहा निवासी संतोष कुमार वर्मा पुत्र उमाशंकर वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

मिहीपुरवा, बहराइच: मिहीपुरवा मंडी समिति स्थित तहसीलदार कक्ष में बुधवार को आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में महिलाओं को कानूनी साक्षरता की जानकारी दी गई। विराट शिरोमणि, अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि महिलाओं को कानून का ज्ञान होना उनके व उनके परिवार के विकास के लिए आवश्यक है। विधिक जागरूकता से ही महिला का सशक्तिकरण संभव है। महिलाएं अपने अधिकारों के लिए कानून के ज्ञान के अभाव से आवाज नहीं उठा पाती है। इससे वह कई तरह की प्रताड़नाओं का सामना करती है। विधिक जागरूकता कार्यक्रम में मिथलेश जायसवाल, अमित वर्मा, हंसराम लोधी सहित महिलाएं शामिल रही।

# आज है संडे गीतों पर बच्चों ने मचाया धमाल

संवाददाता,रिसिया, बहराइच

**अमृत विचार :** रिसिया कस्बे के एक मैदान में सरस्वती ज्ञान मंदिर जूनियर हाई स्कूल का रंगा रंग वार्षिकोत्सव मनाया गया,जिसमे नन्हे मुन्ने बच्चो ने मनमोहक प्रस्तुति देकर सबका दिल जीत लिया। लोगों की काफी भीड़ रही।

रिसिया में स्थित मैदान में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डी डी तिवारी प्राचार्य पीजी कालेज एवम डा सोहन लाल श्रीवास्तव तथा राजेश निगम पूर्व चेयर मैन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वन्दना करुणा मयी वरदायिनी मां की प्रस्तुती नन्हे मुन्ने बच्चो ने दीफिर बाल गीत आज संडे है।, जिस पर बच्चो ने खूब धमाल मचाया।फिर काली मां की प्रस्तुति पिए लहू की प्याली,गोविंद बोलो गोपाल बोलो,आर्मी ब्वॉय, बृज गीत अघोरी तांडव, साउथ सांग के साथ कव्वाली की मन मोहक प्रस्तुति दी। बच्चों ने देश भक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। बेहतर कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। साक्षी, उर्मिला, कविता,अंशिका, शिवा, मुकेश ओम ने मनमोहक प्रस्तुति दी। संचालन प्रवेश कुमार यादव ने किया तथा आयोजन रविंद्र पाठक प्राचार्य ने किया। इस अवसर पर डा राजू निगम,हीरा लाल मिश्र, नैंशी सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।



रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चें। अमृत विचार

### सरस्वती शिशु मंदिर को मिला विज्ञान कक्ष का तोहफा

बौंडी, बहराइच: सदस्य विधान परिषद पद्मसेन चौधरी ने कस्बा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर को विज्ञान कक्ष का तोहफा दिया है। मुख्य अतिथि पुष्पा चौधरी के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम में पहुंचे। पुरोहित सुमन चंद शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कराया। मुख्य अतिथि ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा के साथ संस्कार प्रदान करने वाली संस्था है। विद्यालय में छात्रों के शिक्षा ग्रहण करने के लिए विज्ञान कक्ष बनवाने हेतु दो कमरों के लिए शासन से 24 लाख रुपए की स्वीकृत कराई गई है। कक्ष निर्माण कार्य आज ही से शुरु हो गया है। इस दौरान अजय, भूपेंद्र सिंह, वरुण शुक्ल, कौशल गुप्त, उत्तमचंद्र रस्तोगी, संतोष गुप्त, ज्ञानेंद्र रस्तोगी, रमेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से क्रासिंग का बैरियर टूटा, लगा जाम

**बहराइच, अमृत विचार:** गोंडा बहराइच मार्ग पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग का बैरियर बुधवार दोपहर में ऑटो की टक्कर से टूट गया जिसके चलते वाहनों के कतार लग गई क्रॉसिंग सही होने के बाद ही आवागमन के लिए खोला गया। इस दौरान यात्रियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

बहराइच गोंडा राजमार्ग पर रेलवे का ऑटोमेटिक क्रॉसिंग स्थित है। बुधवार दोपहर में दो बजे के आसपास गोंडा से बहराइच डेमो ट्रेन आ रही थी। जिसके चलते 40/ एसपीएल क्रॉसिंग बंद थी। इसी दौरान बहराइच से गोंडा जा रहे आटो सवार ने तेज रफ्तार में बैरियर में टक्कर मार दी। जिसके चलते क्रॉसिंग टूट गया। ट्रेन जाने के बाद भी क्रॉसिंग बंद रहा। इससे जाम लग गया। रेलवे पुलिस की सूचना पर मौके पर रेलवे का कर्मचारी पहुंचा। उसने क्रॉसिंग के बैरियर को सही किया। इसके बाद क्रॉसिंग ऊपर उठाया गया। इसके बाद आवागमन बहाल हो सका। जीआरपी थानाध्यक्ष श्यामराज ने बताया कि आटो की टक्कर से क्रॉसिंग टूटी थी। अब सही हो गया है।

# युवक की ससुराल में हालत बिगड़ी, जिला अस्पताल में मौत

## बहू और ससुर पर बेटे को जहर देकर मारने का आरोप

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** जिले के रामदासपुरवा गांव निवासी एक युवक की अपनी ससुराल कोतवाली देहात क्षेत्र में गया था। बुधवार को उसकी हालत बिगड़ गई उसे जिला अस्पताल में लाया गया यहां इलाज के दौरान मौत हो गई डॉक्टर के मुताबिक युवक की मौत जहरीले पदार्थ से हुई है। युवक की मां ने बहू और उसके पिता पर जहरीला पदार्थ देकर मारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

राम गांव थाना क्षेत्र के रामदासपुरवा गांव निवासी हरिश्चंद्र (25) पुत्र कल्लू की ससुराल कोतवाली देहात के बेडनापुर के उत्तमनगर चौराहा के रामहरखपुरवा में है। युवक की पत्नी ने आठ दिन पूर्व घर में विवाद किया। इसके बाद मायके चली गई। मां का कहना है कि बेटा हरिश्चंद्र मंगलवार को अपनी ससुराल पत्नी गौरी से मिलने के लिए बाइक से गया था। वहां पर सभी ने खाने में जहर खिला दिया। ससुर रामतेज और पत्नी ने मारा पीटा। इसके बाद जहर खिलाया। इसकी जानकारी बेटे ने बुधवार सुबह फोन करके दी जिस पर बेटे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में कोतवाल बीके मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद केस दर्ज किया जायेगा।



बेटे की मौत के बाद गमगीन बैठे परिवार के लोग। अमृत विचार

### बहन के घर बताकर पहुंच गया ससुराल

मृतक हरिश्चंद्र की मां ने बताया कि बेटे का विवाह 3 साल पूर्व हुआ था उसने मंगलवार को बहन के घर जाने की बात कही थी लेकिन वह चोरी से ससुराल चला गया इसका फायदा उठाकर ससुराल के लोगों ने खाने में जहर खिलाकर मार डाला।

### बेरोजगार युवक, युवतियां प्राप्त करें प्रशिक्षण

बहराइच: जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच अन्तर्गत संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र में कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत एक वर्षीय पाठ्यक्रम के द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक, युवतियों की सेवायोजकता में वृद्धि हेतु कम्प्यूटर संचालन, हिन्दी टंकण एवं हिन्दी आशुलिपि, सचिवीय पद्धति, बहीखाता, सामान्य गणित, हिन्दी, सामान्य ज्ञान एवं अंग्रेजी विषयों में नि :शुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था शासन द्वारा की गयी है। प्रशिक्षण सत्र अप्रैल, 2024 से मार्च, 2025 तक संचालित होगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण हेतु प्रवेश के लिए हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय के साथ इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण युवक, युवतियों जिनकी आयु 01 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष से 35 वर्ष के मध्य हो, प्रशिक्षण हेतु इच्छुक युवक, युवतियां अपना आवेदन 30 मार्च तक कार्यालय में उपलब्ध करा दें। प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों के चयन के लिए 01 अप्रैल को पूर्वान्ह 11 बजे साक्षात्कार होगा। आवेदन फार्म जिला सेवायोजन कार्यालय से नि :शुल्क किसी भी कार्य दिवस में पूर्वान्ह 10 बजे से सायं 05 बजे के मध्य प्राप्त कर सकते हैं।

# एसएसबी का शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन

रुपईडीहा, बहराइच

**अमृत विचार :** एसएसबी 59वीं वाहिनी सशस्त्र द्वारा आयोजित आठ दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का सकुशल समापन समारोह आयोजित हुआ। नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत कैलाश चन्द रमोला कमांडेंट 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा के नेतृत्व में वाहिनी द्वारा आयोजित 08 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण हुआ।

एसएसबी द्वारा आयोजित शैक्षणिक भ्रमण के दौरान वाहिनी के कार्यक्षेत्र अंतर्गत बलाईगाँव, अचकवा, पुरैना रघुनाथपुर, विश्रामगाँव, भरहा, भादा, कसौंजी एवं सर्राकला के कुल 20 छात्र एवं छात्राओं को राज्य की राजधानी लखनऊ एवं दिल्ली के विभिन्न सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थानों का भ्रमण कराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेडी वशिष्ट उप महानिरीक्षक, क्षेत्र मुख्यालय लखीमपुर खीरी ने छात्र एवं छात्राओं के मार्गदर्शन कर उन्हें प्रोत्साहित एवं उनके उज्वल भविष्य कि कामना किये तथा छात्र एवं छात्रओं द्वारा मुख्य अतिथि के समक्ष भ्रमण के दौरान घुमे गए सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थानों के बारे संक्षिप्त वृतांत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने सीमा पर सुरक्षा के साथ-साथ एसएसबी द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में चलाये जा रहे सामाजिक व जन उत्थान कार्यों की प्रसंशा कर उन्हें सराहनीय कार्य बताया। कैलाश चन्द रमोला कमांडेंट, 59वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने बताया कि एसएसबी का मुख्य उद्देश्य सेवा सुरक्षा और बन्धुत्व है। इस अवसर पर गंगा सिंह उदावत कमांडेंट, 42वीं वाहिनी, शक्ति सिंह ठाकुर द्वितीय कमान अधिकारी 59वीं वाहिनी, डॉ. राकेश रंजन द्वितीय कमान अधिकारी 42वीं वाहिनी, शेखर बजाज, उप- कमांडेंट 59वीं वाहिनी, पर्था सार्थी रॉय उप कमांडेंट 42वीं वाहिनी, हिमांशु दुबे उप कमांडेंट 59वीं वाहिनी, संजय (प्रधानाचार्य) केन्द्रीय विद्यालय नानपारा, उप निरीक्षक कुलदीप, गुप्तचर विभाग के साथ वाहिनी के समस्त बल कार्मिक उपस्थित रहे।



भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मौजूद जवान और छात्रों का दल।

# सड़क हादसों में महिला सहित दो की सांसे थमीं

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले में सड़क हादसों मे मौते रूक नही रही है। बुधवार को दो थानों के अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला सहित दो की मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

बौंडी थाने के हाथी चक निवासी 40 वर्षीय उमाशंकर शंकर अपनी पत्नी रानी के साथ बाइक से बुधवार को कहीं गए थे। वहां से बुधवार शाम लगभग छह बजे अपने घर हाथी चक बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। हरदी थाने के बहराइच सीतापुर हाईवे के रमपुरवा चौकी के निकट बहराइच से सीतापुर की ओर जा रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने रौंद दिया। जिससे पत्नी रानी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पति उमाशंकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको पुलिस ने एंबुलेंस से इलाज के लिए मेडिकल भेज दिया है। एसएचओ संतोष कुमार सरोज ने बताया कि बाइक से हाथी चक के उमाशंकर पत्नी के साथ अपने घर जा रहे थे सीतापुर की तरफ जा रही रोडवेज बस के नीचे आ गए जिससे पत्नी रानी की मौत हो गई है। पति को इलाज के लिए भेजा गया है। परिजनों को सूचना दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। उधर नानपारा कोतवाली के कस्बे के गल्ला मंडी के पास बुधवार देर शाम बाबर्ची टोला निवासी 22 वर्षीय राजू उर्फ इस्लाम पुत्र गफ्फार बाइक मोड़ रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे सिद्दीक मढ़ैया निवासी 22 वर्षीय मोहम्मद आसिफ की बाइक की राजू की बाइक से भिड़ंत हो गई। जिसके चलते दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपड़ोस के लोगों की मदद से पुलिस ने घायलों को नानपारा सीएचसी लाया गया। चिकित्सकों ने परीक्षण कर राजू उर्फ इस्लाम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक व घायल के परिजनों को हादसे की जानकारी दी। लाश को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



इसी बस से हुआ हादसा।

# दो मकान जलकर हुए राख, मवेशी भी झुलसा

जरवल, बहराइच

**अमृत विचार :** नगर पंचायत जरवल के मोहल्ला तमोली टोला में बुधवार शाम को अचानक आग लगने से दो फूस के मकान जलकर राख हो गए। आग लगने से काफी नुकसान हुआ है। राजस्व निरीक्षक ने मौके पर पहुंच कर जांच की है।

जरवल नगर पंचायत के मोहल्ला तमोली टोला में बुधवार को राम सूरत का फूस का मकान जलने लगा। जब तक लोग आग बुझाने का प्रयास करते, तब तक राम सूरत के मकान में इंजन, छोटा ट्रैक्टर, ठेलिया, साइकिल एक मवेशी जल गया। वहीं पड़ोस के राम शंकर जायसवाल के मकान में भी आग लग गई। लेकिन उन्होंने समय से सामान निकाल लिया। जिसके चलते ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। आग लगने की जानकारी होने पर लेखपाल राम किशन ने मौके पर पहुंच कर जांच की। इसके बाद रिपोर्ट तहसील को भेज दी है। लगभग तीन लाख का नुकसान हुआ है।



जरवल में लगी आग से जलता घर।

## सार-संक्षेप

### शिक्षा संसाधनों से सुसज्जित है परिषदीय विद्यालयः समय प्रसाद



परिषदीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल छात्र और पदाधिकारी।

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय रायडीह में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया।विद्यालय के नन्हे मुंन्हे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति को लोगों ने खूब सराहा। उच्च प्राथमिक विद्यालय रायडीह में बुधवार को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्र के द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि परिषदीय विद्यालय में अब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है,बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अभिभावक बच्चों को समय से व नियमित विद्यालय भेजें। प्रधान शिक्षक बृजेश तिवारी की देखरेख में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने शिक्षा से प्रेरित नाटक,कव्वाली,देश गीत सहित कई मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जिसे मौजूद लोगों ने खूब सराहा।कार्यक्रम का संचालन एआरपी राजेश मिश्रा ने किया।इस अवसर पर नोडल शिक्षक श्रीनिवास शुक्ला,सौरभ बाजपेई ,रिंकी वर्मा, नीलम गुप्ता, मातादीन गुप्ता ,कृष्णदेव मिश्र, विनोद कुमार पांडे , प्रियंका शुक्ला, कदर्प मिश्र,चंद्रशेखर तिवारी, संतोष कुमार द्विवेदी ,विश्वास कुमार शुक्ला, रमा निवास,राज कुमार पांडे, सुभाष तिवारी, तबीबा, हरीश द्विवेदी,ग्राम प्रधान सहित तमाम अभिभावक मौजूद रहे।

### रोजा रखने से इनकार किया तो घर में घुस कर पीटा

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र रसूलपुर सरैया गांव निवासी महिला ने तबियत ठीक न होने की बात कहते हुए रोजा नहीं रखा। इससे नाराज समाज के कुछ लोगों ने वृद्ध महिला की लाठी और डंडे से पिटाई कर दी। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रमजान माह शुरू हो गया है। बुधवार को रमजान का दूसरा दिन था। कुछ लोग रोजा रख रहे हैं तो कुछ निजी समस्याओं से रोजा नहीं रख रहे हैं। इसका विरोध भी उन्हें उठाना पड़ रहा है। कुछ यही हाल कोतवाली देहात क्षेत्र ग्राम पंचायत रसूलपुर सरैया गांव में महिला के साथ देखने को मिला। गांव निवासी महिला दुखना पत्नी पुत्तन ने बताया कि बुखार होने के चलते उसने इस बार रोजा नहीं रखा है। इसकी जानकारी गांव निवासी मुसलीम, लेंगड़, बहीर और चुर्री ने लाठी डंडे से पिटाई कर दी। जिस महिला गंभीर रूप से घायल हो गई परिवार के लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया महिला ने कोतवाली देहात में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक बीके मिश्रा ने बताया कि महिला का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है महिला की तहरीर पर केस दर्ज का जांच शुरू कर दी गई है।



महिला के स्वास्थ्य की जांच करती डॉक्टर।

# ग्राम रोजगार सेवकों को किया जागरुक

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार:** जिला प्रशिक्षण आशा/एएनएम केन्द्र भिनगा में आयोजित कार्यशाला में साइबर क्राइम पुलिस व अग्निशमन दल के सदस्यों ने ग्राम रोजगार सेवकों को जागरूक किया।

साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रहास मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय मे कंप्यूटर, इन्टरनेट एवं सूचना, तकनीकी के प्रयोग मे अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। साथ ही सूचना तकनीकी के दुरुपयोग मे भी निरंतर वृद्धि हुई है। जिसके कारण साइबर क्राइम के नये और खतरनाक आयाम देखने मे आये है। साइबर अपराधियों द्वारा नई तकनीकी का प्रयोग करके तथा अपनी पहचान छिपाकर प्रतिदिन नये-नये साइबर अपराधों को बढावा दे रहे है। किसी भी अनजान व्यक्ति को बैंक एकाउंट, ओटीपी, पिन, आधार नम्बर, पैन नम्बर आदि बिल्कुल भी साझा न करें। साइबर हैकिंग, ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, स्पैम ईमेल, रैनसमवेयर, पोर्नग्राफी, ऑनलाइन ब्लैकमेल एवं इसी प्रकार के अन्य अपराध के बारे में जानकारी दी। यदि कोई व्यक्ति ब्लैकमेल करता है तो तुरन्त साइबर हेल्पलाईन नम्बर 1930 पर कॉल करने के साथ साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराये। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (NCCRP) हेल्पलाइन नम्बर 1930 के बारे में जानकारी दी गयी। एफएसओ संजय जयसवाल ने सभी रोजगार सेवकों को अग्निकांड की घटना घटित होने पर प्राथमिक तौर पर की जाने वाली त्वरित कार्यवाही का प्रशिक्षण/मॉक ड्रिल दिया। यदि किसी वाहन में कोई व्यक्ति ऑटोमेटिक सेंट्रल लॉक सिस्टम वाले वाहन से यात्रा कर रहा हो तो वाहन से बाहर निकलने के लिए यदि द्वार नही खुल रहा हो तो चालक तथा बगल की सीट पर लगे हेड रेस्ट को बाहर निकालकर खिड़की के कांच पर नुकीले भाग से प्रहार करना चाहिये। इसी प्रकार यदि बस, मेट्रो, शीशा लगी लिफ्ट के शीशे को तोड़ने के लिये बस, मेट्रो, लिफ्ट इत्यादि में लगे हैमर (हथौड़े) के नुकीले भाग से प्रहार करना चाहिए तथा 112 डायल करके आग की सूचना देना चाहिये। इसी तरह से अन्य जानकारियां दी गई।

# लखनऊ से पहुंचा पहला विमान, विधायक का स्वागत

संवाददाता,श्रावस्ती

**अमृत विचार:** नवनिर्मित श्रावस्ती एयरपोर्ट पर दूसरे दिन फ्लाई बिग एयरलाइंस का 19 सीटर विमान सवारियों को लेकर उतरा। विमान से पहले दिन श्रावस्ती विधायक राम फेरन पांडेय एयरपोर्ट पर उतरे जहाँ भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी योगी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए फूल मालाओं से स्वागत किया।

श्रावस्ती एयरपोर्ट पर श्रावस्ती विधायक राम फेरन पांडेय बाहर निकलते हुए मीडिया से मुखातिब हुए। उन्होंने कहा कि फ्लाई बिग एयरलाइंस का 19 सीटर विमान की जल्द ही बनारस प्रयागराज कानपुर के लिए उड़ान शुरू की जाएगी। श्रावस्ती विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का सपना है कि छोटे छोटे शहरों को बड़े शहरों से कनेक्टिविटी बढ़ाई जाए और उनके बजट में ही उन्हें हवाई यात्रा करने को मिले। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में इसे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनवाकर यहां से मुंबई दिल्ली और अन्य शहरों की फ्लाइट की शुरुआत की प्राथमिकता दी जाएगी। विधायक ने कहा कि अब पिछड़े जिलों में श्रावस्ती क्षेत्र को विकसित क्षेत्र से व्यापार एवं औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा । इस अवसर पर आशुतोष पांडे, मंडल अध्यक्ष मनोज पाण्डेय, बिन्नू तिवारी, कमल तिवारी, वेद प्रकाश मिश्र, प्रकाश चंद्र गुप्ता, देवकीनंदन पांडे आदि मौजूद रहे।



भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक का किया स्वागत। अमृत विचार

**बैठक** निर्वाचन अधिसूचना की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो जाएगी

# 95 लाख कर सकेंगे खर्च, सोशलमीडिया पर भी होगी निगरानी

संवाददाता ,श्रावस्ती

**अमृत विचार:** लोकसभा के मद्देनजर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में चुनाव व्यय लेखा निगरानी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी चुनाव प्रचार के दौरान अपने लोकसभा क्षेत्र में 95 लाख रुपए की राशि व्यय कर सकते हैं। प्रत्याशी के चुनाव व्यय की निगरानी आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने से लेकर मतगणना समाप्ति तक की जाएगी। निर्वाचन के दौरान व्यय अनुवीक्षण टीम में लगे अधिकारी प्रत्याशियों के खर्चे का बेहतर ढंग से लेखा-जोखा रखेंगे।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान प्रत्याशी किसी भी व्यक्ति को 10 हजार रुपए से अधिक का नगद भुगतान नहीं कर सकेंगे। प्रत्याशी या उसके पार्टी पदाधिकारी 50 हजार रुपए से अधिक नगद लेकर नहीं चलेंगे। उन्होने कहा कि निर्वाचन अधिसूचना की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो जाएगी। इस दौरान सामुदायिक भवनों एवं धार्मिक व पूजा स्थलों पर उपहार आदि के वितरण पर निगरानी रखी जाएगी। किसी भी परिसर में नगदी या अन्य बहुमूल्य वस्तुओं का भण्डारण नहीं किया जा सकेगा। बैंक से बड़ी राशि की नगदी निकासी पर भी निगरानी रखी जाएगी। इसके साथ ही वाहनों की जांच की जाएगी और मदिरा व अन्य मादक पदार्थों के अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन एवं पेड न्यूज, मोबाइल के माध्यम से बल्क एसएमएस तथा सोशल मीडिया के प्रचार पर भी निगरानी रखी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, उड़नदस्ता टीम, स्थायी निगरानी टीम एवं मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के सदस्यों/ पदाधिकारियों को विभिन्न टीमों के कार्यो के बारे में जानकारी ली।

उन्होने बताया कि किसी भी अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन हेतु वाहन की अनुमति सम्बन्धित आरओ से लेनी होगी तथा उसकी प्रति गाड़ी के अगले शीशे पर चस्पा करना होगा। सार्वजनिक रैली, जुलुस की अनुमति भी सम्बन्धित आरओ से अभ्यर्थियों को लेनी होगी तथा आरओ द्वारा उस रैली की अनुमति की प्रति सम्बन्धित वीडियो अवलोकन टीम को दिया जायेगा। अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन के प्रचार में प्रयोग में होने वाले पोस्ट, हैण्डबिल, बैनर आदि के मुद्रण के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी को सूचना देना होगा तथा प्रकाशक एवं मुद्रक द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली आवश्यक घोषणा पत्र उपलब्ध कराना होगा।

उन्होने बताया कि वीडियो निगरानी टीम निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने की तिथि से ही आयोग के निर्देशानुसार सहायक व्यय प्रेक्षक से समन्वय रखते हुए निर्वाचन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण घटनाओं सार्वजनिक रैलियों, जुलूस आदि की वीडियोग्राफी की जायेगी। वीडियोग्राफी के दौरान वहां पर लगायी गई कुर्सियां, टेन्ट फर्नीचर, व्यक्तियों की संख्या, ध्वनि विस्तारक यंत्र सहित वाहनों की संख्या सहित एक-एक बिन्दु की रिकार्डिंग करेगी तथा रिटर्निंग ऑफिसर को उसकी सी0डी0 उपलब्ध करायेगी। बैठक में प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी विनीत कुमार, सहायक कोषाधिकारी अवधेश कुमार यादव, जिला आबकारी अधिकारी घनश्याम मिश्र सहित व्यय अनुवीक्षण में लगाये गये अन्य अधिकारी/कर्मचारीग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का उद्यमियों ने देखा सजीव प्रसारण

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के पिकप भवन से इंवेस्ट यूपी के नये कार्यालय का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर उद्यमियों व नये इवेस्टर्स के साथ वर्चुअल सवांद किया।

जिलाधिकारी कृतिका शर्मा के निर्देश पर कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर उद्यमियों एवं इंवेस्टर्स की उपस्थिति में सजीव प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर उपस्थित उद्यमियों व इंवेस्टर्स को सम्बोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि इंवेस्ट यूपी का उद्देश्य निवेश के लिये उत्तर प्रदेश में बेहतर माहौल उपलब्ध कराने के साथ ही निवेशको की सुविधा एवं उनके हित ध्यान देना तथा निवेश प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाना हैं। उन्होने कहा कि इससे प्रदेश में निवेश का नया इको सिस्टम विकसित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्यमियों के हितो का संरक्षण इंवेस्ट यूपी की सर्वोच्च प्राथमिकता एवं प्रतिबद्धता हैं। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, उपायुक्त उद्योग वी के चौधरी, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रोशन लाल पुष्कर, सहायक श्रमायुक्त सन्तपाल, अग्रणी बैंक प्रबन्धक सुभाष चन्द्र मित्रा, उद्यमी मित्र साकेत रंजन, उद्यमी मिथिलेश शुक्ला सहित जनपद के अन्य उद्यमी व इंवेस्टर्स उपस्थित रहें।



तीसरा रोजा

शिया
सहरी : 04.43 बजे
इफ्तार : 06.24 बजे

सुन्नी
सहरी : 04. 52 बजे
इफ्तार : 06. 16 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# दुराचार के दोषी को 20 वर्ष की सजा

## कोर्ट ने एक साल नौ महीने 16 दिन में फैसला कर पीड़ित किशोरी को पहुंचाई राहत



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** अमेठी जिले के थाना क्षेत्र कमरौली के एक गांव में दो साल पूर्व 15 साल की किशोरी के साथ दुष्कर्म व हत्या की धमकी देने के दोषी अतुल शर्मा को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश पवन शर्मा ने बुधवार को 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर 51 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अदालत ने अर्थदण्ड की धनराशि का 50 फीसदी पीड़िता को बतौर क्षतिपूर्ति देने का आदेश भी दिया है।

एडीजीसी विवेक सिंह के मुताबिक 18 अप्रैल 2022 को पिता के साथ भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने गई किशोरी गायब हो गई। खोजबीन पर बेहोशी की हालत में किशोरी मिली तथा घटना की जानकारी परिजन को दी। पिता की तहरीर पर कमरौली थाने में अभियोग पंजीकृत हुआ तथा आरोपी अतुल को पुलिस ने 20 अप्रैल 2022 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दौरान विचारण आरोपी की जमानत नहीं हो सकी थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय भेजा। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष से मुकदमे के दौरान पेश किए गये छह गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे का फैसला एक साल नौ माह 16 दिन में कर पीड़ित परिवार को न्याय दिया।

### न्यायालय में हाजिर नहीं हुए सांसद राहुल गांधी

#### गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला

**संवाददाता, सुलतानपुर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी बुधवार को विशेष कोर्ट में बयान दर्ज कराने हाजिर नहीं हुए। परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया अधिवक्ताओं के हड़ताल के कारण केस में सुनवाई न होने के कारण कोर्ट ने सुनवाई के लिए 22 मार्च की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था। मामले में राहुल गांधी की जमानत कोर्ट से हो चुकी है, जिसमें बुधवार को उनका बयान विशेष कोर्ट में दर्ज किए जाने के लिए तारीख नियत थी।

### ट्रायल के मुकदमों को ट्रांसफर करना हाईकोर्ट की अवमानना: राजा

**बुधवार को भी अदालतों के ट्रांसफर को लेकर जारी रही हड़ताल**

**संवाददाता, सुलतानपुर :** जिले के अधिवक्ता कादीपुर की कोर्ट में अखंडनगर और कादीपुर थानों से संबंधित चालानी और परिवाद के मुकदमों को ट्रांसफर किए जाने को लेकर आंदोलित हैं। बुधवार को भी अदालतों में कामकाज नहीं हो सका और वकीलों ने हड़ताल जारी रखी। विश्व हिंदू परिषद के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने अधिवक्ताओं की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि न्यायालय ने बिना अधिवक्ताओं से राय लिए फाइल ट्रांसफर करने का आदेश गलत तरीके से दिया है। उन्होंने अपने द्वारा दाखिल पूर्व जनहित याचिका में हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए बताया कि अमेठी जिले के गठन के दौरान दायर याचिका में हाईकोर्ट ने सख्त निर्देश दिया था कि लंबित मुकदमे ट्रांसफर न किए जाएं। नए मुकदमे ही नव गठित जिले में दायर किए जाएं। अधिवक्ता विजय कुमार गुप्ता ने जनहित याचिका का हवाला देते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और जिला जज से आदेश वापस लेने की मांग की है। इस बीच बुधवार को लगातार दूसरे दिन हड़ताल से कामकाज पूरी तरह ठप हो गए। कंप्यूटर में नए मुकदमों का दायरा भी वकीलों की सख्ती के कारण नहीं हो सका।

### एसिड अटैक मामले में आरोपी की गिरफ्तारी पर रोक

**सुलतानपुर :** मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते साल महिलाओं से अभद्रता, मारपीट और एसिड अटैक करने के आरोपी शेषमणि उर्फ आशीष तिवारी पुत्र हृदय नरायन तिवारी की गिरफ्तारी पर न्यायाधीश जेपी पांडेय ने रोक लगा दी है। आरोपी के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि आरोपी को राहत देते हुए कोर्ट ने विवेचक को शीघ्र रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश भी दिया है। मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र की कस्थूनी पश्चिम निवासी कुमारी आंचल ने बीते साल स्वयं व दादी सुमनलता पर हमला करने, एसिड अटैक करने व मारपीट समेत अन्य आरोपों में शेष नारायन तिवारी, साहेब तिवारी और बृजेश कुमारी पर मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के पीछे पहले से चला आ रहा संपत्ति विवाद बताया गया। कोर्ट ने विवेचक को आदेश दिया है कि जरूरत पड़ने पर आरोपी को थाने से ही मुचलके पर रिहा किया जाए और उसका उत्पीड़न न किया जाए।

### अपहरण के दोषी को तीन साल की कैद

थाना क्षेत्र गोसाईगंज के एक गांव में 13 साल पूर्व किशोरी को बहला फुसलाकर कर अपहरण करने के दोषी राम लग्न को फास्ट ट्रैक कोर्ट जज ने बुधवार को तीन साल व तीन हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। एडीजसी दान बहादुर वर्मा ने बताया आरोपी पीड़िता को 20 अगस्त 2011 को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष से पेश साक्ष्यों के आधार पर दोषी को तीन साल व तीन हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

## बीईओ ने लिया चार्ज शिक्षकों ने किया स्वागत

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ दूबेपुर के ब्लॉक अध्यक्ष एवं मांडलिक मंत्री अयोध्या शमीम अहमद तथा जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी ने संघ के पदाधिकारियों, समस्त एनपीआरसी के नोडल शिक्षक संकुलों ने मिलकर बुधवार को नवागत बीईओ राम तीर्थ वर्मा का बुके देकर स्वागत किया। जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी और लेखाकार चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव ने एनपीआरसी के नोडल शिक्षक संकुल एआरपी, बीआरसी स्टाफ का परिचय कराया। बीईओ ने कहा कि शासन के मंशानुरूप विभागीय नियमों निर्देशों के क्रम में हम सबको मिलकर शैक्षिक स्त्रोन्नयन के लिए कार्य करना है। उन्होने बीआरसी पर चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण की गुणवत्ता भी परखी।

## रजिस्ट्री कार्यालय बनने से अब ग्रामीणों को नहीं होगी परेशानी

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार:** इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने कहा कि बल्दीराय में रजिस्ट्री कार्यालय बन जाने से अब किसी भी व्यक्ति को रजिस्ट्री कराने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

बल्दीराय तहसील क्षेत्र में उप निबंधक कार्यालय का राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्टांप न्यायालय एवं पंजीयन विभाग रविंद्र जयसवाल द्वारा वर्चुअल लखनऊ से विधि विधान से मंत्रोच्चार से फीता काटकर उद्घाटन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार सिंह ने कहा कि रजिस्ट्री कार्यालय बनने से अब बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ग्रामीणों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। समय से रजिस्ट्री हो सकेंगी और उन्हें पूरी सुविधा मिल सकेगी।भाजपा नेता रामचंद्र मिश्र ने कहा कि रजिस्ट्री कार्यालय बन जाने से अब नए बल्दीराय तहसील क्षेत्र को आयाम मिल सकेंगे।दूरदराज से आए हुए लोगों के समय और धन की बचत होगी। समय से कार्य हो सकेगा। तहसील में रजिस्ट्री कार्यालय बनना बहुत महत्वपूर्ण है,जो कि पूरा हो गया है। इस दौरान डीआईजी स्टाम्प निरंजन कुमार, आईजी स्टाम्प धर्मेंद्र कुमार चौधरी, एडीएम एम सुधाकरन, एसडीएम विदुषी सिंह, तहसीलदार घनश्याम भारतीय, सब रजिस्ट्रार संतोष कुमार, सब रजिस्ट्रार धीरेंद्र कुमार राय व सब रजिस्ट्रार शिवकुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## साढ़े 4 करोड़ से होगा मंदिर का सौंदर्यीकरण

- **नरसिंह मंदिर का उप्र पर्यटन विभाग की ओर से समेकित पर्यटन विकास के लिए एमएलसी ने किया भूमि पूजन**

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** दूबेपुर ब्लॉक के अंतर्गत सोमनाभार गांव में स्थित पुरातात्विक स्थल भगवान नरसिंह मंदिर का उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से समेकित पर्यटन विकास हेतु बुधवार को एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह द्वारा भूमि पूजन किया गया। एमएलसी ने कहा कि पुरातत्विक स्थल एवं क्षेत्रीय जनता की आस्था के केंद्र भगवान नरसिंह के इस मंदिर का और स्थल का सुंदरीकरण का कार्य अति आवश्यक था। योगी सरकार में स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने का कार्य प्रमुखता के साथ हो रहा है।

कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि. यूनिट 11 अयोध्या का चयन हुआ है। संस्था के इंजीनियर रोहित सिंह ने बताया कि ष्इस प्रोजेक्ट के लिए पर्यटन विभाग की ओर से लगभग 4 करोड़ 73 लाख की लागत से इस स्थल का सौंदर्यीकरण होना है। जिसमें यात्री हाल, शौचालय, मुख्य द्वार, समुचित पेयजल व्यवस्था, ग्रेनाइट इंटर लाकिंग, पार्किंग आदि सुविधा का विकास कार्य होना प्रस्तावित है।



कार्य की शुरुआत करते एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह।

## एक नजर

### कटान की लकड़ी को प्रवर्तन दल ने पकड़ा, ठोंका जुर्माना

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को कुड़वार थाना क्षेत्र खड़सा गांव में बंधुआ कला थाना क्षेत्र मुडुई नेवादा गांव निवासी अजमल द्वारा हरा आम का पेड़ काटा जा रहा था।जिसकी सूचना मिलते ही प्रवर्तन दल के प्रभारी डीके यादव ने टीम के साथ पहुंचकर छापा मारा। मौके पर 65,00 का जुर्माना करते हुए ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की।उन्होंने बताया कि लगातार प्रतिबंधित पेड़ों के कटान करने वालो के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। लेकिन चोरी छिपे ठेकेदार अवैध कटान कर डालते है।

### किशोरी को भगाने का मुकदमा दर्ज

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक ग्राम की 15 वर्षीय एक किशोरी को अपने जाल में फंसा कर दूसरे समुदाय के युवक ने सोमवार को दिन में भगा ले गया। लड़की के पिता ने वारी निवासी नसीम के खिलाफ अपहरण व एसीएसटी एक्ट की धाराओं में मुक़दमा दर्ज कराया है।

### बड़े भाई के हत्यारे को पुलिस ने भेजा जेल

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बड़े भाई के हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर मोतिगरपुर पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराकर न्यायालय भेजा था। जहां से जेल भेज दिया गया। स्थानीय थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव में मंगलवार को गली में बाइक खड़ी करने पर विवाद हुआ था। जिस पर छोटे भाई विपिन ने बड़े भाई संदीप नागर पुत्र हृदय राम उम्र 35 वर्ष को चाकू मार दिया था। चाकू मरने से बड़े भाई की मौत हो गई थी।मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को बुधवार की शाम रामगढ़ मोड़ से हिरासत में ले लिया था ।थानाध्यक्ष ज्ञान चंद्र शुक्ला ने बताया आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर न्यायालय भेजा गया था।जहां से जेल भेज दिया गया।

## बेटे की स्कूल फीस मांगने पर पत्नी को पीटा, केस

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** कोतवाली देहात के अलहदादपुर लखनपुर निवासी मंजू यादव की शादी 12 जून 2012 को सूरज यादव के साथ हुई थी। इस बीच के सालों में उसका ससुरालीजन व पति विवाद कर पिटाई करते थे। मंजू को दो बच्चे भी है, जो स्कूल पढ़ने जाते हैं। बीते सोमवार की शाम को मंजू का पति सूरज शाम को बाहर से घर लौटा तो मंजू ने बेटे सिद्धार्थ की स्कूल फीस जमा करने को पैसा मांगने लगी। इसी से नाराज पति सूरज पत्नी मंजू को पीटने लगा। विवाद बढ़ा तो देवर राहुल यादव तथा ननद आरती और लक्ष्मी ने मिलकर मंजू को पीटकर घायल कर दिया। मंजू की तहरीर पर देहात पुलिस ने पति सूरज यादव, देवर राहुल यादव, लक्ष्मी और आरती पर प्राणघातक हमला तथा दहेज मामला सहित मारपीट का मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत चला मतदाता जागरूकता अभियान

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** बुधवार को बीएसए कार्यालय के प्रांगण में मतदाताओं की जागरुकता के लिए स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सीडीओ अंकुर कौशिक ने मां सरस्वती के चित्र माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारम्भ किया। उन्होंने विद्यालयों की ओर से लगाए गए स्टालों को देखा तथा मतदाता जागरुकता को बढ़ाने पर विशेष बल दिया।

सीडीओ ने कार्यक्रम में मौजूद खंड शिक्षा अधिकारियों, जिला समन्वयकों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा उपस्थित अभिभावकों को मतदान को प्रोत्साहित भी किया। इसी प्रकार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विकास क्षेत्रों की ओर से स्टाल भी लगाए थे। जिसमें मतदाता जागरुकता एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बैनर पोस्टर्स, रंगोली प्रतियोगिता, गायन, नाटक, लेखन प्रतियोगिता आदि का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकों, अभिभावकों एवं व्यवस्था में लगे कार्मिकों ने स्वीप के अनुसार मतदाता जागरुकता के प्रचार-प्रसार का प्रयास करने की शपथ ली। सह डीआईओएस जटा शंकर यादव ने मंच से मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत किए जा रहे विभिन कार्यों पर विशेष प्रकाश डाला। बीएसए दीपिका चतुर्वेदी ने वोट के महत्व पर बल देते हुए समस्त कार्मिकों को मतदान तक युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए ज्यादा से ज्यादा मतदान प्रतिशत को आगामी लोकसभा निर्वाचन में प्राप्त करने के लिए समस्त संबंधितों को पूर्ण मनोयोग से कार्य करने का संकल्प दिलाया गया। यहां पर जिला समन्वयक एवं निर्वाचन कार्यक्रम प्रभारी संदीप यादव, जिला समन्वयक श्याम यादव व विमल शुक्ल आदि मौजूद रहे।



बीएसए कार्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में पहुंचे सीडीओ अंकुर कौशिक।

### 85 साल वाले मतदाता घर पर ही दे सकेंगे वोट

**सुलतानपुर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव शुक्ला ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा-निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। 85 वर्ष की आयु से ऊपर के मतदाताओं को सूचित किया है कि वे स्वेच्छा से पोस्टल बैलेट के माध्यम से निवास स्थान पर मतदान करने हेतु निर्धारित फार्म-12 डी में आवेदन कर अपने निवास स्थान पर मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उपरोक्त फार्म-12 डी अधिसूचना जारी होने के 5 दिवसों के अन्दर संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को उपलब्ध कराया जायेगा।

## सार-संक्षेप

### राजभर के मंत्री बनने पर पदाधिकारियों ने मनाया जश्न

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर को बीते दिनों योगी के कैबिनेट में जगह मिली थी। मंगलवार की शाम उन्हें पंचायतीराज व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय मिला। जानकारी मिलते ही सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर दौड़ गई। बुधवार को प्रदेश सचिव संजय दुबे की अगुवाई में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने ढोल नगाड़े के साथ यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान ही महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। फिर एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए खुशी का इजहार किया। प्रदेश सचिव संजय दुबे ने बताया राष्ट्रीय अध्यक्ष को कैबिनेट मंत्री बनाये जाने का जश्न मनाया गया। आगामी लोकसभा चुनाव में पूरे प्रदेश में भाजपा गठबंधन प्रत्याशी को जिताने के लिए एड़ी से चोटी तक जोर लगाया जाएगा। इस मौके पर सुलतानपुर जिलाध्यक्ष अनिल राजभर, अमेठी जिलाध्यक्ष सतीश मिश्र, जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, संगठन मंत्री राहुल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में सेवानिवृत्त बैंककर्मी की मौत

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** प्रयागराज अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार की रात ई बाइक व मोटर साइकिल की जोरदार टक्कर में सेवानिवृत्त बैंक कर्मी की इलाज के दौरान मौत हो गई है। जिसके चलते परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाली देहात के अहिमाने बाजार मे मंगलवार की रात करीब आठ बजे सड़क पार करते समय ई बाइक व मोटर साइकिल की जोरदार टक्कर हो गई। ई बाइक सवार बैंक कर्मी हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। बाजार वासियों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान देर रात घायल बैंककर्मी की मौत हो गई है। जिसकी पहचान कोतवाली देहात के उतुरी परशुरामपुर गांव निवासी विजय उपाध्याय (65) के रूप में हुई है। बैंक कर्मी की मौत के बाद परिवारजनों का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाल श्यामसुंदर ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### केएनआई में मनाया गया नो स्मोकिंग दिवस

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान के जंतु विज्ञान विभाग ने संस्थान के प्राचार्य प्रो आलोक कुमार सिंह और जंतु विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो इंदु सिंह के मार्गदर्शन में नो स्मोकिंग डे का आयोजन किया। इस अवसर पर जंतु विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो इंदु सिंह, डॉ अर्चना यादव, डॉ संजय कुमार एवं विभाग के अन्य शिक्षक, दिव्या दूबे, अंकिता सिंह, विकास कुमार सिंह, स्वर्णिमा सिंह, रोमी सिंह, शिवांगी सिंह, विभाग के शिक्षणेत्तर कर्मचारी देवता दयाल, रोहित यादव, राणा जी आदि उपस्थित रहे।

## बोर्ड बैठक का सभासदों ने किया बहिष्कार

लंभुआ, सुलतानपुर

**नगर पंचायत लंभुआ**

**नगर पंचायत क्षेत्र में अनियमित, मनमानी और बिना बोर्ड के सहमति से कार्य करने का आरोप**

**अमृत विचार:** नगर पंचायत लंभुआ बोर्ड की बुधवार को हुई बैठक में केवल तीन सदस्य पहुंचने से कोई प्रस्ताव पास नहीं हो सका। सभासदों ने अध्यक्ष के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि बिना सहमति व मनमानी तरीके से कार्य किया जा रहा है। इसलिए हम सभी सदस्य गणों ने बैठक का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।

अधिशासी अधिकारी लंभुआ अमित कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को अध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी सदस्यों को अनिवार्य रूप से प्रतिभागी करने के लिए पत्र जारी किया गया था। इसके बावजूद 12 सदस्यों ने बैठक में प्रतिभाग नहीं किया। लंभुआ नगर पंचायत में कुल 15 सभासद है। बैठक में वार्ड संख्या एक, चार व पांच के सदस्य ही मौजूद थे। बैठक में सदस्यों की मौजूद न होने की वजह से कोई भी प्रस्ताव पारित नहीं किया गया।

सभासद समिति के अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने बताया कि बुधवार को हुई नगर पंचायत लंभुआ बोर्ड की बैठक में किसी भी सदस्य ने प्रतिभा नहीं किया है। हम लोग अधिशासी अधिकारी अमित सिंह से सभासद शैलेंद्र सिंह सुनीता के साथ मिलने गए थे। सभी नगर पंचायत की कार्यशैली से नाराज है, जबकि अधिशासी अधिकारी द्वारा झूठ बोला जा रहा है कि बैठक में तीन सभासद ने प्रतिभाग किया था।

सभासद रोली चतुर्वेदी, आशा देवी समेत दर्जनभर सभासदों ने अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बिना सहमति व बोर्ड बैठक के मनमानी ढंग से लंभुआ नगर पंचायत में मानक के विपरीत कार्य हो रहा है। जिसके लिए हम लोगों ने अध्यक्ष से बार-बार अनुरोध किया, लेकिन नतीजा सिफर रहा। इसलिए हम लोगों ने बैठक का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है ।

## ग्राहक सेवा केन्द्र से 8 हजार रुपये चोरी

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** कोतवाली देहात थाने के बभनगंवा गांव निवासी विनोद कुमार ने गांव से बाहर नहर पटरी चौराहे पर ग्राहक जन सेवा केन्द्र खोलकर बैंक फ्रैंचाइजी की दुकान खोला है। मंगलवार को दोपहर बाद करीब दो बजे वह दुकान से बाहर बैठा था। तभी गांव के एक युवक ने दुकान में अंदर घुसकर दराज में रखे करीब आठ हजार रुपये चोरी कर लिये। चोरी करने वाले युवक की पहचान बगल के जगदीशपुर गांव निवासी धीरज कुमार के रूप में हुई है। विनोद की तहरीर पर देहात कोतवाली पुलिस ने धीरज के खिलाफ केस दर्ज कर दिया। देहात कोतवाल ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## पक्ष में सृष्टि और विपक्ष में अंशिका सिंह विजयी

**राणा प्रताप पीजी कॉलेज में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन**

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** राणा प्रताप पीजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय कास्ट बेस रिजर्वेशन ड्रीम डेस्ट्रॉयर रखा गया था।

डिबेट के पक्ष में हरीश कुमार, शिवांगी मिश्रा, राम विशाल पाण्डेय, सृष्टि सिंह ने अपने दृष्टिकोण को व्यक्त किया। डिबेट के विपक्ष में रोहित मिश्रा ,अमन सिंह, मनीष मिश्रा, फिरोज अहमद ,छवि कसौधन, राम विशाल पाण्डेय, अंकित पाण्डेय, अंकित सिंह ने अपने विचार को प्रस्तुत किया। अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष प्रो. निशा सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें वाद विवाद प्रतियोगिताओं में अवश्य प्रतिभाग करना चाहिए। क्योंकि इससे हमें गंभीर चिंतन के विषयों पर अपनी दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है। डिबेट के पक्ष में सृष्टि सिंह को प्रथम स्थान और विपक्ष में अंशिका सिंह को प्रथम स्थान मिला। अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रो ज्योति सक्सेना और प्रो निशा सिंह निर्णायक की भूमिका में रही।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पहाड़पुर सरायभीखम, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक– 13.03.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पहाड़पुर सरायभीखम, विकासखंड मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर एसएलडब्ल्यूएम योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–14.03.2024 से 16.03.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत पहाड़पुर सरायभीखम , विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–16.03.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज–2 योजना अंतर्गत ठेला/ई–रिक्शा, सोख्ता गड्ढा, खाद गड्ढा,आरआरसी आदि निर्माण कार्य | 5,38,962 रुपये | बालू, मोरंग, पत्थर (20उउ) गिट्टी, ईटगिट्टी(40उउ), सीमेन्ट, ईट, सरिया, लोहे की पाइप, स्टील चद्दर शेड, मिट्टी आदि सामग्री | 100 |

नोट– शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पहाड़पुर सरायभीखम
वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत पहाड़पुर सरायभीखम
वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत ढेमा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक–13.03.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ढेमा, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मे राज्यवित्त/पंद्रहवाँ वित्त/मनरेगा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–14.03.2024 से 18.03.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत ढेमा, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–18.03.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1– | पीच रोड से राम बक्श के घर तक खड़ंजा मरम्मत कार्य । | 3,52,000 रुपये। | एसओबी ईट आदि सामग्री। | 100 |
| 2– | राम फेर के घर से चंद्र प्रकाश के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य । | 7,02,000 रुपये। | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री। | 100 |
| 3– | पीच रोड से ढेमा बाजार तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 17,00000 रुपये। | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री । | 100 |
| 4– | पीच रोड से राम सहाय के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 4,84,000 रुपये। | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री । | 100 |

नोट– निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान ग्रा0पं0–ढेमा, वि0खं0–मोतिगरपुर जनपद–सुल्तानपुर ग्राम पंचायत सचिव

**आयोजन** पंत स्टेडियम में हुई खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

## वॉलीबॉल में स्टेडियम विजेता तो केशकुमारी की टीम उपविजेता रही

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** बुधवार को पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक दिवसीय जिला स्तरीय वॉलीबॉल, खो-खो, बॉक्सिंग एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता संपन्न हुई। शुभारम्भ मुख्य अतिथि वेद प्रकाश उपाध्याय, संजय सिंह व राम शिरोमणि वर्मा ने किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी सर्वेन्द्र सिंह चौहान ने बुके एवं अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

जिला स्तरीय सीनियर वालीबाल महिला प्रतियोगिता में 8 टीमों ने भाग लिया। विजेता स्टेडियम सुलतानपुर तो उपविजेता टीम केशकुमारी जूनियर रही। वालीबाल महिला प्रतियोगिता के निर्णायक वेद प्रकाश उपाध्याय, दिनेश तिवारी, करन सिंह, आदित्य सिंह, राना प्रताप, सत्यमन्यू, शादाब और सर्वेश सिंह रहें। जिला स्तरीय सीनियर खो-खो महिला प्रतियोगिता में भी कुल आठ टीम पीपी कमैचा, नारायणपुर, मोतिगरपुर, लंभुआ, स्टेडियम, कुड़वार, सुलतानपुर, भदैंया ने प्रतिभाग किया। जिसमें विजेता टीम मोतिगरपुर तो उपविजेता पीपी कमैचा रही। प्रतियोगिता के निर्णायक रमेश, अरुण, हीरा लाल यादव, अनिल सोनी, अनिल यादव, अनिल शर्मा, नितीश पाण्डेय और उमेश यादव रहें। जिला स्तरीय सीनियर बॉक्सिंग पुरुष प्रतियोगिता में कुल 80 पुरुषों ने प्रतिभाग किया। सीनियर बॉक्सिंग पुरुष प्रतियोगिता के परिणाम भार श्रेणी 46-48 में सार्थक शर्मा विजेता, विवेक विश्वकर्मा उपविजेता, 48-51 में सुजल विक्रम विजेता, सनी गौतम उपविजेता, 51-54 में शिवांशु विश्वकर्मा विजेता, रितेश चौरसिया उपबिजेता,54-57 में नैतिक विक्रम विजेता, राणा प्रताप उपविजेता, 57-60 में आदर्श यादव विजेता, यशराज यादव उपविजेता 60-63.5 सिद्धार्थ सिंह विजेता, शिवम यादव उपविजेता 63.5-67 आशुतोष विजेता, अतुल यादव, उपविजेता 67-71 विक्की कुमार विजेता, प्रदीप कुमार उपविजेता,71-75 में आयुष प्रभात चौरसिया विजेता, प्रशान्त तिवारी उपविजेता 75-80 विशाल जायसवाल विजेता, सामर्थ गुप्ता उपविजेता रहें। बाक्सिंग प्रतियोगिता के निर्णायक शुभेन्द्र सिंह यादव, अतुल यादव, आशुतोष गुप्ता, विक्की, प्रवीण मिश्रा, शिवम कुमार, राहुल यादव, विजय यादव रहे। जिला स्तरीय सीनियर टेबल टेनिस महिला/पुरुष प्रतियोगिता में कुल 55 पुरुष एवं 40 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें विजेता सिंगल पुरुष वर्ग प्रथम- सार्थक, द्वितीय- अमर भीम रहे। विजेता सिंगल महिला वर्ग में प्रथम शमा बानो, द्वितीय बुशरा सत्तार रही। मिश्रित युगल पुरुष/महिला वर्ग में प्रथम मो. सैफ व नैना सोनी द्वितीय सार्थक श्रीवास्तव, बुशरा सत्तार रही। डबल पुरुष वर्ग में प्रथम आर्यन, अमर भीम, द्वितीय स्थान पर अर्जुन व गौरव कुमार रहे। टेबल टेनिस महिला/पुरुष प्रतियोगिता के निर्णायक टीम में मो आरिफ नियाज, मो सईद, कु आफिया, मो सैफ, अशरफ सिद्दीकी, मो अली, आरएन पांडेय रहे।



पंत स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताओं की विजेता टीमों को किया गया पुरस्कृत।

अर्चयेदेव मित्राणि सति वाऽसति वा धने।
नानर्थयन् प्रजानाति मित्राणं सारफल्गुताम् ॥

मित्रों का हर स्थिति में आदर करना चाहिए-चाहे उनके पास धन हो अथवा न हो तथा उससे कोई स्वार्थ न होने पर भी वक्त-जरूरत उनकी सहायता करनी चाहिए।

## संपादकीय

# कांग्रेस की मुश्किल

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव पास आ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। साथ ही कांग्रेस का कुनबा भी कम होता जा रहा है। पिछले कुछ महीनों से शायद ही ऐसा कोई दिन गया हो जिस दिन कांग्रेस के किसी नेता ने पार्टी न छोड़ी हो। बुधवार को उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के बड़े नेता और कानपुर की राजनीति का बड़ा चेहरा माने जाने वाले पूर्व विधायक अजय कपूर बीजेपी में शामिल हो गए। अजय कपूर राहुल गांधी और प्रियंका के बेहद करीबी नेताओं में थे। इसके अलावा महाराष्ट्र में पूर्व कांग्रेस विधायक पद्माकर वलवी भी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं। वलवी उत्तरी महाराष्ट्र में कांग्रेस के प्रमुख चेहरों में से एक हैं। लोस चुनाव से ऐन पहले दिग्गज कांग्रेसी नेताओं का पार्टी को छोड़ना कांग्रेस के लिए खतरे की घंटी साबित होता जा रहा है। उधर इंडिया गठबंधन भी कांग्रेस को कोई खास तवज्जो नहीं दे रहा है। बीते दिनों तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने बंगाल की सभी 42 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर यह संदेश दे दिया कि वह अकेले ही चुनाव लड़ेंगी। ममता की यह घोषणा कांग्रेस के साथ-साथ विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के लिए भी झटका है। इसके पहले हाल ही में केरल में वाम दलों ने भी कांग्रेस को ऐसा ही झटका दिया था। वाम दलों ने तो राहुल गांधी की वायनाड संसदीय सीट यह कहकर अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया कि यदि उन्हें भाजपा का मुकाबला करना है तो वह उत्तर भारत जाकर चुनाव लड़ें।

एक ओर नेताओं का पार्टी छोड़कर जाना, दूसरी ओर कांग्रेस की गठबंधन में कमजोर स्थिति भविष्य में पार्टी के अस्तित्व पर भी सवाल खड़े कर रही है। यह कहना गलत नहीं होगा कि इस स्थिति के लिए कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व ही जिम्मेदार है। क्योंकि जब पार्टी प्रमुख राहुल गांधी को लोस चुनाव के मद्देनजर पार्टी को जोड़कर रखना चाहिए था, तब वे भारत जोड़ो न्याय यात्रा में व्यस्त हैं। साथ ही पार्टी का शीर्ष नेतृत्व कांग्रेस छोड़ने वालों को रोकने या उनसे संवाद करने के बजाय उलटा उनकी आलोचना और उनके पार्टी छोड़ने पर यह कहकर समस्या से मुंह मोड़ रहा है कि वे सत्ता के भूखें और लालची लोग हैं। शीर्ष नेतृत्व का यह तंज कहीं से भी तर्क संगत नहीं कहा जा सकता है। कांग्रेस को समझना होगा कि शुतुरमुर्ग की तरह रेत में सर गड़ा लेने से आंधियों से पार नहीं पाया जा सकता है। यदि कांग्रेस वाकई चुनावों और देश हित को लेकर गंभीर है तो उसको आत्ममंथन कर पार्टी के बिखराव को रोकना होगा। यही देश व उसके हित में भी होगा, क्योंकि देश की उन्नति में सशक्त विपक्ष की भी महती भूमिका होती है।

# काश! कावेरी को सहेजा होता



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यह किसी से छुपा नहीं है कि कावेरी के जल बंटवारे को लेकर दक्षिण के दो बड़े राज्यों तमिलनाडु और कर्नाटक में जमकर सियासत तो होती है, लेकिन जब उसे सहेजने की बात आती है तो उसे गंदा अधिक करने की तत्परता ही दिखती है।

गौरतलब है कि केआर नगर, कौल्लेगल और श्रीरंगपट्टनम नगरों की नालियों का गंदा पानी और नंजनगुड शहर के कारखानों व सीवर की निकासी बगैर किसी शोधन के काबिनी नदी में मिला दी जाती है। काबिनी नदी आगे चलकर नरसीपुर के पास कावेरी में मिल जाती है। कहने को कोल्लेगल में एक ट्रीटमेंट प्लांट लगा है, लेकिन इसे चलते हुए कभी किसी ने नहीं देखा। शहरी गंदगी के बाद कावेरी को सबसे बड़ा खतरा इसके डूब क्षेत्र में हो रही अंधाधुंध खेती से है। ज्यादा फसल लेने के लालच में जमकर रासायनिक खाद व कीटनाशकों के इस्तेमाल ने कावेरी का पानी जहर कर दिया है।

देश के सबसे सुंदर शहरों में से एक बेंगलुरु का जल संकट इन दिनों चर्चा में हैं। कहा तो यह जा रहा है कि लगातार दो साल से बरसात कम हो रही है। हकीकत यह है कि स्थानीय तालाबों को सुखाने के साथ-साथ कावेरी नदी के प्रति सरकार और समाज की बेपरवाही इसके मूल में हैं। बेंगलुरु शहर की कोई एक करोड़ चालीस लाख आबादी के लिए हर दिन 2600 एमएलडी पानी की जरूरत है, जबकि कावेरी नदी से मात्र 1460 मिल रहा है। कोई 1200 से अधिक नलकूप सूख चुके हैं। बरसात अभी कम से कम दो महीने दूर है और इसीलिए कई स्कूल-कालेज-दफ्तर बंद कर दिए गए। पानी के दुरुपयोग पर पांच हजार के जुर्माने सहित कई पाबंदियां लगा दी गई हैं।

यह किसी से छुपा नहीं है कि कावेरी के जल बंटवारे को लेकर दक्षिण के दो बड़े राज्यों तमिलनाडु और कर्नाटक में जमकर सियासत तो होती है, लेकिन जब उसे सहेजने की बात आती है तो उसे गंदा अधिक करने की तत्परता ही दिखती है। कावेरी नदी कर्नाटक के कुर्ग जिले के पश्चिमी घाट के घने जंगलों में ब्रह्मगिरी पहाड़ी पर स्थित तलकावेरी से निकलती है। कोई आठ सौ किलोमीटर की यात्रा के दौरान कई सहायक नदियां इसमें आकर मिलती हैं, लेकिन जब दो लाख घन मीटर से अधिक वार्षिक जल बहाव वाली कावेरी का समागम तमिलनाडु में थंजावरु जिले में बंगाल की खाड़ी में होता है तो यह एक शिथिल व छोटी सी जलधारा मात्र रह जाती है।

कावेरी के पानी को लेकर दो राज्यों के बीच का विवाद संभवतया दुनिया के सबसे पुराने जल विवादों में से एक है। 17 वीं सदी में टीपू सुल्तान के शासनकाल में जब तत्कालीन मैसूर राज्य ने इस पर बांध बनाया था तब मद्रास प्रेसीडेंसी ने इस पर आपत्ति की थी। इस झगड़े का एक पड़ाव सन् 1916 में सर विश्वेश्वरय्या की पहल पर बनाया गया कृष्णराज सागर यानी के.आर.एस. बांध था, पर जब दोनों राज्यों में पानी की मांग बढ़ी तो यह बांध भी विवादों की चपेट में आ गया। कावेरी की लपटों में न जाने क्या-क्या झुलसा, लेकिन पानी पर सियासत करने वालों ने इस बात की सुध कभी नहीं ली कि कावेरी का मैला होता पानी अब जहर बनता जा रहा है। कुछ साल पहले बेंगलुरू विश्वविद्यालय ने वन और पर्यावरण मंत्रालय तथा राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय-एनआरडीसी की मदद से एक विस्तृत शोध किया था जिसमें बताया गया था कि के.आर.एस. बांध से नीचे आने वाला पानी ऊपरी धारा की तुलना में बेहद दूषित हो गया है।

गौरतलब है कि केआर नगर, कौल्लेगल और श्रीरंगपट्टनम नगरों की नालियों का गंदा पानी और नंजनगुड शहर के कारखानों व सीवर की निकासी बगैर किसी शोधन के काबिनी नदी में मिला दी जाती है। काबिनी नदी आगे चलकर नरसीपुर के पास कावेरी में मिल जाती है। कहने को कोल्लेगल में एक ट्रीटमेंट प्लांट लगा है, लेकिन इसे चलते हुए कभी किसी ने नहीं देखा। शहरी गंदगी के बाद कावेरी को सबसे बड़ा खतरा इसके डूब क्षेत्र में हो रही अंधाधुंध खेती से है। ज्यादा फसल लेने के लालच में जमकर रासायनिक खाद व कीटनाशकों के इस्तेमाल ने कावेरी का पानी जहर कर दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक बरसात के दिनों में कावेरी के पानी में हर रोज 1051 टन सल्फेट, 21 टन फास्फेट और 34.88 टन नाइट्रेट की मात्रा मिलती है। गर्मी के दिनों में जब पानी का बहाव कम हो जाता है, तब सल्फर 79 टन, 2.41 टन फास्फेट और 3.28 टन नाइट्रेट का जहर हर रोज इस पावन कावेरी को दूषित कर रहा है। याद रहे कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक नाइट्रेट के रूप में नाइट्रोजन की इतनी मात्रा वाला पानी बच्चों के लिए जानलेवा है। कौल्लेगेल क्षेत्र में शहरी सीवर के कारण कावेरी का पानी मवेशियों के लिए भी खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। यहां पानी में कैडमियम, एल्यूमिनियम, जस्ता और सीसा की मात्रा निर्धारित स्तर को पार कर जाती है। ये नदी किनारे रहने वालों के लिए आए दिन नई-नई बीमारियों की सौगात लेकर आ रहे हैं। वैसे तो अन्य नदियों की ही तरह कावेरी में भी खुद-ब-खुद शुद्धीकरण की विशेषता है, लेकिन आधुनिक जीवनशैली के लिए आवश्यक बन गए रासायनों की बढ़ती मात्रा से नदी का यह गुण नाकाम हो गया है। कावेरी के किनारों पर रेत की बेतरतीब खुदाई, शौचकर्म और कपड़ों की धुलाई ने भी नदी का मिजाज बिगाड़ दिया है।

कावेरी के दूषित होने की चेतावनियां सन् 1995 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एक रपट में दर्ज थी। उसमें कहा गया था कि कावेरी का पानी अपने उद्गम तालकावेरी से मैसूर शहर की सीमा तक सी ग्रेड का है, जबकि यह होना ए ग्रेड का चाहिए। विदित हो कि ए ग्रेड के पानी की 100 मिलीलीटर मात्रा में कॉलीफार्म बैक्टीरिया की मात्रा 50 होती है, जबकि सी ग्रेड में यह खतरनाक विषाणु छह हजार होता है। पानी की अम्लीयता का पैमाना कहे जाने वाले पीएच वैल्यू में काफी अंतर दर्ज किया गया था। प्रदूषण बोर्ड की उस रिपोर्ट में यह भी बताया गया था कि केआर बांध से होगेनक्कल तक और बेंगलुरु से ग्रेंड एनीकेट तक और उसे आगे कुंभकोणम तक पानी की क्वॉलिटी ई ग्रेड की है। सनद रहे कि इस स्तर का पानी पीने के लिए कतई नहीं होता है। तमिलनाडु के तिरुवरूर जिले के मन्नारगुडी का सीबीएम यानी कोल बेड मीथेन क्षेत्र कावेरी की जान का दुश्मन बना है। यहां गहरी खुदाई के लिए और उसके बाद वहां से निकलने वाले कोयले को नदी के पानी से साफ किया जाता है और इस तरह दूषित जल सीधे नदी में फिर बहा दिया जाता है, तभी मन्नारगुडी के आस-पास कई किलोमीटर तक नदी का पानी काला-नीला दिखता है।

सिंचाई, सफाई और सियासत के भंवर में फंसी 770 किलोमीटर लंबी कावेरी की सबसे ज्यादा दुर्गति कर्नाटक के कुर्ग जिले में ही है। यह इलाका काफी उत्पादक है और सरकारी रिकॉर्ड कहता है कि चार लाख पचहत्तर हजार टन कॉफी का कचरा सीधे नदी में जा रहा है। कुर्ग शहर की एक लाख आबादी का पूरा निस्तार बगैर सफाई के नदी में मिलता है। यह इलाका सूअर के गोश्त के व्यापार के लिए भी जाना जाता है और हजारों बूचड़खाने का गंदा पानी इसमें सीधे मिलाने में किसी को कोई संकोच नहीं होता।

कुछ समय पहले प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक और राज्य ज्ञान आयोग के अध्यक्ष प्रो. के. कस्तूरी रंगन ने राज्य शासन को एक रपट सौंपी थी जिसमें कावेरी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए त्वरित विशेष प्रयास करने व उसके लिए अलग से बजट की बात की थी। रपट में बताया गया था कि कावेरी के किनारे उभर आए कई पर्यटनस्थल नदियों में सीवर की गंदगी बढ़ा रहे हैं, वहीं इससे रेत का अवैध खनन इसके अस्तित्व के लिए खतरा बन रहा है। जब बेंगलुरु जैसे महानगर और व्यापारिक केंद्र पर जलसंकट आता है तो कावेरी की याद आती है। काश कावेरी को हर समय याद रखा जाए तो प्यास के नौबत ही नहीं आएगी।

## प्रसंगवश

# आनुवंशिकताएं और संस्कृतियां

लोकवार्ता के अध्ययन का कोई भी प्रयास जनगण के जीवन और जनमानस के समीप पहुंचने और उसके साथ संबंध स्थापित करने की साधना है। लोक को ज्ञान के केन्द्र में प्रतिष्ठित करने का अनुष्ठान है। लिखित अक्षर की महिमा के संबंध में कितना कुछ कहा जा सकता है।

मनुष्य जीवन में वह क्रांतिकारी दिन था, जिस दिन मनुष्य ने लिपि का आविष्कार किया था। जिस दिन मानव सभ्यता के आंगन में पुस्तक का अवतार हुआ था, उस दिन मनुष्य व लोकजीवन ने पुस्तक के प्रति इतनी श्रद्धा व्यक्त की थी कि उसको ईश्वर की वाणी का अवतार माना था। भारत में ज्ञान की अधिष्ठात्री सरस्वती हैं और उसके हाथ में पुस्तक है-वीणा पुस्तकधारिणी, लेकिन पुस्तक कोई भी हो, वह असीम नहीं हो सकती।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

पुस्तक में जो कल लिखा गया था, वह कल का जीवन ही तो था, लेकिन जीवन तो बह रहा है, बहता रहेगा। पुस्तक जो कल लिखी गई थी, उसमें कल तक का जीवन अनुभव था। सूरदास के शब्दों में कहें तो ऊधौ बंध्यौ ज्ञान पोथी कौ। कबीर ने जब संस्कृत को कूप जल कहा था तो उसका आशय उस बंधे हुए ज्ञान से ही था। बहता नीर निर्बन्ध है और वह वाचिक परंपरा है, श्रुति परंपरा है, मौखिक परंपरा है, ओरल ट्रेडीशन है। जीवन व्यवहार में लिखित का महत्व तो है, किंतु जीवन का समस्त व्यवहार तो लिखकर हो नहीं सकता। जीवन व्यवहार बोलने से होता है, कहने सुनने से होता है। इसलिए लोकवार्ता वाचिक परंपरा की महिमा को प्रतिष्ठित करती है।

विचार करने की बात है कि हमारी शिक्षा पाठ्य पुस्तकों के घेरे में किस कदर घिर गई कि विद्यार्थी और अध्यापक समझने लगे कि पुस्तक ही ज्ञान की परमावधि है। लोकवार्ता इस बंधी हुई दृष्टि का निराकरण करती है, जीवन पुस्तक ही नहीं है। जीवन पुस्तक के बाहर है।

हमारी राष्ट्रीयता और मनुष्यता का पक्का आधार उन असंख्य गाथाओं, कथाओं, मिथकों में जीवित है, जो हजारों-हजारों सालों से हमारे जातीय जीवन को शक्तिवान बनाते रहे हैं। हमारी लोकपरंपरा में हजारों आनुवंशिकताएं और संस्कृतियां उसी प्रकार अंतर्भुक्त हुई हैं, जैसे सहस्र धाराएं गंगा में समा जाती हैं।

# भौतिक पदार्थों के संयोजन की देन है हमारी चेतना



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

अपनी सूक्ष्मता और विशालता में ज्ञेय-अज्ञेय ब्रह्मांड जैसा है, वैसा है। सवाल है हमारे मनुष्य के जीवन का कोई अर्थ, कोई लक्ष्य है? हमारे जीवन में नैतिक मूल्यों का, सदाशयता का, सामाजिक सरोकारों का कोई आधार, कोई प्रासंगिकता है या अनिश्चितता और आकस्मिकता के अंधकार में डूबा बस अंधकार ही अंधकार है? हमारी रहस्यमय चेतना महज भौतिक पदार्थों के संयोजन की देन है या इसका कोई अभौतिक स्रोत, अभौतिक नियामक और अभौतिक अभिप्रेत भी है?

ब्रह्मांड क्या है, यह कब और कैसे उत्पन्न हुआ, इसका आयतन स्थिर है या बढ़ रहा है। इन प्रश्नों को छोड़िए। बस ब्रह्मांड है और उसमें चेतन प्राणी के रूप में हमारी एक स्थिति है, एक भूमिका भी। हमें मोटा-मोटा मालूम है कि हमारी पृथ्वी हमारे सौरमंडल का एक ग्रह है जिसका एकमात्र उपग्रह चंद्रमा है।

पृथ्वी अन्य ग्रहों की भांति हमारे सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है, ऐसा करते हुए वह अपनी धुरी पर भी घूर्णन करती रहती है। हम आकाश की ओर देखते हैं तो कम-ज्यादा चमकते हुए, दूर-पास नक्षत्र (ग्रह) और तारे दिखाई पड़ते हैं। हमें बताया गया है कि हर तारा एक सूर्य है, जो स्वयं भासमान है, किंतु हर ग्रह सूर्य के प्रकाश से ही चमकता है। हमारी आकाशगंगा में हमारे सूर्य-जैसे अनेक सूर्य हैं और हर सूर्य के अपने कम-ज्यादा संख्या में ग्रह हैं।

अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को और भी बहुत कुछ ज्ञात है। उनके अनुसार ब्रह्मांड की विशालता हमारी कल्पना से परे है। अब देखिए हम शुक्र को साफ-साफ देख पाते हैं, क्योंकि वह हमारे सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह है और अन्य ग्रहों में बस मंगल की अपेक्षा हमसे दूर है, बाकी सबसे करीब है। अंतरिक्ष-वैज्ञानिक बताते हैं कि शुक्र की दूरी पृथ्वी से तकरीबन आधा अरब मील है। प्रकाश की रफ्तार (लगभग) 1,86,000 मील प्रति सेकेंड है। प्रकाश को शुक्र से पृथ्वी तक पहुंचने में 45 मिनट लग जाते हैं। जब हम अपने सौर मंडल से और आगे बढ़ते हैं तो दूरियां इतनी विस्तीर्ण हो जाती हैं कि मील से काम नहीं चलता। तब हम दूरी को समय से मिलाकर उसे प्रकाश वर्ष में नापते हैं। एक प्रकाश वर्ष वह दूरी है जिसे तय करने में प्रकाश को एक वर्ष लगता है। एक साल में प्रकाश 60 खरब मील की दूरी तय कर लेता है। हमारी आकाशगंगा के सबसे करीब की आकाशगंगा एंड्रोमेडा है। उससे निकले जिस प्रकाश को हम आज देख रहे हैं वह 25 लाख साल पहले वहां से चला था।

दृश्यमान ब्रह्मांड में कितनी आकाशगंगा हैं? कम से कम 200 अरब और अधिक से अधिक 20 खरब। इतना विस्तार और इतनी संख्या में आकाशीय पिंड कि बस अनुमान ही अनुमान है, वह भी किसी अनुमान-जैसा अनुमान नहीं, बस लालबुझक्कड़ वाला। आयतन और आकाशीय पिंडों की संख्या की तरह ब्रह्मांड का आयु काल भी शुद्ध अनुमान है।

क्षमा करेंगे स्टीफ़न हॉकिंग का एक जर्रे के महाविस्फोट से 13.8 अरब साल पहले ब्रह्मांड की उत्पत्ति और लगातार विस्तार का सिद्धांत मुझे तो उतना ही वैज्ञानिक लगता है जितना ऋग्वेद के पुरुष सूक्त में विराटपुरुष के भिन्न-भिन्न अंगों से ब्रह्मांड के भिन्न-भिन्न अवयवों की उत्पत्ति का रूपक। या अब्राहमिक धर्मों के धर्मग्रंथों में वर्णित ईश्वर द्वारा छह दिन में सृष्टि की रचना। कम से कम विज्ञान में बिना समझ में आए विश्वास कर लेने जैसी कोई चीज नहीं होनी चाहिए। वह शुभ घड़ी 13.8 अरब साल पहले ही क्यों आई, 13 या 14 अरब साल पहले क्यों नहीं?

वैज्ञानिक खोजों से प्राप्त इन और इन जैसी अनेक जानकारियों के प्रकाश में कपिल के निरीश्वर सांख्य और शंकर के अद्वैत वेदांत की क्या प्रासंगिकता है? अपनी सूक्ष्मता और विशालता में ज्ञेय-अज्ञेय ब्रह्मांड जैसा है, वैसा है। सवाल है हमारे मनुष्य के जीवन का कोई अर्थ, कोई लक्ष्य है? हमारे जीवन में नैतिक मूल्यों का, सदाशयता का, सामाजिक सरोकारों का कोई आधार, कोई प्रासंगिकता है या अनिश्चितता और आकस्मिकता के अंधकार में डूबा बस अंधकार ही अंधकार है?

हमारी रहस्यमय चेतना महज भौतिक पदार्थों के संयोजन की देन है या इसका कोई अभौतिक स्रोत, अभौतिक नियामक और अभौतिक अभिप्रेत भी है? बस इसी संदर्भ में कपिल और शंकर के धर्म-निरपेक्ष और 'ईश्वर' निरपेक्ष चिंतन के प्रति एक जिज्ञासात्मक भाव है।

## सोशल फोरम

# ट्रेलिस सिस्टम



अधिकांशतः यह स्वीकार कर लेना बेहतर समझा जाता है कि ढर्रे में चल रही चीजें ही जीवन का अंतिम सत्य हैं। हम खुद से सोचना बंद कर नतमस्तक होकर इन रेडीमेड विचारों को शिरोधार्य कर लेते हैं। फिर चाहे वह धर्म हो राजनीति, समाज हो या व्यवसाय! पहले पहल जीरे जैसे सरकारी टैंक के अनुदान से ही हमने रेसवे का ऊंट बनाने का निर्णय लिया और आपदा में उसने पूरा प्रलय झेलकर इसे सही साबित कर के दिखा दिया।

पिछले वर्ष कीवी के सरकारी लोहे के डंडों की जगह हमने एक शानदार स्ट्रक्चर का निर्माण किया। इस बार एप्पल मिशन के इतर अपने शानदार किसान भाई मुकेश दरम्वाल को खुद के सर्पोट पोल बनाते देखा तो लगा कि यह बहुत पैक्टिकल और बेहतर हैं। पिछले वर्ष ही एक किसान का एप्पल ट्रैलिस सिस्टम बर्फबारी में धाराशाही होते देखा था। इस हिसाब से मुकेश का यह प्रयोग स्थानीय स्तर पर ज्यादा बेहतर था।



पृथ्वी 'लक्ष्मी' राज सिंह
रामगढ़, उत्तराखंड

इसी क्रम में हमने भी उसे थोड़ा और मोडिफाई कर अपनाने का निर्णय लिया। सेब और स्ट्रक्चर के स्थानीय विशेषज्ञ भाई चंदन बिष्ट के सुझावों से इसे प्रचलित ट्रेलिस सिस्टम के अनुरूप ढाला। इसमें हमने चौदह फिट लंबे डेढ़ इंच मोटे पुराने मजबूत जी आई पाइप को एक आठ फिट के अतिरिक्त सपोर्ट पोल से जोड़ा ताकि बहुत हवा या बर्फबारी/ ओलावृष्टि में भी यह सीधा बना रहे और उसकी टॉप में दो बाई दो फीट के वी सेप बार का निर्माण किया जिससे कि हेलनैट पेड़ों के ऊपर से एक दूरी बनाकर बाहर आए। उम्मीद है कि यह साझा अनुभव भविष्य में ज्यादा कारगर व बेहतर साबित होगा। इस वर्ष गिने चुने पेड़ों में फूल आने शुरू हुए हैं। जल्द ही यह दृश्य भी बदलेगा तब यहां हजारों बुके हाथ में लिए इन पेड़ों के बीच एक सेलेब्रिटी की तरह खड़े होंगे।

-फेसबुक वॉल से

# सोशल मीडिया की दुनिया में खोता बचपन



पूजा गुप्ता
स्वतंत्र लेखिका, मिर्जापुर

आजकल बच्चे एक पल भी अपने मोबाइल को अपने से दूर नहीं रखना चाहते हैं भले ही परिवार का कोई भी सदस्य उनसे दूर हो जाए। हमें इस तरह की बच्चे में बढ़ती विसंगतियों को रोकना होगा।

ऐसे तो सोशल मीडिया वरदान भी है और अभिशाप भी है। बच्चों में बढ़ रहा मानसिक विस्तार सोशल मीडिया की ही देन है। बच्चे इसका प्रयोग कैसे करते हैं यह उनके ऊपर निर्भर करता है। आजकल बच्चे अधिकतर मोबाइल में ऑनलाइन पढ़ाई करते हैं और क्या वह सच में पढ़ाई करते हैं? बच्चों के बीच परिवार का सामंजस्य बराबर नहीं बैठ पा रहा है। सवेरे उठना मंजन करना चाय पीना फिर मोबाइल लेकर के बैठ जाना घंटो मोबाइल के अंदर अपनी आंख लगाए रखते हैं जिसकी वजह से उनके स्वास्थ्य पर भी मोबाइल का असर होता है। अपने परिवार से ज्यादा बच्चे मोबाइल को महत्व देने लगे हैं और उसमें जुड़ी हुई हर गतिविधियों पर अपनी नजर बनाए रखते हैं, जहां उन्हें अच्छी चीजें भी देखने मिलती हैं और बुरी चीजें भी। युवा-बच्चे अक्सर सोशल मीडिया की चपेट में होते हैं, उनकी पढ़ाई-लिखाई सब दूर हो रही है। एक घंटा पढ़ाई करते हैं फिर मोबाइल से घंटों अपने दोस्तों के साथ गपशप करते हैं। बंद कमरे में रहने वाले बच्चे अपने मोबाइल के साथ खुद को बंद कर लेते हैं। फिर यदि परिवार का कोई सदस्य उन्हें किसी कार्य के लिए उठाता है तो यह बच्चे चिड़चिड़ा जाते हैं। बच्चों में बढ़ रही विद्रोह की भावना आने वाली पीढ़ी के लिए बेहद घातक है। पहले जमाने में बच्चे अपने परिवार के साथ समय व्यतीत करते थे। अच्छा बुरा सबका ज्ञान लेते थे, लेकिन आजकल तो केवल मोबाइल में ही अच्छा बुरा देखते रहते हैं जिसमें से अच्छा कम बुरा देखने की ज्यादा प्रवृत्ति बच्चों में पाई जाती है जिसकी वजह से उनकी मानसिकता पर बुरा प्रभाव पड़ता है। जब परिवार का कोई व्यक्ति उन्हें हाथ में मोबाइल लेने से रोकता है तो उन्हें लगता है कि हमारी आजादी हमसे छीनी जा रही है। आजकल बच्चे एक पल भी अपने मोबाइल को अपने से दूर नहीं रखना चाहते हैं भले ही परिवार का कोई भी सदस्य उनसे दूर हो जाए। हमें इस तरह की बच्चे में बढ़ती विसंगतियों को रोकना होगा वरना परिणाम घातक हो सकते हैं।

आजकल देखा गया है कि छोटे -छोटे 3 या 4 साल के बच्चों के हाथ में भी मोबाइल होता है जिसका प्रभाव उनका सीधे आंखों पर पड़ता है। समय से पहले बच्चों को चश्मा लग जाता है उनकी आंखें खराब हो जाती हैं। सोचिए अगर यह बच्चे बड़े होंगे तब तक इनकी आंखें कितनी खराब हो जाएगी। मोबाइल से उठने वाली तरंगे भी बच्चों के हार्ट, लिवर व किडनी पर असर करती हैं। बच्चों को इन सब परेशानियों से दूर रखने के लिए सबसे पहले बहुत ही छोटे-छोटे बच्चों को मोबाइल उनके हाथों से ले लें, उन्हें खिलौना से खेलने की आदत डालें और उनके पास बैठकर उन्हें अच्छा बुरा का ज्ञान दें। उनके साथ खेले, समय व्यतीत करें, अधिकतर परिवार में यह देखा गया है कि वह कार्य के चलते अपने बच्चों पर ध्यान नहीं देते हैं जिसका परिणाम यह होता है कि बच्चे एक कमरे में अपने को अकेला कर लेते हैं। घंटों बैठकर कानों में ईयर फोन लगाकर गाने सुनते हैं जिसकी वजह से इनकी श्रवण शक्ति कमजोर पड़ जाती है। कानों में सख्त मैल जम जाता है, जो कि बहुत ही हानिकारक है। कभी-कभी यह मैल इतना ज्यादा बढ़ जाता है कि कानों में सफाई कराने के लिए डॉक्टर की आवश्यकता पड़ती है। ईयर फोन के ज्यादा प्रयोग करने से बच्चों में बहरापन भी देखा गया है, हमें बच्चों को इनसे बचाना होगा।

बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते हैं। इनका मन कोमल होता है, जिस तरह आप इन्हें रखेंगे यह उस प्रकार ढल जाएंगे तो इसकी शुरुआत इनके बचपन से कीजिए। क्योंकि यह बड़े होने पर किसी की नहीं सुनेंगे, समय रहते इन्हें मोबाइल से दूर रखें और इनके साथ समय व्यतीत करें।

# लापरवाही न बरतें किडनी की बीमारी में



डॉ. अर्चना श्रीवास्तव
चिकित्सक, लखनऊ

किडनी के कई रोग बहुत गंभीर होते हैं और यदि इनका समय पर इलाज नहीं किया गया तो उपचार असरकारक नहीं होता है। विकासशील देशों में उच्च लागत, संभावित समस्याओं और उपलब्धता की कमी के कारण किडनी फेल्योर से पीड़ित सिर्फ 5-10 प्रतिशत मरीज ही डायालिसिस और किडनी प्रत्यारोपण का उपचार करवा पाते हैं। बाकी मरीज सामान्य उपचार पर बाध्य होते हैं जिससे उन्हें अल्पावधि में ही विषमताओं का सामना करना पड़ता है। किडनी खराब होने से बचने की जानकारी प्रत्येक व्यक्ति को होनी चाहिए। किडनी की बीमारी को कभी अनदेखा न करें। इसके लिए नियमित रूप से एरोबिक व्यायाम और दैनिक शारीरिक गतिविधियां, रक्तचाप को सामान्य रखने में और रक्त शर्करा को नियंत्रण करने में मदद करती हैं। इस तरह शरीरिक गतिविधियां, मधुमेह और उच्च रक्तचाप के खतरे को कम कर देती है और इस प्रकार किडनी रोग के जोखिम को कम किया जा सकता है। इसके अलावा संतुलित आहार लें, वहीं जिनकी उम्र 40 के ऊपर है, वे भोजन में कम नमक और चीनी कम लें और वजन नियंत्रण रखें। साथ ही दर्द निवारक दवाओं से सावधान रहें। क्योंकि लंबे समय तक दर्द निवारक दवाइयां लेने से किडनी को नुकसान होने का भी भय रहता है। धूम्रपान और तंबाकू के उत्पादों का सेवन न करें। खूब पानी पीयें, किडनी का वार्षिक चेकअप कराएं। किडनी की बीमारियां अक्सर छुपी हुईं एवं गंभीर होती हैं। अंतिम चरण पहुंचने तक इनमें किसी भी प्रकार का लक्षण नहीं दिखता है। किडनी की बीमारियों की रोकथाम और शीघ्र निदान के लिए सबसे शक्तिशाली प्रभावी उपाय नियमित रूप से किडनी का चेकअप कराना है, लेकिन अफसोस है कि इस विधि का उपयोग ज्यादा नहीं होता है। किडनी रोग गंभीर रोग है। उचित देखभाल और संयम से ही इससे बचा जा सकता है।

# बैंकिंग की बढ़ती शिकायतें



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

आरबीआई एकीकृत लोकपाल योजना 2021 के तहत सोमवार को जारी पहली रिपोर्ट के मुताबिक बैंकों के खिलाफ 1,96,635 शिकायतें मिली ही हैं, जो कुल प्राप्त शिकायतों का 83.78 फीसदी हैं। यह शिकायतें बैंक सेवा में कमी, काम में विलंब, मोबाइल/इलेक्ट्रानिक बैंकिंग, पैरा बैंकिंग, लोन, एटीएम/ डेबिट कार्ड आदि को लेकर की गई हैं। बैंकिग लोकपाल को ग्राहक द्वारा शिकायत करना अत्यंत सरल होता है, अगर उसका बैंक उसकी शिकायत पर ध्यान नहीं दे रहा या ग्राहक उत्तर से असंतुष्ट है और उसकी शिकायत को 30 दिन का समय हो चुका है तो ऐसे में ग्राहक ऑनलाइन शिकायत भेज सकता है।

इसके लिए कोई शुल्क भी देना नहीं होता। शिकायत के लिए उसको पर्याप्त समय भी दिया जाता है। वह अपनी शिकायत 13 महीने के अंदर लोकपाल को भेज सकता है, जिस पर लोकपाल 33 दिनों में समुचित कार्रवाई करेगा। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत ऑनलाइन या रजिस्ट्री द्वारा अपने विवरण जैसे नाम, संबंधित बैंक का नाम, खाते का विवरण, मोबाइल नंबर और अपने पते के साथ शिकायत कर सकता है। ऑनलाइन शिकायत सरकारी पोर्टल पर भेजी जा सकती है या CRPC@rbi.org.in पर में भेज कर भी दर्ज हो सकती है।



**तीसरा रोजा**

शिया
सहरी : 05.15 बजे
इफ्तार : 06.20 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.53 बजे
इफ्तार : 06.07 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**पैगाम ए रमजान**

माह ए रमजां का हर इक दिन खास होना चाहिए, हमको रब के इम्तिहाँ में पास होना चाहिए। भूखे-प्यासे रहके भूखे- प्यासों के दुख दर्द का। हर किसी को हर घड़ी एहसास होना चाहिए।।
नियाज कपिलवस्तुवी, सिद्धार्थनगर

**एक नजर**

### धड़ल्ले से हो रहा अवैध खनन, अधिकारी बेखबर

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के बढ़नी ब्लॉक के मड़नी चौराहे के निकट सरयू नहर के दक्षिण तरफ जेसीबी से अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा है। इस कारनामे से जिम्मेदार बेखबर हैं। दुधवनिया खुर्द निवासी कर्ताराम यादव और बढ़नी निवासी परवेज आलम ने बताया कि जेसीबी से हो रहे अवैध खनन से निकलने वाली मिट्टी को ढोने में दर्जनों ट्रॉलियां लगी हैं। कर्मेंद्र कुमार उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ ने बताया कि इसकी जानकारी नहीं है, मामले की जांच कराते हैं।

### 15 को सीएम करेंगे योजनाओं का लोकार्पण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** सांसद जगदंबिका पाल ने बुधवार को कैंप कार्यालय में 15 मार्च के सीएम के आगमन को लेकर प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 551 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। इसकी लागत 1900 करोड़ है। अशोक मार्ग स्थित बीएसए ग्राउंड में 15 मार्च को मुख्यमंत्री विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे जिसमें परियोजनाओं का शिलान्यास व आधारशिला रखेंगे।

### वृद्धा ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** जनपद मुख्यालय के भीमपार स्थित ओवरब्रिज के नीचे रेलवे लाइन पर 60 वर्षीय महिला ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। शव की शिनाख्त बुढ़ाना पत्नी हजारी निवासी परशाह आलम के रूप में हुई। बताया जाता है कि महिला गृहकलह से ऊबकरउसने आत्महत्या की है।

# सड़क पर बेखौफ फर्राटा भर रहे चार पहिया वाहन सवार

**लापरवाही**

- हादसों में नहीं आ रही कमी, दो दिन में तीन दुर्घटनाओं में जा चुकी है 4 लोगों की जान

सिद्धार्थनगर कार्यालय




**अमृत विचार :** सड़क पर दो पहिया वाहन से या फिर पैदल चल रहे हैं तो सजग रहें क्योंकि चार पहिया वाहन वाले बेखौफ होकर चल रहे हैं। कब पीछे या सामने से आकर ठोक दें, कुछ नहीं पता होता। दो दिन में तीन ऐसी दिल दहला देने वाली घटनाएं सामने आई जिसमें चार पहिया वाहन सवारों की वजह से 4 लोगों की जान चली गई जबकि दो अस्पताल में भर्ती हैं।

शिवनगर डिडई थाना क्षेत्र के करही में हुई घटना की सीसीटीवी की एक तस्वीर सामने आई है। इसमें खाली सड़क पर हाई स्पीड वाहन बाइक सवार दंपती को उड़ाते हुए नजर आ रहा है। अन्य दोनों घटनाएं भी ऐसे ही हुई। इससे लग रहा है कि नियम तोड़ने वालों के लिए जिंदगी का कोई मोल नहीं है। उन्हें न तो कानून और न ही कार्रवाई का कोई डर है, इसलिए बेखौफ होकर हाईस्पीड में वाहन चला रहे हैं। इन घटनाओं पर लोग चिंता जाहिर कर रहे हैं।

### खाली रोड पर कार ने बाइक सवार को उड़ाया

दो दिन पहले शिवनगर डिडई थाना क्षेत्र के करही के पास सूनसान सड़क पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार कर उड़ा दिया। इलाज के बाद पति की मौत हो गई जबकि पत्नी का इलाज चल रहा है। सांसद जगदंबिका पाल ने सक्रियता दिखाकर अस्पताल पहुंचाया जिससे महिला की जान बच सकी। इस घटना की एक सीसीटीवी में कैद हुई है।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से गई दो लोगों की जान

11 मार्च को एनएच बांसी-बस्ती मार्ग पर बांसी कोतवाली क्षेत्र के सोनखर मलंग बाबा स्थान के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की दोनों ने चंद मिनट में ही दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बोलेरो में बराती थे जो नशे में थे। आरोपी मौके से फरार हो गए।

> सड़क हादसों को रोकने के लिए नियमित चेकिंग की जा रही है। नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। हादसे रुकें, इसके लिए स्कूल कॉलेज में जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है। हादसे होने पर पुलिस केस दर्ज कर कार्रवाई करती है। -सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक

# चोरी करने के बाद शटर में अपना ताला लगा गए चोर

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर स्थित टोला केवटलिया निवासी प्रकाश गुप्ता के मकान में लगे शटर का ताला तोड़कर चोरी हो गई। खास बात ये कि वारदात के बाद चोर शटर में अपना ताला लगाकर फरार हो गए।

प्रकाश गुप्ता ने बताया कि 8 मार्च को वह पत्नी व बच्चों के साथ अपनी ससुराल मरवटिया माफी गए थे, घर पर कोई नहीं था। केवटलिया भठिया बाजार मार्ग के किनारे स्थित अपने मकान पर 12 मार्च की शाम जब वह पहुंचे तो शटर में लगा ताला टूटा और दूसरा ताला लटका था। घर के अंदर गए तो बिखरा सामान देखकर होश उड़ गया। चोर घर में रखी नकदी सहित जेवर, कीमती कपड़े, बर्तन ले गए। घटना की सूचना 112 पर दी पुलिसकर्मी पहुंचे। उसने लिखित तहरीर दी है। एसओ रोहित उपाध्याय ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच की जा रही है।

# ईवीएम जमा होने तक डटे रहें मजिस्ट्रेट

## प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट व नोडल अफसरों को डीएम ने दिए निर्देश

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार को सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट एवं नोडल ऑफिसर का प्रशिक्षण कार्यक्रम लोहिया कलाभवन में हुआ। इसमें पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेटों को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान दिवस में पोलिंग पार्टियों के साथ-साथ सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों की सक्रियता मतदान को सफल बनाती हैं। सभी को व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण के माध्यम से अधिकार व कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी जा चुकी है।

जिलाधिकारी ने कहा कि समयबद्धता और अनुशासन का विशेष ध्यान रखते हुए मतदान को निर्बाध रूप से पूर्ण कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करें। पोलिंग पार्टियों की रवानगी से लेकर उन्हें संबंधित बूथों पर पहुंचने, मतदान संपन्न कराने के साथ-साथ ईवीएम व वीवीपैट जमा करने तक सेक्टर मजिस्ट्रेट गंभीरतापूर्वक सक्रिय रहें। ईवीएम जमा होने के बाद संबंधित रिटर्निंग आफिसरों की अनुमति से ही सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट वापस जाएंगे। किसी भी अधिकारी का फोन स्वीच ऑफ नहीं होना चाहिए, यह भी सुनिश्चित करें। इस दौरान उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, डुमरियागंज संजीव दीक्षित, बांसी कुणाल, इटवा राहुल सिंह, शोहरतगढ़ करमेंद्र, पीडी नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा आदि मौजूद रहे।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्देश देते जिलाधिकारी व मौजूद अन्य अधिकारी।

### लोकतंत्र की मजबूती को मताधिकार अनमोल

**गोरखपुर, अमृत विचार :** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में वोट फॉर श्योर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को सोनबरसा, बालापार और सिकटौर (मानीराम) क्षेत्र की ग्रामीण महिलाओं को लोकतंत्र के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं ने निर्भीक होकर मतदान करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज अस्पताल के निदेशक कर्नल डॉ. राजेश बहल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मताधिकार अनमोल है। लोकतंत्र का प्रथम संस्कार वोट का अधिकार है। नोडल स्वीप अधिकारी डॉ. संदीप श्रीवास्तव ने मतदाता शपथ ग्रहण कराई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी धनंजय पांडेय, डॉ. विकास यादव की सक्रिय सहभागिता रही।

# राजस्व न देने पर टीम ने दुकान कुर्क की

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी ने राजस्व अमीनों को निर्देशित किया है कि राजस्व वसूली को दिए गए निर्देशों का अनुपालन करते हुए हर अमीन अपने-अपने लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करें। इसके अनुपालन में नायब तहसीलदार नगर देवेंद्र यादव के नेतृत्व में राजस्व अमीन योगेंद्र प्रसाद चौबे के साथ मोटर दुर्घटना बाकाएदार सतीश गुप्ता पुत्र रामचंद्र गुप्ता निवासी श्याम कुंज की दुकान चित्रा स्टेसनर्स स्थित असुरन पिपराइच रोड के बकाए 5 लाख 19 हजार 282 व ब्याज न देने पर कुर्क कर दिया गया। बकाएदार को बार-बार सूचना दिए जाने के बाद भी बकाया जमा नहीं किया जा रहा था, इसलिए यह कार्रवाई की गई।

तहसीलदार सदर ने राजस्व के सभी बकाएदारों से अपील की है की वह बकाया अपने तहसील से संपर्ककर संबंधित अमीन के माध्यम से विभाग में जमा करा दें अन्यथा इसी तरह सभी कार्रवाई की जाएगी। सभी अमीन दिए गए दायित्व का पूर्ण रूप से निर्वहन करते हुए बकाएदारों से बकाया धनराशि वसूल करते हुए जमा कराए। लापरवाही पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान नायब तहसीलदार नगर देवेंद्र यादव, क्षेत्रीय अमीन योगेंद्र प्रसाद चौबे, अजय कुमार ओझा, चंद्र प्रकाश यादव व हिमांशु यादव आदि रहे।




कुर्की की कार्रवाई के दौरान मौजूद नायाब तहसीलदार व अन्य अधिकारी।

# आनंद विहार सहरसा विशेष ट्रेन 25 को

**संवाददाता, गोरखपुर, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली त्योहार पर यात्रियों की सुविधा के लिए 01664/01663 आनन्द विहार-सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस होली विशेष गाड़ी का संचलन आनन्द विहार टर्मिनस से 25 मार्च, तथा सहरसा से 27 मार्च को एक फेरे के लिये निम्नवत किया जायेगा। 01664 आनन्द विहार टर्मिनस-सहरसा होली विशेष गाड़ी 25 मार्च,2024 को आनन्द विहार टर्मिनस से 11.10 बजे प्रस्थान कर हापुड से 12.21 बजे, मुरादाबाद से 13.53 बजे,बरेली से 15.13 बजे, हरदोई से 16.59 बजे, लखनऊ से 18.40 बजे, दूसरे दिन गोरखपुर से 00.15 बजे, देवरिया सदर से 01.07 बजे, सीवान से 02.20 बजे, छपरा से 03.20 बजे, हाजीपुर से 04.30 बजे, मुजफ्फरपुर से 05.35 बजे, समस्तीपुर से 06.20 बजे, दलसिगसराय से 06.40 बजे, बरौनी जं0 से 07.45 बजे, बेगूसराय से 08.06 बजे, खगड़िया से 08.42 बजे तथा सिमरी बख्तियारपुर से 09.55 बजे छूटकर सहरसा 11.20 बजे पहुंचेगी। वापसी में 01663 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी 27 मार्च को सहरसा से 09.30 बजे प्रस्थान कर सिमरी बख्तियार से 09.50 बजे, खगड़िया से 11.07 बजे, बेगूसराय से 11.52 बजे, बरौनी जं. से 12.25 बजे, दलसिंगसराय से 13.12 बजे, समस्तीपुर से 13.45 बजे, मुजफ्फरपुर से 14.50 बजे, हाजीपुर से 15.50 बजे, छपरा से 17.35 बजे, सीवान से 18.45 बजे, देवरिया सदर से 20.20 बजे, गोरखपुर से 22.25 बजे, दूसरे दिन लखनऊ से 06.05 बजे, हरदोई से 07.37 बजे, बरेली से 09.34 बजे, मुरादाबाद से 11.10 बजे तथा हापुड से 12.29 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 13.55 बजे पहुंचेगी। ट्रेन में शयनयान के 18, साधारण द्वितीय श्रेणी के दो, वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय श्रेणी का एक तथा एसएलआर. के दो कोच सहित कुल 23 कोच लगाये जाएंगे।

# होली पर रेलवे चलाएगा विशेष ट्रेनें

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन ने होली पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 04062/04061 दिल्ली-बरौनी-दिल्ली होली विशेष गाड़ी का संचलन दिल्ली से 24 व 31 मार्च और बरौनी से 25 व 1 अप्रैल को दो फेरों में करने का निर्णय लिया है।

04062 दिल्ली-बरौनी होली विशेष गाड़ी 24 व 31 मार्च को दिल्ली से 08.50 बजे प्रस्थान कर अलीगढ़ से 10.37 बजे, टुंडला से 11.35 बजे, इटावा से 12.40 बजे, कानपुर सेंट्रल से 15.25 बजे, लखनऊ से 17.50 बजे, गोंडज्ञ से 20.35 बजे, बस्ती से 21.55 बजे, गोरखपुर से 23.10 बजे, दूसरे दिन सीवान से 01.00 बजे, छपरा से 02.40 बजे तथा हाजीपुर से 04.15 बजे छूटकर बरौनी 06.30 बजे पहुंचेगी। वापसी में 04061 बरौनी-दिल्ली होली विशेष गाड़ी 25 व 1 अप्रैल को बरौनी से 08.00 बजे प्रस्थान कर हाजीपुर से 09.35 बजे, छपरा से 11.50 बजे, सीवान से 12.32 बजे, गोरखपुर से 14.50 बजे, बस्ती से 15.52 बजे, गोंडा से 17.55 बजे, लखनऊ से 20.30 बजे, कानपुर सेंट्रल से 22.25 बजे, दूसरे दिन इटावा से 00.05 बजे, टुंडला से 01.22 बजे व अलीगढ़ से 02.42 बजे छूटकर दिल्ली 07.35 बजे पहुंचेगी। ये जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### चंडीगढ़-गोरखपुर विशेष ट्रेन का होगा संचालन

होली पर 04518/04517 चंडीगढ़-गोरखपुर-चंडीगढ़ होली विशेष गाड़ी का संचलन चंडीगढ़ से 21 व 28 मार्च और गोरखपुर से 22 व 29 मार्च को दो फेरों में किया है। 04518 चंडीगढ़-गोरखपुर होली विशेष गाड़ी 21 व 28 मार्च को चंडीगढ़ से 23.15 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन अंबाला कैंट से 00.25 बजे, सहारनपुर से 02.30 बजे, मुरादाबाद से 06.20 बजे, बरेली से 07.42 बजे, लखनऊ से 11.45 बजे, गोंडा से 15.35 बजे तथा बस्ती से 16.53 बजे छूटकर गोरखपुर 18.20 बजे पहुंचेगी। वापसी में 04517 गोरखपुर-चंडीगढ़ होली विशेष गाड़ी 22 व 29 मार्च को गोरखपुर से 22.05 बजे प्रस्थान कर बस्ती से 23.04 बजे, दूसरे दिन गोंडा से 00.40 बजे, लखनऊ से 03.10 बजे, बरेली से 07.02 बजे, मुरादाबाद से 08.48 बजे, सहारनपुर से 12.07 बजे व अंबाला कैंट से 13.25 बजे छूटकर चंडीगढ़ 14.10 बजे पहुंचेगी।

**सार-संक्षेप**

### सामूहिक रोजा इफ्तार में शामिल हुए लोग



रोजा इफ्तार करते पार्षद व अन्य लोग। अमृत विचार

**गोरखपुर, अमृत विचार :** वार्ड नंबर-62, माया बाजार के पार्षद समद गुफरान के पिता स्व. गुफरान अहमद अपने जीवन काल से ही रमजान के पहले दिन सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन करते चले आ रहे हैं। उनके दोनों बेटे पार्षद समद गुफरान साजू और कमर गुफरान अपने पिता की याद को ताजा रखते हुए हर साल रमजान के महीने में सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन करते हैं। पार्षद समद गुफरान के परिवार की मोहब्बत में लोग पहले दिन अपने घरों से निकलकर मियां बाजार स्थित इमामबाड़ा स्टेट में सामूहिक रोजा इफ्तार में शामिल हुए। सभी ने एक साथ रोज खोलकर अल्लाह से दुआ की कि देश में अमन-शांति व मोहब्बत कायम रहे। आपसी भाईचारा बना रहे और इस पाक महीने में अल्लाह सबको बरकत दे। इस दौरान सैय्यद शहाब,कैफी, जमील अहमद, शकील अहमद उर्फ दीवान, युसूफ वारसी, नबी मोहम्मद वारसी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### सबका साथ-सबका विकास सिर्फ छलावा: कमाल अहमद



जनचौपाल को संबोधित करते कमाल अहमद खान। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** भाजपा सरकार का सबका साथ-सबका विकास और सब का विश्वास का नारा एकदम झूठ और छलावा है। भाजपा की जन विरोधी नीतियों के कारण महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। ये बात सपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमाल अहमद खान ने बुधवार को 304 बांसी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत महोखवा में आयोजित पीडीए की जन चौपाल में लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भाजपा पूंजीपतियों की पार्टी है, उसे गरीबों, किसानों, नौजवानों व बेरोजगारों से कोई भी लेना-देना नहीं है। इस दौरान जग्गन प्रसाद, आशीष कुमार, संजय, राम सूरत तथा बेलास आदि मौजूद रहे।

### पोषण अभियान पखवाड़े की शुरुआत आज से

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** बालिकाओं में एनीमिया की समस्या को दूर करने और सुझाव के लिए शासन ने पोषण अभियान के पखवाड़े की शुरुआत की है। जिले में 14 मार्च से ये शुरू किया जाएगा। इस दौरान कुपोषित बच्चों की भी जांच होगी और गर्भवती महिलाओं को खान-पान की जानकारी दी जाएगी। प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पोषण पखवाड़े की शुरुआत गुरुवार को होगी। विकास भवन में सुबह 11 बजे पोषण समिति की बैठक होगी। इसके बाद जागरूकता रैली निकाली जाएगी। इस दौरान कुछ गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का भी कार्यक्रम होगा। अभियान के तहत स्कूलों में सुपोषण गोष्ठी, एसएचजी बैठक, वीरांगना दल द्वारा प्रभात फेरी, रेसिपी प्रदर्शन प्रतियोगिता, ममता दिवस, किसानों द्वारा गांव व शहर में पोषण हाट, कुपोषण बच्चों का चिन्हांकन, पोषण दौड़, स्थानीय साग सब्जी, फल से बनाने वाले व्यंजन रेसिपी प्रतियोगिता, वीरांगना दल एवं अन्य युवा समूहों की बैठक, अन्न प्रशासन दिवस, पोषण रैली और ग्राम पंचायत एवं मातृ समिति की बैठक, परियोजना स्तर पर संगोष्ठी आदि कार्यक्रम होंगे।

### जिले में अवैध रूप से संचालित हैं 1,225 मदरसे

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** जनपद में बिना मान्यता प्राप्त मदरसों का संचालन तेजी से हो रहा है। जनपद में करीब 1225 मदरसे अवैध ढंग से संचालित हो रहे हैं। सिद्धार्थनगर भारत-नेपाल सीमा पर बसा हुआ है। बॉर्डर के किनारे दर्जनों अवैध मदरसे संचालित हो रहे हैं जिसमें 597 मदरसे मान्यता प्राप्त हैं। शेष अवैध ढंग से संचालित हो रहे हैं। नौगढ़ ब्लॉक में ही 175 मदरसे अवैध ढंग से संचालित हो रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, पूरे प्रदेश में सबसे अधिक अवैध ढंग से संचालित मदरसे सिद्धार्थनगर में हैं। एसआईटी रिपोर्ट के मुताबिक, पूरे प्रदेश में 13ख्000 से ऊपर अवैध मदरसे संचालित हैं जिसकी रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। इस संबंध में जिला अल्पसंख्यक अधिकारी ने बताया कि अभी यू-ट्यूब और अखबार की जानकारी से अवैध मदरसों की जानकारी हुई है लेकिन सरकार द्वारा अभी कोई ऐसा आदेश नहीं आया है। आदेश आने पर कार्रवाई की जाएगी।

# दो फेरों के लिए चलेगी गोरखपुर-अमृतसर-गोरखपुर होली स्पेशल ट्रेन

**संवाददाता, गोरखपुर, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन द्वारा होली पर यात्रियों की सुविधा के लिए 05005/05006 गोरखपुर-अमृतसर-गोरखपुर होली विशेष गाड़ी का संचलन गोरखपुर से 20 एवं 27 मार्च बुधवार को तथा अमृतसर से 21 एवं 28 मार्च गुरुवार को दो फेरों में किया जाएगा। 05005 गोरखपुर-अमृतसर ट्रेन 20 एवं 27 मार्च दिन बुधवार को गोरखपुर से 14.40 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद से 15.22 बजे, बस्ती से 15.50 बजे, गोण्डा से 17.15 बजे, बुढ़वल से 18.22 बजे, सीतापुर से 19.55 बजे, बरेली से 23.10 बजे, दूसरे दिन मुरादाबाद से 00.53 बजे, सहारनपुर से 04.02 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 04.27 बजे, अम्बाला कैंट से 05.20 बजे, लुधियाना से 07.05 बजे, जलन्धर सिटी से 08.10 बजे तथा व्यास से 08.45 बजे छूटकर अमृतसर 9.30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05006 अमृतसर-गोरखपुर होली विशेष गाड़ी 21 एवं 28 मार्च गुरुवार को अमृतसर से 12.45 बजे प्रस्थान कर व्यास से 13.17 बजे, जलन्धर सिटी से 13.58 बजे, लुधियाना से 15.05 बजे, अम्बाला कैंट से 16.55 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 17.38 बजे, सहारनपुर 18.20 बजे, मुरादाबाद से 21.50 बजे, बरेली से 23.14 बजे, दूसरे दिन सीतापुर से 02.18 बजे, गोण्डा से 05.45 बजे, बस्ती से 07.15 बजे तथा खलीलाबाद से 07.50 बजे छूटकर गोरखपुर 08.50 बजे पहुंचेगी। ट्रेन में जीएसएलआरडी के दो, साधारण द्वितीय श्रेणी आठ, शयनयान पांच,एसी तृतीय श्रेणी के सात तथा एसी द्वितीय श्रेणी का एक कोच सहित कुल 23 कोच लगाये जाएंगे।

### आनंद विहार-जोगबनी-आनंद विहार ट्रेन 26 व 28 को

रेलवे प्रशासन द्वारा 04010/04009 आनन्द विहार-जोगबनी-आनन्द विहार टर्मिनस होली विशेष गाड़ी का संचलन आनन्द विहार टर्मिनस से 26 मार्च व जोगबनी से 28 मार्चको एक फेरे के लिये किया जायेगा। 04010 आनन्द विहार टर्मिनस-जोगबनी होली विशेष गाड़ी 26 मार्च,को आनन्द विहार टर्मिनस से 23.45 बजे प्रस्थान कर मुरादाबाद से 03.00 बजे, चन्दौसी से 04.00 बजे, बरेली कैण्ट से 05.27 बजे, सीतापुर से 08.22 बजे, गोण्डा से 11.10 बजे, गोरखपुर से 14.30 बजे, देवरिया सदर से 15.20 बजे, सोनपुर से 19.57 बजे, बरौनी जं. से 22.25 बजे, बेगूसराय से 22.45 बजे, खगड़िया से 23.19 बजे, तीसरे दिन नौगछिया से 00.23 बजे, कटिहार से 02.10 बजे, पूर्णिया से 03.00 बजे, अररिया कोर्ट से 03.40 बजे तथा अररिया से 03.55 बजे छूटकर जोगबनी 05.20 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 04009 जोगबनी-आनन्द विहार टर्मिनस ट्रेन 28 मार्च को जोगबनी से 09.00 बजे प्रस्थान कर अररिया से 10.10 बजे, कटिहार से 13.40 बजे, बरौनी जं. से 16.30 बजे, सीवान से 20.40 बजे, देवरिया सदर से 21.45 बजे, गोरखपुर से 23.20 बजे, दूसरे दिन बस्ती से 00.28 बजे, गोण्डा से 01.45 बजे, सीतापुर से 05.05 बजे, बरेली कैण्ट से 08.10 बजे, चन्दौसी से 10.30 बजे, मुरादाबाद से 12.40 बजे तथा गाजियाबाद से 15.27 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 16.05 बजे पहुंचेगी।

### दिल्ली-दरभंगा-दिल्ली विशेष ट्रेन भी चलेगी

होली पर यात्रियों की सुविधा हेतु 04068/04067 दिल्ली-दरभंगा-दिल्ली होली विशेष गाड़ी का संचलन दिल्ली से 22 से 29 मार्च तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को तथा दरभंगा से 23 से 30 मार्च तक हर बुधवार एवं शनिवार को तीन फेरों के लिये किया जायेगा। 04068 दिल्ली-दरभंगा होली विशेष ट्रेन दिल्ली से 19.30 बजे प्रस्थान कर दरभंगा 16.30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 04067 दरभंगा-दिल्ली विशेष ट्रेन दरभंगा से 18.00 बजे प्रस्थान कर दिल्ली 16.40 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में कुल 23 कोच लगाये जायेंगे।

# छपरा-सिकन्दराबाद के लिए भी विशेष ट्रेन

**गोरखपुर, अमृत विचार :** रेल प्रशासन होली पर 05051/05052 छपरा-सिकन्दराबाद-छपरा होली विशेष गाड़ी का संचलन 30 मार्च को छपरा से तथा 1 अप्रैल को सिकन्दराबाद से 01 फेरे के लिए करेगा। 05051 छपरा-सिकन्दराबाद होली विशेष गाड़ी 30 मार्च को छपरा से 03.50 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन इटारसी से 00.55 बजे, नागपुर से 06.45 बजे, छूटकर सिकन्दराबाद 16.35 बजे पहुंचेगी। वापसी में 05052 सिकन्दराबाद-छपरा विशेष ट्रेन 1 अप्रैल, को सिकन्दराबाद से 21.00 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन कानपुर सेन्ट्रल से 01.30 बजे छूटकर छपरा 14.20 बजे पहुंचेगी।

इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 03, वातानुकूलित तृतीय इकोनामी श्रेणी के 14 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### नई दिल्ली-सीतामढ़ी के लिए चलगी स्पेशल ट्रेन

रेल प्रशासन होली पर 04004/04003 नई दिल्ली-सीतामढ़ी-नई दिल्ली होली विशेष गाड़ी का संचलन नई दिल्ली एवं सीतामढ़ी से 22 से 29 मार्च तक हर मंगलवार एवं शुक्रवार को तीन फेरों के लिये किया जायेगा। 04004 नई दिल्ली-सीतामढ़ी विशेष गाड़ी 22 से 29 मार्च तक हर मंगलवार एवं शुक्रवार को नई दिल्ली से 00.10 प्रस्थान कर मुरादाबाद से 03.25 बजे, रक्सौल से 20.20 बजे तथा बैरगनिया से 21.12 बजे छूटकर सीतामढ़ी 22.00 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 04003 विशेष गाड़ी 22 से 29 मार्च तक हर मंगलवार एवं शुक्रवार को सीतामढ़ी से 23.30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन बैरगनिया से 00.10 बजे, सीतापुर से 16.40 बजे मुरादाबाद से 22.00 बजे छूटकर तीसरे दिन नई दिल्ली 01.30 बजे पहुंचेगी।

**अनदेखी**

1959 में हुई थी अस्पताल की स्थापना, तब से नहीं नियुक्त की गई महिला डॉक्टर

# डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा खेसरहा सीएचसी

सिद्धार्थनगर कार्यालय

**अमृत विचार :** बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने का दावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेसरहा में दम तोड़ रहा है। महिला चिकित्सक की तैनाती न होने से महिलाओं को दिक्कत होती है। यहां नॉर्मल डिलीवरी तो करा दी जाती है लेकिन गंभीर होने पर जिला अस्पताल या निजी अस्पताल को दौड़ लगानी पड़ती है। इससे जहां रुपये खर्च हो रहा है, वहीं समय की बर्बादी होती है।



ब्लॉक क्षेत्र की ढाई लाख की आबादी खेसरहा स्वास्थ्य केंद्र पर निर्भर है। इस अस्पताल की स्थापना 1959 में हुई थी। तब से लेकर आज तक यहां किसी महिला डॉक्टर की नियुक्ति नहीं हुई। इलाज के लिए महिलाओं को लंबी दूरी तय कर बस्ती या गोरखपुर जाने की मजबूरी रहती है। इस सीएचसी में फिजिशियन, जनरल सर्जन, हड्डी रोग से संबंधित विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ जैसे महत्वपूर्ण चिकित्सक पिछले कई वर्षों से नहीं हैं। यह सीएचसी 30 बेड की है लेकिन चिकित्सकों की कमी के चलते मरीज भर्ती नहीं होते हैं। सबसे अधिक समस्या महिलाओं को होती है। गर्भवतियों की नॉर्मल डिलीवरी तो हो जाती है लेकिन गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल या निजी अस्पताल पर जाना पड़ता है। निजी अस्पताल जाने पर लोगों पर आर्थिक बोझ पड़ता है। साथ ही दौड़भाग करने में दिक्कत होती है लेकिन जिम्मेदार इससे बेखबर बने हुए हैं।

### ये हैं मानक

मानक के अनुसार किसी भी सीएचसी में 12 डॉक्टरों की तैनाती होनी चाहिए। यहां मौजूदा समय में 5 एमबीबीएस डॉक्टर, दो फार्मासिस्ट, 4 स्टॉफ नर्स व दो वार्ड ब्वॉय की तैनाती है जबकि एक सीएचसी पर स्वीकृत पदों में 12 चिकित्सक, 4 फार्मासिस्ट, 8 स्टॉफ नर्स, 4 वार्ड ब्वॉय, 6 स्वीपर की तैनाती होनी चाहिए।

### डॉक्टरों की तैनाती जरूरी

बेलौहा निवासिनी निरूपमा श्रीवास्तव बताती है कि महिला हो या पुरुष, काफी लोग गठिया रोग से ग्रसित हैं। लोगों को हड्डी रोग से जुड़े चिकित्सक की जरूरत होती है। बिना उनके परामर्श के इलाज संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे में हड्डी व महिला से संबंधित डॉक्टर की तैनाती जरूरी है।

> अभी महिला सहित कई चिकित्सकों के पद रिक्त हैं। इसके लिए शासन से मांग की गई है। चिकित्सकों के आते ही उन्हें तैनात कर दिया जाएगा। -डॉ. डीके चौधरी, सीएमओ

### कार्यकत्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** सदर ब्लॉक नौगढ़ की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बीआरसी नौगढ़ में प्रशिक्षण दिया गया। मंगलवार से चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण में 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों की कार्यशाला में पूर्व शिक्षा के बारे में विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। पूर्व प्राथमिक शिक्षण के लिए चयनित 33 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकत्रियों को कई जानकारियां दी गईं। प्रशिक्षक नियाज अहमद, धर्मेंद्र सिंह, राजमती सिंह व ज्योति सिंह ने कार्यकत्रियों को आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की नियमित उपस्थिति व ठहराव के लिए बाल कविताओं, टीएलएम व खिलौनों के बेहतर प्रयोग के बारे में महत्वपूर्ण टिप्स दिए। इस दौरान माया भारती, ज़ुबैदा ख़ातून, कौशिकी त्रिपाठी, मधु यादव, मंजू सिंह, आरती, गायत्री आदि मौजूद रहीं।

## एक नजर

### नेताओं को आचार संहिता का पाठ पढ़ाएंगे एडीएम

**संतकबीरनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए चुनाव आचार संहिता कभी भी लागू हो सकती है। ऐसे में उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश ने जिले के सभी राजनैतिक दलों के अध्यक्ष और महामंत्रियों को सूचित किया है कि चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराए जाने के सम्बन्ध में नोडल अधिकारी (एमसीसी) द्वारा आज दिन में 10 .30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में बैठक आहूत की गयी है। उक्त बैठक में नियत तिथि व ससमय प्रतिभाग करने का आह्वान किया है।

### एमएलसी प्रत्याशी का आगमन आज

**संतकबीरनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य पद के प्रत्याशी संतोष सिंह का आगमन गुरुवार दिन में 11 बजे भाजपा कार्यालय पर होगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्याशी घोषित होने के बाद प्रथम जनपद आगमन पर प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह का ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से एमएलसी प्रत्याशी के स्वागत में मौजूद रहने का आह्वान किया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनपद के गौरव संतोष सिंह को प्रत्याशी घोषित कर पार्टी नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं का सम्मान बढ़ाया है।

### फायर यंत्रों को चलाने का बताया तरीका

**संतकबीरनगर।** पुलिस महानिदेशक अग्निशमन तथा आपात सेवाएं उत्तर प्रदेश के आदेश और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में बुधवार को अग्नि शमन अधिकारी अशोक यादव और उनकी टीम ने जिला कारागार का अग्निशमन व जीवन रक्षा के दृष्टिकोण से निरीक्षण किया। इस दौरान मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को फायर एक्सटिंग्युसर चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर में कुछ अग्नि शमन यंत्र अकार्यशील मिले जिन्हें अग्नि शमन अधिकारी ने कार्यशील कराने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा चिन्हित स्थानो पर फायर हाइड्रेन्ट लगाने का भी निर्देश दिया। जिससे कि कोई आकस्मिक दुर्घटना होने पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए क्षति होने से रोका जा सके।

### 29 कृषक परिवारों को मिलेगी आर्थिक सहायता

बलरामपुर, अमृत विचार : कृषक दुर्घटना बीमा के तहत किसान की मृत्यु व दिब्यांगता पर 5 लाख तक की सहायता तत्काल प्रदान किया जा सके इसकी प्राथमिकता के साथ डीएम अरविंद सिंह द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही हैं। जिसके फलस्वरुप जनपद के 29 कृषक परिवारों को एक करोड़ 37 लाख की आर्थिक सहायता मिलेगी। डीएम ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए किसान या उनके परिजनों को किसी दफ्तर के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है, वह घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर वेब पोर्टल पर सकते हैं। उन्होंने कहा की पूरी पारदर्शिता के साथ किसानों व उनके परिजनों को जल्द से जल्द सहायता राशि प्रदान किया जाएगा।

### औषधीय पौधों के बारे में छात्रों को दी जानकारी

**बलरामपुर।** वनस्पति विज्ञान विभाग एमएलके पीजी कॉलेज द्वारा साउथ अफ्रीका के पेनिनसुला विश्वविद्यालय की डॉ तस्लीम फातिमा का व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जेपी पांडेय ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर कार्यक्रमाध्यक्ष व प्राचार्य प्रो जेपी पांडेय, विभागाध्यक्ष जंतु विज्ञान विभाग प्रो अशोक कुमार, डॉ राजीव रंजन, डॉ राजन प्रताप सिंह, विभागाध्यक्ष बीज प्रौद्योगिकी व सभी प्राध्यापकों ने पुष्पार्चन करके किया। विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि यह व्याख्यान निश्चित रूप से छात्रों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अभियान शुरू

## 40 प्रतिशत से कम मतदान वाले पोलिंग बूथों पर स्वीप कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**मुहिम**

**ग्रामीणों को श्री अन्न के उत्पादन के लिए किया गया जागरूक**

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिले में जिन मतदान केंद्रों पर पिछले चुनावों के दौरान 40 प्रतिशत या उससे कम मतदान हुए थे वहां प्रशासन ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कवायदें शुरू कर दिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में जिला कृषि रक्षा अधिकारी शशांक ने बताया है कि अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष-2023 के क्रम में शासन की मंशा के अनुरूप न्याय पंचायत स्तरीय श्री अन्न जागरूकता कार्यक्रम मेहदावल विकास खंड के नंदौर, दुर्गजोत, धौरापार अव्वल, मेहदावल और बघौली विकास खंड के तरकुलवा, साईबुजुर्ग और महनी में आयोजित किया गया। जागरूकता गोष्ठी को खंड विकास अधिकारी और सहायक विकास अधिकारी कृषि ने सम्बोधित किया।

इस कार्यक्रम के साथ ही खंड विकास अधिकारी के नेतृत्व में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढाने और मतदाताओं को जागरूक करने के दृष्टिगत उपस्थित सभी नागरिकों को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान के महत्व को समझाते हुए शत् प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया। जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर मतदाताओं में जागरूकता बढ़े। इसके साथ ही श्री अन्न जागरुकता को लेकर

सहायक विकास अधिकारी (कृषि) ने बताया गया कि श्रीअन्न की खेती पुराने समय में किसानों द्वारा की जाती थी। यह अन्न प्रकृति का वरदान है और इसके नियमित सेवन से सेहत को भरपूर मात्रा में पोषक तत्वों प्राप्त होते हैं। जिसके चलते मोटापा, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर व हृदय की बीमारियां नहीं होती हैं।

सहायक विकास अधिकारी (कृषि) ने बताया कि यह गोष्ठी मुख्यतः किसानो द्वारा श्री अन्न की खेती को बढ़ावा देने के साथ-साथ श्री अन्न के उपभोक्ताओं में भी इसकी गुणवत्ता को लेकर के जागरूकता बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। जिससे उपभोक्ता श्री अन्न के गुणों से जागरूक हों और दैनिक आहार में इसको शामिल कर स्वस्थ और खुशहाल जीवन व्यतीत करें।

इस असवर पर खंड विकास अधिकारी मेहदावल अमरेश सिंह चौहान, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) राजेश पांडेय, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) अशोक मिश्र, ग्राम विकास अधिकारी दीप श्रीवास्तव, शैलेंद्र यादव व अन्य मौजूद रहे।



स्वीप कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को मतदान और श्री अन्न के बारे में जागरूक करते कृषि विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

### पोस्टल बैलेट से मतदान करेंगे 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता

**संतकबीरनगर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा-निर्देश के अनुसार जनपद के सभी 85 वर्ष की आयु के ऊपर के मतदाताओं को मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

उन्होंने जनपद के सभी 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को अवगत कराया है कि वे स्वेच्छा से पोस्टल बैलेट के माध्यम से निवास स्थान पर मतदान करने के लिए निर्धारित फार्म-12डी में आवेदन कर अपने निवास स्थान पर मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं। उपरोक्त फार्म-12डी अधिसूचना जारी होने के 5 दिवसों के भीतर सम्बन्धित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा और भरा हुआ फार्म-12 डी प्राप्त किया जाएगा। उक्त फार्म-12डी भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट www.eci.gov.in पर उपलब्ध है। जहां से इसे डाउनलोड करके भरकर सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय में जमा कराया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### वॉटर एटीएम व पांच कूलर नगर को समर्पित


वॉटर कूलर के उद्घाटन के दौरान मौजूद पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह।

**बलरामपुर।** आदर्श नगरपालिका परिषद के द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत नि:शुल्क शुद्ध जल आपूर्ति हेतु वाटर एटीएम वीर विनय चैराहे पर नगर वासियों को अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस, पाटेश्वरी प्रसाद गुप्ता पट्टे भइया, गौरव मिश्र सहित सभासदों के साथ उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया गया। अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने बताया कि वीर विनय चैराहे पर वाटर एटीएम व पांच स्थानों पर वाटर कूलर रानी तालाब, फराश खाना, गायत्री मंदिर झारखंडी मंदिर, सिटी पैलेस जनता को समर्पित कर दिया गया। भगवतीगंज चैराहे पर वाटर कूलर निर्माण अधीन है। इस अवसर पर सुभाष पाठक, राघवेंद्र सिंह मंटू, विनोद गिरी, नंदलाल तिवारी, मोइनुद्दीन मोनू संदीप मिश्रा, अक्षय शुक्ला, मनोज साहू, बंटी साहू, सिद्धार्थ साहू, चिंटू गुप्ता, मनोज यादव उपस्थित रहे।

### तीन पशुओं में ईयर टैगिंग नहीं मिलने पर भड़के बीडीओ

**मेंहदावल, संतकबीरनगर।** खण्ड विकास अधिकारी मेंहदावल अमरेश सिंह चौहान ने बुधवार को बढ़या ठाढर में बने स्थाई गौशाले का निरीक्षण किया। इस दौरान पशुओं के लिए चारे पानी सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखी। उनके खानपान के लिए बीडीओ ने सचिव व प्रधान को आवश्यक निर्देश दिए। वहीं निरीक्षण के दौरान तीन पशुओं में ईयर टैगिंग लगा नहीं मिलने पर खण्ड विकास अधिकारी भड़क गए। उन्होंने संबंधित को यह कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया। वहीं क्षतिग्रस्त दीवारों को अविलम्ब दुरुस्त कराने के लिए सचिव को हिदायत दिया। बीडीओ के निरीक्षण से मौजूद कर्मियों में हड़कंप मचा रहा। मेंहदावल बीडीओ अमरेश सिंह चौहान ने क्षेत्र के बढ़या ठाढर में बने पशु आश्रय स्थल पर बंधे पशुओं चारा पानी सहित कई बिन्दुओं की जांच किया। इस दौरान पशुओं के लिए गिराये गये भूसा, चोकर सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा। बीडीओ के निरीक्षण में कुल 344 पशुओं की संख्या पाई गई। बीडीओ ने गौशाला स्थल के सभी कार्यों का निरीक्षण कर वहां की साफ-सफाई व्यवस्थाएं सुचारू से रखने की हिदायत दिया। तीन पशुओं में ईयर टैगिंग न मिलने पर संबंधित पर भड़क गए। उन्होंने सख्त लहजे में निर्देश दिया कि 24 घंटे के भीतर पशुओं में ईयर टैगिंग लगा दिया जाए। इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि समय-समय पर इसी तरह का निरीक्षण किया जाएगा। लापरवाही मिलने पर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर यहां रखा जाय। उनके रखरखाव व खान पान की उचित व्यवस्था की जाए। इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ग्राम प्रधान सहित विभागीय अधिकारियों को इस कार्य में सहयोग करने की अपील किया। बीडीओ ने बताया कि ग्राम पंचायत बढ़ाया में गौशाला का निरीक्षण किया गया। मौके पर सभी लोग उपस्थित रहे। गौशाला में भूसा व चोकर की व्यस्था की गई है। हरा चारा समेत कई अन्य पशु हार समय समय पर देने हेतु निर्देशित किया गया है।

### जीपीडीपी के गठन से ही पंचायत का विकास संभव


विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में शामिल ग्राम पंचायत के प्रधान व सचिव।

**बलरामपुर।** जिला प्रशासन व पीरामल फाउंडेशन के सयुक्त तत्वावधान से चयनित आकांछी ब्लॉक श्रीदत्तगंज के 40 ग्राम पंचायतों के सचिव व प्रधान की सयुंक्त बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित किया गया। पीरामल फाउंडेशन से मोहम्मद इमरान ने आकांछी जिला व ब्लॉक के बारे में विस्तार से उपस्थित सभी को अवगत कराया कि हम जनसहभागिता के द्वारा अपने पंचायत को एक आदर्श ग्राम पंचायत में कैसे बदल सकते है व ग्राम पंचायत विकास योजना जीपीडीपी, जीपीपीएफटी की महत्ता, उसके गठन और जीपीडीपी के बनाने में उसके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसी भी ग्राम पंचायत में प्रधान व उसके हितधारकों की भूमिका कितनी अहम है। जब तक ग्राम पंचायत में जीपीपीएफटी की इकाई सक्रिय नहीं होगी तब तक ग्राम पंचायत का सर्वांगीण विकास संभव नहीं होगा। राकेश शुक्ला ने एलएसजीडी के 9 थीम एवम ग्राम पंचायत योजना सुविधा टीम से पंचायत को सुदृण करने के लिए हम शिक्षा, स्वस्थ्य व पोषण में कैसे योगदान दे रहे है। बैठक में उपस्थित लोगों ने पंचायत से सम्बंधित समस्याओं को रखा। जिसमे शिक्षा, स्वस्थ्य और पोषण, जलनिकासी, गरीबी उन्मूलन हेतु की रणनीति इत्यादि रही। ग्राम पंचायत योजना सहयोग दल का गठन (जीपीपीएफटी ) और उन्हें उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में बताया गया।

# होलिका दहन स्थलों को दी जाएगी लकड़ी


होली को लेकर आयोजित मीटिंग में शामिल पालिका चेयरमेन डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू व अन्य। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** आदर्श नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू के द्वारा होली पर्व से पूर्व होली कमेटियों के पदाधिकारियों व गणमान्य नागरिकों और अधिकारियों के साथ मीटिंग की गई। होली पर्व में सफाई पानी, पथ प्रकाश आदि व्यवस्थाओं किए जाने हेतु सुझाव प्राप्त किए गए।

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू द्वारा बताया गया कि नगर के सभी होलिका स्थलों के आस-पास सफाई व चूने का छिड़काव कराया जाएगा। जिसमें नगर के सभी होलका स्थलों पर 6 कुंटल लकड़ी पालिका द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। नगर के मुख्य मार्गो तथा अन्य स्थानों पर पालिका में उपलब्ध संसाधनों से पथ प्रकाश व्यवस्था कराई जा रही है। विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर होली पर्व में मुख्य मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने होली पर्व के पूर्व आयोजित बैठक मे कहा कि होली प्यार आपसी सौहार्द बढ़ाने का त्यौहार है इस त्यौहार को हम लोग को मिल जुल कर शान्ति पूर्ण रूप से मनाएं यदि कोई व्यक्ति रंगों से परहेज करता है तो किसी को जबरदस्ती रंग ना लगाए। कोई ऐसा कार्य किसी को नहीं करना चाहिए जिससे किसी भी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे। नगर में हमेशा सभी पर्व सभी धर्म के लोग प्रेम मोहब्बत से मनाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार श्रीवास्तव ने की।

## त्योहार व चुनाव को देख अवैध शराब का उत्पादन तेज

**संतकबीरनगर।** होली और लोकसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों में अवैध शराब के कारोबारी भी जुट गए हैं। विभिन्न गांवों और सरयू नदी के दियारा क्षेत्र में दर्जनों जगहों पर शराब की भट्टियां बेखौफ तरीके से धधक रही हैं। बेहद गंभीर मामला तो यह है कि कारोबारियों के नाम, पते, स्टोर किये जाने के स्थान आदि की मुकम्मल जानकारी होने के बावजूद पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारी कोई सार्थक कार्रवाई नहीं कर पाते। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह है कि इन विभागों के भीतर कारोबारियों के भेदिये मौजूद हैं। कोई भी अभियान चलने से पूर्व ही उसकी सूचना कारोबारियों को मिल जाती है और पुलिस पहुंचने से पूर्व ही कारोबारी अपने साजो सामान के साथ मौके से फरार हो जाते हैं। सूचना देने और कार्रवाई से बचाने के लिए कारोबारी उनपर मोटी रकम खर्च करते हैं। धनघटा थानाक्षेत्र के ग्राम प्रजापतिपुर, पड़री, घोरांग के साथ ही मांझा क्षेत्र के दर्जनों गांवों और सरयू नदी की तलहटी में अवैध शराब की भट्ठियां लगातार धधक रही हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा केशव नाथ ने बताया कि समय समय पर अवैध शराब के कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाया जाता है। विभिन्न सूत्रों से कारोबारियों के बारे में और जानकारी जुटाई जा रही है। शीघ्र ही व्यापक अभियान चलाकर अवैध शराब के उत्पादन और बिक्री पर पूरी तरह से विराम लगा दिया जाएगा।

# त्योहार में असामाजिक तत्वों के खिलाफ होगी कार्रवाई


दुधारा थाने पर पीस कमेटी की बैठक करते अधिकारी और गणमान्य नागरिक।

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** रमजान माह, होली और ईद के मद्देनजर बुधवार को दुधारा थाने पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। उप जिलाधिकारी शैलेश दूबे और पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दोनों धर्मों से जुड़े सम्भ्रांत नागरिक और विभिन्न गांवों के ग्राम प्रधान शामिल हुए। मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए एसडीएम खलीलाबाद शैलेश दूबे ने कहा कि त्यौहार हमें आपसी भाईचारे को मजबूती प्रदान करने का संदेश देते हैं। ऐसे में त्यौहारों को उनकी गरिमा के अनुरूप ही मनाया जाना चाहिए। किसी भी दशा में नई परम्परा कायम नहीं होने दी जाएगी। पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश सिंह ने कहा कि कानून व्यवस्था बरकरार रखने के लिए पुलिस बेहद सतर्क है। असामाजिक तत्वों को चिन्हित कराया जा रहा है। त्यौहारों के दौरान माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में अफवाह न फैलाएं। अगर कोई अफवाह फैलाता है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को जरुर दें। जिससे समय रहते असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई कर माहौल खराब होने से बचाया जा सके। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक दुधारा पंकज कुमार पाण्डेय, चौकी प्रभारी बाघनगर संजय कुमार यादव, चौकी प्रभारी पचपोखरी नन्दू गौतम समेत तमाम पुलिस कर्मी ओर क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

# 75 अध्यापकों को किया गया सम्मानित

**बलरामपुर, अमृत विचार।** निपुण भारत अभियान के तहत बीते 15 फरवरी 2024 के माध्यम से निपुण भारत मिशन के तहत आरपी से चयनित स्कूलों व शिक्षण संकुल विद्यालयों में कक्षा 1 से 3 में अध्यनरत विद्यार्थियों का शैक्षिक आकलन किया गया। यह आकलन डीएलएड प्रशिक्षु ने दिसंबर 2023 में पूरा किया था।

जिले में 75 स्कूल निपूर्ण विद्यालय शिक्षकों के निरंतर बुनियादी शिक्षा मजबूती में कार्य करने पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान बेसिक शिक्षा कार्यालय के एकेडमिक रिसोर्स सभागार में जिला मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में बीएसए द्वारा किया गया। एकेडमिक रिसोर्स सेंटर में विद्यालय सम्मान समारोह में बीएसए कल्पना देवी ने 75 शिक्षकों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिसमें 12 शिक्षक बलरामपुर ब्लॉक, 2 गंडास बुजुर्ग, 15 गैसड़ी 1 शिवपुर, 4 रेहरा बाजार, 2 श्रीदत्तगंज, 10 तुलसीपुर व 29 पचपेड़वा के निपुण शिक्षक शामिल रहे। साथ ही साथ अन्य शिक्षकों से इन अध्यापकों से सीख लेने की बीएसए कल्पना देवी ने नसीहत दी। सबसे अधिक निपुण विद्यालय करने वाले एकेडमिक रिसोर्स पर्सन पचपेड़वा सर्वेश्वर शरण शुक्ला को बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने सम्मानित किया।


एकेडमिक रिसोर्स सभागार में शिक्षक को सम्मानित करतीं बीएसए। अमृत विचार

## मोबाइल बताएगा अगला टीकाकरण कब होगा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** टीकाकरण सत्र पर गर्भवती और बच्चे का नियमित टीकाकरण भारत सरकार के यूविन एप के जरिये सिर्फ मोबाइल नंबर और पहचान पत्र (आईडी) की मदद से हो जाएगा। बलरामपुर में इसकी शुरूआत भी हो चुकी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि इस एप की एक विशेषता यह है कि एक बार पंजीकरण के बाद टीका लग गया तो अगले टीके के लिए लाभार्थी मोबाइल पर कई बार संदेश जाएगा। उन्होंने कहा कि एप पर पंजीकरण करवाने वाले लाभार्थी अगर किसी अन्य प्रदेश में चले जाते हैं तो वहां भी आईडी और मोबाइल नंबर के जरिये उनके टीकाकरण का विवरण पता चल जाएगा और शेष टीके वह दूसरे प्रदेशों में भी लगवा सकते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने विकासखंड बलरामपुर के ग्राम मझौआ में प्राथमिक विद्यालय बहरे कुइया में आयोजित टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण में एएनएम वंदना कुशवाहा, भावना वर्मा बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण कर रही थी। सीएचओ प्रज्ञा, आशा कमला देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती गीता जायसवाल उपस्थित रही।

## एडू लीडर्स रामोत्सव शैक्षिक समागम में रेशू पांडेय सम्मानित

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिले की अध्यापिका को अयोध्या में आयोजित साहित्यिक संस्कृत मंच पर उत्कृष्ट शिक्षक कार्य को लेकर प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान बेसिक शिक्षा अधिकारी व साहित्य संस्कृति मंच के संयोजक आशुतोष तिवारी ने दिया। बीते रविवार देर शाम श्री अयोध्या धाम में आयोजित एडु लीडर्स राम उत्सव शैक्षिक समागम व गुरु वशिष्ट के राम विषयक संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश के 75 जिले के 102 अध्यापकों ने प्रतिभा किया। इनमें जिले से सदर ब्लॉक की प्राथमिक स्कूल इमलिया की सहायक अध्यापिका रेशू पांडे भी शामिल रहीं। अध्यापिका को कार्यक्रम के अतिथि बस्ती जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी व विशिष्ट अतिथि साहित्य संस्कृति मंच के संयोजक आशुतोष तिवारी ने सहायक अध्यापिका को स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र के साथ भगवान राम के नाम का पटका पहना कर सम्मानित किया। बेसिक शिक्षा कार्यालय के सामुदायिक सहभागिता जिला समन्वयक निरंकार पांडे, डीसी प्रशिक्षण मोहित देव त्रिपाठी, डीसी एनके सिंह, अटल सहायक आशुतोष मिश्रा सहित तमाम शिक्षाधिकारियों ने बधाई दी।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **05.04.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुअल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| | निविदा सूचना संख्या | 01802024 दिनांक 12.03.2024 |
| 1 | कार्य का नाम | लखनऊ मंडल में चौखंडी गुड्स शेड के विकास का कार्य। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 9,62,84,219.89 |
| 3 | धरोहर राशि | Rs. 6,31,400.00 |
| 4 | कार्य समापन की अवधि | स्वीकृत पत्र की तिथि से 10 माह |
| 4 | निविदा डालने का प्रारंभ | 22.03.2024 |
| 6 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 05.04.2024, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 797/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **15.04.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुअल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 01802024 दिनांक 11.03.2024 |
| 2 | निविदा संख्या | 1. 01/Sr.DEN-IV/LKO/2024-25 2. 02/Sr.DEN-IV/LKO/2024-25 3. 03/Sr.DEN-IV/LKO/2024-25 4. 04/Sr.DEN-IV/LKO/2024-25 5. 05/Sr.DEN-IV/LKO/2024-25 |
| 3 | कार्य का नाम : | 1. वरि0 मण्डल इंजी/चतुर्थ के क्षेत्राधिकार में भरतकुंड, कूड़ेभार, जौनपुर कचहरी, बक्शा, महारानी पश्चिम, कोइरीपुर, हरपालगंज, सुलतानपुर, बंधुआकला, मुसाफिरखाना, चौबीसी, हैदरगढ़, छंदरौली तथा अनूपगंज (कुल 115) स्टेशनों पर जीर्ण/पुराने आवासों के स्थान पर टाइप 2 आवासों के निर्माण का कार्य। 2. लखनऊ मण्डल में सिंदुरवा गुडस शेड को विकसित करने का कार्य। 3. सहा0 मण्डल इंजी/द्वितीय/सुल्तानपुर के अधीन भदैया-पखरौली स्टेशन के मध्य समपार संख्या 67 सी किमी 902/28-30 के स्थान पर सीमित उंचाई वाले भूमिगत मार्ग का प्रावधान 4. वरि0 मण्डल इंजी/चतुर्थ के क्षेत्राधिकार में सहा0 मण्डल इंजी/द्वितीय/सुल्तानपुर के अधीन विविध ट्रैक कार्य। 5. सुलतानपुर-उतरेटिया खण्ड में निहालगढ़ और सिंदुरवा स्टेशन के मध्य समपार संख्या 137 सी (किमी 971.650) के स्थान पर रोड अंडर ब्रिज का प्रावधान। |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 15,25,18,862.61 2. Rs. 7,98,74,785.05 3. Rs. 3,55,42,826.85 4. Rs. 59,99,555.62 5. Rs. 4,92,81,080.85 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 9,12,600.00 2. Rs. 5,49,400.00 3. Rs. 3,27,700.00 4. Rs. 1,20,000.00 5. Rs. 3,96,400.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | 1. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से अट्ठारह माह। 2. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। 3. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से नौ माह। 4. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। 5. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 01.04.2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 15.04.2024, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 783/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राम भरोसा तिवारी पुत्र वशिष्ठ तिवारी, निवासी- ग्राम व पोस्ट पचपोखरी थाना नोखा जिला रोहतास बिहार** मेरे पुत्र का सही नाम रूद्र तिवारी है जबकि विद्यालय अभिलेख में उसका का नाम त्रृटिवश सार्थक तिवारी अंकित हो गया है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम रूद्र तिवारी अंकित है। जिसका आधार नं0-9409 0814 6219 है। मेरे पुत्र का नाम विद्यालय अभिलेखों में सार्थक तिवारी के स्थान पर रूद्र तिवारी अंकित किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र सत्येन्द्र सिंह पुत्र बलवीर सिंह का चाल-चलन ठीक नहीं है। वह आए दिन झगडा- फसाद करता है। अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। **बलवीर सिंह (पिता), निवासी- ग्राम-हथिका, तहसील- मैथा कानपुर देहात**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **इशरत अली पुत्र स्व0 जुल्फीकार, निवासी- मोहल्ला दामादपुरवा मशमूला मलकाना कस्बा व थाना व तहसील सण्डीला जिला हरदोई** , मेरा पुत्र इसरार व उसकी पत्नी रहनुमा, रिहान पुत्र इसरत अली व उसकी पत्नी महक का चाल चलन ठीक नहीं है वो आये दिन आपस में वाद विवाद करते है इनके मध्य रोज होने वाले वाद विवाद से मेरा परिवार बहुत परेशान रहता है इस कारण मै। अपने पुत्र इसरार पुत्र इसरत अली व इनकी पत्नी रहनुमा पत्नी इसरार व अपने पुत्र रिहान पुत्र इशरत अली व इनकी पत्नी महक पत्नी रिहान से समस्त प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति बेदखल कर दिया है। अब मेरा उनसे कोई वास्त व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राजेंद्र कुमार एवं संतोष कुमार पुत्र स्व0 दरगाही लाल, निवासी- लोहरामऊ रोड बघराजपुर सौरमऊ देहात सुलतानपुर,** मैने एक किता बैनामा दिनाँक 10-05-1988 को राम सुचित पुत्र बैजनाथ व मुइला देवी पत्नी राम सुचित से कय किया था जो गाटा संख्या 21ब सौरमऊ परगना मीरानपुर सदर सुलतानपुर के संबंध में था जिसकी जिल्द संख्या 1450, पृष्ठ संख्या 53/55, द0न0 क्रमांक 2020 था वास्तव में खो गया है।

**बैठक सूचना**

प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. डिलौलिया वि.खं. अमरौधा तहसील भोगनीपुर कानपुर देहात की एक आवश्यक बैठक दिनांक 15/03/2024 को ग्राम सभा डिलौलिया के पंचायत भवन परिसर में समय सुबह 10 बजे प्रस्तावित की गई है। जिसमें इच्छुक मछुआ समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनाएं

**निवेदक- वीर सिंह पुत्र बलवान सिंह मुख्य प्रवर्तक प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. डिलौलिया विकासखंड अमरौधा तहसील भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात**

**बैठक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. दौलतपुर विकासखंड अमरौधा तहसील भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात के गठन किए जाने हेतु आवश्यक बैठक दिन शुक्रवार दिनांक 15/03/ 2024 समय 12:30 बजे दोपहर दौलतपुर पंचायत भवन में संपन्न होगी। अतः न्याय पंचायत करियापुर के समस्त ग्राम पंचायतों के व्यक्ति जो समिति के सदस्य बनना चाहते हैं तो बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

**निवेदक- कुंवर लाल निषाद ग्राम दौलतपुर ,भोगनीपुर कानपुर देहात।**

## एक नजर

### लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी नहीं उतारेगी आप

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में आम आदमी पार्टी (आप) लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेगी, बल्कि इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार प्रसार करेगी। यह जानकारी दिल्ली के विधायक दिलीप पाण्डेय व प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह की पत्नी अनीता सिंह ने बुधवार को दी। आप के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई प्रांतीय बैठक में दिल्ली से केजरीवाल सरकार के विधायक एवं मुख्य सचेतक विधानसभा दिलीप पांडेय ने बताया कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को जिताने के लिए आप कार्यकर्ता घर-घर जाकर वोट मांगेंगे और इंडिया अलायंस के उम्मीदवार को जिताने की अपील करेंगे।

### निदेशक ग्रेड में पहुंचे तीन डॉक्टर

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग में अपर निदेशक ग्रेड के डॉ.हरी दास अग्रवाल और डॉ.साधना राठौड को निदेशक ग्रेड में प्रोन्नति मिल गई है। इसके साथ ही आजमगढ़ मंडल में अपर निदेशक डॉ.हर गोविंद सिंह को नोशनल प्रोन्नति देकर निदेशक ग्रेड में पदोन्नति मिल गई है। यह निर्देश चिकित्सा अनुभाग दो के सचिव रंजन कुमार ने जारी कर दिए हैं। मालूम हो कि निदेशक ग्रेड से तीन महानिदेशक बनने के बाद पद रिक्त चल रहे थे, जिनके सापेक्ष प्रोन्नति प्रदान की गई है। प्रोन्नति पाए तीनों चिकित्सकों को वर्तमान तैनाती स्थल पर ही प्रोन्नति प्रदान की गई है। साथ ही शासन द्वारा ग्रेड तीन से ग्रेड चार तक के कुल 71 डॉक्टरों को विभिन्न अस्पतालों में नई तैनाती दे दी गई है।

# चाइनीज उत्पादों से बाजार को दूर करना बड़ा राष्ट्रवाद : मुख्यमंत्री

## योगी ने किया एमएसएमई क्षेत्र के लिए 30,826 करोड़ का मेगा ऋण वितरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** चीन के उत्पादों को अपने बाजार से बहुत दूर कर दिया है। यह एमएसएमई की ताकत का परिणाम है। इससे बड़ा राष्ट्रवाद क्या हो सकता है, अगर घर का उत्पाद बाजार में छा रहा है, तो उसे प्रोत्साहित करना होगा। प्रेरित करके प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना होगा।

यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित एमएसएमई क्षेत्र के लिए 30,826 करोड़ का मेगा ऋण वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। योगी ने कहा कि यह कितनी खुशी की बात है कि हमारा उत्पाद बाजार में छा रहा है और दुश्मन देश का उत्पाद बाजार से दूर होता जा रहा है। आज दीपावली, विजयदशमी, ईद और क्रिसमस पर प्रदेश के उत्पाद ही बाजार में देखने को मिल रहे हैं। हमारा उत्पाद अच्छा तो होता ही है, साथ ही हमारे उद्यमियों और कारीगरों को भी लगता है कि उनका भविष्य उज्ज्वल है।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान एमएसएमई क्षेत्र के लिए 30,826 करोड़ का मेगा ऋण वितरण किया। साथ ही उन्नाव में स्वीकृत प्लेज पार्क के विकासकर्ताओं को चेक दिया। वहीं, औद्योगिक आस्थानों में भूखंडों के आवंटन के लिए ऑनलाइन पोर्टल की शुरूआत भी की। योगी ने इस अवसर पर ओडीओपी एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत टूलकिट भी वितरित किया।

इस अवसर पर एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह, एसीएस अमित मोहन प्रसाद, सचिव प्रांजल यादव, आयुक्त एवं निदेशक राजेश कुमार सहित विभागीय अधिकारीगण, उद्यमी और हस्तशिल्पी कारीगर मौजूद रहे।

**आर्थिक प्रगति के साथ ही युवाओं को मिल रहा रोजगार :** मुख्यमंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के समापन के पहले एमएसएमई विभाग की ओर से लोन वितरण के विभिन्न कार्यक्रम हुए हैं। इस वर्ष वितरित की गई राशि गत वर्ष की तुलना में दोगुना और बीते सात साल की अपेक्षा 10 गुना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि यह प्रगति यूपी के आर्थिक उन्नयन को तो प्रदर्शित करता ही है, साथ ही युवाओं को रोजगार भी प्रदान कर रहा है। प्लेज पार्क से प्रदेश के 10 जनपद जुड़ चुके हैं।



लोकभवन में ओडीओपी एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत महिला को टूलकिट देते मुख्यमंत्री योगी, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, साथ में अन्य। अमृत विचार

### बाजार की संपूर्ण मैपिंग कराए विभाग

मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसएमई विभाग को बाजार की संपूर्ण मैपिंग कराते हुए डिमांड के अनुसार प्रोडक्ट उपलब्ध कराने पर विशेष जोर देना होगा। इसके साथ ही प्रोडक्ट की पैकेजिंग पर भी खास ध्यान देना होगा। उन्होने एमएसएमई उद्यमियों से भी अपील की कि रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के साथ तेजी से जुड़ें, जिससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम से जुड़े उद्यमियों की ट्रेनिंग की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके।

### राज्य को बीमारू बनाकर रखा गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश पहले भी अनलिमिटेड पोटेंशियल वाला राज्य था, मगर कुछ लोगों ने इसे बीमारू बना रखा था। हमने इसे राष्ट्रनिर्माण के अभियान के साथ जोड़कर युवाओं और उद्यमियों के डेवलपमेंट के पथ पर अग्रसर किया है। यह देश का अकेला राज्य है जहां युवा उद्यमियों को बिना ब्याज के पांच लाख का ऋण देने का काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 96 लाख एमएसएमई यूनिट्स में से 40 लाख का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। लक्ष्य जल्द से जल्द सभी 96 लाख को रजिस्टर्ड कराना है।



मुख्य सूचना आयुक्त समेत प्रदेश के नवनियुक्त अन्य सूचना आयुक्तों ने राजभवन में बुधवार को पद व गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी उनके साथ रहीं। अमृत विचार

# मुख्य सूचना आयुक्त समेत प्रदेश के 10 सूचना आयुक्तों ने ली पद की शपथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दिलाई शपथ

**अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में आयोजित एक समारोह में नवनियुक्त राज्य मुख्य सूचना आयुक्त राज कुमार विश्वकर्मा व राज्य के 10 सूचना आयुक्तों को पद की शपथ दिलाई।

समारोह में शपथ लेने वाले सूचना आयुक्तों में सुधीर कुमार सिंह, गिरजेश कुमार चौधरी, डॉ दिलीप कुमार अग्निहोत्री, पद्म नारायण, स्वतंत्र प्रकाश, मोहम्मद नदीम, राजेन्द्र सिंह, शकुंतला गौतम, राकेश कुमार व वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने शामिल थे। इस अवसर पर राज्यपाल ने सूचना आयुक्तों से कार्य निष्पादन पर चर्चा की और उन्हें तीव्र कार्य निष्पादन, दृढ़ता से कार्य करने, कार्य निष्पादन के लिए सिस्टम बनाने और कार्य प्रणाली को ऑनलाइन कर पारदर्शिता बढ़ाने का सुझाव दिया।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव प्रशासनिक सेवा एवं सचिवालय प्रशासन के रवीन्द्र नायक, राज्य सूचना आयोग के सचिव जेपी चौरसिया, रजिस्ट्रार सूचना आयोग संदीप गुप्ता व अन्यअधिकारी मौजूद रहे।

### समय पर उपलब्ध कराई जाएगी सूचना : मुख्य सूचना आयुक्त

शपथ लेने के बाद मुख्य सूचना आयुक्त राज कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि जनता के सूचना के अधिकार को सुदृढ़ करने, लोगों तक वांछित सूचनाओं को उपलब्ध कराने व कार्यों में पारदर्शिता के साथ कार्य कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सूचना आयोग लोगों को समय से सूचना उपलब्ध कराने के लिए कार्य करेगा।

# चार आईएएस अधिकारियों को कैट से मिली जीत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पदोन्नति के बाद डीओपीटी ने 2014 की जगह 2015 बैच कर दिया था अलॉट
- आईएएस अधिकारियों ने कैट में किया मुकदमा तो वरिष्ठता की मांग हुई पूरी

**अमृत विचार :** प्रदेश के चार आईएएस अधिकारियों की एक साल कम की गई वरिष्ठता संबंधी मामले में जीत हासिल हुई है। पीसीएस से आईएएस बने इन अधिकारियों को भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण (डीओपीटी) विभाग ने 2014 बैच की जगह 2015 अलॉट कर दिया। मामले को लेकर केंद्रीय प्रशासनिक अभिकरण (कैट) में चुनौती दी गई तो अब जाकर जीत मिली है।

कैट से जीत हासिल करने वाले यूपी बैच के आईएएस हरिकेश चौरसिया अब विशेष सचिव आयुष हैं, जबकि बृजेश कुमार की तैनाती एडिशनल कमिश्नर, मुरादाबाद पद पर है। आईएएस महेंद्र सिंह की तैनाती विशेष सचिव गृह विभाग पद पर है। रविंद्र पाल सिंह की तैनाती विशेष सचिव भाषा निदेशक हिंदी संस्थान पद पर है।

कैट में केस वालों में शामिल आईएएस महेंद्र सिंह के मुताबिक जब प्रशासनिक सेवा में भारतीय सेवा का प्रमोशन होता है, तब राज्य का सर्विस कमीशन वरिष्ठता के हिसाब से बैच की सूची बनाकर भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण (डीओपीटी) विभाग को भेजता है। इस मामले में उनके ही बैच में अरुण कुमार का डिप्टी एसपी में सेलेक्शन हुआ था, लेकिन उसने ज्वाइन नहीं किया। बाद में उनका सलेक्शन डिप्टी कलेक्टर में हो गया। सूची में अरुण 10 वें स्थान पर थे, लेकिन हमारी तुलना में उनकी सेवाएं एक साल कम थी। जबकि हम चारों की सेवाएं 21 साल पूरी हो चुकी थी।

इसके आधार पर हम सभी को आईएएस का 2014 बैच अलॉट होना चाहिए था। लेकिन भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण (डीओपीटी) विभाग ने 2014 बैच की जगह 2015 अलॉट कर दिया था। इसी आदेश को केंद्रीय प्रशासनिक अभिकरण (कैट) में चुनौती दी गई और वरिष्ठता के अनुसार 2014 बैच की मांग की गई। सुनवाई के बाद फैसला पक्ष में आया।

### यूपी में दो आईपीएस अफसरों का तबादला

राज्य सरकार ने दो आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। देवेश पांडेय कमांडेंट पीएसी मुरादाबाद से एसपी एटीएस और अमित कुमार को एटीएस से पीएसी मुरादाबाद भेजा गया है।

### सपा की राज्य कार्यकारिणी में संतोष प्रदेश सचिव नामित

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की स्वीकृति से प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने सपा उप्र. की राज्य कार्यकारिणी में सन्तोष यादव निवासी मुगलचक अलीनगर मुगलसराय जिला चन्दौली को प्रदेश सचिव और शशिकान्त दुबे निवासी ग्राम पाण्डेयपार उर्फ डड़वा पोस्ट राजगढ़ जिला गोरखपुर को विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया है। वहीं, पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप द्वारा कन्हैया निषाद निवासी ग्रामसभा असना पोस्ट असना कुशीनगर और विनय कुमार यादव निवासी ग्राम प्रान छपरा पोस्ट सलेमपुर जिला देवरिया को समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

# लोस चुनाव के लिए बसपा के प्रत्याशियों के नाम लगभग तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रदेश की सीटों पर बसपा के संभावित प्रत्याशियों के नाम लगभग तय हो गए हैं। 15 मार्च को कांशीराम जयंती के मौके पर सूची जारी होने की संभावना है। पहले चरण में संभावित प्रत्याशियों को बतौर लोकसभा प्रभारी घोषित करने की बात कहीं जा रही है। चुनाव को लेकर भाजपा, सपा व कांग्रेस की पहली सूची जारी हो चुकी है। हालांकि, कांग्रेस की पहली सूची में प्रदेश के प्रत्याशियों के नाम अभी घोषित नहीं किए गए हैं। इस बीच, बसपा के प्रत्याशियों की सूची जारी होने की चर्चा तेज हो गई है। बसपा सूत्रों के अनुसार, कांशीराम जयंती पर मंडल स्तर पर होने वाले कार्यक्रम के दौरान लोकसभा प्रभारियों की सूची जारी होने की संभावना है। इसके बाद औपचारिक तौर पर प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। बसपा लगातार इंडिया गठबंधन में शामिल होने से इनकार कर रही है, पर 2019 में बसपा सपा के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ी थी। गठबंधन से खाते में आई 38 सीटों में से 10 सीटों पर विजय हासिल की थी।

# विकसित भारत के एंबेसडर ऑफ द वीक बने ब्रजेश पाठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ के अनुराग श्रीवास्तव को मिला चौथा स्थान



**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुए विकसित भारत अभियान में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को सप्ताह का 'एंबेसडर ऑफ द वीक' चुना गया है। उन्हें नमो एप के विकसित भारत कार्यक्रम में इस सप्ताह देशभर में आम नागरिकों ने सबसे ज्यादा पसंद किया। नमो एप पर उनके लिंक से सबसे ज्यादा लोगों ने एप डाउनलोड किया।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नमो एप पर 'विकसित भारत एंबेसडर' नाम से एक मॉड्यूल पेश किया गया है। मोदी ने दिसंबर 2023 में नमो एप डाउनलोड करके विकसित भारत एंबेसडर बनने का आह्वान किया था। मोदी हर हफ्ते इसे लेकर एक रैंकिंग जारी करते हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को सप्ताह का नंबर वन चुने जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभकामनाएं दी है। पाठक ने इसके लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया है।

मोदी ने दूसरा स्थान पाने वाले चितरंजन कुमार, तीसरा स्थान पाने वाले डॉ. पंकज सिंह, चौथा स्थान पाने वाले भाजपा कार्यकर्ता अनुराग श्रीवास्तव और पांचवा स्थान पाने वाली सीमा हिरय को भी बधाई दी है। इन सभी को चार मार्च से 10 मार्च के सप्ताह के लिए विकसित भारत अंबेसडर चुना गया है।

# सितंबर 2024 में 32 हजार मेगावाट पहुंच सकती है बिजली की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने जारी की अनुमानित मांग पर रिपोर्ट



**अमृत विचार :** इस बार गर्मी में प्रदेश की बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट तक पहुंचने की संभावना है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की ओर से वर्ष 2024-25 के लिए जारी की गई पूर्वानुमानित बिजली की पीक डिमांड रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है।

शासन के अधिकारियों के अनुसार इस वर्ष प्रदेश देश का पहला राज्य होगा, जहां सितंबर 2024 में सबसे ज्यादा 31,917 मेगावाट अधिकतम मांग अनुमानित है, जबकि 2025 में देश में सबसे ज्यादा मांग महाराष्ट्र में आंकी गई है। मार्च 2025 में महाराष्ट्र में अधिकतम मांग 32,640 मेगावाट आंकी गई है।

अधिकारियों का कहना है कि जिस प्रकार से मौसम करवट ले रहा है, अनुमान है कि उत्तर भारत में इस बार प्रचंड गर्मी आने वाली है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में अप्रैल 2024 में 25,379 मेगावाट, मई में 28,291 मेगावाट, जून में 29,853 मेगावाट, जुलाई में 30,581 मेगावाट, अगस्त में 31,585 मेगावाट और सितंबर में 31,917 मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग होने की संभावना है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि वर्तमान में ओबरा सी और जवाहरपुर की एक-एक परियोजनाओं को जोड़ लिया जाए तो अभी तक कुल लगभग 28,500 मेगावाट का इंतजाम प्रदेश में दिख रहा है, ऐसे में युद्ध स्तर पर काम कर अभी से बिजली की उपलब्धता बढ़ाना होगा। परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन पावर बैंकिंग के तहत 11 राज्यों से बिजली की व्यवस्था में लगा है पर अधिकतम मांग को पूरा करना प्रदेश के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। मालूम हो कि पिछली गर्मी में बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट तक पहुंच गई थी।

## वर्ग पहेली-9

**बाएं से दाएं**

1. 1. बे-सिर पैर का 2. मिथ्या-झूठा 3. मर्यादा-रहित 4. अल्प, थोड़ा 5. सारहीन।
2. 1. चाप अर्थात दबाव पड़ने से नमित होना, झुकना, दबना 2. किसी के अनुग्रह या उपकार के कारण उसके आगे दबना।
6. 1. पौधों तथा वनस्पतियों का वह पतला और लंबा धड़ जिसपर पत्तियां या कोपलें होती हैं
7. 1. डूबने की क्रिया या भाव 2. डुबाव।
9. 1. भूनने का काम कराना 2. रुपयों या बड़े सिक्के को छोटे सिक्कों में बदलवाना 3. चेक को रुपए में बदलवाना।
10. 1. उत्तम कार्य, पूर्ण रूप से संपन्न कार्य 2. शुद्ध या मर्यादित आचरण।

**ऊपर से नीचे**

3. पोपले (दंतविहीन व्यक्ति का) का मुंह में कुछ रखकर चुभलाना या मुंह चलाना।
4. 1. आडंबर रचने वाला, आडंबर करने वाला 2. अभिमानी, घमंडी।
5. पैरों को लय के साथ हिलाते-डुलाते हुए नाचना, कदमों का उठाना और पटकना, इठलाना, नृत्य में अंगों का संचालन करना, अंग मटकाकर नाचना, ठुमककर नाचना।
8. 1. धरने की क्रिया या भाव 2. छत की आधार स्वरूप एक मोटी लकड़ी, बड़ी कड़ी, शहतीर 3. स्त्रियों के गर्भाशय का आधार 4. पकड़ 5. हठ, ज़िद, टेक।



### वर्ग पहेली -8 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ग़ | 2 रू | र | | | | |
| | ढ़ि | | 3 छे | 4 द | ना | |
| | वा | | | रा | | 5 हूँ |
| | 6 द | 7 म | बा | ज़ | | गा |
| 8 आ | | ज़ | | | 9 कॉ | |
| ल | | बू | | | म | |
| 10 स | द | र | ज | हा | न | |

## सुडोकू -88

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 4 | 2 | | |
| | 8 | | | | 5 | | 1 | |
| | | | | | | 6 | | 9 |
| | 5 | | | 3 | 2 | 1 | | |
| 6 | | | | | | | | 8 |
| | | 1 | 7 | 9 | | | 2 | |
| 2 | | | | | | | 6 | |
| | 9 | | 1 | | | | 7 | |
| | 6 | 7 | | | | | 4 | |

### सुडोकू -87 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 2 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 |
| 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 9 | 8 | 6 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 1 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 2 | 1 | 3 | 8 | 6 | 5 |
| 3 | 6 | 8 | 7 | 4 | 5 | 2 | 9 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 23.25 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-भरणी 16.56 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

**मेष:** आज समाज में आपका दबदबा मजबूत होगा। दूसरों पर सहज विश्वास न करें। मनोरंजन के संसाधनों पर धन खर्च कर सकते हैं। कई दिनों से चली आ रही पारिवारिक समस्या दूर होगी। आपके व्यक्तित्व और रहन-सहन को लेकर सतर्क रहें।

**वृष:** आज अपने लक्ष्यों के प्रति उदासीन न रहें। पेट में एसीडिटी जैसी समस्या हो सकती है। आय बढ़ने के साथ आपके खर्च भी बढ़ सकते हैं। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। अपने काम की गुणवत्ता को कम न होने दें।

**मिथुन:** आज परोपकार की भावना आपके मन में प्रबल रहेगी। घर की साज-सज्जा और नवीनीकरण पर धन खर्च कर सकते हैं। कारोबार को लेकर बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं। सही समय पर महत्वपूर्ण कार्य पूरे कर लेंगे।

**कर्क:** आज संपत्ति के विक्रय से आपको लाभ होगा। नए व्यापार को लेकर उत्साह में रहेंगे। मांगलिक आयोजनों को लेकर खरीदारी कर सकते हैं। पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा। प्रेम संबंधों को विवाह में परिणित कर सकते हैं।

**सिंह:** आज बिना किसी विशेष योजना के आपको निवेश करना नहीं चाहिए। किडनी की समस्याओं से जूझ रहे रोगियों को खानपान का ध्यान रखना चाहिए। नई योजनाओं को क्रियान्वित करना कुछ कठिन होगा। रुका हुआ धन कठिनाई से प्राप्त होगा।

**कन्या:** आज पुरानी झंझटों को लेकर आपको परेशानी उठानी पड़ सकती है। माता-पिता की सलाह और आशीर्वाद अवश्य लें। अपनी बातों को लेकर किसी पर भी दबाव न डालें। आपकी जीवनशैली थोड़ी अव्यवस्थित हो सकती है।

**तुला:** आज परिवार के लोगों की सेहत अच्छी रहेगी। सरकारी कार्य आसानी से हो जाएंगे। दांपत्य संबंधों में सकारात्मकता का एहसास होगा। प्राइवेट संस्थानों में जॉब कर रहे लोगों के वेतन में वृद्धि हो सकती है। अपने लक्ष्यों को लेकर एकाग्र रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज लेखन और चिंतन में समय व्यतीत करेंगे। रिटेल कारोबारियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जॉब इंटरव्यू में सफलता मिल सकती है। योग्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उच्च शिक्षा में आ रही बाधा दूर होगी।

**धनु:** आज दिन की शुरुआत थोड़ी थकाऊ रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी साख एवं विश्वसनीयता बढ़ेगी। बच्चों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। शेयर मार्केट में निवेश से आपको लाभ मिलेगा। आपने मन में काफी रचनात्मक विचार आएंगे।

**मकर:** आज किसी की भी झूठी प्रशंसा न करें। आपके अधिकतर काम थोड़े धीमी गति से होंगे। संपत्ति को लेकर मामले हल हो जाएंगे। अपनी योजनाओं को फिलहाल गुप्त रखें। मार्केटिंग और मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहद खास रहने वाला है।

**कुंभ:** आज दूसरों की बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। जॉब में आपको प्रमोशन मिलने के योग बन रहे हैं। व्यापार में नए सौदे हो सकते हैं। समस्या की जड़ को आसानी से पहचान पाएंगे और उसे आसानी से दूर भी कर लेंगे।

**मीन:** आज परिजन आपकी आदतों से परेशान हो सकते हैं। ऑफिस में अप्रत्याशित काम हो सकते हैं। दैनिक दिनचर्या को संतुलित रखने का प्रयास करें। नौकरीपेशा लोगों को कठिन परिश्रम करना पड़ेगा। मन में परोपकार की भावना रहेगी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
खिलाड़ी — सुबह : 11.00
धड़कन — दोपहर : 03.00

**Sony Max**
जब तक है जान — सुबह : 11.11
टाइगर जिंदा है — रात : 10.30

**Sony Pix**
मोर्टल कॉम्बेट — सुबह : 11.17
जुमांजी — रात : 08.45

**Zee Cinema**
फोबिया — सुबह : 10.30
कार्तिकेय 2 — रात : 07.30

**Colors Cineplex**
दिल विल प्यार व्यार — दोपहर : 13.24
कमबख्त इश्क — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात 10.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति ने पत्नी का फोन काटते हुए कहा-मैं मीटिंग में हूं, बाद में बात करता हूं।
थोड़ी देर बाद पड़ोसन का फोन आया।
पड़ोसन-क्या आप फ्री हैं, आपको डिस्टर्ब तो नहीं किया।
पति-अरे नहीं, आप हुकुम कीजिए।
पड़ोसन-मुझे कोई काम नहीं है, आपकी पत्नी को कुछ बात करनी है, लो बात करो।
पत्नी-शाम को घर आना तो आयोडेक्स लेते आना।

टीचर- बहुवचन किसे कहते हैं?
छात्र-जब बहू अपने ससुराल वालों को खरी-खोटी सुनाती है तो उसे बहुवचन कहते हैं।
अध्यापक जी बेहोश होते-होते बचे।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,761.89 | 21,997.70 |
| नुकसान | 906.07 | 338.00 |
| प्रतिशत में | 1.23 | 1.51 |

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)–**

| | |
|---|---|
| गेहूँ (आरआर 21) | 2360–2800 |
| गेहूँ (के 65) | 3500–3800 |
| बाजरा | 2200–2300 |
| मक्का | 2700–2800 |
| जौ | 2900–3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800–3100 |
| चावल बासमती | 7000–8000 |
| चावल मोटा | 2800–3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200–3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800–5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600–8600 |
| चावल राजरानी | 7000–7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800–7000 |
| चना फार्मी | 7200–7500 |
| चना काबली | 14500–17000 |
| मटर हरा | 6000–6200 |
| मटर सफेद | 6100–6500 |
| दाल चना | 8000–8400 |
| दाल मटर | 6400–6500 |
| उड़द हरा | 12000–12500 |
| उड़द काला | 9000–9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500–16000 |
| दाल उड़द काली | 10500–11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000–12500 |
| मूँग खड़ा | 10000–10500 |
| मूँग दाल | 10500–11000 |
| मूँग धोवा | 12000–13000 |
| मसूर | 8800–9000 |
| मलका | 9000–9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000–17000 |
| दाल स्पेशल | 13000–14000 |
| राज्मा सफेद | 13000–14000 |
| राज्मा काला | 11500–12500 |
| मूँगफली का दाना | 11000–12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310–5510 |
| लाही | 4800–5200 |
| काली सरसों | 4900–5300 |
| पीली सरसों | 5600–5800 |
| तेल सरसों (प्रति 15 ) | 1475–1900 |
| तेल अलसी | 2600–2700 |
| तेल तिल्ली | 2600–2700 |
| तेल मूँगफली रिफाइन्ड | 3400–3500 |
| तेल नारियल | 2700–2800 |
| तेल सोयाबीन | 1650–1700 |

### न्यू डीएचएल ग्लोबल कनेक्टेडनेस की ओर से जारी रिपोर्ट से हुआ खुलासा

# जीडीपी अनुपात में चीन से आगे निकला भारत

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक बाजार में एकीकरण के संबंध में भारत दो प्रमुख मापदंडों...जीडीपी के अनुपात में निर्यात और सेवा निर्यात... पर चीन से आगे निकल गया है। एक रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई।

डीएचएल और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनेस की तरफ से यहां जारी 'न्यू डीएचएल ग्लोबल कनेक्टेडनेस रिपोर्ट-2024' में कहा गया है कि 2021 के बाद से भारत का जीडीपी के अनुपात में निर्यात चीन से अधिक हो गया है। जबकि निर्यात और आयात दोनों के मामले में देश का सेवा व्यापार की तीव्रता भी बहुत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 और 2022 में जीडीपी के हिस्से के रूप में भारत का निर्यात और आयात तेजी से बढ़ा। देश में वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात सकल घरेलू उत्पाद का 23 प्रतिशत (2020 में 19 प्रतिशत से अधिक) और वस्तुओं और सेवाओं के आयात का हिस्सा जीडीपी के 26 प्रतिशत (2020 में 19 प्रतिशत से भी अधिक) पर पहुंच गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में सेवा व्यापार तीव्रता निर्यात और आयात दोनों के मामले में चीन से कहीं अधिक है। हालांकि, जहां तक वस्तु व्यापार का संबंध है, भारत में सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में आयात अधिक होता है जबकि चीन में निर्यात की हिस्सेदारी अधिक है।

डीएचएल एक्सप्रेस के दक्षिण एशिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरएस सुब्रमण्यम ने कहा-हालांकि, वैश्विक स्तर पर जुड़ाव के मामले में भारत की रैंकिंग इसकी वर्तमान आर्थिक स्थिति को दर्शाती है। रिपोर्ट यह साफ करती है कि दुनिया आने वाले वर्षों में भारत की अंतरराष्ट्रीय भागीदारी में कई गुना वृद्धि देखने की उम्मीद कर सकती है।

### वैश्वीकरण 2022 में रिकार्ड स्तर पर पहुंचा

पिछले दशक में कोविड –19 महामारी, यूक्रेन और गाजा में युद्ध, अमेरिका–चीन व्यापार संघर्ष, और ब्रिटेन का यूरोपीय संघ से अलग होना समेत वैश्विक झटकों की पूरी श्रृंखला के बावजूद वैश्वीकरण 2022 में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया और 2023 में उसी स्तर के करीब रहा। डीएचएल और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनेस ने नई डीएचएल ग्लोबल कनेक्टेडनेस रिपोर्ट 2024 को आज जारी किया जिसमें यह दावा किया गया है। यह रिपोर्ट वैश्वीकरण की स्थिति और उसकी गति के बारे व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करती है। यह दुनिया भर में व्यापार, पूंजी, सूचना और लोगों के प्रवाह की निगरानी करते हुए 181 देशों और क्षेत्रों में वैश्वीकरण की स्थिति को मापता है। रिपोर्ट के अनुसार मौजूद साक्ष्य इस धारणा को दृढ़ता से खारिज करते हैं कि वैश्विक प्रवाह की वृद्धि उलट गई है। व्यापार वृद्धि ने वैश्विक संपर्क या जुड़ाव को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार किए जाने वाले वैश्विक उत्पादन का हिस्सा 2022 में रिकॉर्ड उच्च स्तर पर वापस आने में सफल रहा।

# सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंक सोने के बदले दिए गए कर्ज की करे समीक्षा

- वित्त मंत्रालय ने बैंकों को पत्र लिखकर दिया निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों से सोने के आभूषणों के एवज में दिए गए कर्ज की स्थिति की समीक्षा करने को कहा है। कई मामलों में नियमों का अनुपालन नहीं होने की बात सरकार के सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया है।

वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों को लिखे एक पत्र में उनसे स्वर्ण कर्ज से संबंधित अपनी प्रणाली और प्रक्रियाओं पर गौर करने को कहा है। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने कहा-हमने बैंकों से स्वर्ण ऋण कारोबार की व्यापक समीक्षा करने को कहा है। इस संबंध में एक निर्देश पिछले महीने जारी किया गया था। उसमें उन्हें शुल्क और ब्याज के संग्रह और स्वर्ण ऋण खातों को बंद करने से संबंधित विसंगतियों को दुरुस्त करने की सलाह दी गई थी। इसमें जरूरी स्वर्ण गारंटी के बिना स्वर्ण कर्ज का वितरण, शुल्क संग्रह और नकद में भुगतान को लेकर विसंगतियां शामिल हैं। डीएफएस ने बैंकों से एक जनवरी, 2022 से 31 जनवरी, 2024 तक पिछले दो साल की अवधि की गहन समीक्षा करने का आग्रह किया है।

### दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरीडोर को मिली मंजूरी



केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले राजधानी दिल्ली के लोगों को दो मेट्रो लाइनों की सौगात दी है। पहली लाइन लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक तक तथा दूसरी इंद्रलोक से इन्द्रप्रस्थ तक होगी। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि बैठक में दिल्ली में मेट्रो के चौथे चरण के तहत दो मेट्रो लाइनों के निर्माण को मंजूरी दी गयी है। उन्होंने कहा कि पहली लाइन इन्द्रलोक से इन्द्रप्रस्थ के बीच होगी और इसकी लंबाई 12.377 किलोमीटर होगी तथा यह ग्रीन लाइन का विस्तार होगा। दूसरी लाइन लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक के बीच होगी जिसकी लंबाई 8.385 किलोमीटर होगी। उन्होंने कहा कि इन दोनों लाइनों पर 8399 करोड़ रूपये का व्यय होगा जिसमें से 10547 करोड़ रूपये केन्द्र सरकार और 1987 करोड़ रूपये दिल्ली सरकार वहन करेगी।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,400 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,200–50,400 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,100 |
| चांदी तैयार | 74,000 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,400 |
| चांदी पक्की | 733 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,400 |
| चांदी आभूषण | 73,800। |

### ई-परिवहन को बढ़ावा देने को 500 करोड़ की योजना की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारी उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को देश में ई-परिवहन को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना की घोषणा की। अप्रैल, 2024 से जुलाई, 2024 तक (चार महीने) के लिए चलने वाली इस योजना पर 500 करोड़ रुपये का परिव्यय होगा। नई परियोजना दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए है। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने और विनिर्माण कार्यक्रम का दूसरा चरण (फेम-2) 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो रहा है। भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडे ने ई-परिवहन संवर्द्धन योजना 2024 (ईएम पीएस 2024) की घोषणा की।

### सोने की कीमत में 400 रुपये और चांदी में 600 रुपये की आई गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 400 रुपये की गिरावट के साथ 65,950 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।

पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 600 रुपये की गिरावट के साथ 75,300 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 75,900 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 66,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही, जो पिछले बंद भाव से 400 रुपये कम है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,160 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 17 डॉलर कम है। गांधी ने कहा कि उम्मीद से अधिक अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों के कारण बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई।

### इस्मा ने सकल चीनी उत्पादन का अनुमान बढ़ाया

**नई दिल्ली।** चीनी उद्योग संगठन इस्मा ने बुधवार को सितंबर को समाप्त होने वाले विपणन वर्ष में चीनी के सकल उत्पादन के अपने अनुमान को 9.5 लाख टन बढ़ाकर 340 लाख टन कर दिया है। जनवरी में, भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने विपणन वर्ष 2023-24 (अक्टूबर-सितंबर) में एथनॉल के लिए शीरे के उपयोग में लाये जाने के बिना, सकल चीनी उत्पादन 330.5 लाख टन होने का अनुमान लगाया था। एक बयान में, इस्मा ने कहा कि वर्ष 2023-24 में सकल चीनी उत्पादन अब 340 लाख टन होने का अनुमान है।

### लाभ की तलाश में खुदरा निवेशकों का आना चिंताजनक: नागेश्वरन

मुंबई, एजेंसी

- मुख्य आर्थिक सलाहकार ने एफएंडओ को लेकर जताई चिंता



मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने बुधवार को कहा कि वह तत्काल लाभ की तलाश में जोखिम भरे वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड में खुदरा निवेशकों की भागीदारी से 'चिंतित' हैं।

नागेश्वरन ने पूंजी बाजार नियामक सेबी और एनआईएसएम की तरफ से आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि टिकाऊ पूंजी निर्माण और टिकाऊ आर्थिक वृद्धि के लिए सबसे बड़ा खतरा निवेशकों के नजरिए में 'अल्पकालिकता' का होना है और देश इस समय इस प्रवृत्ति की चपेट में है। उन्होंने बैंकों को बढ़ावा देने के लिए कॉरपोरेट समूहों को अनुमति देने पर हर बार होने वाले 'हंगामे' पर अफसोस जताते हुए कहा कि भारतीय उद्योग जगत को कंपनी संचालन गतिविधियों की स्थिति पर विचार करने और अपने आचरण का विश्लेषण करने की जरूरत है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### नोएडा एक्सटेंशन में छह ढाबों और दो दुकानों में लगी आग

**नोएडा।** थाना बिसरख क्षेत्र में स्थित गौर सिटी मॉल के पास बने 6 ढाबों और 2 दुकानों में बुधवार सुबह आग लग गई और घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि सुबह सात बजे के करीब दमकल विभाग को सूचना मिली कि नोएडा एक्सटेंशन में हिंडन नदी के पास एक ढाबे में आग लग गई है। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने पाया कि वहां बने 6 ढाबों और दो अन्य दुकानों में आग फैल गई है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि 'शार्ट सर्किट' होने की वजह से आग लगी। अधिकारी ने कहा कि मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 10 गाड़ियों ने करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### 12.40 लाख मूल्य का मादक पदार्थ बरामद

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में पुलिस ने एक व्यक्ति और युगांडा की एक महिला को गिरफ्तार कर उनके पास से 12.40 लाख रुपये मूल्य का मादक पदार्थ मेफेड्रोन बरामद किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। नवी मुंबई से आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) की एक टीम ने मंगलवार दोपहर दोनों आरोपियों को जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) से पलास्पे की ओर एक ऑटो–रिक्शा में जाते हुए देखा था।

# सेमीकंडक्टर क्षेत्र में वैश्विक शक्ति बनेगा देश

### प्रधानमंत्री ने गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर संयंत्रों की आधारशिला रखी

धोलेरा/गुवाहाटी, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भारत में 1.25 लाख करोड़ रुपये की लागत वाले तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों की आधारशिला रखी, जिनमें असम के मोरीगांव में 27 हजार करोड़ रुपये के खर्च पर बनने वाला केंद्र भी शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश सेमीकंडक्टर क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब देश इस क्षेत्र में एक वैश्विक शक्ति बन जाएगा।

गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों की ऑनलाइन माध्यम से आधारशिला रखने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली पिछली सरकारों पर देश की क्षमता, प्राथमिकताओं और भविष्य की जरूरतों को नहीं समझने तथा भारत के सेमीकंडक्टर सपनों को वास्तविकता में बदलने में विफल रहने का आरोप लगाया। इन तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों में दो गुजरात में और एक असम में है।

मोदी ने देश को सेमीकंडक्टर विनिर्माण का केंद्र बनाने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए कहा कि जब भारत वादा करता है, तो उसे पूरा भी करता है। उन्होंने कहा कि चिप विनिर्माण असीम संभावनाओं के साथ विकास का द्वार खोलता है। प्रधानमंत्री ने कहा-दो साल पहले, हमने एक सेमीकंडक्टर मिशन का ऐलान किया था और घोषणा की थी कि हम पहल करेंगे। कुछ ही महीनों में हमने 'एमओयू' पर हस्ताक्षर किए और आज हम तीन परियोजनाओं का शिलान्यास कर रहे हैं। भारत वादा करता है, तो उसे भी पूरा करता है।

### मोदी ने की पीएम-सूरज राष्ट्रीय पोर्टल की शुरुआत

प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सबसे ज्यादा फायदा अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) जैसे वंचित वर्गों के लोगों को मिला है। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से 'पीएम–सूरज' राष्ट्रीय पोर्टल की शुरुआत के मौके पर दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और जनजातीय समाज से आने वाली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के चयन का जिक्र करते हुए कहा कि वंचित तबके के लोगों को शीर्ष पदों तक पहुंचाने के लिए भाजपा के प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने कोविंद और मुर्मू की हार सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कोशिश की। विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से पूछा–कोई कैसे कह सकता है कि मेरा कोई परिवार नहीं है।

### बीजापुर में छात्रा ने दिया बच्चे को जन्म अधीक्षिका निलंबित

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एक सरकारी बालिका छात्रावास की छात्रा द्वारा बच्चे को जन्म देने के बाद जिला प्रशासन ने छात्रावास की अधीक्षिका को निलंबित कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि 20 वर्षीय यह छात्रा पिछले 2-3 साल से अपने परिवार की सहमति से एक युवक के साथ रिश्ते में थी। बीजापुर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) बलिराम बघेल ने बताया कि गंगालूर इलाके में पोर्टा केबिन छात्रावास में 12वीं कक्षा की एक छात्रा ने मंगलवार रात पेट दर्द और बेचैनी की शिकायत की थी, जिसके बाद उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया और वहां उसने एक बच्चे को जन्म दिया। बघेल ने बताया कि आज सुबह घटना की जानकारी मिलने पर वह और अन्य अधिकारी छात्रावास और अस्पताल पहुंचे।

### हमारे खातों पर रोक लगाई गई खर्च करने के लिए पैसे नहीं : खरगे

कलबुर्गी (कर्नाटक), एजेंसी



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के पास पैसे की कमी होने का बुधवार को संकेत दिया और आरोप लगाया कि लोगों द्वारा दिया गया चंदा जिन बैंक खातों में जमा किया गया था, उनपर केंद्र सरकार ने रोक लगा दी है तथा आयकर विभाग ने पार्टी पर भारी-भरकम जुर्माना लगाया है।

खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए लोगों का आह्वान किया कि वे देश में संविधान और लोकतंत्र को "बचाने" के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में एक साथ मजबूती से खड़े हों और कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करें। खरगे ने चुनाव में समान अवसर की आवश्यकता पर जोर दिया और आरोप लगाया कि भाजपा ने आयकर विभाग का सहारा लेकर कांग्रेस के खातों पर रोक लगवाई और जुर्माना लगवाया है। उन्होंने दावा किया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बावजूद भाजपा चुनावी बॉण्ड के माध्यम से मिले हजारों करोड़ रुपये का खुलासा करने के लिए तैयार नहीं हैं। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना था, ''यह हमारी पार्टी का पैसा था जो आप लोगों ने चंदे के रूप में दिया था, उन्होंने इसे फ्रीज कर दिया है और हमारे पास खर्च करने के लिए पैसे नहीं हैं।

### राजस्थान में मिट्टी ढहने से चार मजदूर दबे, दो लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान में सिरोही जिले के आबूरोड (शहर) थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह मिट्टी ढहने से वहां काम कर रहे चार मजदूर उसके नीचे दब गए जिनमें से दो की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार यह हादसा उस समय हुआ जब 'सीवरेज' के लिए खोदे गए गड्ढे में पाइप लगाते समय मिट्टी ढह गई। दो मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई जबकि दो का उपचार चल रहा है। थानाधिकारी बंशीलाल साद ने बताया कि हिना कॉलोनी में सीवरेज पाइप डालने के सिलसिले में 10 फुट गहरे खड्डे में चार मजदूर काम कर रहे थे, उसी दौरान अचानक मिट्टी के ढह जाने से चारों मजदूर उसके नीचे दब गये। उन्होंने बताया कि मजदूर अशफाक, राहुल, मनीष और इरफान को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां यूपी के निवासी अशफाक (25) और राहुल (24) की मौत हो गई।

### प्रसार भारती की समाचार सेवा शब्द का शुभारंभ

नई दिल्ली, ब्यूरो

- छोटे मीडिया घरानों को मिलेगी निशुल्क समाचार सेवा-ठाकुर



**अमृत विचार:** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रसार भारती द्वारा सृजित की गई समाचार सेवा "शब्द" का रिमोट दबाकर ऑनलाइन शुभारंभ किया है। उनका दावा है कि शब्द समाचार सेवा के माध्यम से प्रसार भारती का देशव्यापी संचार नेटवर्क गांव-गांव तक सूचनाओं को पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि अभी तक दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के माध्यम से प्रसार भारती देश के अंतिम छोर में खड़े हुए व्यक्ति को समाचारों से लाभान्वित करता रहा है। अब "शब्द" नमक समाचार सेवा देश के हजारों समाचार पत्रों, मैगजीन, चैनल एवं छोटे मीडिया समूहों को निशुल्क सेवाएं प्रदान करेगा।

इस मौके पर सूचना एवं प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि सूचना के क्षेत्र में शब्द नमक न्यूज़ प्लेटफार्म उन मीडिया घरानों के लिए एक बहुत बड़ी सौगात है जो आर्थिक संकट के चलते सूचनाओं के सीमित दायरे में बंधे हुए थे लेकिन अब उन्हें हिंदी सहित तमाम क्षेत्रीय भाषाओं में हर तरह के समाचार मिलेंगे।

### रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले का मुख्य संदिग्ध एनआईए की हिरासत में

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले की जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मुख्य संदिग्ध को हिरासत में लिया है। एनआईए को यह सफलता संदिग्ध की तस्वीर साझा करने और सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये के इनाम की घोषणा करने के कुछ दिनों बाद मिली। गत 01 मार्च को घटना वाले दिन संदिग्ध की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हुई थी, जिसमें वह कैफे के अंदर इडली की प्लेट ले जाता दिख रहा था। उसे कंधे पर रखे बैग के साथ देखा गया, जिसके अंदर आईईडी बम रखे होने का संदेह व्यक्त किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मुख्य संदिग्ध की पहचान शब्बीर के रूप में हुई है, जिसे बल्लारी जिले के चॉल बाजार इलाके से हिरासत में लिया गया है।



सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान बुधवार को अमृतसर जिले में अटारी–वाघा बॉर्डर पर बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान प्रदर्शन करते हुए। ● एजेंसी

### केंद्र केरल को 5,000 करोड़ रुपये के कर्ज की सहमति देने को तैयार

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि वह वित्तीय मुद्दों का सामना कर रहे केरल सरकार को कुछ शर्तों के अधीन 5,000 करोड़ रुपये का कर्ज लेने की अनुमति देने को तैयार है। हालांकि, केरल सरकार ने 'बेहद खास और असाधारण उपाय' के तौर पर 5,000 करोड़ रुपये की उधारी लेने की छूट देने को अपर्याप्त बताते हुए कहा कि उसे कम-से-कम 10,000 करोड़ रुपये की जरूरत है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने यह छूट देने का प्रस्ताव रखा है।

# नायब सिंह सैनी सरकार ने विस में हासिल किया विश्वास मत

चंडीगढ़, एजेंसी

हरियाणा की नायब सिंह सैनी की अगुवाई वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने बुधवार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। सदन ने करीब दो घंटे तक हुई चर्चा के बाद ध्वनि मत से विश्वास प्रस्ताव पारित कर दिया।

सैनी ने एक दिन पहले मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। जननायक जनता पार्टी (जजपा) के विधायक विश्वास मत पर मतदान से पहले सदन से बाहर चले गये। पार्टी ने अपने सभी 10 विधायकों को व्हिप जारी कर विश्वास मत पर मतदान के दौरान सदन से अनुपस्थित रहने के लिए कहा था। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने विश्वास मत प्रस्ताव को ध्वनि मत से मतदान के लिए रखा, जिसे सैनी सरकार ने हासिल कर लिया। सदन में राज्य के पूर्व गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल विज मौजूद थे। ध्वनि मत के दौरान जजपा के 10 विधायकों के अलावा इंडियन नेशनल लोकदल के एक मात्र विधायक भी सदन में मौजूद नहीं थे। कांग्रेस सदस्यों ने अध्यक्ष से गुप्त मतदान का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए इससे इनकार कर दिया कि नियमों में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं है। इससे पहले, सैनी ने विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने के लिए विश्वास प्रस्ताव पेश किया था, जिस पर दो घंटे तक चर्चा हुई।

## हरियाणा की सरगर्मी



### सैनी के मुख्यमंत्री बनने को कोर्ट में चुनौती

हरियाणा में कुरुक्षेत्र से सांसद नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में बुधवार को चुनौती दी गयी। वकील जगमोहन भाटी की तरफ से दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि श्री सैनी ने संसद से इस्तीफा दिये बिना मुख्यमंत्री पद की शपथ ली जो जनप्रतिनिधि कानून, 1951 और संविधान का उल्लंघन है।

### खट्टर ने विधानसभा सीट से इस्तीफा दिया

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार को करनाल विधानसभा सीट से इस्तीफा देने की घोषणा की। खट्टर ने यह घोषणा विधानसभा में विशेष सत्र के दौरान की। उन्होंने कहा कि वह आज करनाल विधानसभा सीट से त्यागपत्र दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि नये मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल विधानसभा क्षेत्र की देखरेख करें।





# ऐसा लग रहा है जैसे फिर से पदार्पण करने जा रहा हूं: पंत

## 14 महीने बाद क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार, बीसीसीआई ने आईपीएल के लिए किया था फिट घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी



● मोहाली में पंजाब किंग्स के साथ होने वाले मैच में दिल्ली की करेंगे अगुवाई

दुर्घटना में चोटिल होने के 14 महीने बाद क्रिकेट के लिए तैयार ऋषभ पंत किसी पदार्पण करने वाले खिलाड़ी की तरह ही नर्वस महसूस कर रहे हैं। बीसीसीआई ने पंत को आईपीएल के लिए फिट घोषित कर दिया था। वह दिल्ली कैपिटल्स की अगुवाई करेगा, जिसका पहला मैच 23 मार्च को मोहाली में पंजाब किंग्स से होगा।

पंत दिसंबर 2022 में अपने घर रुड़की जाते समय दुर्घटना में घायल हो गए थे। इसके बाद उन्होंने अस्पताल और बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में लंबा समय बिताया। पंत ने कहा कि मैं उत्साहित हूं लेकिन साथ ही नर्वस भी हूं। ऐसा लग रहा है जैसे मैं फिर से पदार्पण करने जा रहा हूं। मैं जिस दौर से गुजरा हूं उसे देखते हुए फिर से क्रिकेट खेलना चमत्कार से काम नहीं है। मैं अपने शुभचिंतकों तथा बीसीसीआई और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता हूं। उनका प्यार और समर्थन मुझे मजबूती प्रदान करता रहा है। दिल्ली कैपिटल्स के सत्र पूर्व अभ्यास शिविर से जुड़ने के बारे में पंत ने कहा कि मैं दिल्ली कैपिटल्स और आईपीएल में वापसी को लेकर उत्साहित हूं। यह ऐसा टूर्नामेंट है जिसे खेलने का मैं पूरा लुत्फ उठाता हूं। हमारी टीम के मालिकों और सहयोगी स्टाफ ने शुरू से मेरा समर्थन किया, जिसके लिए मैं उनका आभारी हूं। मैं दिल्ली कैपिटल्स के परिवार और प्रशंसकों के सामने खेलने को लेकर बेताब हूं। बीसीसीआई ने पंत को विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर फिट घोषित किया है और संभावना है कि वह यह दोनों भूमिका निभाएंगे। पंत ने भारत की तरफ से 33 टेस्ट, 30 वनडे और 66 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं।

### उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहा हूं : शमी



नई दिल्ली। मोहम्मद शमी के टखने के ऑपरेशन के बाद अब टांके काट दिए गए हैं और इस तेज गेंदबाज ने बुधवार को कहा कि वह उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहे हैं। वनडे विश्व कप में 24 विकेट लेने वाले शमी चोट से इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुई टेस्ट शृंखला में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पिछले महीने टखने का ऑपरेशन करवाया था और इस कारण वह आईपीएल में भी नहीं खेल पाएंगे। शमी ने अपनी तस्वीरों के साथ एक्स पर पोस्ट किया, सभी को नमस्कार। मैं अपनी चोट से उबरने की प्रक्रिया का अपडेट देना चाहता हूं। ऑपरेशन को 15 दिन हो गए हैं और हाल में टांके काट दिए गए। मैं इस प्रगति से खुश हूं और उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहा हूं।

# बुमराह की जगह अश्विन बने शीर्ष गेंदबाज

दुबई, एजेंसी



### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

अपने 100वें टेस्ट मैच में 9 विकेट लेने वाले ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन आईसीसी (अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की बुधवार को जारी नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं जबकि कप्तान रोहित शर्मा की बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी हुई है।

अश्विन ने धर्मशाला टेस्ट मैच की पहली पारी में 4 और दूसरी में 5 विकेट लिए थे। उन्होंने 36वीं बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया। भारतीय टीम ने इस मैच को जीतकर शृंखला 4-1 से अपने नाम की थी। इस टेस्ट में शतकीय पारी खेलने वाले रोहित ने बल्लेबाजों की रैंकिंग में 5 स्थान का सुधार किया। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज केन विलियमसन से 108 रेटिंग पीछे हैं। यशस्वी जायसवाल (आठवें) और शुभमन गिल (20वें) भी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे। बुमराह दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। वह इस स्थान को ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के साथ साझा कर रहे हैं। हेजलवुड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ क्राइस्टचर्च में खेले गए दूसरे टेस्ट में 6 विकेट लिए थे। खब्बू स्पिनर कुलदीप यादव करियर की सर्वश्रेष्ठ 16वीं रैंकिंग पाने में सफल रहे। न्यूजीलैंड के मैट हेनरी (12वें स्थान पर) भी करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे। रविंद्र जडेजा हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में पहले जबकि अश्विन दूसरे स्थान पर बने हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस (आठवें) और हेनरी (11वें) भी अपनी रैंकिंग में बड़ा सुधार करने में सफल रहे।

## खेल डायरी

### आईपीएल सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे बेयरस्टो धर्मशाला में दो मैच खेलेगा पंजाब



नई दिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भारत दौरे के बाद स्वदेश लौटने के बावजूद 22 मार्च से शुरू आईपीएल सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच धर्मशाला में खेले गए टेस्ट मैच के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अधिकारियों के बीच खिलाड़ियों की आईपीएल के लिए उपलब्धता को लेकर बातचीत हुई थी। कप्तान बेन स्टोक्स, जो रूट और मार्क वुड पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि वह आईपीएल में खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। आईपीएल के सूत्रों ने कहा कि पंजाब किंग्स के बल्लेबाज बेयरस्टो 18 या 19 मार्च को भारत पहुंचेंगे तथा टीम के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 23 मार्च को होने वाले पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### अल हिलाल ने 28वीं जीत दर्ज कर बनाया विश्व रिकॉर्ड

जेद्दा (सऊदी अरब), एजेंसी। सऊदी अरब की टीम अल हिलाल ने 28वीं जीत दर्ज कर फुटबॉल में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। अल हिलाल ने अल इतिहाद को 2-0 से हराकर यह उपलब्धि हासिल करने के साथ एशियाई चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इन दोनों के बीच पहले चरण का मैच भी अल हिलाल ने जीता था और उसने अपने घरेलू प्रतिद्वंदी अल इतिहाद को 4-0 के अंतर से पराजित किया। सऊदी अरब की घरेलू लीग में 18 बार की चैंपियन अल हिलाल ने वेल्स की टीम द न्यू संेट्स के 2016-17 के सत्र में लगातार 27 जीत दर्ज करने के पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा। अल हिलाल ने इससे पहले आखिरी बार पिछले साल 21 सितंबर को मैच नहीं जीता था।

### बार्सिलोना और आर्सेनल क्वार्टर फाइनल में

बार्सिलोना, एजेंसी। स्पेन के शीर्ष क्लब बार्सिलोना ने चार साल जबकि इंग्लैंड के क्लब आर्सेनल ने 14 साल बाद चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पांच बार के यूरोपीय चैंपियन बार्सिलोना ने नैपोली को 3-1 से हराकर अंतिम 8 में जगह सुरक्षित की। इन दोनों टीम के बीच पहले चरण का मैच 1-1 से बराबर रहा था और इस तरह से बार्सिलोना ने 4-2 के कुल योग से जीत हासिल की। बार्सिलोना के लिए फर्मिन लोपेज़, जोआओ कैंसलो और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने गोल किए। नैपोली की तरफ से एकमात्र गोल अमीर रहमानी ने किया। बार्सिलोना दो वर्षों में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ा था। वह 2019-20 में क्वार्टर फाइनल में पहुंचा था जहां उसे बायर्न म्यूनिख से हार मिली थी।

### रचिन रवींद्र 'सर रिचर्ड हैडली मेडल' से पुरस्कृत होने वाले बने सबसे युवा खिलाड़ी



क्राइस्टचर्च, एजेंसी। भारत में पिछले साल हुए विश्व कप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रचिन रवींद्र बुधवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट के वार्षिक पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुने जाने के बाद सर रिचर्ड हैडली पदक पाने वाले कम उम्र के खिलाड़ी बने। महिलाओं में एमेलिया केर ने वार्षिक पुरस्कारों में प्रमुख पुरस्कार जीते हैं। केन विलियमसन को टेस्ट मैचों में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए एएनजेड साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया। उन्हें पुरुष वर्ग में प्रथम श्रेणी में बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए 'रेडपाथ कप' से सम्मानित किया गया। रवींद्र महज 24 साल की उम्र में 'सर रिचर्ड हैडली मेडल' विजेता हैं। वह पिछले सत्र में टेस्ट और सीमित ओवर की क्रिकेट में न्यूजीलैंड टीम के मुख्य स्तंभ के तौर पर उभरे हैं। पिछले साल मार्च में राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के बाद रवींद्र ने भारत में खेल गए विश्व कप में 64 की औसत से 578 रन बनाए। उन्होंने तीन शतक और दो अर्धशतक जड़े। इस प्रदर्शन के बाद रवींद्र 2023 के लिए आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ उभरते हुए खिलाड़ी चुने गए थे। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के साथ साढ़े तीन लाख डॉलर का अनुबंध भी हासिल किया। उन्होंने तीनों प्रारूप में अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी। इस बल्लेबाज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बे ओवल में खेले गए टेस्ट में 240 रन बनाए थे। उन्होंने इसके साथ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में भी दमदार प्रदर्शन किया। केर ने महिला श्रेणी के प्रमुख पुरस्कारों में सूपड़ा साफ किया। वह 'एएनजेड' वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई। उन्हें 'डेबी हॉकले मेडल' से सम्मानित किया गया।

# खिताब के लिए एक दिन और करना होगा मुंबई को इंतजार

## 42वां रणजी ट्राफी: विदर्भ की टीम ने चौथे दिन 5 विकेट पर 248 रन बनाए

मुंबई, एजेंसी



● 538 रन का दुरूह लक्ष्य मुंबई ने रखा विदर्भ के सामने



करूण नायर (74) और कप्तान अक्षय वाडकर (56 नाबाद) ने जीत के लिए 538 रन के दुरूह लक्ष्य का पीछा करते हुए फाइनल के चौथे दिन पांच विकेट पर 248 रन बनाकर विदर्भ को मैच में बनाए रखा और 42वां रणजी खिताब जीतने के लिए मुंबई को एक दिन और इंतजार करना होगा।

पहले ही दिन से दबाव में आई विदर्भ को जीत के लिए असंभव सा लक्ष्य मुंबई की ओर से मिला। लेकिन उसके बल्लेबाजों ने चौथे दिन उम्दा खेल दिखाते हुए मेजबान गेंदबाजों को परेशान किया। इस सत्र की शुरूआत में ही विदर्भ से जुड़े नायर ने 220 गेंदों का सामना करके 287 मिनट तक बल्लेबाजी की और वह मुशीर खान की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। मुशीर ने दूसरी पारी में 136 रन बनाने के बाद शानदार गेंदबाजी भी की। कप्तान वाडकर चौथे दिन 56 रन बनाकर और हर्ष दुबे 11 रन बनाकर खेल रहे थे। वाडकर ने 91 गेंद की पारी में छह चौके लगाए। उन्होंने नायर के साथ पांचवें विकेट के लिए 173 गेंद में 90 रन जोड़े। विदर्भ को अभी भी 290 रन चाहिए और उसके पांच विकेट बाकी है। मुंबई की टीम ने पहले दो सत्र में दो-दो और फिर नायर का विकेट आखिरी सत्र में लिया।

वानखेड़े स्टेडियम की सपाट पिच पर मुंबई की टीम ने सब कुछ आजमा लिया। मुंबई के तेज गेंदबाजों की तिकड़ी और दोनों स्पिनरों ने बल्लेबाजों को गलती करने पर मजबूर करने की पूरी कोशिश की। विदर्भ की टीम के बल्लेबाजों की दाद देनी होगी कि इतने कठिन लक्ष्य के जवाब में भी उन्होंने आसानी से घुटने नहीं टेके। मुशीर ने मुंबई के लिए 17 ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट लिए और सबसे असरदार रहे। उन्होंने बेहतरीन गेंद पर नायर को आउट किया। तनुष कोटियान ने 55 रन देकर 2 विकेट लिए। उन्होंने ध्रुव शोरे (28) और यश राठौड़ (सात) को पवेलियन भेजा।

# विदेशी बोर्ड से गठजोड़ पर रोक की तैयारी में लगा भारतीय बोर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी

● 18 मार्च को होने वाली शीर्ष बैठक में बोर्ड इस मामले पर ले सकता है फैसला

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अभ्यास शिविर और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए राज्य इकाइयों के सीधे विदेशी क्रिकेट बोर्ड से गठजोड़ करने पर रोक लगाने की तैयारी में है। बीसीसीआई चाहता है कि राज्य इकाइयां उसके माध्यम से आगे बढ़ें। इस पर 18 मार्च को बीसीसीआई की बैठक में फैसला होगा।

बीसीसीआई को इस फैसले के लिए इसलिए मजबूर होना पड़ रहा है क्योंकि दिल्ली और पुडुचेरी सहित कई राज्य इकाइयों ने विदेशी क्रिकेट बोर्ड विशेषकर एसोसिएट देशों से अपनी टीम की मेजबानी के लिए बातचीत की है। इसकी पुष्टि की जा सकती है कि दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ को नेपाल क्रिकेट बोर्ड से प्रस्ताव मिला है। सूत्र ने बताया कि राज्य इकाइयां निश्चित तौर पर क्रिकेट संबंधी गतिविधियों के लिए विदेशी बोर्ड से गठजोड़ कर सकती हैं, लेकिन ऐसी साझेदारी बीसीसीआई के जरिए होनी चाहिए क्योंकि वह मूल संस्था है। सभी बीसीसीआई के जरिए आगे बढ़ाए जाने चाहिए। शीर्ष परिषद की आगामी बैठक में क्रिकेट मैचों के आयोजन के लिए राज्य इकाइयों का विदेशी बोर्ड के साथ गठजोड़ पर चर्चा की होगी। इसके बाद बीसीसीआई इस पर फैसला करने का अधिकार अपने हाथ में ले लेगा। नेपाल की टीम इस साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले भारत के दौरे पर आ सकती है।

नेपाल क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने पिछले महीने बीसीसीआई सचिव जय शाह के साथ बैठक की थी। बीसीसीआई इससे पहले भी एसोसिएट देशों की मदद करता रहा है। एक समय अफगानिस्तान ने भारत को अपना घरेलू स्थल बनाया था। उसने तब देहरादून और ग्रेटर नोएडा में अभ्यास करने के अलावा मैच भी खेले थे। एसोसिएट देश मदद के लिए केवल भारत ही नहीं बल्कि अन्य पूर्णकालिक सदस्य देशों से भी संपर्क कर रहे हैं।

# अल्कराज क्वार्टर फाइनल में, सिनर की 18वीं जीत

इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी

### बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट



कार्लोस अल्कराज ने फैबियन मारोज्सन से पिछली हार का बदला लेते हुए बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चैंपियन यानिक सिनर ने लगातार 18वां मैच जीता।

अल्कराज पिछले साल इटालियन ओपन में हंगरी के खिलाड़ी से हार गए थे, लेकिन यहां उन्होंने सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की। नोवाक जोकोविच की लुका नार्डी के हाथों हार के बाद स्पेन के अल्कराज को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। अल्कराज का अगला मुकाबला अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा, जिन्होंने एलेक्स डी मिनौर से पहला सेट हारने के बाद जीत हासिल की। सिनर ने बेन शेल्टन को हराकर लगातार 18वीं जीत हासिल की। इटली का यह खिलाड़ी 2024 की शुरुआत से लेकर अभी तक 15 मैच जीत चुका है। यह हार्डकोर्ट पर उनकी 150वीं जीत है। सिनर क्वार्टर फाइनल में जिरी लेहेका से भिड़ेंगे, जिन्होंने स्टेफानोस सिटसिपास पर जीत हासिल की। महिला वर्ग में यूक्रेन की मार्ता कोस्त्युक ने रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को और अनास्तासिया पोटापोवा ने जैस्मीन पाओलिनी को हराया।

# कुलदीप को एहसास था कि वह मेरा टेस्ट क्रिकेट में 700वां विकेट बनेगा: एंडरसन

लंदन, एजेंसी



इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने खुलासा किया है कि भारत के बल्लेबाज कुलदीप यादव को एहसास था कि वह उनका टेस्ट में 700वां विकेट बनेंगे। एंडरसन ने धर्मशाला टेस्ट में 9 मार्च को कुलदीप यादव को आउट करके 700वां विकेट लिया था। एंडरसन यह उपलब्धि पाने वाले पहले और कुल तीसरे गेंदबाज बने। उन्होंने 187वें टेस्ट मैच में यह उपलब्धि पाई।

एंडरसन ने कहा कि कुलदीप ने मेरी एक गेंद थर्ड मैन पर खेल कर एक रन लिया। जब वह नॉन स्ट्राइकर छोर पर पहुंचा तो तब मैं रनअप पर जा रहा था। तब उसने कहा, 'मैं आपका 700वां विकेट बनने जा रहा हूं। उसके कहने का मतलब यह नहीं था कि वह आउट होने की कोशिश कर रहा है। वह सिर्फ यह बता रहा था कि उसे ऐसा एहसास हो रहा है। उसकी बात पर हम दोनों हंस पड़े थे। एंडरसन ने कहा कि अगर इंग्लैंड यह शृंखला जीती होती तो उनकी खुशी दोगुना होती। उन्होंने कहा कि मैंने जश्न नहीं मनाया। जश्न मनाने के लिए कुछ था भी नहीं। एक दर्शनीय मैदान पर उपलब्धि हासिल करना अच्छा पल था लेकिन अगर हमने जीत हासिल की होती तो मैं अधिक उत्साहित होता। मैं रिकॉर्ड के लिए क्रिकेट नहीं खेलता, मैं अपनी टीम को मैच जिताने के लिए क्रिकेट खेलता हूं।



## बॉलीवुड हलचल

### सलमान को पसंद आयुष की फिल्म रुसलान



मुंबई, एजेंसी। अभिनेता सलमान खान को अपने बहनोई आयुष शर्मा की फिल्म 'रूसलान' का टीजर पसंद आया है। आयुष 2018 में लवयात्री और 2021 में सलमान खान निर्मित फिल्म अंतिम : द फाइनल ट्रुथ में थे। आयुष अब एक्शन थ्रिलर फिल्म 'रुसलान' में नजर आएंगे। सलमान खान ने इसका टीजर इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। साथ ही आयुष शर्मा समेत बाकी टीम को बधाई दी है। सलमान खान के पोस्ट के बाद आयुष शर्मा ने इस पर रिएक्ट किया है। उन्होंने कमेंट में कहा, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया भाई। निर्देशक करण एल बुटानी ने भी सलमान को धन्यवाद दिया। करण ने कमेंट लिखा, आपके सपोर्ट और प्यार के लिए धन्यवाद सर। करण बुटानी के निर्देशन में बनी 'रुसलान' 26 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### अंकुश राजा का होली स्पेशल भक्ति गीत होली खेले रामलला



मुंबई, एजेंसी। अंकुश राजा का होली स्पेशल भक्ति गीत होली खेले रामलला रिलीज हो गया है। गीत के माध्यम से अंकुश राजा ने अवध की होली का बखान किया है और बताया है कि कैसे रामलला भी अवध में होली खेला करते थे। अंकुश राजा का यह होली गीत उनके अपने ऑफिशियल यूट्यूब चैनल अंकुश राजा भक्ति पर रिलीज हुआ है। होली खेले रामलला में अंकुश राजा ने भगवान राम की रघुराई और अवध की होली को अपने गीत में प्रयोग कर पेश किया है। इसको लेकर उन्होंने कहा कि होली में अलग-अलग तरह के गीत-संगीत का दौर चलता रहता है, लेकिन हमने इस बार रामलला के आगमन की खुशी में यह गीत बनाया है और हम उनके चरणों में समर्पित भी करते हैं। होली खेले रामलला के गीतकार छोटू रावत और संगीतकार रजनी रंगीला हैं। वीडियो आशीष सत्यार्थी का है। डीओपी संतोष यादव हैं।

# विवान ने परिजनों का जताया आभार

## जिन्होंने उन्हें भारतीय साहित्य की गहराई को समझाया



नसीरुद्दीन शाह और रत्ना पाठक शाह ने 'मोटली प्रोडक्शंस' नामक थियेटर ग्रुप में अथाह श्रम और समय निवेश किया है और उन्हीं के कारण रंगमंच में अनुशासन की अहमियत को विवान शाह अच्छी तरह समझते हैं। उन्हें साहित्य से बेहद लगाव है और वे कहते हैं, "मेरे माता-पिता ने इस्मत चुग़ताई और मंटो की कहानियों का मंचन किया है और उनकी वजह से मैं भारतीय साहित्य की समृद्धता से परिचित हूं। प्रेमचंद मेरे पसंदीदा लेखक है और 'गुल्ली डंडा' उनकी सबसे मर्मस्पर्शी कहानियों में से एक है। 'कोई बात चले' जैसी शृंखला का हिस्सा होना और सीमा पाहवा के निर्देशन में काम करना भी मेरे लिए बेहद खुशी, सम्मान और आदर की बात थी। कहानी के कई किरदारों को बिना एक बड़े सेट के और बेहद नपी तुली आवाज़ के ज़रिए निभाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन विवान को 'गुल्ली डंडा' के सूक्ष्मार्थ को उजागर करने में खासा आनंद मिला। उनका कहना है, प्रेमचंद उन बातों का बहुत सूक्ष्मता से वर्णन करते हैं जिन्हें हम अक्सर अनदेखा करते हैं। सीमा जी ने इस कहानी के कई आयामों को उजागर करने में मेरी मदद की और भाषा की विविधताओं के साथ न्याय करने में भी वो मेरी सहायक बनीं। विवान को कलाकार के रूप में यह अनुभव बहुत समृद्ध कर गया और वो कहते हैं, एक कहानी के मूल भाव को उजागर कर पाना आपके अभिनय कौशल में सुधार करता है और इस कहानी की सार्थकता को संवादित करना मेरे लिए बहुत ख़ास था। कहानी केवल दोस्ती के बारे में नहीं है बल्कि यह दिखाती है कि सामाजिक और आर्थिक अंतर किस प्रकार रिश्तों को प्रभावित करते हैं। उन्हें आशा है कि प्रेमचंद जो कहना चाहते थे, दर्शक उसे समझेंगे। वह कहते हैं, यह कहानी दिखाती है कि मानवता और सहानुभूति हमारे सर्वोपरि गुण होने चाहिए. पैसा या सामाजिक स्तर ही सब कुछ नहीं है। यह कहानी यह भी दिखाती है कि भारतीय साहित्य कितना समृद्ध और विविध है, और अगर अधिक लोग 'कोई बात चले' के माध्यम से इसे पढ़ें और खोजें तो बहुत अच्छा होगा।

### बड़े मियां छोटे मियां का गाना वल्लाह हबीबी में जलवा बिखेरेंगी मानुषी और अलाया

मुंबई, एजेंसी। अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का गाना वल्लाह हबीबी रिलीज हो गया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिका में हैं। इसका गाना वल्लाह हबीबी रिलीज हो गया है। यह गाना अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, मानुषी छिल्लर और अलाया फर्नीचर वाला पर फिल्माया गया है। गाना विशाल ददलानी, विशाल मिश्रा और दीपाक्षी ने गाया है। म्यूजिक कंपोजर विशाल मिश्रा हैं। लिरिक्स इरशाद कामिल ने लिखे हैं, कोरियोग्राफर बॉस्को सीजर हैं। फिल्म वासु और जैकी भगनानी के पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोडक्शन हाउस बनाया जा रहा है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज और अलाया एफ हैं।



### मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे में अनूप जलोटा और उर्फी जावेद

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'मैडनेस मचाएंगे- इंडिया को हंसाएंगे' में भजन सम्राट अनूप जलोटा के साथ इंटरनेट सनसनी और फैशन प्रभावकार उर्फी जावेद शिरकत करेंगे। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' में अनूप जलोटा के साथ उर्फी जावेद का स्वागत किया जाएगा, जहां कॉमेडी-मीट-फैशन-मीट-म्यूजिक होगा। अपने 'एनिमल स्पूफ' के साथ मंच का संचालन करते हुए, कॉमेडियन केतन सिंह, कुशल बद्रीके और गौरव दुबे फिल्म के किरदारों और संवादों को सबसे मजेदार ढंग से पेश करेंगे। साथ ही सभी कॉमेडियन अपनी कॉमिक टाइमिंग के साथ सभी को खूब हसाएंगे। केतन सिंह ने कहा, एनिमल स्पूफ के पहले भाग को पहले एपिसोड में खूब सराहा गया था और हमें विश्वास है कि भाग 2 एक बार फिर दर्शकों का दिल जीत लेगा और आपको जमकर हंसाएगा। जहां हमें किरदारों को चित्रित करने में बहुत मजा आया, हास्य का समावेश करते हुए फिल्म के सार को बनाए रखना काफी मांग वाला था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# शिमला में गिरे ओले, आज भारी बर्फबारी के आसार



### उत्तराखंड में मौसम ने ली करवट

उत्तराखंड में एक बार फिर मौसम ने करवट बदली है। आज यानी गुरुवार को प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी होने का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र का कहना है कि प्रदेश के उत्तरकाशी चमोली, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले में हल्की बारिश हो सकती है। 14 मार्च को भी कुछ जिलों में मौसम बदला रहने की संभावना है। आज बाद प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा।

**शिमला, एजेंसी**

हिमाचल में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रुक-रुक कर बर्फबारी का दौर जारी है, जबकि मैदानी क्षेत्रों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हो रही है। इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। बता दें, बीते 24 घंटों के दौरान कुकुमसेरी में 8, गोंदला में 7, केलांग में 4 और कोठी व सांगला में एक-एक सेंटीमीटर बर्फबारी रिकॉर्ड की गई है। राजधानी शिमला और आसपास के क्षेत्रों में शाम ढलते ही बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है।

### स्पीति में जल संकट, कई किमी दूर मिल रहा पीने का पानी

बर्फबारी के बाद लाहुल स्पीति में पानी की कमी खलने लगी है। पेयजल लाइनें जाम हो गई हैं, लोगों को नदी किनारे और नालों से पानी ढोना पड़ रहा है। कई क्षेत्रों में ग्रामीण 5 से 7 किलोमीटर की सफर तय करके पानी लाने को मजबूर हैं। केलांग में भी हर साल की तरह इस साल भी बर्फ के बीच में लोगों को बाहर लगे नलों से कैन में उठाकर खुद लाना पड़ रहा है।



# जैविक, केमिकल हथियारों का दुरुपयोग रोकेगा एआई

*रिसर्च में एआई के सुरक्षित इस्तेमाल के लिए दुनियाभर के 90 वैज्ञानिकों ने समझौता किया है। समझौते में सैन फ्रांसिस्को के हाई-प्रोफाइल एआई स्टार्ट-अप एंथोपिक के मुख्य कार्यकारी डारियो अमोदेई, नोबेल पुरस्कार विजेता जीव वैज्ञानिक फ्रांसिस अर्नोल्ड जैसे विशेषज्ञ भी शामिल हैं। इनका कहना है कि जीव विज्ञान के क्षेत्र में एआई का लाभ किसी भी संभावित नुकसान से अधिक होगा। अर्नोल्ड ने कहा कि, जैविक, केमिकल हथियारों में एआई के दुरुपयोग को रोकने के लिए समक्षैता हुआ है। आईए जानते हैं इसके बारे में...*

- नई एआई प्रौद्योगिकी जल्द ही अकुशल और आपराधिक लोगों की मदद कर सकती है, जो बड़े पैमाने पर जैविक हथियार और घातक जहरीले केमिकल बना सकते हैं। वैज्ञानिकों का नया समझौता एआई को गलत लोगों के हाथों में जाने से रोकने का प्रयास है। वैज्ञानिक सुनिश्चित करना चाहते हैं कि एआई की मदद से किया अनुसंधान दुनिया को नुकसान पहुंचाए बिना आगे बढ़े।



### एआई बना रही कंपनियों में 7.61 लाख करोड़ का निवेश

एआई टूल्स को विकसित करने वाली कंपनियों में निजी पूंजी निवेश में बेतहाशा बढ़ोत्तरी हुई है। 2022 में एआई बनाने वाली 1400 कंपनियों में 92 अरब डॉलर (7.61 लाख रु.) का निवेश हुआ, जो 2016 की तुलना में करीब दोगुना है।



- वाशिंगटन यूनिवर्सिटी में इंस्टीट्यूट फॉर प्रोटीन डिजाइन के निदेशक डेविड बेकर ने कहा, 'यह डीएनए निर्माण उपकरण जैव-हथियारों के विकास को आसान बनाएगा। वहीं, शिकागो यूनिवर्सिटी में जैव रसायन और आणुविक जीव विज्ञान के प्रो. राम रंगनाथन ने कहा, इन प्रौद्योगिकियों को कुछ लोगों या संगठनों तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए।



### एआई के इस्तेमाल से और घातक हो रहे युद्ध

सेनाएं अपने सैनिकों का प्रभाव बढ़ाने और उनके जीवन की रक्षा के लिए इन प्रणालियों का उपयोग करती हैं। एआई प्रणाली सैनिकों को अधिक कुशल बना सकती है और इससे युद्ध की गति और घातकता के बढ़ने की आशंका है। एआई का युद्ध के सभी स्तरों पर प्रभाव पड़ रहा है, 'खुफिया, निगरानी और टोही' गतिविधियों से लेकर 'घातक हथियार प्रणालियों' के लिए इसका इस्तेमाल हो रहा है, जिसके जरिए मानव हस्तक्षेप के बिना निशाना बनाकर हमला किया जा सकता है। बता दें, इजराइल की सेना भी हबसोरा प्रणाली भी इसी तरह काम करती है। यह प्रणाली मशीनों के सुझावों पर भरोसा करने की मानवीय प्रवृत्ति को बढ़ा सकती है। यह बात हबसोरा प्रणाली से सामने आई है।

## एक नजर

### भारत और भूटान खाद्य सुरक्षा समझौते को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने भूटान के स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय खाद्य सुरक्षा तथा मानक प्राधिकरण के बीच खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग से संबंधित एक समझौते को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। भूटान की फूड एंड ड्रग अर्थॉरिटी तथा भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के बीच इस समझौते पर हस्ताक्षर होने से दोनों पड़ोसी देशों के बीच कारोबार में सुगमता आएगी। भारत उत्पादों का निर्यात करते समय एक स्वास्थ्य प्रमाणपत्र जारी करेगा। इससे व्यापार में सुगमता को प्रोत्साहन मिलेगा और दोनों पक्षों के लिए अनुपालन लागत कम होगी।

### छत्तीसगढ़ में हथियार के साथ छह नक्सली गिरफ्तार

**पत्थलगांव।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में पुलिस ने आज स्वचालित हथियार के साथ झारखंड के आधा दर्जन खुंखार नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से एक नग एके-47, कारतूस, नक्सली ड्रेस एवं अन्य सामग्री बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि सूचना पर जशपुर और बलरामपुर जिले की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की थी, जिससे बाद 6 हार्डकोर नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया गया। नक्सलियों ने पुलिस को बताया कि झारखंड से भाग कर वे जशपुर जिले में शरण लेने आए थे। फिलहाल पुलिस ने इन नक्सलियों को लेकर पूरे सरगुजा संभाग मे सघन जांच अभियान शुरू कर दिया है।

### पटना के न्यायालय में ट्रांसफॉर्मर फटा, एक की मौत, कई घायल

**पटना।** बिहार में पटना व्यवहार न्यायालय के गेट नंबर एक पर ट्रांसफर्मर में आग लगने के बाद फट गया। विस्फोट में एक वकील की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया है कि, घटना में एक दिव्यांग अधिवक्ता दबीन्द्र प्रसाद मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक टाइपिस्ट और एक मुंशी आग में गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा कई अन्य लोग भी विस्फोट की चपेट में आए हैं। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### दहल ने अग्निपरीक्षा की पास, तीसरी बार हासिल किया विश्वास मत

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने एक बार फिर अग्निपरीक्षा पास कर ली और अब वह प्रधानमंत्री बने रहेंगे। दिसंबर 2022 में पद संभालने के बाद से दहल ने तीसरी बार विश्वासमत हासिल किया। हाल ही में प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस से राजनीतिक रिश्ते खत्म कर पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अगुआई वाली सीपीएन-यूएमएल के साथ गठबंधन किया था। नेपाली संघीय संसद में बुधवार को प्रचंड के पक्ष में 275 में से 157 वोट पड़े, जबकि 110 सदस्यों ने विश्वास मत के विरोध में वोटिंग की।

# राष्ट्रपति बाइडन-ट्रंप पार्टी चुनाव जीते, दोनों नेता फिर आमने-सामने

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावः 2020 में भी ट्रंप-बाइडन के बीच हुआ था मुकाबला

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के लिए एक बार फिर जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच आमना-सामना होगा। सीएनएन के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल कर अपनी दावेदारी को पक्का कर लिया है।

सीएनएन के अनुसार, अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के लिए जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुकाबला होगा। ट्रंप ने बुधवार की सुबह राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवारी हासिल की है, जबकि बाइडन ने डेमोक्रेटिक पार्टी चुनाव में जीत दर्ज करते हुए एक दिन पहले अपनी दावेदारी को पक्का कर लिया था। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, मतदाताओं ने बुधवार को जॉर्जिया, मिसिसिपी और वाशिंगटन में राष्ट्रपति पद के प्राइमरी चुनावों में मतदान किया था। इससे पहले मंगलवार को डेमोक्रेट्स के प्राइमरी चुनाव के लिए मतदान किया गया था।

बता दें कि अमेरिका में इसी साल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। इससे पहले साल 2020 में राष्ट्रपति पद के लिए जो बाइड और डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुकाबला हुआ था।



### किन राज्यों में विजेता बनकर उभरे बाइडन

वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन दूसरे कार्यकाल के लिए व्हाइट हाउस की रेस में हैं। आंतरिक चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी बाइडन अब तक चार राज्यों में जीत हासिल कर चुके हैं। न्यू हैंपशर, दक्षिणी कैरोलाइना, नेवाडा के साथ मिशिगन में भी बाइडन ने जीत दर्ज की है। बुधवार को जॉर्जिया और वॉशिंगटन में भी बाइडन ने जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही राष्ट्रपति चुनाव में 2020 की तर्ज पर एक बार फिर डोनाल्ड ट्रंप बनाम जो बाइडन के बीच मुकाबला होने की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं। गौरतलब है कि चार साल पहले साल 2020 में कराए गए राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप को मात मिली और इसके बाद देश के इतिहास में संभवतः पहली बार कैपिटल हिल पर जमकर उपद्रव हुआ।

### आरोपों के साथ चुनावी मैदान में होंगे ट्रंप

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप और बाइडन के बीच 2020 के चुनाव अभियान के बाद दोबारा मुकाबला देखने को मिलेगा। हालांकि, ट्रंप इस बार 91 आरोपों के साथ चुनावी मैदान में होंगे। उन पर आरोप है कि उन्होंने 6 जनवरी, 2021 में अमेरिकी कैपिटल में हुई हिंसा में प्रमुख भूमिका निभाई थी। साथ ही उन्होंने 2016 के चुनाव से पहले एक पोर्न फिल्म स्टार को धन भुगतान किया था। इस बात को उन्होंने छुपाकर रखा था।



# ब्रिटेन जाएंगे दो हजार भारतीय डॉक्टर

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन की नेशनल हेल्थ सर्विस (एनएचएस) में चिकित्सकों की कमी को पूरा करने के लिए भारत से दो हजार चिकित्सक भेजे जाएंगे। इसके लिए भारत के नौ प्रमुख शहरों के बड़े अस्पतालों में प्रशिक्षण शुरू किए गए हैं। मुंबई, गुरुग्राम, नागपुर, इंदौर, चेन्नई, दिल्ली, कालीकट, बेंगलुरू और मैसुरू में चिकित्सकों का प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा।

एनएचएस के अनुसार, भारतीय चिकित्सकों को फास्ट ट्रैक पीजी प्रोग्राम के तहत पहले बैच को प्रशिक्षण देगा। छह से बारह महीने की प्रशिक्षण के बाद इन चिकित्सकों को ब्रिटेन के अस्पतालों में नियुक्ति दी जाएगी। भारतीय चिकित्सक दो साल के लिए ब्रिटेन में नौकरी कर सकेंगे। एनएचएस की रिपोर्ट में कहा गया है कि एनएचएस ही इन चिकित्सकों के लिए वीजा प्रदान करेगा। प्रशिक्षण पूरा करने वाले भारतीय पीजी चिकित्सकों के लिए सबसे बड़ा फायदा ये होगा कि उन्हें पीएलएबी परीक्षा नहीं देना।

- **ब्रिटेन में डॉक्टरों की कमी होगी दूर भारत के नौ शहरों में होगा प्रशिक्षण**



ब्रिटेन में काम करने के लिए यह अंतर्राष्ट्रीय परीक्षा पास करना जरूरी होता है। उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन में अभी लगभग 25 हजार डॉक्टरों की कमी है। ब्रिटेन में अभी 30 हजार से ज्यादा भारतीय चिकित्सक काम कर रहे हैं। फास्ट ट्रैक पीजी प्रोग्राम के बाद आने वाले दस साल में भारतीय चिकित्सकों की संख्या दोगुनी होने की संभावना है। एनएचएस की रिपोर्ट के अनुसार, भारत से आने आने वाले चिकित्सकों के लिए ब्रिटेन की प्रतिष्ठित साउथ वेल्स, बोल्टन और प्लेमाउथ यूनिवर्सिटी में विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गई है। एनएचएस ने ब्रिटेन के 23 वरिष्ठ चिकित्सकों की एक टीम भी बनाई है जो भारत में आकर पीजी डॉक्टरों को प्रशिक्षण देगी।

नागपुर के किंग्सवे अस्पताल, चेन्नई के सिम्स, गुरुग्राम के पार्क अस्पताल, फरीदाबाद के मेट्रो अस्पताल, कालीकट के एस्टर अस्पताल और इंदौर के अरबिन्दो अस्पताल में ट्रेनर ने डॉक्टरों को फाइनल कर दिया है। बता दें, ब्रिटेन के हेल्थकेयर की रीढ़, एनएचएस में प्रवासियों में सबसे ज्यादा संख्या भारतीय डॉक्टरों की है। भारतीय डॉक्टरों ने कोरोना काल में बेहतरीन काम किया था।

### रूस की स्वतंत्रता को खतरा हुआ तो परमाणु हथियार का इस्तेमाल करेंगेः पुतिन

**मॉस्को।** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि अगर रूसी राज्य, संप्रभुता या स्वतंत्रता को खतरा होता है तो रूस परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। बुधवार तड़के जारी रूसी राज्य टेलीविजन के साथ एक इंटरव्यू में बोलते हुए पुतिन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका किसी भी ऐसे तनाव से बचेगा जो परमाणु युद्ध को जन्म दे सकता है, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि रूस की परमाणु ताकतें इसके लिए तैयार हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने कभी यूक्रेन में युद्धक्षेत्र में परमाणु हथियारों का उपयोग करने पर विचार किया है, पुतिन ने जवाब दिया कि इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि मॉस्को यूक्रेन में अपने लक्ष्यों को हासिल करेगा और बातचीत के लिए दरवाजे खुले रखे, इस बात पर जोर दिया कि किसी भी सौदे के लिए पश्चिम से ठोस गारंटी की आवश्यकता होगी।



## अग्नि युद्ध...



**बाली :** इंडोनेशिया के बाली के लेंबोक द्वीप में न्येपी दिवस के साथ हिंदू नव वर्ष की शुरुआत हुई। इस मौके पर अग्नि युद्ध की परंपरा 'पेरांग आपी' के तहत लोगों ने एक-दूसरे पर अंगार फेंके। बाली में मान्यता है कि ऐसा करने से बुरी आत्माएं दूर रहती हैं और साल भर खुशहाली में बीतता है। वर्ष का पहले दिन आत्म चिंतन के लिए लोग उपवास और मौन व्रत भी रखते हैं। इसके अलावा पूरे बाली में अवकाश रहता है। ● एजेंसी

# एनसीसी का होगा विस्तार, रक्षा मंत्री ने दी पदों पर भर्ती को मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। राजनाथ सिंह ने तीन लाख पदों पर कैडेट की भर्तियों को भी मंजूरी दी है। मीडिया के मुताबिक, इस विस्तार से देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सकता है। बता दें कि 1948 में एनसीसी में केवल 20,000 कैडेट थे, जो अब 20 लाख कैडेटों की स्वीकृत संख्या तक पहुंच गई है। इसी के साथ ही यह विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन बन जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, एनसीसी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में पेश किया जा रहा है, इसलिए यह विस्तार देश के युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।



- **देशभर में बढ़ती मांग होगी पूरी स्वीकृति के बाद विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन होगा एनसीसी**

राष्ट्रीय कैडेट कोर विस्तार के इस विस्तार के दूरगामी प्रभाव से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रिक्तियों को भरा जाएगा और इससे एनसीसी के लिए महत्वपूर्ण संस्थानों की प्रतीक्षा सूची में कमी आएगी। विस्तार योजना में चार नए समूह मुख्यालयों की स्थापना और दो नई एनसीसी इकाइयों को शामिल करना शामिल है।

# श्रीलंकाः अवैध रूप से काम करने पर 21 भारतीय गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंकाई अधिकारियों ने शिथिल पर्यटक वीजा मानदंडों का उल्लंघन करते हुए द्वीप राष्ट्र में अवैध रूप से एक ऑनलाइन विपणन केंद्र संचालित करने के आरोप में 21 भारतीयों को गिरफ्तार किया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 24 से 25 वर्ष की आयु के 21 भारतीय पुरुष (जो पर्यटक वीजा पर श्रीलंका में थे) को आव्रजन और प्रवासन विभाग ने मंगलवार को हिरासत में लिया। प्रारंभिक जांच के बाद, विभाग ने नेगोंबो शहर में एक किराए के घर पर छापा मारा, जहां गिरफ्तार किए गए लोग एक ऑनलाइन मार्केटिंग केंद्र संचालित करते पाए गए। घर को एक कार्यालय स्थान में बदल दिया गया था जहां कंप्यूटर और अन्य उपकरण लगाए गए थे।

# जयशंकर की टिप्पणी के बाद चीन के बदले सुर, सीमा विवाद द्विपक्षीय संबंधों का प्रतिनिधित्व नहीं करता

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने कहा कि भारत अक्सर कहता है कि जब तक सीमावर्ती इलाकों में शांति नहीं होगी तब तक चीन के साथ संबंध सामान्य नहीं हो सकते हैं। चीन-भारत सीमा मुद्दा पूरे द्विपक्षीय संबंधों का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। दोनों देशों को गलत निर्णय लेने से बचने के लिए आपसी विश्वास को बढ़ाना होगा।



गौरतलब है कि जून 2020 में गलवान घाटी में हुई दोनों सेनाओं के बीच झड़प के बाद द्विपक्षीय संबंधों में दरार आई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर की टिप्पणी पर सवालों का जवाब देते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि एलएसी पर सैनिकों की झड़प से हमारे लिए कोई फायदा नहीं हुआ। वांग ने कहा कि चीन ने कई बार इस बात पर जोर दिया है कि सीमा विवाद कभी भी पूरे चीन-भारत संबंधों को नहीं दर्शाता है। बता दें सोमवार को चीनी राजनयिक के सवाल का जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा था कि मुझे लगता है कि यह हमारे साझा हित में है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर इतनी अधिक सेनाएं नहीं होनी चाहिए।

# पशुओं को खिलाने वाले दानों की रोटी के भरोसे जी रहे गाजावासी

**राफा, एजेंसी**

इजराइल हमास में पांच माह से चल रहे युद्ध में गाजा की 95 फीसदी आबादी भोजन के संकट से जूझ रही है। वहीं, रमजान में भी संघर्ष विराम नहीं होने से फिलिस्तीनी लोग डर के साए में हैं। पहले से राहत सामग्री की कमी का सामना कर रहे लोगों के लिए रमजान में हालात और बदतर हो गए हैं।

संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, गाजा में महंगाई आसमान छू रही है। चावल 1900 रुपये और मैदा 1500 रुपये किलो पहुंच गई है। संयुक्त राष्ट्र की सहायता एजेंसी के अनुसार, अधिकांश गाजावासी मवेशियों को खिलाए जाने वाले अनाज की रोटियां बनाकर खा रहे हैं। दिसंबर के बाद से हर रोज औसत सिर्फ 6 राहत ट्रक ही मिल रही है। युद्ध से पहले हर रोज गाजा में 500 ट्रकों की जरूरत होती थी। वहीं, कुपोषण के चलते गाजा में मरने बाले बच्चों की संख्या 27 हो चुकी है। राहत सामग्री की लगातार कमी के चलते चीजों के दाम आम गाजावासियों की पहुंच से बाहर हो गए हैं। मक्के का आटा 944 रु. किलो और जौ 734 रु. प्रति किलो मिलता है। गाजा के लोग इन्हें मिलाकर पिटा रोटी बनाते हैं। युद्ध से पहले चावल 165 रुपए किलो था, अब 1900 रु. प्रति किलो हो गया है। मैदा पहले 62 रु. किलो था जो अब 1500 रु. किलो में बिक रहा है।



**विज्ञान** मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिकों ने कहा-वास्तविक रहस्य खुलना अभी बाकी

# रहस्यमय ढंग से उबलने व घूमने लगा है बेटेल्गेयूज

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** जीवन की अंतिम सांसे ले रहा तारा बेटेल्गेयूज ने वैज्ञानिकों को एक बार फिर उलझन में डाल दिया है। नए शोध के अनुसार अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में पहुचा यह विशाल तारा रहस्यमय ढंग से अब उबलने लगा है और बहुत तेजी से अपने आकार की तुलना में कहीं अधिक तेजी से घूमने भी लगा है।

बहरहाल इस बदलाव का वास्तविक रहस्य खुलना अभी बाकी है। यह विशाल तारा दुनिया के वैज्ञानिकों के आकर्षण के केंद्र में है। मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिक बेटेल्गेयूज पर नजर रखे हुए हैं। उनका कहना है कि बेटेल्गेयूज अत्यधिक गति से घूमता हुआ प्रतीत होता है। वास्तव में हिंसक रूप से उबलती इसकी सतह एक भ्रम भी हो सकता है। बेतेल्गेयूज पृथ्वी से 500 से 600 प्रकाश-वर्ष के बीच स्थित है। इसकी जांच पड़ताल के लिए अत्यधुनिक दूरबीनें लगाई गई हैं। मगर अभी कुछ परिणाम भर्मित करने वाले हैं। हमसे बहुत दूर होने की वजह से अभी स्पष्ट परिणाम सामने न आ रहे हों। मगर इतना कहा जा सकता है कि इस तारे में आने वाले बदलावों व अंत को लेकर वैज्ञानिक भविष्यवाणी कर सकते हैं। अब सिमुलेशन तकनीक के जरिए आगे का परीक्षण किया जाएगा। जिससे कुछ सार्थक नतीजे सामने आएंगे। सर्वविदित है बेटेल्गेयूज एक लाल महादानव तारा है, जो तब सुर्खियों में आया, जब इसकी चमक मंद पड़ने लगी थी। शोधकर्ता वैज्ञानिक कहते हैं कि किसी तारे का अंत होते देखना कोई रहस्यमय फिल्म देखने जैसा है। इस तारे के अभी तक आए सभी परिणाम बेहद रोमांचक है।



बेटेल्गेयूज में लाल रंग में आये बदलाव व चमकीले रंग में पुरानी तस्वीर।

### पृथ्वी के उत्तरी गोलार्ध में सबसे चमकीले तारों में से एक है बेटेल्गेयूज

बेटेल्गेयूज पृथ्वी के उत्तरी गोलार्ध में सबसे चमकीले सितारों में से एक है। यह ओरियन बैल्ट का सदस्य है। जिस कारण इस तारे का अच्छी तरह से अध्ययन किया जा सकता है। अब यह अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में जा पहुचा है और कभी भी अंत हो सकता है। हम इसके अंत होने के गवाह बन पाएंगे? यह प्रश्न अभी भी अनुत्तरित है। इस दिशा में वैज्ञानिक सटीक पूर्वानुमान लगाने का प्रयास कर रहे हैं।

# जापान के पहले निजी उपग्रह में प्रक्षेपण के दौरान विस्फोट

**टोक्यो, एजेंसी**

जापान की एक कंपनी ने रॉकेट निर्माण के बाद अंतरिक्ष में दस्तक की योजना बनाई थी। हालांकि, काइरोस नाम के इस रॉकेट के प्रक्षेपण के तत्काल बाद जोरदार धमाका हुआ। बुधवार को प्रक्षेपण के चंद सेकेंड बाद हुए विस्फोट के कारण परियोजना अधर में लटक गई है।

जापान के सरकारी प्रसारक एनएचके के कैमरे पर काइरोस रॉकेट में धमारे की वीडियो फुटेज रिकॉर्ड हुई है। बता दें, इस रॉकेट की मदद से एक सरकारी उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित करने की योजना थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक टोक्यो से शुरू हुआ स्टार्टअप- स्पेस वन उपग्रह को अंतरिक्ष में स्थापित करने के मामले में देश की पहली निजी कंपनी बनना चाहती थी। हालांकि, हादसे के कारण अरमानों पर पानी फिर गया है। खबरों के मुताबिक बुधवार को 18 मीटर लंबा रॉकेट काइरोस ठोस ईंधन के साथ प्रक्षेपित किया गया।



पश्चिमी जापान के वाकायामा प्रान्त से लॉन्च किए गए इस रॉकेट की मदद से एक छोटे सरकारी परीक्षण उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किया जाना था। रिपोर्ट के मुताबिक प्रक्षेपण के चंद सेकेंड के बाद ही रॉकेट आग की लपटों में घिर गया। लॉन्च पैड के आसपास काले धुएं का गुबार देखा गया।